15 दिसं.	10 11	17 दिसं.	14 31
24 दिसं.	12 21	26 दिसं.	9 03
(सन् 2011 ई.)			
1 जन.	25 58	3 जन.	26 46
11 जन.	18 29	13 जन.	23 34
20 जन.	21 18	22 जन.	16 34
29 जन.	7 47	31 जन.	9 25
7 फर.	25 54	10 फर.	7 34
17 फर.	8 14	18 फर.	26 46
25 फर.	13 22	27 फर.	14 56
7 मार्च	8 21	9 मार्च	14 08
16 मार्च	18 59	18 मार्च	14 04
24 मार्च	20 44	26 मार्च	21 07
3 अप्रै.	[illegible]	[illegible]	[illegible]

पंचकारम्भ एवं समाप्ति काल—सं० २०६७ वि.

(1 जन. 2010 से 5 अप्रैल, सन् 2011 ई. तक)

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
ता. मास	घं. मिं.	ता. मास	घं. मिं.
17 जन.	23 36	22 जन.	22 48
14 फर.	5 44	19 फर.	4 55
13 मार्च	12 05	18 मार्च	10 34
9 अप्रै.	19 09	14 अप्रै.	17 08
6 मई	26 55	11 मई	25 05
3 जून	10 55	8 जून	9 53
30 जून	18 32	5 जुलाई	18 29
27 जुला.	25 23	1 अग.	26 01
24 अग.	7 33	29 अग.	8 17

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
ता. मास	घं. मिं.	ता. मास	घं. मिं.
20 सितं.	13 36	25 सितं.	14 01
17 अक्तू.	20 13	22 अक्तू.	20 20
13 नवं.	27 49	18 नवं.	27 58
11 दिसं.	12 11	16 दिसं.	12 37
(सन् 2011 ई.)			
7 जन.	20 33	12 जन.	21 14
4 फर.	4 00	9 फर.	4 51
3 मार्च	10 19	8 मार्च	11 19
30 मार्च	16 07	4 अप्रै.	17 15

पंचक-नक्षत्र-विचार

वासवोत्तर दलादि पंचके याम्यदिग्गमनं गृहगोपनम्।
प्रेत दाहतृण काष्ठ संचयं शय्यका वितरणं च वर्जयेत्॥

—पंचक नक्षत्रों में काष्ठ छेदन (लकड़ी तोड़ना), तिनके तोड़ना, दक्षिण दिशा की यात्रा, प्रेतादि-दाहसंस्कार, स्तम्भारोपन, तृण, ताम्बा, पीतल, लकड़ी आदि का संचय, दुकान, मकान या झोंपड़ी आदि की छत डालना, चारपाई, खाट, चटाई आदि बुनना, बैठक की गद्दियों का निर्माण करना त्याज्य माना गया है। पंचकों में हानि, लाभ एवं व्याधि आदि पाँच गुणा, त्रिपुष्कर में तीन गुना तथा द्विपुष्कर में दोगुणा लाभ या हानि की सम्भावना होती है। विधिवत् नक्षत्र पूजा, दान एवं ब्राह्मण भोजन करवाना शुभप्रद होता है। प्रेत दाह अथवा किसी अन्य कारण से हानि की आशंका हो तो उस स्थिति में किसी विद्वान् ब्राह्मण से पंचक शान्ति करवाने का विधान होता है।

ध्यान रहे, मुहूर्त ग्रन्थों में विवाह, मुण्डन, गृहारम्भ, गृह प्रवेश, वधू-प्रवेश, उपनयन आदि तथा रक्षा-बन्धन, भैय्या दूज आदि पर्वों में पंचक नक्षत्रों के निषेध के बारे में कहीं भी विचार नहीं किया जाता।

बृहद् ज्योतिषानुसार तो धनिष्ठा, उत्तराभाद्रपद व रेवती नक्षत्र सभी कार्यों में सिद्धिप्रदायक एवं शुभ माने जाते हैं जबकि पू. भाद्रपद एवं शतभिषा नक्षत्र साधारण रूप से कार्य सिद्धि कारक माने गए हैं।

—सम्पादक।

ग्रहण विवरण (संवत् २०६७ वि.)

वि. संवत् २०६७ (सन् 2010–11 ई.) में पृथ्वी पर कुल चार ग्रहण घटित होंगे—

(1) खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (भारत में दृश्य) (26 जून, 2010 ई., शनिवार)

(2) खग्रास सूर्यग्रहण (भारत में अदृश्य) (11/12 जुलाई, 2010 ई., रविवार)

(3) खग्रास चन्द्रग्रहण (भारत में अदृश्य) (21 दिसम्बर, 2010 ई., मंगलवार)

(4) अल्प खण्डग्रास सूर्यग्रहण (भारत में दृश्य) (4 जनवरी, 2011 ई., मंगलवार)

● भारत में अदृश्य ग्रहणों का संक्षिप्त विवरण ●

(1) खग्रास सूर्यग्रहण (11 जुलाई, 2010 ई., आषाढ़ अमावस, रविवार)—

यह खग्रास सूर्यग्रहण 11 जुलाई, 2010 ई., रविवार को भा. स्टैं. टा. अनुसार रात्रि 10 बजकर 40 मिंट (22/40) से प्रारम्भ होकर 12 जुलाई की प्रात: 3 बजकर 27 मिनट तक (अथवा 11 जुला.-27 घं. 27 मिं.) पृथ्वी पर दिखाई देगा। **भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा। इसलिए इसके स्नान, दान, सूतकादि का विचार नहीं होगा।** यह ग्रहण दक्षिण अमरीका के देशों, जैसे—चिली, अर्जन्टीना तथा प्रशान्त महासागर में ही दिखाई देगा।

(2) खग्रास चन्द्रग्रहण (21 दिसं., 2010 ई., मार्गशीर्ष पूर्णिमा, मंगलवार)—

यह खग्रास चन्द्रग्रहण 21 दिसम्बर, 2010 ई., मंगलवार को भा. स्टैं. टा. के अनुसार दोपहर 12 घं. 02 मिं. पर प्रारम्भ होकर दोपहर बाद 15 घं. 32 मिं. पर समाप्त होगा। इसका खग्रास रूप (परमग्रास) 13 घं. 47 मिं. पर होगा। भारत में ग्रहण समाप्ति से पहले चन्द्र-उदय नहीं होगा, अत: यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा।

यह ग्रहण यूरोप, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका, प्रशान्त महासागर, पूर्वी आस्ट्रेलिया, फिलीपीन्ज, उत्तरी तथा पूर्वी ऐशिया (जैसे—रूस, मध्य चीन, इण्डोनेशिया), न्यूज़ीलैण्ड में दिखाई देगा।

✤ भारत में दृश्य ग्रहणों का विस्तृत विवरण ✤

(1) खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (ज्येष्ठ पूर्णिमा, शनिवार-26 जून, 2010 ई.)—

यह ग्रहण 26 जून, 2010 ई. को सायं चन्द्रोदय के समय अरुणांचल प्रदेश, नागालैण्ड, पूर्वी उड़ीसा, दक्षिण-मध्य व पूर्वी बंगाल, मिज़ोरम, मणिपुर, आसाम, त्रिपुरा तथा मेघालय में बहुत अल्प समय के लिए दिखाई देगा। इन स्थानों पर चन्द्रमा ग्रस्त ही उदित होगा और उदय के कुछ मिनटों बाद ही ग्रहण समाप्त हो जाएगा। इन नगरों/स्थलों पर उपरोक्त चन्द्रग्रहण ग्रस्तोदय रूप में ही दिखाई देगा। भारत के शेष भागों (उत्तरी, उत्तर-पश्चिम व दक्षिण भारत) में यह ग्रहण दिखलाई नहीं देगा। भारत के केवल उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में यह ग्रहण समाप्ति काल (मोक्ष) के समय दिखाई देगा।

अगले पृष्ठ पर ग्रहण चित्र (1) में 'क-ख' रेखा से दाईं ओर बसे नगरों पर ही यह ग्रहण दिखाई पड़ेगा। आगामी पृष्ठ 14 पूर्वी भारत के लगभग 70 नगरों के चन्द्रोदय का समय दे दिया गया है। ताकि पाठकों को स्पष्ट रूप से पता चल सके कि अमुक नगर में चन्द्रग्रहण दिखाई देगा अथवा नहीं। जिन नगरों में चन्द्रोदय सायं ग्रहण समाप्ति से (18 घं. 30 मिं.) पहिले होगा, केवल उन्हीं नगरों में यह अल्पग्रास खण्ड चन्द्रग्रहण दिखाई देगा।

खण्डग्रास चन्द्रग्रहण का समय—

ग्रहण प्रारम्भ	15 घं. 47 मिं.	(भा. स्टैं. टा.)
ग्रहण मध्य	17 घं. 09 मिं.	
ग्रहण समाप्ति	18 घं. 30 मिं.	

यह ग्रहण भारत के केवल पूर्वी क्षेत्रों (देखें ग्रहण चित्र-I) में चन्द्रोदय के समय पूर्वी क्षितिज में ही दिखाई देगा। अतएव ग्रहण के स्नान, दान, जपादि अनुष्ठान का माहात्म्य भी उन्हीं स्थलों पर होगा।

चूंकि यह ग्रहण भारत के उत्तर, पश्चिम एवं दक्षिण भागों, जैसे—महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखण्ड, उ.प्र., पंजाब, हि.प्र., जम्मू-का., हरियाणा, दिल्ली आदि प्रदेशों में दिखाई नहीं देगा, अतएव इन प्रदेशों में ग्रहणकालिक स्नान-दान, जप-तपादि अनुष्ठान, पुण्यादि एवं विवाहादि शुभ कार्यों के निषेध का विचार नहीं होगा।

यह ग्रहण भारत के पूर्वी प्रदेशों के अतिरिक्त, पूर्वी एशिया के देशों (जापान, इण्डोनेशिया, मंगोलिया, बांगलादेश, सिंगापुर, फिलीपीन्ज़), आस्ट्रेलिया, उत्तर-पूर्वी अमरीका, मध्य चीन, हिन्द तथा प्रशान्त महासागर में भी दिखाई देगा।

ग्रहण का सूतक—भारत के पूर्वीय प्रदेशों में जहाँ-जहाँ उपरोक्त चन्द्रग्रहण दृश्य होगा, वहाँ पर ही ग्रहण के सूतकादि का विचार होगा। ग्रहण का सूतक 26 जून की प्रात: 6 बजकर 47 मिनट से प्रारम्भ हो जाएगा।

सूतक एवं ग्रहणकाल में ईश्वर एवं अपने इष्टदेव का पूजन, जप-पाठ, तर्पण, हवन आदि कृत्यों का सम्पादन तथा ग्रहणोपरान्त स्नान, दानादि करना शुभ एवं कल्याणकारी होता है।

ग्रहण का राशिफल—यह ग्रहण मूल नक्षत्र तथा धनु राशिकालीन घटित हो रहा है। अतएव धनु राशि वालों को इस ग्रस्तोदित चन्द्रग्रहण का फल प्राय: अशुभ रहेगा। सभी राशियों के लिए इस ग्रहण का फल इस प्रकार से होगा—

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
फल	गुप्त चिन्ता	सौख्य प्राप्ति	स्त्री कष्ट	रोग भय	मान हानि	कार्य सिद्धि	धन लाभ	कष्ट, हानि	शरीर कष्ट	धन हानि	धन लाभ	चोट भय

नोट—यह ग्रस्तोदय खण्ड चन्द्रग्रहण क, ख रेखा के दाईं ओर के नगरों में ही दिखाई देगा।

ग्रहण का अन्य फल—ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण का विशेष प्रभाव भारत के पूर्वी प्रदेशों (आसाम, बंगाल, नागालैण्ड, अरु. प्रदेश आदि), बांगलादेश, चीन, रूस, मंगोलिया आदि पर विशेष रुप से अधिक होगा। धनु राशि वाले देशों (सा. अरब, गुजरात, आस्ट्रेलिया, उ.प्र.) के राष्ट्र नेताओं के लिए कठिन हालात पैदा करेगा। व्यापारी, बीज, अनाज तथा इन वस्तुओं से आजीविका करने वालों, ब्राह्मणों, स्त्रियों, प्रतिष्ठित लोगों को पीड़ा हो। शनिवार को ग्रहण होने से तेल, लोहा, सरसों, सोना, तांबा, गुड़, क्रूड-आयल में विशेष तेजी बनेगी।

खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (26 जून, 2010 ई.)

पूर्वी भारत के मुख्य नगर जहाँ खण्डग्रास चन्द्रग्रहण दिखाई देगा।
(जहाँ चन्द्रोदय 18 घं. 30 मिं. से पहले होगा, वहीं चन्द्रग्रहण दिखाई देगा)

नगर	चन्द्रोदय घं. मिं.	पर्वकाल मिंट	नगर	चन्द्रोदय घं. मिं.	पर्वकाल मिंट
अगरतला (त्रि.)	18 13	17	दिसपुर (आसा.)	18 18	12
अम्बासा (त्रि.)	18 09	21	दुर्गापुर (बं.)	18 30	—
आसनसोल (बं.)	18 29	01	डिब्रूगढ़ (आसा.)	18 10	20
इम्फाल (मणि.)	18 08	22	नवापाड़ा (बं.)	18 26	04
ईटानगर (अरुणां.)	18 14	16	नयागढ़ (उड़ी.)	18 29	01
उखरूल (मणि)	18 07	23	पुरुलिया (बं.) ×	18 33	—
ऐज़वाल (मिज़ो)	18 11	19	पोर्ट-ब्लेयर	17 35	55
उत्त. लखीमपुर(आसा.)	18 15	15	बांकुरा (बं.)	18 30	—
कटक (उड़ी.)	18 26	04	बरहामपुरा (उड़ी.)	18 28	02
करीमगंज	18 12	18	बाराकपुर (बं.)	18 21	09
कूचबिहार (बं.)	18 29	01	बुरनपुर (बं.) ×	18 34	—
कोहिमा (ना.)	18 06	24	बेलूर (बं.)	18 26	04
कोकराझार (आ.)	18 25	05	बालासोर (उड़ी.)	18 27	03
कोलकाता (बंगा.)	18 25	05	बालेश्वर (उड़ी.)	18 27	03
कटिहार (बि.) ×	18 36	—	भाटपाड़ा (बं.)	18 25	05
किशनगंज (बि.) ×	18 35	—	भुवनेश्वर (उड़ी.)	18 27	03
कोतालपुर (बं.)	18 28	02	मुर्शिदाबाद (बं.)	18 29	01
खातरा (बं.) ×	18 31	—	मेदिनीपुर (बं.)	18 27	03
खुर्दा (उड़ी.)	18 27	03	मैनागुड़ी (बं.) ×	18 35	—
गंगासागर (बं.)	18 24	06	रानाघाट (बं.)	18 25	05
गंगटोक (सि.) ×	18 36	—	रानीगंज (बं.) ×	18 32	—
गोवाहाटी (आ.)	18 20	10	रायगढ़ (उड़ी.) ×	18 42	—
गोलाघाट (आ.)	18 13	17	लालबाग (बं.)	18 28	02
चम्पाहटी (बं.)	18 22	08	लखीमपुर (आसा.)	18 14	16
चांदपाड़ा (बं.)	18 24	06	शिलीगुड़ी (बं.) ×	18 35	—
चित्तरंजन (बं.) ×	18 33	—	शिलांग (मेघा.)	18 20	10
छत्रपुर (उड़ी.)	18 27	03	श्रीकाकुलम (आध्रां.)	18 28	02
जोरहाट (आसा.)	18 13	17	सोनामुखी (बं.)	18 29	01
टीटागढ़ (बं.)	18 26	04	सोनारपुर (बं.)	18 22	08
तारकेश्वर (बं.)	18 27	03	सिबसागर(आसा.)	18 12	18
तूफानगंज (बं.)	18 29	01	सिलचर (आसा.)	18 14	16
तेजपुर (आसा.)	18 19	11	हावड़ा (बं.)	18 23	07
दार्जिलिंग (बं.) ×	18 37	—	हावड़ा (बं.)	18 23	07
देवगढ़ (उड़ी.) ×	18 37	—	हासनाबाद (बं.)	18 22	08

(1) × = चिन्ह वाले नगरों में यह खण्डग्रास चन्द्रग्रहण दिखाई नहीं देगा। क्योंकि यहाँ चन्द्रोदय 18 घं. 30 मिं. के बाद हुआ है। (2) त्रि = त्रिपुरा, अरु. = अरुणांचल प्रदेश, बं. = पश्चिम बंगाल, नागा. = नागालैण्ड, आ. = आसाम, बि. = बिहार, मणि. = मणिपुर समझें। (3) ग्रहण-समाप्ति = सभी

(2) अल्प खण्डग्रास सूर्यग्रहण (पौष अमावस, 4 जनवरी, 2011 ई. मंगलवार)—भारत में इस खण्डग्रास सूर्यग्रहण की अल्प ग्रास वाली खण्डग्रास आकृति ही दिखाई पड़ेगी, जो पश्चिम-उत्तर भारत के पंजाब, जम्मू-काश्मीर, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर-पश्चि. गुजरात, उ.प्र. के उत्तर-पश्चिमी भागों तथा उत्तराखण्ड में दोपहर के समय दिखाई देगा।

भारत के इन प्रदेशों के नगरों में यह अल्प खण्डग्रास सूर्यग्रहण अलग-अलग समय पर प्रारम्भ होकर अलग-अलग समय पर समाप्त होगा। वैसे पृथ्वी पर यह ग्रहण भा. स्टैं. टा. अनुसार दुपैहर 12 घं. 10 मिं. से सायं 16 घं. 31 मिं. तक रहेगा। परन्तु भारत के श्रीनगर शहर में सबसे पहले यह 14 घं. 37 मिं. से प्रारम्भ होगा। उत्तर-पश्चिमी भारत के अतिरिक्त यह ग्रहण इंग्लैण्ड, जर्मनी, इटली, हालैण्ड, नार्वे आदि यूरोपीय देशों, उत्तरी-अफ्रीका, मध्य-पूर्वी तथा पश्चिमी एशिया (अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ईरान आदि), उत्तर-पश्चिमी चीन, पश्चिमी मंगोलिया में दिखाई देगा।

ग्रहण चित्र (2) में दी गई 'क-ख' रेखा से बाईं ओर स्थित प्रदेशों में ही यह ग्रहण दिखाई पड़ेगा, इससे दाईं ओर स्थित नगरों एवं प्रदेशों में यह ग्रहण नहीं दिखाई देगा। ग्रहण चित्र (3) में दी गई A-B रेखा के दोनों ओर बसे निकटवर्ती नगरों को विस्तार से प्रदर्शित किया गया है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि अमुक नगर में सूर्यग्रहण दिखाई देगा अथवा नहीं।

ग्रहण चित्र (2) में इस ग्रहण का स्पर्श (प्रारम्भ) और मोक्ष (समाप्ति) बतलाने वाली टेढ़ी रेखाएँ अंकित की गई है। इन रेखाओं के छोर पर लिखे घं. मिं. प्रकट करते हैं कि उन स्थलों पर जहाँ से ये रेखाएं गुजर रही हैं, इस ग्रहण का स्पर्श-मोक्षकाल (भा. स्टैं. टा.) क्या होगा। इन रेखाओं से इधर-उधर स्थित अभीष्ट नगर पर ग्रहण का स्पर्श-मोक्षकाल निकटवर्ती दो रेखाओं से उस नगर की दूरी के अनुसार जाना जा सकता है। भारत में इस खण्डग्रास सूर्यग्रहण का ग्रास अत्यन्त अल्प होगा। यह 19 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। श्रीनगर में इसका अधिकतम ग्रास 18 प्रतिशत रहेगा। पंजाब, हि.प्र., राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखण्ड, गुजरात, हरियाणा में इसका ग्रास 13 प्रतिशत से कम ही रहेगा। जयपुर, शिमला, नैनीताल, अजमेर, दिल्ली, हरिद्वार, देहरादून, चण्डीगढ़, अम्बाला, कुरुक्षेत्र आदि नगरों में तो इस ग्रहण का ग्रासमान एक अंगुल अर्थात् 10 प्रतिशत से भी कम होगा। जालन्धर में भी इसका मान 12 प्रतिशत ही होगा। शास्त्रकारों का वचन है कि एक अंगुल से अल्पग्रास वाले ग्रहण की चर्चा पंचांग आदि में नहीं करनी चाहिए—**ग्रासो नादेश्योऽङ्गुलाल्यो रवीन्द्वोः**। क्योंकि ऐसे ग्रहण का स्पर्श-मोक्षकाल अर्थात् कब ग्रहण प्रारम्भ हुआ और कब समाप्त हुआ—यह साधारण जनता के लिए जान सकना कठिन हो सकता है। अपितु इतने अल्प ग्रास को नंगी आंखों/साधारण शीशे से भी देख पाना सम्भव नहीं है। परन्तु आजकल टी.वी. आदि न्यूज़ चैनलों में कम-से-कम ग्रास को भी जनता को स्पष्टता से दिखा दिया जाता है। (टी.वी. चैनलों पर तो आजकल भारत में न दिखाई देने वाले ग्रहणों का प्रभाव/राशिफल तथा वृथा भय दिखाकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है—जोकि शास्त्र मर्यादा के विरुद्ध है।)

आगे पंजाब, हि.प्र., जम्मू-कश्मीर आदि उन प्रान्तों के प्रसिद्ध नगरों में जहाँ-जहाँ यह ग्रहण दृश्य होगा, इस ग्रहण का स्पर्श-मोक्ष का समय, पर्वकाल दिया गया है।

ग्रहण का सूतक—इस ग्रहण का सूतक 4 जनवरी, सन् 2011 ई. की प्रातः 2 बजकर 37 मिं. (भा. स्टैं. टा.) पर ही प्रारम्भ हो जाएगा। सूतक काल में बाल, वृद्ध, रोगी एवं गर्भवती स्त्रियों को छोड़कर अन्य लोगों को सूतक से पूर्व भोजनादि ग्रहण कर लेना चाहिए। ग्रहण/सूतक से पहले ही दूध/दही, आचार, चटनी, मुरब्बा में कुशातृण रख देना श्रेयस्कर होता है। इससे ये दूषित नहीं होते। सूखे खाद्य पदार्थों में कुशा डालने की आवश्यकता नहीं।

भारत के पूर्वी दक्षिणी क्षेत्र (मुम्बई, म.प्र., मध्य-पूर्वी, पूर्वी उ.प्र. आदि अन्य) में जहाँ यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा, वहाँ ग्रहण सम्बन्धी दान, सूतक आदि का माहात्म्य नहीं होगा।

ग्रहण का राशिफल-यह ग्रहण पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र और धनु राशि में घटित होगा। अतएव यह ग्रहण पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र और धनु राशि वाले जातकों के लिए विशेष कष्टकारक होगा। अन्य राशि वालों के लिए ग्रहण का फल इस प्रकार से होगा—(जहाँ यह ग्रहण दिखाई देगा)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	संतान संबंधी गुप्त चिन्ता	सौख्य प्राप्ति	स्त्री वियोग, कष्ट	रोग भय	मान हानि अपयश	कार्य सिद्धि	धन लाभ	कष्ट, हानि	मित्र को कष्ट, रोग भय धन क्षय	धन हानि	धन लाभ	चोट भय, धन का क्षय

ग्रहण का अन्य फल-यह ग्रहण पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में होने से सत्यवादी, सुशील, धनाढ्य, फल, पुष्प, ईमारत, पुल आदि बनाने वालों को कष्ट एवं परेशानियां रहें। ध्रुव योग में घटित होने से वेद, पुराण पाठी, पुजारी और उत्तर दिशा की ओर यात्रा करने वालों को पीड़ा हो। राजनेताओं, ब्राह्मणों को कष्ट हो। पश्चिम दिशा में दुर्भिक्ष हो।

आदित्यग्रासकाले तु दुर्भिक्षं प्रायशो भवेत्॥

सूर्यग्रहण मंगलवार को घटित होने से दुर्भिक्ष का भय रहे, चोरों, अग्निकाण्ड, उपद्रव तथा उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं का भय रहे।

यथा— राजकुंजरपीडा च दुर्भिक्षं तस्कराद्भयम्।
अवन्तिदेशपीड़ा च मङ्गले ग्रहणं यदि॥

पौष मास में घटित होने से धान्य, अनाजादि तेज होंगे।

सूर्य–चन्द्र ग्रहण के सम्बन्ध शास्त्रानुमोदित वचन

● **ग्रहण में चूड़ामणि योग–**

रविवारे सूर्यग्रहश्चन्द्रवारे चन्द्रग्रहः।
चूड़ामणि संज्ञस्तत्र दानादिकमनन्त फलम्॥ (धर्मसिन्धु)

—अर्थात् रविवार को सूर्यग्रहण और सोमवार को चन्द्रग्रहण हो, तो वह चूड़ामणि योग होता है, उसमें दान आदि का अनन्त फल होता है॥

● **ग्रहणस्पर्शकाले स्नानं मध्ये होमः सुरार्चनम्।**
श्राद्धं च मुच्यमाने दानं मुक्ते स्नानमिति क्रमः॥ (धर्मसिन्धु)

—अर्थात् ग्रहण में स्पर्श के समय स्नान, मध्य में होम और देव पूजन और ग्रहण मोक्ष के समय में श्राद्ध और अन्न, वस्त्र, धनादि का दान और सर्व मुक्त होने पर स्नान करें—यह क्रम है।

● **तीर्थादि जल स्नान का महत्त्व–**

तत्र स्नान जलेषु तारतम्यम्॥ शीतमुष्णोदकात्पुण्यमपारक्यं परोदकात्।
भूमिष्ठमुद्धृतात्पुण्यं ततः प्रस्रवणोदकम्॥ ततोऽपि सारसं पुण्यं ततः पुण्यं नदीजलम्।
ततस्तीर्थनदी गंगा पुण्यात्पुण्यस्ततोऽम्बुधिः'' इति॥

स्नान के जलों में तारतम्य (न्यूनाधिक भावे) है कि ऊष्ण जल से शीतजल पवित्र है, पराये जल से अपना जल कूप (कूआं) वापी आदि से निकाले हुए जल से भूमि में स्थित जल श्रेष्ठ होता है और उससे झरने का जल श्रेष्ठ है, उससे भी तालाब का पवित्र है और उससे नदी का जल तथा नदी के जल से तीर्थ की नदी गंगाजल पवित्र है एवं उससे भी समुद्र जल पवित्र है, ग्रहण में सचैल स्नान करें॥

● **'सर्वेषामेव वर्णानां सूतकं राहु दर्शने'**—अर्थात् ग्रहण में सब वर्णों को सूतक होता है।

● **तेन ग्रहणकाले स्पृष्टवस्त्रादेः क्षालनादिना शुद्धिः कार्या॥**—ग्रहण के समय धारण किए हुए वस्त्रादि को ग्रहण के पश्चात् प्रक्षालन (धोकर) एवं शुद्ध करके धारण करें।

श्राद्धं च मुच्यमाने दानं मुक्ते स्नानमिति क्रमः। (धर्मसिन्धु)

किए गए वस्त्र आदि को ग्रहण के पश्चात् प्रक्षालन (धोकर) एवं शुद्ध करके धारण करें।

खण्डग्रास सूर्यग्रहण (4 जनवरी, 2011 ई.)

[उत्तर-पश्चिम भारत के मुख्य नगरों में ग्रहण का प्रारम्भ-समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.) और पर्वकाल]

नगर	ग्रहण प्रारम्भ		ग्रहण समाप्त		पर्व-काल	
	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.
अजमेर	15	13	15	43	0	30
अमृतसर	14	45	16	11	1	26
अम्बाला	14	59	16	04	1	05
अबोहर	14	44	16	04	1	20
अनन्तनाग (का.)	14	40	16	15	1	35
अमरोहा (उ.प्र.)	15	19	15	49	0	30
अर्की (हि.प्र.)	14	57	16	07	1	10
अल्मोड़ा	15	22	15	50	0	28
अलवर	15	17	15	46	0	29
उदयपुर	15	15	15	36	0	21
ऊधमपुर (का.)	14	42	16	14	1	32
ऊना	14	51	16	09	1	18
कठुआ	14	45	16	13	1	28
करनाल	15	03	15	58	0	55
कपूरथला	14	47	16	11	1	24
काँगड़ा	14	50	16	12	1	22
कालका	14	58	16	05	1	07
कुल्लू	14	54	16	11	1	17
कुराली	14	55	16	06	1	11
कुरुक्षेत्र	15	02	16	02	1	00
कैथल	14	59	16	00	1	01
कोटखाई	14	59	16	06	1	07
खन्ना	14	54	16	07	1	13
खुर्जा (उ.प्र.)	15	19	15	34	0	15
गाज़ियाबाद	15	14	15	50	0	36
गुड़गांव	15	11	15	51	0	40
गुरदासपुर	14	44	16	12	1	28
चण्डीगढ़	14	57	16	05	1	08
चम्बा	14	48	16	13	1	25
चुरू	15	00	15	56	0	56
जयपुर	15	19	15	41	0	22
जम्मू	14	42	16	13	1	31
जालन्धर	14	48	16	10	1	22
जालौर	15	08	15	42	0	34
जीन्द	15	00	15	58	0	58

नगर	ग्रहण प्रारम्भ		ग्रहण समाप्त		पर्व-काल	
	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.
जैसलमेर	14	45	15	58	1	13
जोधपुर	15	01	15	48	0	47
ज्वालाजी (हि.प्र.)	14	52	16	06	1	14
झुंझुनूं	15	02	15	52	0	50
टोंक	15	21	15	30	0	09
थानेसर	15	02	16	01	0	59
दिल्ली	15	12	15	52	0	40
देवनन्द	15	07	15	59	0	52
देहरादून	15	05	16	01	0	56
द्वारिका (गु.)	15	07	15	28	0	21
धर्मशाला	14	51	16	11	1	20
धूरी	14	50	16	07	1	17
नवलगढ़ (रा.)	15	08	15	53	0	45
नागौर	15	02	15	53	0	49
नाभा	14	54	16	04	1	10
नाहन	15	00	16	01	1	01
नालागढ़	14	52	16	10	1	18
नैनीताल	15	22	15	47	0	25
नारनौल	15	08	15	48	0	40
पटियाला	14	56	16	04	1	08
पठानकोट	14	46	16	12	1	26
पानीपत	15	09	15	54	0	45
पालमपुर	14	51	16	11	1	20
पाली	14	58	15	44	0	46
पिलानी	14	55	15	58	1	03
पुंछ	14	37	16	16	1	39
फगवाड़ा	14	49	16	11	1	22
फरीदकोट	14	46	16	06	1	20
फरीदाबाद	15	14	15	48	0	34
फ़ाज़िल्का	14	45	16	07	1	22
फिरोज़पुर	14	45	16	08	1	23
फिल्लौर	14	50	16	09	1	19
बाड़मेर	14	50	15	48	0	58
बिलासपुर (हि.प्र.)	14	56	16	07	1	13
बीकानेर	14	51	15	58	1	07

नगर	ग्रहण प्रारम्भ		ग्रहण समाप्त		पर्व-काल	
	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.
बुलन्दशहर	15	19	15	45	0	26
बून्दी	15	17	15	27	0	10
बठिण्डा	14	50	16	05	1	15
भिवानी	15	06	15	55	0	49
भुज	14	59	15	35	0	36
मण्डी (हि.प्र.)	14	54	16	08	1	14
मथुरा	15	17	15	32	0	15
महेन्द्रगढ़	15	09	15	50	0	41
मलेरकोटला	14	56	16	05	1	09
मेरठ	15	14	15	53	0	39
मुज़फ्फरनगर	15	08	15	55	0	47
मुरादाबाद	15	22	15	45	0	23
मोगा	14	48	16	07	1	19
यमुनानगर	15	03	16	03	1	00
रतनगढ़	15	01	15	55	0	54
रामपुर बुशैहर	15	00	16	07	1	07
रिवाड़ी	15	10	15	50	0	40
रोपड़	14	53	16	07	1	14
रोहतक	15	09	15	54	0	45
लुधियाना	14	51	16	08	1	17
शाहदरा (दि.)	15	12	15	52	0	40
शिमला	14	57	16	06	1	09
श्रीनगर (का.)	14	38	16	18	1	40
श्रीगंगानगर	14	44	16	03	1	19
संगरूर	14	53	16	03	1	10
सरहिन्द	14	56	16	04	1	08
सहारनपुर	15	04	15	57	0	53
सांगनेर	15	21	15	40	0	19
सिरसा	14	55	16	02	1	07
सीकर (राज.)	15	06	15	50	0	44
सोलन	15	00	16	04	1	04
हमीरपुर	14	53	16	09	1	16
हरिद्वार	15	08	15	58	0	50
होशियारपुर	14	50	16	10	1	20
हिसार	14	59	15	59	1	00
हापुड़	15	14	15	49	0	35

सोमवती, भौमवासरी आदि अमावस्या का माहात्म्य 2010–11 ई.

सोमवार से युक्त अमावस्या का शास्त्रों में विशेष माहात्म्य कहा गया है। स्कन्द पुराण के अनुसार सोमवार और अमावस्या का योग कभी-कभी होता है। इस दिन भगवान शिव के दर्शन करके पूजन आदि करने का विशेष महत्त्व होता है। विशेषकर सोमेश्वर महादेव की पूजार्चना करने से कोटि (करोड़ों) यज्ञों का फल प्राप्त होता है—

अमासोमेन संयुक्ता कदाचिद् यदि लभ्यते। तस्यां सोमेश्वरं दृष्ट्वा कोटियज्ञफलं लभेत्॥

सोमवती अमावस्या को तीर्थ स्थान, जप, पाठ एवं ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र, दक्षिणादि सहित दान करना विशेष पुण्यप्रद माना गया है।

पुरूषार्थ चिन्तामणि के अनुसार, यदि अमावस्या सोमवार या मंगलवार अथवा गुरुवार को हो तो उस योग के पर्व को **पुष्कर योग** कहते हैं। इन योगों का फल सूर्यग्रहणों में किए हुए दान-पुण्य से सौ गुणा अधिक होता है—

अमा सोमे तथा भौमे गुरूवारे यदा भवेत्। तत्पर्व पुष्करं नाम सूर्यपर्वशताधिकम्॥

स्नानदान आदि पुण्य कर्मों में मंगलवारी अमावस्या भी सोमवती अमावस्या के समान मनानी चाहिए। यदि मंगलवारी अमावस्या हो तो गंगा के स्नानमात्र से सहस्त्र गौओं के दान का फल होता है—

स्नानदानादौ भौमवती अपि सोमवती समा ज्ञेया। अमावस्या भवेद्वारे यदा भूमिसुतस्य वै। जाह्नवी स्नान-मात्रेण गोसहस्त्रफलं लभेत्। —हेमाद्रौ शातातप

सोमवार से युक्त अमावस्या हो तो वहाँ अनन्त फल देने वाली और पितृगणों को दिया हुआ श्राद्ध अक्षय होता है—

सोमवारेण संयुक्ता अमावस्या यदा भवेत्। तत्रानन्तफलं श्राद्धं पितृणां दत्तभक्षयम्॥

सोमवती एवं मंगलवारी अमावस्या के विशिष्ट योग में पितृदोष शान्ति, सम्पदा सम्बन्धी परेशानियां, लड़के/लड़की के विवाह में विलम्ब, सन्तान एवं क्लिष्ट रोगों की शान्ति तथा आध्यात्मिक क्षेत्र में आत्म शुद्धि, स्नानदान, जप-पाठ आदि का विशेष माहात्म्य होता है। इस दिन व्रत धारण करके भगवान श्री विष्णु एवं शिवपूजन, चन्द्रपूजन तथा पीपल वृक्ष की गंगाजल युक्त दुग्ध, पुष्पाक्षत, एवं पुष्प-फल-मिष्ठान से धूप-दीप आदि से पूजन करके 108 प्रदक्षिणा के उपरान्त ब्राह्मणों को दक्षिणा सहित भोजन, वस्त्र, फलों का दान करने का विशेष माहात्म्य होता है।

वर्ष 2010—2011 ई. में प्रमुख अमावस्याएँ

(1) 13 फरवरी 2010 ई. (शनिवासरी)
(2) 15 मार्च 2010 ई. (सोमवती)(कुंभ स्नान)
(3) 13 मई, 2010 ई. (गुरूवासरी)
(4) 12 जून 2010 ई. (शनिवासरी)
(5) 9 अगस्त 2010 ई. (सोमवती 12/15 बाद)
(6) 10 अगस्त 2010 ई. (मंगलवासरी)
(7) 7 अक्तूबर 2010 ई. (गुरूवासरी)
(8) 6 नवम्बर 2010 ई. (शनिवासरी)
(9) 4 जनवरी 2011 ई. (मंगलवासरी)
(10) 3 फरवरी 2011 ई. (गुरूवासरी)

चन्द्रमा का उपच्छाया ग्रहण

आगामी वर्ष (2010-11 ई.) में भूगोल पर दो चन्द्रग्रहण ही दिखाई देंगे। प्रत्येक चन्द्रग्रहण के घटित होने से पूर्व चन्द्रमा पृथ्वी की उपच्छाया में अवश्य प्रवेश करता है जिसे चन्द्र मालिन्य अथवा Penumbra भी कहा जाता है। उसके बाद ही वह पृथ्वी की वास्तविक छाया (दूसरे शब्दों में भूभा (Umbra) में प्रवेश करता है।

ध्यान रहे, इस उपच्छाया के समय चन्द्रमा का बिम्ब केवल धुंधला पड़ता है, काला नहीं होता। कई बार तो चन्द्रमा उपच्छाया में प्रवेश कर, उपच्छाया शंकु से ही बाहर निकल जाता है। तथा इसे धुंधलेपन को साधारण नंगी आंख से देख पाना सम्भव नहीं होता। धर्मशास्त्रकारों ने इस प्रकार के उप-ग्रहणों (उपच्छाया) में चन्द्र बिम्ब पर मालिन्य मात्र छाया आने के कारण उन्हें **ग्रहण की कोटि में नहीं रखा।**

चन्द्रग्रहण घटित होने से पूर्व तथा बाद में भी चन्द्रमा को पृथ्वी की इस उपच्छाया में से गुज़रना पड़ता है। जिसे ग्रहण काल नहीं कहा जा सकता।

अगले वर्ष घटित होने वाले दोनों चन्द्र ग्रहणों का उपच्छाया विचरण काल लिख रहे हैं—

(*i*) 26 जून, 2010 ई. को चन्द्रमा भा.स्टै.टा. अनुसार 14 घं. 26 मिं. से 15 घं. 47 मिं. तक तथा 18 घं. 30 मिं. से 19 घं. 51 मिं. तक उपच्छाया में विचरण करेगा। जबकि वास्तविक छाया (भूभा) अर्थात् चन्द्रग्रहण 15 घं. 47 मिं. से 18 घं. 30 मिं. तक रहेगा। इस वर्णित उपच्छाया काल में चन्द्रमा केवल धुंधला होगा। ग्रसित नहीं होगा।

(*ii*) 21 दिसंबर, 2010 ई. को चन्द्रमा भा.स्टै.टा. अनुसार 10 घं. 58 मिं. से 12 घं. 02 मिं. तक तथा पुन: 15 घं. 32 मिं. से 16 घं. 36 मिं. तक उपच्छाया में विचरण करेगा। वास्तविक छाया अर्थात् चन्द्र ग्रसित काल तो पहले वर्णित 12 घं. 02 मिं. से 15 घं. 32 मिं. तक ही रहेगा।

टैलीविज़न चैनलों एवं कुछ समाचार पत्रों में ग्रहण सम्बन्धी मिथ्या एवं भ्रामक उद्घोषणाओं से सावधान

गतवर्ष कई टी.वी. चैनलों ने और कुछ समाचार पत्रों में भी उपरोक्त उपच्छाया को ग्रहणों की कोटि में मानते हुए एवं मास में तीन-तीन ग्रहणों की घोषणाएँ की। और फिर तथाकथित अल्पज्ञ पण्डितों द्वारा इन उपच्छाया ग्रहणों द्वारा बारह राशियों पर पड़ने वाले काल्पनिक प्रभावों की विवेचना करते रहे। और लोगों को अकारण ही भयभीत करते रहे। और भोली-भाली जनता को गुमराह करते रहे। केवल तीन ग्रहण में से 22 जुलाई को घटित होने वाला सूर्यग्रहण ही ग्रहण की कोटि में वैज्ञानिक दृष्टि एवं फलित ज्योतिष की दृष्टि से प्रभावकारक था। अन्य उपच्छाया हण न तो अन्य प्रतिष्ठित ग्रहणों की भांति पृथ्वी पर उनकी काली छाया पड़ता है, न ही सौरपिंडों (सूर्य-चन्द्र) की भांति उनका वर्ण काला होता है। केवल चन्द्रमा की आकृति थोड़ी धुंधली-सी हो जाती है। इसका स्पष्ट प्रमाण लोगों ने फरवरी एवं जुलाई 2009 ई. में प्रसारित होने वाले टी.वी. चैनलों पर देख लिया हुआ होगा। इस सम्बन्ध में हमें बहुत से पत्र तथा Telephone प्राप्त हुए हैं। इसलिए पाठकों की जिज्ञासा को शान्त करने के लिए उपरोक्त विवरण दिया जा रहा है।

शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या एवं पाया विचार सं. २०६७ (सन् 2010-11 ई०)

गतवर्ष शनि ने 9 सितंबर, 2009 ई. को कन्या राशि में प्रवेश किया था। आगामी सम्पूर्ण संवत् में (16 मार्च, 2010 ई. से 3 अप्रैल, 2011 ई. तक) शनि कन्या राशि में ही संचार करेगा।

वर्षारम्भ 13 जन., 2010 ई. से 30 मई, 2010 ई. तक शनिदेव वक्री अवस्था में कन्या राशि में ही विचरण करेंगे। तदुपरान्त 30 मई, 2010 ई. से 25 जनवरी, 2011 ई. तक मार्गी रहेगा। तत्पश्चात् 26 जन., 2011 ई. से संवत् के अन्त तक (3 अप्रैल, 2011 ई.) वक्री अवस्था में ही कन्या राशि में संचार करेगा।

ध्यान रहे, शनि मंगल आदि क्रूर ग्रह जब गोचरवश वक्री होकर संचार करते हैं, तो प्रजा में अशान्ति, विग्रह, आवश्यक वस्तुओं की कमी, महँगाई, व्याधि-भय, राजनीतिक टकराव, उपद्रव, छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन), भूकम्प, दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक प्रकोप, हिंसक घटनाएं आदि घटित होती हैं।

गोचरवश जब शनि किसी जातक की जन्म-राशि (अथवा नाम राशि) से द्वादश, प्रथम या द्वितीय स्थान में हो, तो शनि की प्रस्तुत गोचर स्थिति **शनि साढ़ेसाती** कहलाती है। **इसके प्रभावस्वरूप** मानसिक संताप, शारीरिक कष्ट, कलह-क्लेश, आर्थिक-परेशानियां, आय कम व खर्च की अधिकता, रोग एवं शत्रु भय, बनते कामों में विघ्न-बाधाएँ, सन्तान एवं परिवार सम्बन्धी परेशानियां उत्पन्न होती हैं। यथा—

राशौ द्वादशमूर्ध्नि जन्म हृदये पादौ, द्वितीयेशनिः।
नानाकलेश-करोति दुर्जन भयं पुत्रान् प्रशुन् पीड्येत्॥

शनि प्रत्येक राशि में लगभग अढ़ाई वर्ष तक संचार करता है। शनि की वक्री-मार्गी गति के कारण अढ़ाई वर्षों के काल में न्यून-अधिकता भी होती रहती है। शनि जिस राशि पर संचरित होता है, उससे पहले, बाहरवें और दूसरे भावों में स्थित राशियों को विशेषतः प्रभावित करता है। इसी को शनि की साढ़ेसाती (साढ़ेसात वर्षीय) कहा जाता है।

शनि की ढैय्या—जब गोचरवश शनिं चन्द्रराशि (या नाम राशि) से चौथे या आठवें स्थान पर संचार करता है, तब शनि की ढैय्या कहलाती है, यह अढ़ाई वर्ष की होती है, इसका प्रभाव भी अशुभ होता है—

''लघु कल्याणी (ढैय्या) प्रददाति वै रविसुतोः राशे चतुर्थाष्टमे,
व्याधिं बन्धुविरोधं विदेशगमनं, क्लेशं च चिन्ताधिकम्॥''

अर्थात् शनि की ढैय्या के प्रभावस्वरूप जातक को रोग, शोक, कलह-क्लेश, धन-हानि, बन्धु-विरोध, गुप्त चिन्ताएँ, विघ्न-बाधाओं एवं आर्थिक उलझनों का सामना रहता है।

● कन्या राशि में संचरणकालीन शनि-साढ़ेसाती एवं ढैय्या ●

[सम्पूर्ण संवत् (16 मार्च, 2010 ई. से 3 अप्रै., 2011 ई. तक)]

साढ़ेसाती—

- सिंह राशि वालों को शनि की साढ़ेसाती पाँव पर उतरती हुई अर्थात् अन्तिम चरण में होगी।
- कन्या राशि वालों को शनि साढ़ेसति हृदय पर चढ़ती हुई अर्थात् मध्यम अवस्था में होगी।
- तुला राशि वालों को शनि साढ़ेसति सिर पर चढ़ती हुई अर्थात् प्रारम्भिक अवस्था में होगी।

ढैय्या विचार—मिथुन एवं कुम्भ राशि वालों को शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा।

सुवर्णादि पाया निर्णय—गतवर्ष 9 सितम्बर, 2009 ई. को शनि भरणी नक्षत्र एवं मेष के चन्द्रमाकालीन बुधवार रात को कन्या राशि में प्रवेश किया है। मेष, वृषादि राशियों पर शनि का सुवर्णादि पाया वही रहेगा। यथा—

(1) मेष, मिथुन व वृश्चिक राशियों पर सोने का पाया मिश्रित फलदायक।
(2) वृष, कन्या व मकर राशि वालों को लोहे का पाया अशुभ फल।
(3) कर्क, तुला व कुम्भ राशि वालों को ताम्र का पाया शुभ होगा।
(4) सिंह, धनु व मीन राशि वालों को चाँदी का पाया शुभ होगा।

(क) सोने का पाया हो, तो जातक को उस अवधि में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहे। पारिवारिक एवं व्यवसायिक उलझनें अधिक होंगी। शत्रु एवं रोग भय, मानसिक तनाव अधिक रहे। वृथा खर्च एवं कलह-क्लेश अधिक रहे।

(ख) लोहे का पाया हो, तो जातक को आर्थिक व पारिवारिक परेशानियाँ अधिक होती हैं। स्वास्थ्य में गड़बड़ तथा तनाव एवं उलझनें बढ़ती हैं। दुर्घटना से चोटादि का भय, व्यवसाय में विघ्न-बाधाएँ हों, प्रयत्न करने पर भी लाभ कम व खर्च अधिक रहे।

(ग) ताम्र का पाया—इसका फल शुभ होता है। कार्य-व्यवसाय में लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होते हैं। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनते हैं। उच्च विद्या में सफलता, विवाह एवं पारिवारिक सुखों की प्राप्ति, सवारी आदि सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होती है। देश-विदेश की यात्राओं के भी अवसर प्राप्त होते हैं।

(घ) चाँदी का पाया हो, तो जातक को गत किए गए प्रयासों में सफलता मिलती है। आकस्मिक धन लाभ, उच्च-प्रतिष्ठा, पदोन्नति, स्त्री-सन्तान एवं भूमि, वाहन आदि सुखों की प्राप्ति होती है।

● कन्या राशिगत शनि का द्वादश राशियों पर प्रभाव ●

[वर्षारम्भ से संवतान्त तक]

मेष—शनि षष्ठ स्थान में संचार करने तथा पाया सुवर्ण होने से कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों का सामना रहेगा। परन्तु 20 जुला. से 19 अक्तू. के मध्य मंगल की स्वगृही दृष्टि होने से बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा तथा निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे।

वृष—शनि पंचमस्थ होने से पूज्य होगा। उच्च विद्या प्राप्ति में बाधाएँ उत्पन्न हों। स्त्री को कष्ट एवं सन्तान सम्बन्धी गुप्त चिन्ता हो। कार्यों में संघर्ष के बाद सफलता मिले। शनि का पाया लोहा होने से भाई-बन्धुओं से कलह एवं तकरार तथा शत्रु, रोग एवं आर्थिक उलझनें रहें।

मिथुन—शनि चतुर्थ होने से (ढैय्या आदि के कारण) संघर्ष, धन-हानि, तनाव आदि अशुभ फल घटित होंगे। शनि का पाया भी सोना होने से रोग एवं शत्रु भय, पारिवारिक कलह, तनाव एवं वृथा खर्च भी रहेंगे।

कर्क—राशि को शनि तृतीयस्थ होने से धन लाभ, मकान, वाहनादि सुख-सुविधाओं एवं पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। पाया ताम्र होने से भी लाभ व उन्नति के भी अवसर प्राप्त होंगे। वर्षारम्भ से 26 मई तक मंगल का संचार होने से खर्च, तनाव व उत्तेजना बढ़ेगी।

★ **सिंह**—राशि को शनि द्वितीय रहेगा, शनि-साढ़ेसति का प्रभाव अभी रहेगा। घरेलू एवं आर्थिक उलझनें, आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। परन्तु शनि का पाया रजत (चान्दी) होने के कारण बीच-बीच में धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे।

★ **कन्या**—राशि को लग्न भाव पर ही शनि-साढ़ेसति होने से अत्यन्त संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहे, बनते कार्यों में अड़चनें एवं विलम्ब हो, किसी रोग के कारण कष्ट हो। शनि का पाया लोहा होने से भी संघर्ष व तनाव अधिक रहें। स्वास्थ्य सम्बन्धी सावधानी बरतें।

★ **तुला**—राशि को शनि द्वादशस्थ होने से परिवार एवं व्यवसाय सम्बन्धी दौड़-धूप अधिक रहे, वृथा परिश्रम एवं खर्च भी बहुत अधिक रहे। परन्तु शनि का पाया ताँबा होने से कुछ बिगड़े कार्य भी बनेंगे। अचानक धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

वृश्चिक—राशि को शनि एकादश (लाभ) स्थान में होने से परिश्रम के बाद धन लाभ एवं उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। तृतीय दृष्टि के कारण स्त्री, सन्तान एवं सवारी आदि की चिन्ता भी रहेगी। शनि का पाया सुवर्ण होने से भी धन लाभ मध्यम रहेगा तथा खर्च अधिक होंगे।

धनु—राशि को दशमस्थ शनि होने से व्यवसाय एवं गृह सम्बन्धी कठिन आर्थिक परिस्थितियों का सामना रहेगा। परन्तु पाया चाँदी होने से विविध अड़चनों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। शुभ कार्यों पर खर्च भी होंगे।

मकर—राशि को शनि नवमस्थ होने से भाग्योन्नति में विघ्न एवं विलम्ब पैदा होंगे। खर्च अधिक, व्यापार में लाभ कम, निकटस्थ भाई-बन्धुओं से मतान्तर हों। शनि का पाया लोहा होने से आय के साधन सीमित, परन्तु खर्चों में वृद्धि रहे, मानसिक तनाव भी बढ़े।

कुम्भ—राशि को शनि अष्टम (ढैय्या के कारण) होने से अशुभफली होगा। कार्य-व्यवसाय में विघ्न-बाधाओं के बाद सफलता मिले। परन्तु पाया ताम्र होने से निर्वाह योग्य आय के साधन तथा कुछ बिगड़े काम बनेंगे।

मीन—राशि को शनि सप्तमस्थ होने से परिवार एवं व्यवसाय सम्बन्धी परेशानियाँ अधिक होंगी। बनते कार्यों में अड़चनें पैदा हों, स्वास्थ्य में कमी, परन्तु इस राशि को शनि का पाया चाँदी होने से बीच-बीच में धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे।

शनि-साढ़ेसाती एवं ढैय्या सम्बन्धी उपाय

शनि साढ़ेसाती अथवा शनि ढैय्या का फल सदा अनिष्टकारी ही होगा—ऐसा आवश्यक नहीं। ध्यान रहे, शनि सभी राशियों पर एक जैसा प्रभाव नहीं [illegible] है, बल्कि स्वराशि, उच्च मित्रादि स्थिति से एवं शुभाशुभ दृष्टियों के प्रभावस्वरूप इसके फल में न्यूनाधिक अन्तर पड़ना भी सम्भव है। जन्मकुण्डली एवं नवांश में शनि की स्थिति अच्छी हो एवं जातक की ग्रह-दशा भी शुभ हो, तो शनि की साढ़ेसति या ढैय्या का अशुभ प्रभाव भी अपेक्षाकृत कुछ कम होगा। इसके अतिरिक्त वृष, मिथुन, कन्या, तुला, मकर या कुम्भ राशि पर शनि की स्थिति या दृष्टि शुभ, लाभदायक एवं योगकारक भी हो सकती है। किसी विशेष राशि पर शनि साढ़ेसाती का विचार करते समय उस राशि पर अन्य ग्रहों की स्थिति, दृष्टि आदि का प्रभाव, सुवर्णादि पाया का अवश्य विचार करना चाहिए।

कुण्डली में शनि की स्थिति एवं दशाऽन्तर्दशा शुभ होने पर कार्य-व्यवहार व योजनाओं में सफलता, लाभ, व्यवसायिक विद्याओं में उन्नति, क्रय-विक्रय विशेषकर लोहे, तेल के कार्य-व्यवसाय में विशेष लाभ प्राप्त करने वाला होता है।

शनि की दशाऽन्तर्दशा अथवा साढ़ेसाती अशुभ स्थिति में होने से व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता अथवा परिश्रम करने पर भी सफलता प्राप्त नहीं होती। वह कुछ चिड़चिड़े स्वभाव का हो जाता है, उसके प्रत्येक कार्य में विघ्न पैदा होते हैं। निकट सहयोगी भी परायों जैसे व्यवहार करने लगते हैं। अतएव ऐसी स्थिति में जातक को शनि का पूजन, दान, मन्त्र-जाप तथा औषधि स्नान आदि करने से शनि के अरिष्ट की शान्ति होती है।

जन्म कुं. में शनि यदि अशुभ हो अथवा जन्म-नक्षत्र पर शनि का संचार हो, तो जातक/जातिका को वायु-विकार, त्वचा रोग, घुटनों में दर्द, उच्च या निम्न रक्तचाप आदि रोग होते हैं। शनि प्रायः क्लिष्ट रोग एवं दुःख देकर दुष्ट-कर्मों का भुगतान करवाता है। शनि के अरिष्टकाल में कोई-न-कोई झंझट चलता रहता है। आर्थिक संकट एवं घरेलू कलह का भय होता है। वायु प्रकोप आदि शरीर कष्ट, मानसिक अशान्ति रहती है। अपने भी पराये होने लगते हैं। आय कम तथा खर्चों में अधिकता होने लगती है।

उपाय—शास्त्रों में प्रतिपादित उपायों को विधिपूर्वक करने से अवश्य लाभ पहुँचेगा।

(1) प्रत्येक शनिवार को शनि मन्त्र का संकल्पपूर्वक पाठ करें—

'ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः'

कम-से-कम 3 माला अवश्य करें। पाठ उपरान्त निम्न शनि स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा—

नमः कृष्णाय नीलाय शितिकण्ठनिभाय च।
नमः कालाग्निरूपाय कृतान्ताय च वै नमः॥

(2) शनिवासरी अमावस्या हो, तो उस दिन सायं, सूर्यास्त के बाद शनि पूजन, मन्त्र-जाप एवं स्तोत्र पाठ करना विशेष लाभकारी होगा।

विधि—सायं सूर्यास्त के बाद, स्नानादि उपरान्त पश्चिम दिशा की ओर मुख करके काले रेशमी आसन (कम्बलादि) पर बैठ जाएँ। सामने स्टील की थाली में लगभग 100 ग्राम जौं, 100 ग्राम काले तिल, काले वर्ण के कुछ फूल, 1 मुट्ठी चावल, 5 साबुत सुपारी, मौली, [illegible] मिठाई जैसे—गुलाब जामुन भी रख लें।

स्टील की कटोरी में तेल सरसों का दीपक जलाकर रखें। सामने एक नारियल तिलक लगाकर, स्टील का लोटा शुद्ध जल भरकर रखें।

मन्त्र–जाप—ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः

मन्त्र की 1 या 3 माला करके उसे पूजन सामग्री के साथ बहते पानी में विसर्जित कर देवें।

(3) शनिवार को सुन्दरकाण्ड का पाठ या श्रवण करना शुभ होगा।

शनि साढ़ेसाती, ढैय्या एवं शनि पाया के अशुभ फल की शान्ति के लिए शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र की 23 हज़ार की संख्या में विधिपूर्वक जप करना, तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना या करवाना कल्याणकारी रहता है। शनिवार का व्रत रखना, उड़द, सप्तधान्यादि दान, कृष्ण वस्त्र, शिव उपासना, शनि स्तोत्र तथा शनि से सम्बन्धित अन्य वस्तुओं का दान करने से लाभ होता है। इसके अतिरिक्त शुभ मुहूर्त्त में नीलम एवं विधिपूर्वक निर्मित शनि यन्त्र धारण करना भी लाभप्रद रहता है।

शनि का बीज मन्त्र—*"ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः॥"*

शनि का वैदिक मन्त्र—

"ॐ शन्नो देवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शं योरभिस्त्रवन्तु नः॥ शं नमः॥"

सर्वारिष्ट शान्त्यर्थ शनि स्तोत्र—

"ॐ नमस्ते कोणसंस्थाय पिङ्गलाय नमोऽस्तु ते। नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तुते॥
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चान्तकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते शौरये विभो॥
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च॥"

(धर्मसिन्धु)

प्रतिदिन प्रातःकाल भगवान शिव की पूजनोपरान्त पीपल वृक्ष के समीप इस स्तोत्र का पाठ करके कच्ची लस्सी में काले तिल डालकर वृक्ष के मूल में लस्सी चढ़ाना तथा सायंकाल को तैल का दीपक जलाकर प्रार्थना करने से शनि-जनित अरिष्टों की शान्ति होती है।

● गुरु का शुभाशुभ गोचरफल-संवत् २०६७ ●

[16 मार्च, 2010 ई. से 3 अप्रै., 2011 ई. तक]

वर्षारम्भ 2010 ई. में गुरु कुम्भ राशि में संचार कर रहा है। ता. 1 मई 2010 ई. तक गुरु कुम्भ राशि में ही विचरण करेगा। ता. 2 मई को शीघ्र गति से मीन राशि में प्रवेश करेगा। ता. 23 जुला. को मीन राशिकालीन वक्री होगा तथा 31 अक्तूबर, 2010 ई. तक मीन राशि में ही वक्री अवस्था में संचार करेगा।

तदुपरान्त गुरु वक्री अवस्था में 1 नवं. को पुनः कुम्भ राशि में प्रवेश करेगा। फिर ता. 18 नवं. 2010 ई. को मार्गी होकर 6 दिसं., 2010 ई. को पुनः स्वराशि मीन में प्रवेश करेगा तथा संवतान्त 3 अप्रैल, 2011 ई. तक मीन राशि में संचरणशील रहेगा।

कुम्भ राशि में संचरणकाल शुभाशुभ गोचरफल यद्यपि गतवर्षीय पंचांग में लिख चुके हैं। पाठकों की सुविधा के लिए पुनः लिख रहे हैं—

● कुम्भ राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ गोचरफल ●

[वर्षारम्भ 1 जन., 2010 ई. से 1 मई, 2010 ई. तक तथा पुनः 1 नवं., 2010 ई. से 5 दिसं., 2010 ई. तक]

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
धन लाभ के अवसर मिले, नए कार्य की योजना बने प्रिय मिलन	आय कम व खर्च अधिक परिवार में मन-मुटाव, तनाव व परेशानी हो।	विद्या में सफलता, सन्तान सुख, बिगड़ा कार्य बने, भूमि, वाहनादि का सुख	शरीर कष्ट, खर्च अधिक, अचानक धन हानि, घरेलू उलझनें बढ़ेंगी।	स्त्री/पति सुख, धर्म-कर्म में प्रवृत्ति, मान-सम्मान	रोग व शत्रु भय, मानसिक तनाव व उलझनें बढ़ेंगी। निजबंधु से विरोध	भूमि-वाहनादि सुख हों, धन लाभ, धर्म में रूचि, गृह में शुभ कार्य पर खर्च हो।	कार्यों में विघ्न-बाधाएं व खर्च अधिक, स्वास्थ्य हानि व तनाव	धन लाभ हो, किसी प्रिय बन्धु का सुख, पदोन्नति विदेश यात्रा के योग हैं।	अचानक धन लाभ सुख-साधन बढ़ें परन्तु खर्च अधिक	संघर्ष से निर्वाह योग्य धन लाभ, खर्चों की अधिकता, परिवार में वैमनस्य	धन लाभ अल्प रहे, धर्म-कर्म में प्रवृत्ति, शुभ कार्यों पर खर्च अधिक रहे।

● मीन राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल ●

[2 मई, 2010 ई. से 31 अक्तू., 2010 ई., पुनः 6 दिसं., 2010 ई. से 3 अप्रैल, 2011 ई. तक]

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
अल्प धन लाभ, धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति, शुभ कार्यों पर खर्च हो।	धन-सम्पदा सवारी का सुख, भाग्य में उन्नति प्रिय मिलन, व्यय अधिक	धन हानि, मित्र से धोखा मिले, तनाव एवं उलझनें रहें	संतान सम्बन्धी सुख, विद्या-कम्पीटीशन में सफलता	आय कम व खर्च अधिक हों, ऋण व रोग का भय, घरेलू उलझनें बढ़ेंगी	विशेष परिश्रम से भाग्य उन्नति, कार्यों में सफलता	बनते कार्यों में अड़चनें, शरीर कष्ट, रोग भय	संतान संबंधी सुख, भूमि-वाहनादि सुख हो, गृह में शुभ कार्य हो।	भूमि-जायदाद से लाभ, स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी, मन-उचाट रहे।	आय साधारण, स्त्री/पति एवं दाम्पत्य सुख रहे।	अचानक धन लाभ के अवसर, भाग्य में वृद्धि, श्रेष्ठजन से मेल, विदेश यात्रा	गुज़ारे योग्य आय, धार्मिक कार्यों में रूचि, शरीर कष्ट भय।

गुरु का कारकत्व—गुरु पति-सुख, धर्म-आध्यात्म, सन्तान, पुत्र, विद्या, विवेक, बुद्धि, बड़ा भाई, सुवर्ण, ज्योतिष आदि विद्याओं का कारक माना जाता है। शरीर में लिवर, हृदयकोश, पाचन-प्रक्रिया, कान आदि का भी कारक माना जाता है। कुण्डली में गुरु अशुभ हो अथवा अशुभ ग्रह द्वारा दृष्ट या युक्त हो, तो गुरु सम्बन्धित सुख में कमी करता है।

हमारे कार्यालय से छपी ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड) भाग-I में गोचर विचार पढ़ना चाहिए।

गुरु के अशुभ फल की शान्ति–अथवा गुरु की शुभता बढ़ाने के लिए वृद्ध ब्राह्मण को भोजन कराना, गुरुवासरी अमावस्या तथा गुरुवार का व्रत रखना, पुखराज धारण करना, पीले वस्त्र, चने की दाल, कांस्य पात्र, सुवर्ण, शक्कर, केले, लड्डुओं, धार्मिक ग्रन्थ आदि का दान यथाशक्ति करने तथा गुरु के बीज मन्त्र अथवा गुरु गायत्री मन्त्र का जाप 19,000 की संख्या में विधिपूर्वक करना शुभ एवं फलदायक रहेगा। गुरु धनु और मीन राशि का स्वामी है। पति सौख्य की प्राप्ति के लिए स्त्रियों को गुरु के बीज मन्त्र, व्रत, पुखराज धारण तथा यथाशक्ति दान करना लाभदायक रहता है। प्रत्येक गुरुवार को केसर का तिलक भी लगाना चाहिए।

गुरु गायत्री मन्त्र—''ॐ अंगिरो जाताय विद्महे वाचस्पतये धीमहि तन्नो गुरुः प्रचोदयात्''

गुरु बीज मन्त्र—''ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः॥''

● राहु का शुभाशुभ गोचरफल–संवत् २०६७ ●

गतवर्ष 16 नवं., 2009 ई. को राहु ने धनु राशि तथा केतु ने मिथुन राशि में प्रवेश किया था। आगामी सम्पूर्ण संवत् २०६७ (16 मार्च, 2010 ई. से 3 अप्रैल, 2011 ई. तक) में राहु धनु व केतु मिथुन राशि में ही संचार करेगा। यद्यपि धनु राशिस्थ राहु का फल लिख आए हैं। तथापि पाठकों की सुविधा के लिए पुनः लिख रहे हैं।

धनु राशिस्थ राहु का गोचर फल (संक्षेप में)

(16 मार्च, 2010 ई. से 3 अप्रैल, 2011 ई. तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
बिगड़े कामों में सुधार हो, वाहन आदि के सुख हों, खर्च बढ़ेंगे।	कार्य व्यव-साय में विघ्नों के बाव जूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनें।	बनते, कामों में विघ्न, लाभ कम व खर्च अधिक रहेंगे। किसी प्रिय बंधु से तकरार हो।	विशेष परिश्रम के बाद भी आय कम व खर्च अधिक रहें।	भाग्य-उन्नति में विघ्न बाधाएँ हों, आर्थिक उलझनों के कारण गुप्त चिन्ताएँ।	निकट बन्धु से तनाव बढ़ें। आय में कमी व खर्च बढ़ेंगे। निकट बंधु से तनाव हो।	धन लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त, विदेश यात्रा के चाँस बनेंगे। कोई खुश-खबरी मिले।	कार्य व्यवसाय में विघ्नों के बाद सफलता मिले, खर्च भी बढ़ेंगे।	किसी प्रिय बन्धु से तकरार, लाभ कम तथा खर्च अधिक होंगे।	अड़चनें रहें, पर गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहें।	धन-लाभ व उन्नति के चाँस, विदेश यात्रा के योग, खर्च भी बढ़ेंगे।	बनते कामों में विघ्न रहें, वृथा दौड़-धूप व खर्च हो सुख में कमी हो।

केतु का कर्कराशिस्थ गोचर फल संवत् २०६७

(16 मार्च, 2010 ई. से 3 अप्रै., 2011 ई. तक)

केतु भी सम्पूर्ण सम्वत् मिथुन राशि में संचार करेगा।

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आर्थिक संकट के कारण घरेलू झंझट व अशान्ति रहे।	बिगड़े कामों में सुधार परिश्रम से धन लाभ अच्छा, वाहन सुख मिले।	वृथा दौड़-धूप अधिक हो, लाभ कम व खर्च अधिक रहे। तनाव हो।	शरीर कष्ट व तनाव रहे, बनते कामों में विघ्न, खर्च ज्यादा हो।	रोग व शत्रु भय अपने परायों जैसा व्यवहार रखें। खर्च अधिक रहेंगे।	धन लाभ साधारण वाहन, भूमि आदि साधनों की प्राप्ति, संघर्ष अधिक रहे।	लाभ अल्प व खर्च अधिक रहे। गृह में कोई मंगल कार्य हो विदेश यात्रा योग बने।	भाग्य उन्नति में विघ्न, वृथा खर्च बढ़े, दुर्घटना से चोट आदि का भय।	धन-हानि, रोग व शत्रु भय विद्या में विघ्न, परिवार सम्बन्धी चिन्ता, खर्च अधिक रहें।	कुटुम्ब में किसी प्रियजन से वैम-नस्य, खर्च अधिक, किसी से धोखा मिले।	पराक्रम से धन लाभ हो बिगड़े कामों में सुधार, खुश-खबरी मिले।	घरेलू कलह-क्लेश, मन अशान्त, लाभ कम व खर्च अधिक।

अनिष्ट राहु की शान्ति हेतु तिल, तेल, भूरे रंग का वस्त्र, कम्बल, नारियल, सप्तधान्य, सतनाजा, कृष्ण पुष्प आदि का दक्षिणा सहित दान करना कल्याणकारी रहता है। जन्मपत्री अनुशीलन के बाद गोमेध भी धारण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त राहु के बीज मन्त्र '**ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः**' का 18 हज़ार की संख्या में जाप करें। गजेन्द्र मोक्ष स्तोत्र का पाठ भी शुभ है। राहु का गायत्री मन्त्र—'

ॐ शिरोरूपाय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो राहुः प्रचोदयात्॥

केतु के अरिष्ट की शान्ति हेतु लोहा, सप्तधान्य, लाल-काला वस्त्र, नारियल, कम्बल, कस्तूरी, बेल, कुष्ठाश्रम आदि में भोजन, क्षीर का दान तथा जन्मपत्री विश्लेषण के पश्चात् लहसनिया नग धारण करना कल्याणकारी रहता है। केतु के बीज मन्त्र '**ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः**' की 17 हज़ार की संख्या में जाप करना तथा श्री गणेश स्तोत्र एवं अपराजिता स्तोत्र का पाठ करना शुभ है। केतु की शान्ति के लिए गायत्री मन्त्र—

ॐ पद्म पुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो केतुः प्रचोदयात्॥

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के सम्बन्ध में और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी प्रकाश्य पुस्तक **अनिष्ट ग्रह शान्ति और उपयोगी उपाय** मँगवाकर पढ़ें।

—पं. पंकज शर्मा ज्यो.

सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, गुरु पुष्यादि योग-वि. संवत् २०६७ (सन् 2010-11)

किसी विशेष कार्य हेतु आवश्यक परिस्थितिवश अथवा शीघ्रता में कोई सुनियोजित एवं निर्धारित मुहूर्त्त न मिलता हो, तो आगे लिखे गए सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, रवि योग, गुरु पुष्य आदि योगों में अभीष्ट कार्यों का शुभारम्भ करके मनोवांछित कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

सर्वार्थ सिद्धि योगों में—अनुबन्ध करना, परीक्षा, नौकरी अथवा चुनाव आदि के लिए आवेदन करना, क्रय-विक्रय करना, यात्रा या मुकद्दमा करना, भूमि, सवारी, वस्त्र-आभूषणादि का क्रय करना इत्यादि कृत्य किए जा सकते हैं। **अमृत सिद्धि योगों में** स. सि. योगों वाले कृत्यों के अतिरिक्त प्रेम विवाह करना, विदेश यात्रा, किसी कार्य सिद्धि हेतु सकाम अनुष्ठान करना आदि। रवि योग स. सि. योगों की भान्ति शुभ कार्यों के लिए प्रशस्त माने जाते हैं। **रवि योग की** उपलब्धता में यदि कोई कुयोग भी हो, तो **'रवि योग'** अन्य कुयोगों का नाश करके शुभ फल प्रदान करता है।

रविपुष्य योग—में जड़ी-बूटी तोड़ना तथा तोड़कर औषध तैयार करना, किसी विशेष रोग में रोगी को औषधि देना शुभ होता है। यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रादि प्रयोगों में यह योग शुभ होते हैं।

गुरुपुष्य योग—गुरु अथवा पिता, दादा या श्रेष्ठ व्यक्ति से मन्त्र, तन्त्र या किसी विशिष्ट विषय के सम्बन्ध में उच्च विद्या ग्रहण करना, धन, भूमि-विद्या एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करना, कोई धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ करना, गुरू धारण करना, विदेश-यात्रा आरम्भ करना शुभ होता है।

उपरोक्त सभी योगों में से कोई योग विशेष ग्रहण करने से पूर्व तिथि एवं चन्द्रमा का बल भी ध्यान में रख लेवें, तो अत्यन्त लाभदायक होगा। (अर्थात् कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर्यन्त चन्द्र निर्बल माना जाता है।) इनके अतिरिक्त गुरु-शुक्र ग्रहों के अस्त काल में, ग्रहण काल, श्राद्ध पक्ष आदि का भी ध्यान कर लेना प्रशस्त होगा। **विवाह, मुण्डन, गृहनिर्माण, गृहप्रवेश आदि कार्य निर्धारित मुहूर्त्तों में ही करने कल्याणकारी होंगे।**

—पण्डित विवेक शर्मा, पंचाँगकर्त्ता।

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2010 ई.	घं. मिं.	2010 ई.	घं. मिं.
16 मार्च	6 48	17 मार्च	सू. उ.
18 मार्च	सू. उ.	19 मार्च	11 52
22 मार्च	सू. उ.	23 मार्च	सू. उ.
25 मार्च	सू. उ.	26 मार्च	सू. उ.
28 मार्च	25 48	29 मार्च	सू. उ.
2 अप्रै.	17 36	3 अप्रै.	सू. उ.
4 अप्रै.	19 03	5 अप्रै.	सू. उ.
13 अप्रै.	सू. उ.	13 अप्रै.	15 43
15 अप्रै.	सू. उ.	15 अप्रै.	18 06
17 अप्रै.	18 52	18 अप्रै.	सू. उ.
19 अप्रै.	सू. उ.	19 अप्रै.	18 20
22 अप्रै.	सू. उ.	22 अप्रै.	15 23
25 अप्रै.	10 18	26 अप्रै.	सू. उ.
29 अप्रै.	27 21	30 अप्रै.	27 23
2 मई	सू. उ.	3 मई	5 37
9 मई	21 46	10 मई	सू. उ.
11 मई	25 05	12 मई	सू. उ.
15 मई	सू. उ.	15 मई	25 18
23 मई	सू. उ.	24 मई	सू. उ.
27 मई	11 58	28 मई	12 10
30 मई	सू. उ.	30 मई	14 16

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2010 ई.	घं. मिं.	2010 ई.	घं. मिं.
6 जून	6 03	7 जून	सू. उ.
8 जून	9 53	9 जून	सू. उ.
12 जून	सू. उ.	12 जून	9 49
15 जून	5 00	15 जून	सू. उ.
15 जून	27 05	16 जून	सू. उ.
20 जून	सू. उ.	20 जून	19 34
23 जून	18 48	24 जून	19 24
27 जून	23 57	28 जून	सू. उ.
28 जून	26 21	29 जून	सू. उ.
4 जुला.	सू. उ.	4 जुला.	16 27
6 जुला.	सू. उ.	6 जुला.	19 53
7 जुला.	20 33	8 जुला.	सू. उ.
12 जुला	14 5	13 जुला	सू. उ.
13 जुला	11 37	14 जुला	सू. उ.
21 जुला	सू. उ.	21 जुला	25 15
25 जुला	6 37	26 जुला	सू. उ.
26 जुला	9 09	27 जुला	सू. उ.
1 अग.	26 01	2 अग.	सू. उ.
4 अग.	5 10	5 अग.	सू. उ.
8 अग.	24 36	9 अग.	21 57
10 अग.	सू. उ.	10 अग.	19 04

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2010 ई.	घं. मिं.	2010 ई.	घं. मिं.
18 अग.	सू. उ.	18 अग.	6 52
22 अग.	सू. उ.	22 अग.	15 11
23 अग.	सू. उ.	23 अग.	18 4
28 अग.	5 45	28 अग.	सू. उ.
29 अग.	8 17	30 अग.	सू. उ.
31 अग.	12 11	2 सितं.	सू. उ.
5 सितं.	10 53	6 सितं.	8 37
11 सितं.	15 59	12 सितं.	सू. उ.
13 सितं.	13 39	14 सितं.	सू. उ.
18 सितं.	21 09	19 सितं.	सू. उ.
24 सितं.	11 37	25 सितं.	सू. उ.
26 सितं.	सू. उ.	26 सितं.	16 07
28 सितं.	सू. उ.	28 सितं.	19 16
29 सितं.	सू. उ.	30 सितं.	सू. उ.
3 अक्तू.	सू. उ.	3 अक्तू.	17 49
9 अक्तू.	सू. उ.	9 अक्तू.	24 27
11 अक्तू.	सू. उ.	11 अक्तू.	22 26
15 अक्तू.	27 54	17 अक्तू.	सू. उ.
21 अक्तू.	18 07	23 अक्तू.	सू. उ.
25 अक्तू.	24 49	26 अक्तू.	सू. उ.
27 अक्तू.	सू. उ.	27 अक्तू.	25 58
28 अक्तू.	25 57	29 अक्तू.	25 31

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2010-11	घं. मिं.	2010-11	घं. मिं.
3 नवं.	17 21	4 नवं.	सू. उ.
6 नवं.	सू. उ.	6 नवं.	10 56
8 नवं.	सू. उ.	8 नवं.	8 28
12 नवं.	11 54	13 नवं.	14 25
16 नवं.	23 09	17 नवं.	सू. उ.
18 नवं.	सू. उ.	20 नवं.	5 41
22 नवं.	7 40	23 नवं.	सू. उ.
24 नवं.	सू. उ.	24 नवं.	7 57
25 नवं.	7 34	26 नवं.	6 55
1 दिसं.	सू. उ.	1 दिसं.	22 55
10 दिसं.	सू. उ.	10 दिसं.	22 56
14 दिसं.	7 24	15 दिसं.	सू. उ.
16 दिसं.	सू. उ.	17 दिसं.	14 31
20 दिसं.	सू. उ.	21 दिसं.	सू. उ.
23 दिसं.	सू. उ.	24 दिसं.	सू. उ.
31 दिसं.	26 09	1 जन.	सू. उ.
(सन् 2011 ई.)			
2 जन.	26 09	3 जन.	सू. उ.
11 जन.	सू. उ.	11 जन.	18 29
13 जन.	सू. उ.	13 जन.	23 34
15 जन.	26 21	16 जन.	सू. उ.

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2011 ई.	घं. मिं.	2011 ई.	घं. मिं.
17 जन.	सू. उ.	17 जन.	26 10
20 जन.	सू. उ.	20 जन.	21 18
23 जन.	14 14	24 जन.	सू. उ.
28 जन.	7 40	29 जन.	सू. उ.
30 जन.	8 23	31 जन.	सू. उ.
6 फर.	22 54	7 फर.	सू. उ.
9 फर.	4 51	9 फर.	सू. उ.
10 फर.	सू. उ.	10 फर.	7 34
12 फर.	11 30	13 फर.	सू. उ.
14 फर.	सू. उ.	14 फर.	12 32
17 फर.	सू. उ.	17 फर.	8 14
20 फर.	सू. उ.	21 फर.	सू. उ.
24 फर.	13 36	25 फर.	सू. उ.
27 फर.	सू. उ.	27 फर.	14 56
6 मार्च	सू. उ.	7 मार्च	सू. उ.
8 मार्च	11 19	9 मार्च	सू. उ.
12 मार्च	सू. उ.	12 मार्च	20 24
20 मार्च	सू. उ.	21 मार्च	4 43
23 मार्च	21 45	24 मार्च	21 44
27 मार्च	22 26	28 मार्च	सू. उ.
28 मार्च	24 22	29 मार्च	सू. उ.
3 अप्रै.	सू. उ.	3 अप्रै.	14 22

अमृत सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2010-11	घं. मिं.	2010-11	घं. मिं.
22 मार्च	13 21	23 मार्च	सू. उ.
25 मार्च	10 41	26 मार्च	सू. उ.
17 अप्रै.	18 52	18 अप्रै.	सू. उ.
19 अप्रै.	सू. उ.	19 अप्रै.	18 20
22 अप्रै.	सू. उ.	22 अप्रै.	15 23
11 मई	25 05	12 मई	सू. उ.
15 मई	सू. उ.	15 मई	25 18
23 मई	15 09	24 मई	सू. उ.
8 जून	9 53	9 जून	सू. उ.
12 जून	सू. उ.	12 जून	9 49
20 जून	सू. उ.	20 जून	19 34
23 जून	18 48	24 जून	सू. उ.
6 जुला	सू. उ.	6 जुला	19 53
21 जुला	सू. उ.	21 जुला	25 15
18 अग.	सू. उ.	18 अग.	6 52
28 अग.	5 45	28 अग.	सू. उ.
24 सितं.	11 37	25 सितं.	सू. उ.
22 अक्तू.	सू. उ.	22 अक्तू.	20 20
20 दिसं.	16 33	21 दिसं.	सू. उ.
23 दिसं.	13 51	24 दिसं.	सू. उ.

(सन् 2011 ई.)

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
15 जन.	26 21	16 जन.	सू. उ.
17 जन.	सू. उ.	17 जन.	26 10
20 जन.	सू. उ.	20 जन.	21 18
9 फर.	4 51	9 फर.	सू. उ.
12 फर.	11 30	13 फर.	सू. उ.
14 फर.	सू. उ.	14 फर.	12 32
17 फर.	सू. उ.	17 फर.	8 14
20 फर.	20 54	21 फर.	सू. उ.
8 मार्च	11 19	9 मार्च	सू. उ.
12 मार्च	सू. उ.	12 मार्च	20 24
20 मार्च	7 50	21 मार्च	4 43
23 मार्च	21 45	24 मार्च	सू. उ.

रवि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2010 ई.	घं. मिं.	2010 ई.	घं. मिं.
19 मार्च	11 52	20 मार्च	12 47
21 मार्च	13 17	22 मार्च	13 21
24 मार्च	12 03	26 मार्च	8 53
28 मार्च	4 19	28 मार्च	25 48
4 अप्रै.	19 3	5 अप्रै.	20 58
17 अप्रै.	18 52	18 अप्रै.	18 45
19 अप्रै.	18 20	20 अप्रै.	17 38
22 अप्रै.	15 23	24 अप्रै.	12 09
26 अप्रै.	8 26	27 अप्रै.	6 39
27 अप्रै.	22 45	28 अप्रै.	5 7
4 मई	7 45	5 मई	10 25
16 मई	24 25	17 मई	23 19
18 मई	22 5	19 मई	20 44
21 मई	17 54	23 मई	15 9
25 मई	12 57	25 मई	13 5
26 मई	12 16	27 मई	11 58
2 जून	21 26	3 जून	24 26
15 जून	5 00	15 जून	27 5
16 जून	25 12	17 जून	23 27
19 जून	20 34	21 जून	18 55
24 जून	19 24	25 जून	20 27
2 जुला.	11 02	3 जुला.	13 55
14 जुला	9 5	15 जुला	6 39
16 जुला	4 27	16 जुला	26 37
18 जुला	24 23	21 जुला	25 15
24 जुला	4 25	25 जुला	6 37
31 जुला	23 36	1 अग.	26 1
12 अग.	13 15	13 अग.	10 42
14 अग.	8 36	15 अग.	7 6
18 अग.	6 52	20 अग.	10 7
22 अग.	15 11	23 अग.	18 4
30 अग.	10 28	30 अग.	25 37
31 अग.	12 11	1 सितं.	13 19
10 सितं.	18 10	11 सितं.	15 59
12 सितं.	14 25	13 सितं.	13 39
13 सितं.	19 23	14 सितं.	13 42
16 सितं.	16 12	18 सितं.	21 09
20 सितं.	27 7	22 सितं.	6 7
29 सितं.	20 9	30 सितं.	20 29

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2010-11	घं. मिं.	2010-11	घं. मिं.
9 अक्तू.	24 27	10 अक्तू.	23 4
10 अक्तू.	23 54	11 अक्तू.	22 26
12 अक्तू.	22 38	13 अक्तू.	23 41
16 अक्तू.	3 54	18 अक्तू.	9 44
20 अक्तू.	15 34	21 अक्तू.	18 7
28 अक्तू.	25 57	29 अक्तू.	25 31
9 नवं.	8 13	10 नवं.	8 42
11 नवं.	9 57	12 नवं.	11 54
14 नवं.	17 17	16 नवं.	23 9
18 नवं.	27 58	19 नवं.	24 39
20 नवं.	5 41	21 नवं.	6 55
27 नवं.	6 00	28 नवं.	4 52
8 दिसं.	19 12	9 दिसं.	20 47
10 दिसं.	22 56	11 दिसं.	25 33
14 दिसं.	7 24	17 दिसं.	14 31
19 दिसं.	16 29	20 दिसं.	16 33
26 दिसं.	9 3	27 दिसं.	7 25

(सन् 2011 ई.)

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
7 जन.	7 23	8 जन.	9 49
9 जन.	12 35	10 जन.	15 32
11 जन.	12 13	11 जन.	18 29
13 जन.	23 34	15 जन.	26 21
17 जन.	26 10	18 जन.	25 3
24 जन.	12 6	24 जन.	14 35
25 जन.	10 18	26 जन.	8 56
5 फर.	19 59	6 फर.	17 40
6 फर.	22 54	7 फर.	25 54
9 फर.	4 51	10 फर.	7 34
12 फर.	11 30	14 फर.	12 32
16 फर.	10 20	17 फर.	8 14
23 फर.	14 31	24 फर.	13 36
8 मार्च	11 19	9 मार्च	14 8
10 मार्च	16 42	11 मार्च	18 51
13 मार्च	21 15	15 मार्च	20 32
17 मार्च	16 47	18 मार्च	12 54
18 मार्च	14 4	19 मार्च	11 1
24 मार्च	21 44	25 मार्च	20 31

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योग (2010-11 ई.)

(गाड़ी, आभूषणादि बहुमूल्य वस्तुएँ खरीदने हेतु विशेष मुहूर्त्त)

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योगों में बहुमूल्य एवं उपयोगी पदार्थ, वस्तुएँ जैसे-ज़मीन-जायदाद, हीरे-जवाहरात, स्वर्ण-चाँदी के आभूषण, कार, ट्रक, स्कूटर, गाय-भैंस क्रय करना, नवीन उद्योग की स्थापना आदि करना लाभदायक रहता है। इन योगों में यदि कोई अनिष्ट हो जाए, तो भी दुगुनी अथवा तीन गुणा हानि होने की सम्भावना हो जाती है। तो त्रिपुष्कर दोष की शान्ति के लिए तीन गौओं के मूल्य का धन तथा द्विपुष्कर में दो गौओं के मूल्य और तिलों द्वारा निर्मित पीठी का दान करना शुभ होगा। (वसिष्ठ.)

द्विपुष्कर योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2010-11	घं. मिं.	2010-11	घं. मिं.
17 जन.	10 2	17 जन.	18 5
26 जन.	24 49	27 जन.	सू. उ.
31 मार्च	5 5	31 मार्च	सू. उ.
15 मई	25 18	16 मई	4 11
25 मई	सू. उ.	25 मई	7 59
17 जुला	25 14	18 जुला	4 31
27 जुला	11 55	28 जुला	सू. उ.
19 सितं.	24 5	20 सितं.	सू. उ.
23 नवं.	8 00	23 नवं.	22 18
16 जन.	26 38	17 जन.	सू. उ.
25 जन.	10 18	26 जन.	7 19
21 मार्च	4 43	21 मार्च	सू. उ.

(रवि पुष्य योग)

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
8 अग.	24 36	9 अग.	सू. उ.
5 सितं.	10 53	6 सितं.	सू. उ.
3 अक्तू.	सू. उ.	3 अक्तू.	17 49

(गुरु पुष्य योग)

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
25 फर.	26 20	26 फर.	सू. उ.
25 मार्च	10 41	26 मार्च	सू. उ.
22 अप्रै.	सू. उ.	22 अप्रै.	15 23
26 नवं.	6 55	26 नवं.	सू. उ.
23 दिसं.	13 51	24 दिसं.	सू. उ.
20 जन.	सू. उ.	20 जन.	21 18
17 फर.	[illegible]	17 फर.	8 14

त्रिपुष्कर योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2010-11	घं. मिं.	2010-11	घं. मिं.
6 जन.	6 20	6 जन.	सू. उ.
16 फर.	सू. उ.	16 फर.	13 9
21 फर.	7 14	21 फर.	18 27
2 मार्च	सू. उ.	2 मार्च	12 29
11 अप्रै.	11 26	11 अप्रै.	14 7
20 अप्रै.	17 38	21 अप्रै.	सू. उ.
25 अप्रै.	10 18	25 अप्रै.	24 55
4 मई	18 15	5 मई	सू. उ.
22 जून	18 39	23 जून	सू. उ.
27 जून	23 57	28 जून	सू. उ.
3 जुला.	सू. उ.	3 जुला.	13 55
21 अग.	12 29	21 अग.	15 39
31 अग.	12 11	1 सितं.	सू. उ.
5 सितं.	5 56	5 सितं.	10 53
19 अक्तू.	12 44	19 अक्तू.	25 29
24 अक्तू.	23 41	25 अक्तू.	सू. उ.
2 नवं.	21 58	3 नवं.	सू. उ.
7 नवं.	8 7	7 नवं.	9 25
13 दिसं.	4 26	13 दिसं.	सू. उ.

(सन् 2011 ई.)

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
15 फर.	11 49	15 फर.	23 10
19 फर.	23 47	20 फर.	6 40
1 मार्च	सू. उ.	1 मार्च	18 38
6 मार्च	4 43	6 मार्च	5 22

द्वादश संक्रान्तियों का प्रवेश फल–सन् 2010–2011 ई०

वैशाख संक्रान्ति—14 अप्रैल, 2010 ई., बुधवार, प्रथम शुद्ध वैशाख कृष्ण पक्ष, अमावस तिथि को प्रातः 6 बजकर 57 मिनट पर रेवती नक्षत्र में प्रवेश करेगी। वैशा. संक्रान्ति 30 मुहूर्ति है। इस का पुण्यकाल सूर्योदय से दोपहर 13/21 घं. मि. (1 बजकर 21 मिनट दोप.) तक होगा। वैशाख संक्रान्ति के दिन अमावस तिथि है। इसी दिन हरिद्वार में **कुम्भ महापर्व** गंगातट पर घटित होगा। स्नान-दान, जप-पाठ, देव-ऋषि तर्पण आदि का माहात्म्य सूर्योदय से प्रारम्भ हो जाएगा। पितृ-तर्पण का समय मध्याह्न काल होगा। 15 अप्रैल, 2010 ई० वृहस्पतिवार को वैशाख पुरूषोत्तम अधिक मास शुरू होगा। इस मास में वैशाख मास एवं पुरूषोत्तम मास माहात्म्य का, श्री विष्णुसहस्रनाम एवं **''ॐ नमो भगवते वासुदेवाय''**—मन्त्र का पाठ करने का विशेष माहात्म्य होता है। नित्य प्रति प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व शुद्ध जल में, तीर्थस्थान पर या धर्मस्थान पर अथवा घर में ही गंगाजल मिश्रित पवित्र जल से स्नान, जपादि करके यथा शक्ति अनाज, वस्त्रों, फलादि का दान करने का विधान एवं माहात्म्य है। उस से रोग-शोक दूर होते हैं तथा उसे आरोग्य, धन सम्पदादि सुखों की प्राप्ति होती है। संक्रान्ति कुंडली की ग्रहस्थिति अनुसार पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद एवं टकराव होने के संकेत हैं। महंगाई, आरक्षण एवं साम्प्रदायिक विवादों के कारण सरकार एवं विपक्षी दलों में टकराव की स्थिति हो। **ता. 15 अप्रै. से 14 मई के मध्य वैशाख अधिक मास** होने से नये गृह में प्रवेश, विवाह, मुंडन संस्कार आदि शुभ कार्यों को करने का **निषेध माना** गया है। मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु और कुम्भ राशि वालों को वैशाख संक्रान्ति का फल शुभ होगा।

ज्येष्ठ संक्रान्ति—14 मई, 2010 ई., शुक्रवार, की अर्द्ध-रात्रि 3 बजकर 47 मिनट (27/47) पर वृष राशि में प्रवेश होगा। यह संक्रान्ति 45 मुहूर्त्ति है। वैशाख अधिक मास 14 मई, शुक्रवार की प्रातः 6/35 पर समाप्त होगा। इस संक्रान्ति का पुण्यकाल अगले अर्थात् 15 मई, शनिवार की प्रातः सूर्योदय से लेकर प्रातः 10 बजकर 11 मिनट तक रहेगा। इस मास में **14 मई से 27 मई** के मध्य 13 दिन का पक्ष **(त्र्योदश दिनात्मक पक्ष)** होने से भी विवाह, मुंडन, नए घर में प्रवेश, जनेऊ संस्कार आदि शुभ कार्यों का निषेध माना गया है। इस पक्ष के प्रभाव से सामान्य लोगों में रोग, बेईमानी, दंगाफसाद और हिंसक घटनाएँ होने के योग हैं। संक्रान्ति 45 मुहूर्त्ति होने से सोना, चांदी, तांबा, गुड़, खांड, शक्कर, कपास, तिल, तेल, सरसों आदि के भाव तेज़ होंगे। आवश्यक उपयोगी वस्तुओं की कमी रहेगी। इस मास में **अक्षया तृतीया** (16 मई), **गंगाजयंती** आदि शुभ पर्वों पर जप, पूजन, होमादि करने का पुण्य होता है। इस दिन ब्राह्मण को अनाज, दूध-दही, वर्फी, फल जलापूरित घड़ा, छाता एवं नववर्ष संवत के पंचांग का दान करना पुण्यप्रद होता है। यह संक्रान्ति मेष, वृष, सिंह, तुला, वृश्चिक व मीन राशि वालों के लिए शुभ होगी।

आषाढ़ संक्रान्ति—15 जून, 2010 ई., मंगलवार को प्रातः 10 बजकर 21 मिनट पर मिथुन राशि में प्रवेश करेगी। 30 मुहूर्ति संक्रान्ति का पुण्यकाल सूर्योदय से मध्याह्न तक रहेगा। महोदरी नामक यह संक्रान्ति चोरों एवं भ्रष्ट लोगों के लिए लाभकारी और प्रवेश समय पुष्य नक्षत्र होने से वैश्यों के लिए शुभ रहेगी। इस संक्रान्ति के पुण्यकाल में स्नानोपरान्त भगवान श्री लक्ष्मी-नारायण की पूजार्चना के पश्चात् ब्राह्मण दम्पत्ति को क्षीर सहित भोजन करवाना। इसके अतिरिक्त **गंगादशमी, निर्जला एकादशी** आदि शुभ पर्वों पर श्रद्धापूर्वक व्रत रखकर जलापूरित घड़ा, अनाज, सत्तु, आँवला, आम, वस्त्र, पंखा, खरबूजे आदि मौसमी फल, दूध-चीनी एवं ग्रीष्मोपयोगी वस्तुओं के दान करने का विशेष माहात्म्य है। आषाढ़ संक्रान्ति मंगलवार को होने से तिल, तेल, घी, वनस्पति, रसादि वस्तुएँ तथा सर्वप्रकार के माल पंसारी तेज़ भाव होंगे। मेष, वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, मकर, कुम्भ व मीन राशि वालों को आषा.-संक्रान्ति लाभकारी रहेगी।

श्रावण संक्रान्ति—16 जुलाई, 2010 ई०, शुक्रवार, श्रावण शुक्ल पंचमी तिथि, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में रात्रि 9 बजकर 11 मिनट (21/11) पर कर्क राशि में प्रवेश करेगी। 45 मुहूर्त्ति इस संक्रान्ति का पुण्यकाल दोपहर से होगा। यह संक्रान्ति ध्रुव संक्षक नक्षत्र में होने से द्विजों (ब्राह्मणों) के लिए लाभकारी एवं सुख देने वाली होगी। श्रावण मास में भगवान शंकर की पूजा का विशेष महत्त्व है। प्रतिदिन श्रावण माहात्म्य, श्री शिवमहापुराण एवं श्री शिवस्तोत्रों का विधिपूर्वक पाठ करके दूध, गंगा-जल, बिल्वपत्र, फलादि सहित शिवलिंङ्ग का पूजन **''ॐ नमः शिवाय''** मन्त्र का जप करते हुए करना चाहिए। इस मास के प्रत्येक मंगलवार को श्री **मङ्गलागौरी** का व्रत, पूजनादि विधिपूर्वक करने से स्त्रियों को विवाह, सन्तान, सौभाग्यादि सुखों की प्राप्ति होती है। ता. 21 जुलाई (देवशयनी एका.) से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक तपस्वी लोग चार्तुमास व्रत आदि नियमों का पालन करते हुए चातुर्मास पूर्ण करते हैं। (25 जुला.) को गुरू पूर्णिमा का शुभ पर्व मनाया जाएगा। मेष, वृष, सिंह, कन्या, वृश्चिक और मीन राशि वालों के लिए यह संक्रान्ति शुभ और लाभदायक रहेगी।

भाद्रपद संक्रान्ति—16 अग. 2010 ई., सोमवार को रात्रि 29/34 घं. मिनट (16/17 की रात्रि प्रातः 5 बजकर 34 मिनट) पर सिंह राशि में प्रवेश होगी। 45 मुहूर्त्ति संक्रान्ति का पुण्य काल अगले दिन 17 अग. को मध्याह्न तक रहेगा। ध्वांक्षी नामक यह संक्रान्ति वैश्यों को लाभ एवं सुख देने वाली होगी। इस मास में पुत्रदा (पवित्रा) एकादशी एवं भाद्रपद कृष्ण

अष्टमी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत विशेष रूप से संतानादि सुखों के लिए करना शुभ है। यह संक्रान्ति मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मकर और मीन राशि वालों के शुभ फलदायक होगी।

आश्विन संक्रान्ति—16 सितम्बर 2010 ई., गुरूवार को 29/29 घं. मिं. (अर्थात् 17 सितं. की प्रात: 5 बजकर 29 मिनट) पर कन्या राशि में प्रवेश करेगी। 30 मुहूर्त्ति संक्रान्ति का पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक रहेगा। इस मास में ता. 23 सितं. से महालय श्राद्धारम्भ होंगे। श्राद्ध पक्ष में (5 अक्तू. एवं 7 अक्तू.) गजच्छाया योग दो बार बना है। इस योग में स्नान, दान, जप एवं ब्राह्मणों को भोजन, तर्पण व श्राद्ध करने का विशेष महत्त्व माना गया है। ता. 8 अक्तू. से **शरद् नवरात्रों** में श्री दुर्गापूजन का विशेष महत्त्व होता है। मेष, मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, धनु व मीन राशि वालों को संक्रान्ति शुभ व लाभ देने वाली होगी।

कार्तिक संक्रान्ति—17 अक्तूबर, 2010 ई. रविवार को धनिष्ठा नक्षत्र कालीन सायं 5 बजकर, 27 मिनट (17/27) पर तुला राशि में प्रवेश होगी। 30 मुहूर्त्ति संक्रान्ति का पुण्यकाल प्रात: 11 बजकर 03 मिनट से आरम्भ होगा। इसी दिन (17 अक्तूबर) विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मास में प्रतिदिन कार्तिक माहात्म्य का पाठ तथा नित्य श्री भगवान विष्णु का पूजन, तुलसी पूजा, तुलसी व पीपल के मूल पर दीपक जलाने का विशेष माहात्म्य है। रविवार की संक्रान्ति होने से देश में राजनेताओं में परस्पर टकराव, साम्प्रदायिक दंगे-फिसाद, सीमाओं पर शत्रुओं की घुसपैठ, देश में युद्ध जैसे हालात बनें। इसी मास में **करवाचौथ,** अहोई अष्टमी एवं **दीपावली** का शुभ पर्व मनाया जाएगा। इस मास में गंगादि तीर्थों पर दीपदान का विशेष महत्त्व होता है।

मार्गशीर्ष संक्रान्ति—16 नवम्बर 2010 ई., मंगलवार पूर्वा-भाद्रपद नक्षत्र कालीन सायं 5 बजकर 18 मिनट (17/18 घं. मिं.) पर वृश्चिक राशि में प्रवेश करेगी। 30 मुहूर्त्ति संक्रान्ति का पुण्यकाल प्रात: 10 बजकर 54 मिनट से प्रारम्भ होगा। महोदरी एवं घोरा नामक यह संक्रान्ति चौर व तस्कर प्रवृत्ति के लोगों, शूद्र एवं नीच जनों को लाभ तथा सुख देने वाली होगी। ता. 17 से 21 नवं. के मध्य **देवप्रबोधिनी** एकादशी, तुलसी **विवाह, वैकुण्ठ चतुर्दशी एवं कार्तिक पूर्णिमा को** विशेष रूप से भगवान श्री विष्णु जी का पूजन एवं दीपदान करने का विशेष विधान एवं महत्त्व होता है। मार्गशीर्ष संक्रान्ति मंगलवार को होने से देश के राजनीतिक व सामाजिक हालात अस्थिर होंगे। सभी प्रकार के अनाज, दालें, सब्जियां व करियाना वस्तुएँ, चीनी, खल-बिनौले आदि तेज भाव होंगे। मेष, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, मकर व कुम्भ राशि वालों को इस संक्रान्ति का फल शुभ एवं लाभप्रदायक रहेगा।

पौष संक्रान्ति—16 दिसम्बर 2010 ई., गुरुवार, दशमी तिथि एवं रेवती नक्षत्र कालीन प्रात: 7 बजकर 59 मिनट पर धनु राशि में प्रवेश करेगी। 30 मुहूर्त्ति संक्रान्ति का पुण्यकाल सूर्योदय से दोपहर 2 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। इस मास में (17 दिसं.) [illegible] **एकादशी** का व्रत करना और नित्यप्रति श्रीमद्भागवत पुराण एवं श्री मद्भगवद्गीता का पाठ करना विशेष पुण्यप्रद एवं मोक्षदायक होता है। पौष मास में गेहूँ, धान्य, चावल, चने आदि अनाज, कम्बलादि गर्मवस्त्र, ईंधन सामग्री, मौसमी फल, मिष्ठान्न दक्षिणा सहित दान करने का विशेष माहात्म्य होता है। (4 जन. 2011 ई.) **भौमवासरी अमावस** को **सूर्यग्रहण** भी होने के कारण हरिद्वार, कुरूक्षेत्र आदि तीर्थों पर स्नान दानादि का विशेष माहात्म्य होगा। मकर, कुम्भ, मीन, मेष, सिंह, तुला राशि वालों के लिए संक्रान्ति का फल शुभ एवं लाभदायक रहेगा।

माघ संक्रान्ति—14 जनवरी 2011 ई., शुक्रवार, दशमी तिथि एवं भरणी नक्षत्र कालीन सायं (6 बजकर 44 मिनट (18/44) पर मकर राशि में प्रवेश करेगी। 15 मुहूर्त्ति संक्रान्ति का पुण्यकाल मध्याह्न से होगा। मकर संक्रान्ति को स्नानादि उपरान्त तिलों से हवन, तिलयुक्त वस्तुओं का दान तथा भगवान श्री विष्णु व सूर्यदेव की उपासना विधान है। इस मास के शुभ पर्वों में हरिद्वार, काशी आदि तीर्थों पर स्नानदानादि का विशेष माहात्म्य होता है। (16 जन.) **पुत्रदा एकादशी** का व्रत विधिपूर्वक रखने से दम्पत्ति को मनोवांछित पुत्र संतान की प्राप्ति होती है। **माघ मौनी अमावस** (2 फर.) को हरिद्वार, प्रयाग आदि तीर्थों पर स्नान, तर्पण, दान, जपादि का विशेष माहात्म्य रहेगा। मकर, मीन, वृष, कन्या, तुला व वृश्चिक राशि वालों के लिए संक्रान्ति का फल शुभ एवं कल्याणकारक रहेगी।

फाल्गुन संक्रान्ति—13 फरवरी, 2011 ई. रविवार, दशमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र कालीन प्रात: 7 बजकर, 43 मिनट पर कुम्भ राशि में प्रवेश करेगी। घोरा नामक संक्रान्ति शूद्रों व नीचों को लाभ व सुख देने वाली होगी। रोहिणी नक्षत्रानुसार नन्दा नामक संक्रा. द्विजों को लाभप्रद एवं सुखदायक होगी। 45 मुहूर्त्ति संक्रान्ति का स्नान-दानादि का पुण्यकाल सूर्योदय से मध्याह्न तक रहेगा। **माघी पूर्णिमा** (18 फर.) को तीर्थ जल से स्नान करके देवताओं, पितरों आदि का तर्पण करने के बाद गुड़, तिल, अनाज, घी, फल, वस्त्रों आदि का दान करने का विशेष फल प्राप्त होता है। श्री **महाशिवरात्रि** (2 मार्च) का व्रत विधिपूर्वक रखकर शिवपूजन, शिवकथा, शिवस्तोत्रों एवं "ॐ नम: शिवाय" का पाठ करते हुए रात्रि जागरण करने से अश्वमेध तुल्य फलों की प्राप्ति होती है।

चैत्र संक्रान्ति—14 मार्च 2011 ई., सोमवार, दशमी तिथि पुनर्वसु नक्षत्र कालीन 28/33 घं.मिं. अर्थात् (15 मार्च प्रात: 4 बजकर 33 मिनट पर) पर मीन राशि में प्रवेश करेगी। 45 मुहूर्त्ति चैत्र संक्रा. का पुण्यकाल आगामी दिन प्रात: 10 बजकर 57 मिनट तक रहेगा। फाल्गुन पूर्णिमा **को होली का त्यौहार** समस्त भारत में बड़े उत्साह एवं श्रद्धा से मनाई जाती है। 14 मार्च से सूर्य-शनि के मध्य समसप्तक योग होने से राजनैतिक वातावरण अशान्त एवं असमंजसपूर्ण रहेगा। लोगों में क्लिष्ट रोग का भय, पीड़ा एवं कहीं दुर्भिक्ष, छत्रभंग होने का भय रहे। मीन, वृष, [illegible] वालों के लिए संक्रा. शुभ एवं लाभदायक रहेगी।

तीन एवं चार ग्रहों के योगों का फल

सूर्य-चन्द्रादि ग्रह योगों के सम्बन्ध में विशेष

कुंड़ली में सूर्य आदि पाप ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो जातक को पिता के कष्ट या सुख में कमी एवं सरकारी क्षेत्रों से परेशानी होती है। यदि चन्द्र पाप ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो माता को कष्ट या सुख में कमी व मानसिक तनाव व खर्च अधिक होते हैं। इसी भांति यदि सूर्य शुभ ग्रहों से युक्त हो, तो जातक को पिता से लाभ व सुख में वृद्धि, सरकारी क्षेत्रों से लाभ तथा यदि चन्द्र शुभ ग्रहों से युक्त एवं दृष्ट हो, तो माता एवं मातुल पक्ष से सुख-लाभ, स्त्री एवं धन सम्पदा के सुख होते हैं। यह नियम केवल सूर्य और चन्द्र पर ही लागू नहीं होता बल्कि अन्य ग्रहों पर भी लागू होता है। जैसे मंगल शुभ एवं मित्र ग्रहों से युक्त हो, तो जातक को भूमि, मकान, भाई, पुत्रादि सुखों की प्राप्ति हो तथा यदि शनि आदि शत्रु ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, तो इन सुखों में कमी रहेगी। यदि बुध शुभ एवं मित्र ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो जातक को बुद्धि, विद्या, मामा अदि सुख तथा शिल्प कला, गणित, ज्योतिष आदि में कुशलता प्रदान करता है। यदि पाप ग्रहों से युक्त हो, तो इन सुखों में कमी करता है।

गुरु : यदि नीच या पाप ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, तो जातक को उच्च विद्या, बड़े भाई, पति एवं पुत्र संतति के सुख की हानि करता है। यदि शुभ ग्रह युक्त हो, तो उच्च विद्या, पति संतान आदि सुखों में वृद्धि करता है।

शुक्र : यदि शुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो जातक को धन-सम्पति, स्त्री-सुख, मित्र, संगीत-सौन्दर्य आदि सुखों की वृद्धि करता है तथा पाप-ग्रहों के योग से हानि करता है।

शनि : यदि शुभ एवं मित्र ग्रहों के योग में हो, तो जातक दीर्घायु, धैर्य, व्यापार का तैल, लोहा या तकनीकी कार्यों से अच्छा लाभ करवाता है। यदि शुभ ग्रहों के सम्बन्ध में हो, तो अपनी कारक वस्तुओं के सुख की हानि करवाता है।

सभी ग्रहों से सम्बन्धित वस्तुओं के सम्बन्ध में संक्षिप्त वर्णन आगामी पृष्ठों के पंचग्रही योग सम्बन्धी वर्णन में देखें अथवा ग्रहों के स्थिर कारक एवं भाव आदि सम्बन्धित विस्तृत ज्योतिष तत्त्व फलित प्रथम खंड में पढ़ें।

सूर्य-चन्द्र-मंगल—तीनों ग्रह एक ही भाव में हों, तो जातक तीक्ष्ण बुद्धि, पराक्रमी, तामसिक प्रवृत्ति, शीघ्र उत्तेजित हो जाने वाला, निज परिश्रम द्वारा धनार्जन करने वाला, दस्तकारी व हस्त शिल्प कला विशेषज्ञ, लौह, स्वर्ण, चांदी, पत्थर आदि से कला कृतियां बनाने में कुशल तथा तकनीकी कार्यों में कुशल होगा। ऐसा जातक शत्रुओं पर विजयी, स्वाभिमानी एवं कुछ कठोर प्रकृति का होगा। माता को कष्ट अथवा सुख में कमी रहे।

सूर्य-चन्द्र-बुध—ग्रह एक ही भाव में होने से जातक विद्वान्, उच्च विद्या प्राप्त, गुणवान, सम्मानित एवं प्रतिष्ठित, साधु-सन्तों एवं प्रभावशाली व उच्च प्रतिष्ठित लोगों की संगति करने वाला, प्रियभाषी एवं शिष्टवाणी का प्रयोग करने वाला, गुणवान, धन-धान्य, भूमि, वाहन आदि सुखों से युक्त, धर्म, ज्योतिष, काव्य कलाओं में रूचि रखने वाला होता है। ऐसा जातक जो भी काम करे उसे पूरे दिल व दिमाग से करता है। देखें उदा. कुं. नं. 90.

सूर्य-चन्द्र-गुरु—तीनों ग्रह एक भाव में हों, तो जातक विद्वान्, उच्च शिक्षा, परोपकारी, धार्मिक प्रवृत्ति वाला, बुद्धिमान, बन्धुओं-बांधवों से आदर पाने वाला, देवताओं और ब्राह्मणों की सेवा में तत्पर, विद्वानों की संगति करने वाला, प्रत्येक कार्य को युक्तिपूर्वक एवं होशियारी से कराने में कुशल, व्यवहार कुशल एवं सर्विस आदि में विशेष लाभ उठाने वाला होगा। ऐसा जातक अपनी जन्मभूमि से अन्यत्र देश-विदेश आदि में अधिक सफल होता है।

सूर्य-चन्द्र-शुक्र—तीन ग्रहों का योग हो, तो जातक सुन्दर व्यक्तित्व वाला, व्यवहार कुशल, लोकप्रिय, कार्यों एवं व्यवसाय में अस्थिरता हो तथा गुप्त युक्तियों से धनार्जन करने में कुशल हो, कामुक एवं विलासी प्रकृति, मदिरा, परस्त्री आदि व्यसनों के प्रति आसक्ति, दन्त रोग, उदर विकार, मधुमेह आदि गुप्त रोगों का भय हो। अल्प सन्तति अथवा सन्तान के बारे में चिन्तित हो। धन का अपव्यय (वृथा खर्च) अधिक हों।

सूर्य-चन्द्र व शनि—तीनों ग्रह एक ही राशि में हों, तो जातक कुटिल बुद्धि वाला, अपना कार्य सिद्ध करवाने के लिए झूठ-सच का आश्रय लेने वाला, रहस्यमय प्रकृति, दूसरों के मनोभावों को समझ लेने में कुशल, हाथी, घोड़े, गाय, भैंस आदि पशुओं की सेवा करने वाला एवं धातु (लोहा, पीतल, चान्दी, सोना आदि) के कार्य करने में कुशल, परस्त्री, तम्बाकू, शराब आदि मादक वस्तुओं के सेवन में प्रवृत्ति, व्यसनी। जातक व्यर्थ परिश्रम करने वाला तथा आर्थिक क्षेत्र में परेशान तथा माता-पिता एवं पारिवारिक जीवन में सुख की कमी होती है।

सूर्य-मंगल-बुध—यह तीनों ग्रह एक ही भाव में हों, तो जातक पराक्रमी, साहसी, लोक प्रसिद्ध, नीतिवान, उच्च प्रतिष्ठित किन्तु कभी निष्ठुर चित्तवृत्ति वाला, निर्लज्ज, जिद्दी, स्पष्टवादी (Bold), धन सम्पदा, वाहन, स्त्री एवं सन्तान आदि सुखों से युक्त, परामर्श (सलाह) देने में कुशल होता है। जातक को ज्योतिष, धर्म, मन्त्र आदि शास्त्रों में भी विशेष रूचि होती है। यदि इस योग पर पाप दृष्टि हो, तो जातक वृथा तर्क-वितर्क या (वृथालाप) एवं निर्लज्जतापूर्वक तुच्छ कार्य भी कर सकता है। यदि गुरु आदि शुभ ग्रह की दृष्टि हो, तो जातक उच्च प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है। देखें कुं. नं. 51 ज्यों. तत्त्व (खण्ड 1) देखें उदा. कुं. नं. 60, 74, 91. (ज्योतिष तत्त्व-फलित खण्ड-भाग द्वितीय)

सूर्य-मंगल-गुरु—तीनों ग्रह एक ही राशि/भाव में हों, तो जातक अत्यन्त बुद्धिमान, उच्च शिक्षित, प्रभावशाली व्यक्तित्व, भाग्यवान, तेजस्वी, कुलीन, प्रियभाषी, सत्यनिष्ठ, ईमानदार एवं कुछ तेज प्रकृति का होता है। कार्य-व्यवसाय को सुनियोजित ढंग से करने वाला, पैतृक सम्पदा से लाभान्वित तथा भूमि, जायदाद एवं वाहन, पुत्र, सन्तान आदि सुखों

से युक्त होता है। ऐसा जातक सेना में उच्च अफसर, मन्त्री आदि भी हो सकता है। यदि पाप दृष्ट हो, तो नेत्रों में कष्ट, सिर पीड़ा, सन्तान सम्बन्धी चिन्ता व पितृ कष्ट आदि अशुभ फल होते हैं।

सूर्य-मंगल-शुक्र—तीनों ग्रह एक राशि में हों, तो जातक सुन्दर एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाला, विनम्र, प्रियभाषी, स्वकुल में श्रेष्ठ, धन सम्पदा, वाहन, सुन्दर स्त्री एवं सन्तान आदि सुखों से सम्पन्न होता है। ऐसा जातक कामुक वृत्ति एवं विषयासक्त भी हो सकता है। ऐसे जातक को संगीत, अभिनय, सौन्दर्य के प्रति भी विशेष रूचि होती है। कई बार आवेश पूर्वक गलत निर्णय लेने पर हानि उठानी पड़े। सामान्यतः निज पराक्रम से उन्नति करता है।

सूर्य-मंगल-शनि—तीनों ग्रह एक ही राशि में हों, जो जातक अपने आत्मीय लोगों से विरोध तथा उनसे सहयोग न प्राप्त करने वाला अर्थात् उनके सुख से रहित, एकान्तप्रिय, हस्तशिल्प एवं तकनीकी कार्यों में कुशल, अत्यधिक संघर्ष एवं परिश्रम से निर्वाहयोग्य धनार्जन करने वाला, निकट बन्धु भी परायों जैसे व्यवहार रखें, बिना वजह झगड़े रहें। दुर्घटना से चोट आदि का भय हो। सुख साधनों में कमी एवं अशान्त चित्त हो।

सूर्य-बुध-गुरु—तीनों ग्रहों का सम्बन्ध होने से जातक उच्च शिक्षित, विद्वान्, बुद्धिमान, धर्म, ज्योतिष एवं साहित्य आदि शास्त्रों को मानने वाला अथवा उनमें विशेष रूचि रखने वाला, साहित्य, एकाऊंट्स, वकालत, कला, पठन-पाठन एवं लेखन कार्यों व भाषण कला में कुशल, धार्मिक प्रवृत्ति, गुणी, धन-सम्पदा एवं सन्तान एवं सुख-साधनों से सम्पन्न परन्तु नेत्रों में कष्टकारी होता है। देखें उदा. कुं. नं. 77, कुं. नं. 63, 85 (धर्मेन्द्र)

सूर्य-बुध-शुक्र—ये तीनों ग्रह एक राशि में हों, जो जातक बातचीत करने में कुशल, उच्च विद्या प्राप्त, स्वावलम्बी, परिश्रमी एवं अपने पुरुषार्थ एवं परिश्रम द्वारा उच्च पद एवं प्रतिष्ठा प्राप्त करने वाला, साहित्यिक अभिरुचियों से युक्त, धर्म, ज्योतिष एवं साहित्य में रुचि रखने वाला तथा अपनी उच्च विद्या एवं कलात्मक गुणों के कारण धन लाभ करने वाला, भूमि, जायदाद, वाहन आदि सुखों से युक्त, विलास प्रिय, स्त्री चालाक व चुस्त होगी एवं कभी स्त्री के कारण संतप्त व परेशान होगा। यदि इस योग पर गुरु एवं चन्द्र की शुभ दृष्टि हो, तो जातक उच्च प्रतिष्ठित प्राध्यापन के क्षेत्र में सफल होता है। देखें उदा. कुं. नं. 88, जातक मनोरंजन एवं विलासादि कार्यों पर भी अधिक खर्च करता है। देखें कुं. नं. 78.

सूर्य-बुध-शनि—तीनों ग्रह एक भाव में हों, तो जातक को आत्मीय बन्धुओं के सुख में कमी होती है। अत्यधिक संघर्ष एवं कठिनाइयों के बाद आय के साधन बन पाते हैं। दुर्बल शरीर, निकट बन्धुओं के साथ मन-मुटाव एवं तनाव रहे। नीच लोगों के साथ संगति अधिक रहे। आय कम व खर्च अधिक रहें। व्यसनों आदि पर खर्च अधिक हो। विदेश जाने की भी सम्भावना हो। गुप्त चिन्ताएं तथा अशान्ति अधिक रहे। छोटी अवस्था में स्वस्थ एवं सुन्दर हो। 36 वर्ष की आयु के बाद स्वास्थ्य में विकार हों। ज्योतिष धर्म, योग आदि गूढ़ विषयों में रुचि रहे। देखें कुं. नं. 65, 80. (ज्योतिष [illegible])

सूर्य-गुरु-शुक्र—का योग हो तो जातक कुशाग्र बुद्धि, उच्च विद्या प्राप्त, विद्वान्, उच्च प्रतिष्ठित, धार्मिक विचारों से युक्त, उदार हृदय, परोपकारी, योजनाबद्ध विधि से कार्य करने वाला, पराक्रमी तथा जातक निज-परिश्रम एवं पुरुषार्थ से धन लाभ व उन्नति करने वाला, पिता एवं सरकारी क्षेत्रों द्वारा विशेषतः लाभान्वित होता है। यदि यह योग षष्ठ, आठवें या 12वें (अशुभ) भावों में हो या शनि या राहु आदि ग्रह से दृष्ट हो तो स्त्री को कष्ट अथवा जातक स्त्री के कारण परेशान एवं नेत्रों में कष्ट हो।

सूर्य-गुरु-शनि—तीनों ग्रहों का योग होने से जातक निडर, आकर्षक व्यक्तित्व, गम्भीर, धर्म परायण, उच्चशिक्षित, परोपकारी, ब्राह्मणादि विद्वानों की सेवा में तत्पर, धातु, शिल्प एवं तकनीकी कार्यों में कुशल, मित्रों, स्त्री, सन्तान (पुत्र सहित), मकान, सवारी, आदि सुखों से युक्त होगा, देखें उदा. कुं. नं. 62 परन्तु जातक को प्रत्येक क्षेत्र में विघ्नों का सामना रहता है। यह ग्रह योग मेष, मिथुन, सिंह, वृश्चिक, धन, कुम्भ व मीन लग्नों में शुभभावस्थ हो, तो अधिक अच्छा फल प्रदान करता है। देखें उदा. कुं. नं. 62

सूर्य-शुक्र-शनि—तीनों ग्रहों का योग होने से जातक चंचल किन्तु बुद्धिमान, शिल्प, कला, हुनर व तकनीकी कार्यों में कुशल, चित्रकारी एवं ड्राईंग इत्यादि में रुचि, ऐसा जातक कामुक वृत्ति तथा वह सौन्दर्य प्रसाधन, स्त्री, वाहन, मकान, मनोरंजन एवं विलास आदि कार्यों पर अधिक व्यय करता है। त्रि-ग्रही योग वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, धनु, मकर व कुम्भ लग्नों में विशेष फलदायक होता है। अशुभ भावों एवं अन्य लग्नों में यह योग जातक को अत्यधिक विलासप्रिय, दुराचारी, बन्धुओं के सुख में कमी, दाद-खुजली, कुष्ठ, मधुमेह आदि रोगों से कष्ट देता है।

चन्द्र-मंगल-बुध—त्रि-ग्रही का योग हो, तो जातक साहसी, कुशाग्र बुद्धि, कुछ तीक्ष्ण स्वभाव, वाक्चातुर्य में कुशल, लोक व्यवहार में भी कुशल, संगीत, कला एवं साहित्य में रुचि रखने वाला, ज्योतिष, वकालत, राजनीति, मन्त्रादि तथा हस्त-शिल्प हुनर, कैमीकल व तकनीकी कार्यों में सफल, स्वतन्त्र आचरण करने में उत्सुक, गुणी तथा अपने विशेष गुणों एवं विशिष्ट युक्तियों व साधनों द्वारा धनार्जन करने वाला होगा। यह योग मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, मकर, कुम्भ व मीन लग्नों में अच्छा फल देता है।

चंद्र-मंगल-गुरु—इन त्रिग्रहों का योग हो, तो जातक बुद्धिमान, उच्चशिक्षित, सुन्दर मुखाकृति, साहसी, उत्साहशील, धर्म-परायण, परोपकारी, प्रसन्नवदन, मिलनसार, स्त्रियों में प्रिय, परस्त्री आसक्त, शिल्प कला, हुनर एवं तकनीकी कार्यों में कुशल, गुणवान तथा अपने गुणों द्वारा व्यवसाय में अच्छा लाभ व उन्नति प्राप्त करने वाला होता है। ऐसा जातक न्यायाधीश, प्राध्यापन, चिकित्सा, वकालत, सेना एवं उच्च सरकारी क्षेत्रों में सफल होता है। धर्म, ज्योतिष आदि गूढ़ विषयों में भी रुचि होती है।

चन्द्र-मंगल-शुक्र—जातक बुद्धिमान, व्यवहार-कुशल, बुद्धि, व्यवहार कुशल, हंसमुख एवं भ्रमणशील प्रकृति का होता है। ऐसा जातक कामुक प्रवृत्ति, विलासप्रिय, परस्त्रियों के [illegible] के वशीभूत होकर अनीतिपूर्ण आचरण भी कर सकता

है। क्रय-विक्रय एवं व्यापार करने में कुशल तथा जातक संगीत, कला, अभिनय, गायन, नृत्य, फैशन, डिज़ाईनिंग, सौन्दर्य प्रसाधनों, कम्प्यूटर, टेलीविज़न, फिल्मी क्षेत्रों एवं सौन्दर्य एवं स्त्रियों से सम्बन्धित कार्य/व्यवसाय में अधिक सफल होते हैं। तृतीय भाव में हो, तो भाई कम तथा बहिनों का सुख होता है। देखें कुं. नं. 112

चन्द्र मंगल-शनि—का योग हो तो जातक उदासीन एवं चिड़चिड़े स्वभाव का, परन्तु वाद-विवाद एवं तर्क-वितर्क करने में कुशल, वृथा विवादों में संलिप्त, अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए उचित/अनुचित का भी ध्यान न करे। ऐसा जातक हस्त कला निपुण तथा तकनीकी कार्यों में कुशल, व्यवसाय के क्षेत्र में अत्यन्त संघर्षपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों का सामना रहे। पत्थर एवं धातुओं सम्बन्धी कार्यों में विशेष लाभ होने की सम्भावना हो, माता के सुख में कमी के योग।

चन्द्र-बुध एवं गुरु—एक साथ हों तो जातक व्यवहार-कुशल, वाक्पटु, प्रसन्नचित्, धनी, कार्य कुशल, अपने निजपुरुषार्थ से धनवान्, मधुरभाषी, भाग्यवान्, विद्वान्-बुद्धिमान, भूमि-वाहन आदि सुख साधनों से युक्त होता है। देखें कुं. नं. 87.

चन्द्र-बुध-शुक्र—एक राशि में हों तो जातक अनेक विद्याओं में निपुण, लोक व्यवहार में कुशल, अपने स्वार्थ के प्रति सतर्क रहने वाला तथा व्यवहार में नीति/अनीति का भी विचार न करने वाला, धन लोलुप होता है। कार्य व्यवसाय में भारी स्पर्धा भी उठानी पड़ती है। अभिनय, संगीत, कला एवं साहित्य में विशेष रुचि रखने वाला होता है।

चन्द्र-बुध-शनि—सुन्दर एवं आकर्षक व्यक्तित्व, उच्च विद्या प्राप्त, विद्वान्, दूरंदेशी, विनीत, उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क रखने वाला, धन, भूमि, वाहन आदि सुखों से युक्त होता है। ज्योतिष, मंत्र आदि विद्याओं में भी रुचि रखे।

चन्द्र-गुरु-शुक्र—एक राशि में हों तो जातक भाग्यवान, तीव्र बुद्धिमान, धनी, उच्च प्रतिष्ठित, अपने कर्त्तव्य के प्रति निष्ठावान, धर्म परायण अर्थात् धर्म कार्यों में विशेष रुचि रखने वाला, धर्म, ज्योतिष, योग आदि विद्याओं में रुचि रखने वाला होता है।

चन्द्र-गुरु-शनि—एक राशि में हो, तो जातक विद्यावान, नेतृत्व करने में कुशल (नेता), व्यवहार कुशल, उच्चाधिकारी, उच्च प्रतिष्ठित मित्रों से युक्त, ज्योतिष आदि विभिन्न शास्त्रों में रुचि रखने वाला, कार्य व्यवसाय में कुशल, अध्यापन, ज्योतिष, राजनीति, वकालत और व्यवसाय में विशेष सफल रहने वाला, धन, जायदाद, वाहन आदि सुखों से सम्पन्न होता है।

चन्द्र-शुक्र-शनि—तीनों एक ही राशि में इकट्ठे हों, तो जातक धर्मपरायण, सुन्दर एवं आकर्षक व्यक्तित्व, उच्च प्रतिष्ठित मित्रों से युक्त, अभिनय, संगीत, कला, राजनीति, ज्योतिषी, कलाकार, प्राध्यापन, सम्पादन, वकालत, बैंकिंग, ड्रैस डिज़ाईनिंग, लेखन-अध्यापन, शिल्प, कार्य, मूर्ति कला, चित्रकला, पेय पदार्थ, नक्शा निर्माण, शृंगार, सौन्दर्य, पार्लर आदि कार्यों में सफल होता है। देखें कुं. नं. 93. (ज्योतिष तत्त्व-फलित खण्ड)

मंगल-बुध-गुरु—तीनों ग्रहों का सम्बन्ध हो, तो जातक धार्मिक विचारों वाला, बुद्धिमान, धर्म, योग, दर्शन, ज्योतिष, तंत्र-मंत्र आदि विद्याओं में रुचि रखने वाला, महत्त्वाकांक्षी, परोपकारी स्वभाव, भूमि-जायदाद-वाहन, स्त्री आदि सुख सुविधाओं से युक्त, संगीत-गायन आदि कलाओं में रुचि, उच्च स्तरीय व्यवसाय करने में प्रयत्नशील रहता है। जातक बौद्धिक कार्यों में अधिक सफल रहता है।

मंगल-बुध-शुक्र—तीनों ग्रह एक राशि में हों, तो जातक दुर्बल एवं कृश शरीर युक्त, चंचल वृत्ति, अध्ययनशील, सुन्दर वक्ता, गुणवान, निज परिश्रम द्वारा धन, सम्पदा, सवारी आदि सुखों का लाभ एवं उन्नति करने वाला, क्रय-विक्रय करने में कुशल, परोपकारी, अपनी उन्नति के लिए सदैव उत्साहशील और अधिक बोलने वाला होता है, यद्यपि प्रत्येक स्थिति में सन्तुष्ट रहने का प्रयास करता है।

मंगल-बुध-शनि—जातक अत्यंत परिश्रमी, मुंहफट एवं स्पष्टवादी, अपने स्वास्थ्य के प्रति चिन्तित, आंखों या गले एवं मुख में कष्ट, प्रतिनिधित्व का काम करने में कुशल, कुछ लापरवाह प्रकृति, अपने जन्म स्थल से अतिरिक्त स्थान (विदेश आदि) में सफल, व्यवसाय के सम्बन्ध में अत्यन्त कठिन परिश्रम करने वाला, स्वर्ण लोह, चांदी आदि हस्तशिल्प के कार्यों या रबड़, तैल, कैमिकल के कार्यों में विशेष सफल होता है।

मंगल-गुरु-शुक्र—जातक तीव्र बुद्धिमान, आकर्षक व्यक्तित्व वाला, ऐश्वर्यवान, विलासप्रिय, उच्च प्रतिष्ठित मित्रों से युक्त, भाई, स्त्री, पुत्र संतति आदि सुखों से युक्त, भूमि, जायदाद, वाहन आदि सुख-साधनों से सम्पन्न, प्रसन्नवदन, मिलनसार, लोकप्रिय एवं धार्मिक प्रवृत्ति वाला होता है।

मंगल-गुरु-शनि—विघ्न/बाधाओं के बावजूद उच्च विद्या प्राप्त, विद्वान्, स्वास्थ्य के प्रति चिन्तित, जातक अध्यात्म, योग, ज्योतिष आदि गूढ़ विषयों में रुचि रखने वाला, परन्तु जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में विघ्न/बाधाओं के पश्चात् सफलता मिलती है। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क रहे। यदि यह योग केन्द्र या त्रिकोण भावों में हो, तो भी जातक को परेशानियों एवं संघर्ष के बाद भूमि, जायदाद-वाहन एवं सन्तान आदि सुखों की प्राप्ति होती है। जीवन के अन्त में दुःखों के बाद जातक अध्यात्म की ओर प्रवृत्त होता है।

मंगल-शुक्र व शनि—जातक चतुर बुद्धि, व्यवहार कुशल, कामुक प्रवृत्ति परन्तु स्पष्टवादी, मिलनसार नए-नए मित्र बनाने में कुशल, परिस्थिति के अनुसार आचरण करने वाला, नीतिवान, अधिकांश समय एवं धन सिनेमा, संगीत, मनोरंजन एवं स्त्रीसंग में बिताने को इच्छुक, टेलीविज़न, कम्प्यूटर्ज़ आदि का शौक, अपने जन्म स्थान से अतिरिक्त स्थान (विदेश आदि) पर भाग्योन्नति एवं लाभ प्राप्त करने वाला होता है। दाम्पत्य (विवाह) सुख भी परेशानियों एवं उलझनों के बाद प्राप्त होता है। पूर्वार्द्ध भाग अशांत एवं उलझनों से युक्त रहता है। स्त्री के साथ विचार वैषम्य का सम्भावना, जीवन के उत्तरार्ध भाग में जातक का रुझान आध्यात्मिकता की ओर बढ़ जाता है।

बुध-गुरु-शुक्र—तीन ग्रहों का योग हो, तो जातक आकर्षक व्यक्तित्व वाला, गायन, संगीत, कला, कामर्स एवं गणित के प्रति विशेष झुकाव हो। जातक बुद्धिमान, अच्छा वक्ता, अध्ययनशील, व्यवहार कुशल, नीति के अनुसार आचरण करने वाला, लेखन एवं पठन-

पाठन का भी शौक, धर्म, योग, ज्योतिष, आदि गूढ़ विषयों की ओर भी रुचि, धार्मिक एवं उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ अधिक सम्पर्क हों।

बुध-गुरु-शनि—तीनों एक ही राशि में हों, तो जातक बुद्धिमान, उच्च शिक्षित, विद्वान, भाग्यशाली, धार्मिक संस्कारों से युक्त, धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष, योग आदि गूढ़ शास्त्रों में रुचि रखने वाला, विद्वान् एवं उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ संगति रखने वाला, धैर्यवान, अड़चनों के बावजूद धन, भूमि, आवास एवं वाहन आदि सुख-साधनों से युक्त होता है।

बुध-शुक्र-शनि—एक ही राशि में हों, तो जातक प्रियभाषी, चतुरबुद्धि, व्यवहार-कुशल, कामुक, उच्च प्रतिष्ठित, भ्रमणशील-आय के सम्बन्ध में देश-विदेश की यात्राएं करने वाला, नीति के अनुसार आचरण करने वाला, गुणी, तर्क-वितर्क करने में कुशल, अध्यापन, वकालत, सेल्ज़मैन, हस्त-शिल्प, तकनीकी कार्यों, प्रतिनिधि, चिकित्सा, ज्योतिष आदि व्यवसायों में सफल, गुप्त युक्तियों द्वारा धनार्जन करने में कुशल होता है। व्यवहार में कई बार उचित-अनुचित का भी ध्यान नहीं करता। धन-सम्पदा आदि सुविधाओं से सम्पन्न होता है। स्त्री, सुन्दर, सुशील व परिवार में सहयोग करने वाली होती है।

गुरु-शुक्र-शनि—एक ही राशि में हों. तो जातक उच्चशिक्षित, तीव्र बुद्धिमान, उच्च पद प्रतिष्ठित, परोपकारी, उदार हृदय, ज़मीन-जायदाद, धन-सम्पदा एवं वाहन आदि संसाधनों से युक्त, सुन्दर व सुशील स्त्री व सन्तान आदि सुखों से युक्त, स्वाभिमानी एवं श्रेष्ठ मित्रों से युक्त होता है। ऐसा जातक धर्म, अध्यात्म, योग, ज्योतिष, तंत्र आदि गूढ़ विद्याओं में भी विशेष आस्था रखता है।

चार ग्रहों के योग का फल

1. **सूर्य-चन्द्र-मंगल-बुध**—चार ग्रह एक ही राशि में हों, तो जातक विद्वान्, शिक्षित, चतुर बुद्धि, व्यवहार कुशल, उचित-अनुचित का ध्यान किए बिना कार्य/व्यवहार करने वाला, कामुक प्रवृत्ति, स्त्रियों के संग में प्रसन्न रहने वाला, अध्ययनशील, पठन-पाठन, चित्रकारिता, लेखन, शिल्प, दस्तकारी, ज्योतिष, गणित, कम्प्यूटर, डिज़ाईनिंग, कैमीकल्ज़, रबड़, पत्थर, अध्यापन, वकालत आदि के कार्यों में शीघ्र सफल होता है।

2. **सूर्य-चन्द्र-मंगल-गुरु**—जातक उच्च शिक्षित, विद्वान्, धर्म-परायण, सत्यप्रिय, स्पष्टवादी परन्तु कुछ तेज़ प्रकृति का होता है। जातक अपने कार्य में कुशल तथा प्रत्येक कार्य सुनियोजित एवं नीति के अनुसार करने वाला, धन, भूमि, जायदाद, वाहन एवं पैतृक सुख सम्पदा से सम्पन्न, तकनीकी कार्यों में कुशल, स्त्री एवं सन्तान सुख यथेष्ट होता है।

3. **सूर्य-चन्द्र-मंगल-शुक्र**—जातक उच्च विद्या प्राप्त, सुन्दर एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाला, स्वाभिमानी, विलासप्रिय एवं कामुक प्रवृत्ति, क्रय-विक्रय करने में कुशल, जातक संगीत, गायन, कला, फैशन आदि में विशेष रुचि रखने वाला, जातक कम्प्यूटर, टैलीविजन, सौन्दर्य प्रसाधन, वस्त्रों एवं स्त्रियों से सम्बन्धित कार्यों में विशेष सफल, हस्त कला, दस्तकारी, शिल्प आदि कार्यों में भी कुशल होता है। ऐसा व्यक्ति विलासप्रिय एवं स्त्रियों में विशेष आसक्ति रखता है।

4. **सूर्य-चन्द्र-मंगल-शनि**—जातक अनेक गुणों से युक्त, तीव्र बुद्धिमान, विचित्र एवं रहस्यमय प्रकृति, धनवान, स्वर्णकार अथवा लोह, चांदी, पीतल, सुवर्ण आदि धातुओं के काम, पत्थर, रबड़, कैमिकल्ज़, शिल्प कला, दस्तकारी, चर्म उद्योग, तैल, कृषि, अनाज सम्बन्धी आढ़त आदि के कामों में अधिक सफल हो, मंगल-शनि में से कोई ग्रह नीच या अस्तंगत हो, तो जातक को स्वास्थ्य सम्बन्धी विकार, पारिवारिक सुख में कमी और स्त्री एवं धन सम्बन्धी परेशानियां अधिक होती हैं।

5. **सूर्य-चन्द्र-बुध-गुरु**—एक ही राशि में हो तो जातक सूक्ष्म, बुद्धिमान, परिश्रमी, सुन्दर, श्वेत वर्ण एवं सुन्दर नेत्रों वाला, मधुरभाषी, चित्रकारी, डिज़ाईनिंग, कम्प्यूटर, प्राध्यापन, लेखन, पठन-पाठन, बैंकिंग आदि के कार्यों में सफल, धर्म परायण-धर्म, ज्योतिष, योग आदि विद्याओं में रुचि रखने वाला होता है।

6. **सूर्य-चन्द्र-बुध-शुक्र**—सभी एक ही राशि में हों तो जातक सुन्दर व्यक्तित्व एवं मध्यम कद वाला, भ्रमण प्रिय, उच्च प्रतिष्ठित लोगों के सात्र मैत्री रखने वाला, तर्क-वितर्क करने में कुशल एवं वाक् शक्ति अच्छी होती है। सुन्दर एवं सुशील स्त्री, व्यवहार कुशल, विलासप्रिय, सौन्दर्य प्रिय, सिनेमा, संगीत आदि कार्यों पर व्यय अधिक करने वाला, पत्थर, कोयला, तैल, रबड़ आदि के कार्यों में विशेष सफल। देखें उदाहरण कुंडली नं. 114

7. **सूर्य-चन्द्र-बुध-शनि**—जातक भ्रमणप्रिय, एक से अधिक साधनों द्वारा धन अर्जन करने पर भी अधिक धन लाभ नहीं हो पाता, व्यर्थ दौड़ धूप व खर्च अधिक होते हैं। जातक को ज्योतिष, तंत्र आदि विषयों में भी रुचि रहे। भाई-बन्धुओं का सुख कम रहे। अत्यधिक संघर्ष व कठिनाइयों के बाद आय के साधन बनते हैं।

8. **सूर्य-चन्द्र-गुरु-शुक्र**—एक राशि में हों, तो बुद्धिमान, विवेकशील, धर्मपरायण, परोपकारी स्वभाव, किसी सभा-सोसाइटी का प्रतिनिधित्व करने वाला, उच्च शिक्षित, धर्मनिष्ठ, महात्माओं के साथ संगति रखने वाला, प्रत्येक कार्य को युक्तिपूर्ण ढंग से करने वाला, देश-विदेश में भ्रमण करने के अवसर प्राप्त करने वाला, सुन्दर-सुशील स्त्री व संतान आदि सुखों से युक्त होता है। गुरु या शुक्र ग्रह अस्त हो, तो इन सुखों में कमी होती है।

9. **सूर्य-चन्द्र-गुरु-शनि**—एक ही भाव में हो तो जातक धार्मिक प्रवृत्ति वाला, परोपकारी, भाई-बन्धुओं के सुख से युक्त, परन्तु उच्च शिक्षा एवं व्यवसाय में अत्यधिक संघर्ष एवं कठिनाइयों के पश्चात् धनार्जन करने वाला होता है। सुन्दर एवं सुशील स्त्री व सन्तान तथा भूमि, वाहन आदि सुखों से सम्पन्न होता है। यदि गुरु या शनि अस्त हों, तो सुखों में कमी होती है।

10. **सूर्य-चन्द्र-शुक्र-शनि**—चारों ग्रह एक भाव में हों, तो जातक अस्वस्थ या दुर्बल शरीर परन्तु लोकप्रिय तथा अपने अधिकारी एवं भाई बन्धुओं के अनुकूल आचरण वाला, कामुक एवं विलासी प्रकृति, व्यवसाय में भी गुप्त युक्तियों से धनार्जन करने वाला, सुन्दर व सुशील स्त्री, सन्तान आदि सुखों से युक्त, कन्या सन्तति अधिक होती है। जातक आवास, वाहन आदि सुख साधनों से युक्त, परन्तु व्यर्थ चिन्तनशील रहता है। धन का खर्च अधिक होता है।

11. **सूर्य-मंगल-बुध-गुरु**—चारों ग्रह एक ही राशि में हों, तो जातक चतुर बुद्धि,

निजी-व्यवसाय द्वारा अच्छा धनार्जन करने वाला, उच्च प्रतिष्ठित, धर्म परायण, परोपकारी स्वभाव, धर्म, ज्योतिष, योग, तंत्र आदि विषयों में रुचि रखने वाला, भूमि, वाहन, सम्पदा, उच्च विद्या आदि सुख-सुविधाओं से युक्त तथा व्यवहार कुशल होता है। यदि मं., बु., गुरु ग्रहों में से कोई अस्त हो, तो सुखों में कमी होती है। देखें उदा. कुं. नं. 107.

12. सूर्य-मंगल-बुध-शुक्र—एक ही राशि में हो तो जातक पराक्रमी व व्यवहार कुशल, कुशल वक्ता, संगीत, कला, साहित्य, गायन आदि कलाओं में रुचि रखने वाला, भूमि, जायदाद, सुन्दर एवं सुशील स्त्री, संतान आदि सुखों से समन्वित, नीति एवं परिस्थितियों के अनुसार व्यवहार करने में कुशल, अपने व्यवसाय में भी कुशलता से धन का अर्जन करने वाला होता है। कभी-कभी मुंहफट या स्पष्टवादिता के कारण हानि भी उठानी पड़ती है। देखें उदा. कुं. नं. 105 (फलित खण्ड-भाग द्वितीय)

13. सूर्य-मंगल-बुध-शनि—चार ग्रह एक राशि में होने से जातक साहसी, परिश्रमी, स्पष्टवादी एवं निष्ठुर प्रकृति का होता है। उच्च विद्या में विघ्नों के बाद सफलता मिलती है। कार्य व्यवसाय में भी अत्यंत संघर्ष व कठिनाइयों के बाद धनार्जन होता है। भूमि जायदाद, कैमिकल्ज, रबड़, पत्थर, तैल, अनाज, लौह, सोना आदि धातुओं के व्यवसाय से विशेष लाभान्वित होने की संभावना हो। मं., बु. या शनि अस्तंगत हो तो सुखों में तथा निकट बंधुओं से विरोध रहता है।

14. सूर्य-मंगल-गुरु-शुक्र—सभी एक ही भाव में हो तो जातक प्रभावशाली व्यक्तित्व वाला, तेजस्वी, पराक्रमी, बुद्धिमान, नीतिज्ञ एवं परिश्रमी होता है। ऐसा जातक उच्च व्यावसायिक विद्या में सफलता प्राप्त करने में कुशल होता है। जातक धन-सम्पदा, भूमि, जायदाद, सुन्दर व सुशील स्त्री व संतान आदि सुखों से युक्त एवं उच्च प्रतिष्ठित होता है। यदि मं., गु., शुक्र अस्त हों तो उपरोक्त सुखों में कमी होती है।

15. सूर्य-मंगल-गुरु-शनि—एक ही राशि में हो, तो जातक उच्च प्रतिष्ठित एवं प्रभावशाली वाणी का प्रयोग करने वाला, विघ्न/बाधाओं के बाद उच्च विद्या की प्राप्ति, कार्य/व्यवसाय में भी संघर्ष व कठिनाइयों के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन प्राप्त हों। अध्यापन, चिकित्सा, वकालत आदि कामों में सफल। स्त्री एवं संतानसुख भी बाधाओं के बाद मिलता है। भौम, गुरु या शनि इनमें ग्रह अस्त हो, तो उपयुक्त सुखों में कमी होती है।

16. सूर्य-मंगल-शुक्र-शनि—एक ही राशि में हो, तो जातक कटुभाषी, भाई/बन्धुओं एवं मित्रों के सहयोग एवं सहायता में कमी, परन्तु जातक स्वयं परिश्रमी, स्वाभिमानी, मनमाना आचरण करने वाला, विलासप्रिय, कामुक प्रवृत्ति, संगीत, गायन एवं मदिरा आदि के सेवन में प्रवृत्ति, जातक तकनीकी एवं हस्तकला, कम्प्यूटर, कामर्स, बैंकिंग आदि के कार्यों में सफल, संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन प्राप्त करता है। यदि मं., शु. या शनि अस्तगत हों, तो सुखों में कमी तथा पारिवारिक लोगों के साथ विरोध होता है।

17. सूर्य-बुध-गुरु व शुक्र—चारों ग्रह कुंडली में एक ही राशि में हों तो जातक तीव्र बुद्धिमान, उच्च शिक्षित, उच्च पद प्राप्त, मुख्याधिकारी, लोकमान्य, नीतिज्ञ, भाई-बन्धुओं के सुख से युक्त, अध्ययनशील, भूमि, मकान, वाहन, स्त्री, संतान आदि सुखों से युक्त, अध्यात्म, योग, ज्योतिष, तंत्र आदि गूढ़ विषयों में रुचि होती है। गुरु, शुक्रादि अस्त हों, तो जातक का जीवन संघर्षमय एवं कठिनाइयों से युक्त होता है।

18. सूर्य-बुध-गुरु-शनि—जातक स्वाभिमानी, कुछ स्वार्थी, अपने ज्ञान को श्रेष्ठ समझने वाला, भाई-बन्धुओं के सहयोग में कमी, जातक को धर्म/शास्त्र, ज्योतिष, संगीत एवं साहित्य के प्रति विशेष रुझान, पठन-पाठन, लेखन, सम्पादन, अध्यापन, कम्प्यूटर, डिज़ाइनिंग, कामर्स आदि के क्षेत्रों में विशेष सफलता प्राप्त होती है।

19. सूर्य-बुध-शुक्र-शनि—जातक तीव्र बुद्धिमान, उच्च विद्या प्राप्त, व्यवहार कुशल, स्पष्टवादी, आकर्षक व्यक्तित्व, प्रतिभावान, परिश्रमी, निज परिश्रम एवं पुरुषार्थ द्वारा लाभ व उन्नति प्राप्त करने वाला, संगीत, साहित्य, अध्यात्म, ज्योतिष, तंत्र आदि गूढ़ विषयों में विशेष रुचि रखने वाला, धन-सम्पदा, सुन्दर एवं सुशील स्त्री व सन्तान आदि सुखों से युक्त होता है। शुक्र या शनि अस्त हो, तो उपर्युक्त सुखों में कमी होती है।

20. सूर्य-गुरु-शुक्र-शनि—एक ही राशि में हो तो जातक उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध रखने वाला, स्वयं भी उच्च पद प्राप्त अथवा उच्च स्तरीय व्यवसाय में संलग्न होता है। संगीत, गायन, कला एवं साहित्य की ओर विशेष रुचि हो, निकट भाई/बन्धुओं के सुख में कमी, विघ्न-बाधाओं के बाद उच्च-व्यावसायिक विद्या प्राप्त, सुशील एवं सुन्दर स्त्री, प्रिय सन्तान, धन-सम्पदा वाहन आदि सुखों की प्राप्ति हो। यदि गुरु, शुक्र अस्त हो, तो इन सुखों की प्राप्ति में अड़चनें होती हैं।

21. चन्द्र-मंगल-बुध-गुरु—का योग एक राशि पर हो, तो जातक अति बुद्धिमान, तकनीकी अथवा व्यावसायिक विद्या में उच्च शिक्षित, अध्यात्म, योग, ज्योतिष, तंत्र आदि विद्याओं में विशेष रुचि, उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध, दस्तकारी, शिल्प आदि कलाओं में कुशल, भूमि-जायदाद, धन, वाहन, संतान आदि सुखों से युक्त, लोकप्रिय, वकालत, न्यायाधीश, प्राध्यापन, चिकित्सा, कम्प्यूटर आदि क्षेत्रों में सफल होता है।

22. चन्द्र-मंगल-बुध-शुक्र—एक ही राशि में हों, तो जातक चंचल बुद्धि, व्यवहार, कुशल, हंसमुख, भ्रमणशील, क्रय-विक्रय करने में कुशल, विभिन्न स्रोतों में धनार्जन करने वाला, संगीत, अभिनय, फैशन डिज़ाइनिंग, ब्यूटी पार्लर, टेलीविज़न, वस्त्र डिज़ाइनिंग आदि के कार्यों में सफल, जातक विलासप्रिय एवं कामुक प्रवृत्ति, स्त्रियों की संगति में खुश रहने वाला, गणित, ज्योतिष, कामर्स, राजनीति, वकालत, प्रतिनिधि आदि क्षेत्रों में अधिक सफल होता है। यदि मं., शुक्र आदि अस्त हो तो संघर्ष अधिक रहेगा। इस योग पर गुरु की विशेष पंचम दृष्टि हो, तो मैडीकल के क्षेत्र में सफलता मिलती है। देखें उदा. कुं. नं. 69.

23. चन्द्र-मंगल-बुध-शनि—जातक पराक्रमी, संघर्षशील, पराक्रमी, हस्तशिल्प एवं तकनीकी कार्यों में सफल, पत्थर, कोयला, जवाहरात, तैल, लौह आदि धातुओं के कार्य द्वारा विशेष लाभान्वित। व्यवसाय में भी अत्यन्त संघर्ष एवं कठिनाइयों का सामना, जातक भूमि, जायदाद, वाहन आदि सुख-साधनों से समन्वित, प्रत्येक कार्य में अड़चनों के बाद सफलता, जातक कैमिकल्ज़, रबड़, चमड़ा, अनाज के कार्यों में भी सफल, ज्योतिष, तंत्र, धर्म आदि शास्त्रों में विशेष रुचि रहे।

24. चन्द्र-मंगल-गुरु-शुक्र—ग्रहों का योग एक ही राशि में हो, तो जातक पराक्रमी, स्वाभिमानी, धर्मात्मा, परोपकारी, स्वभाव, साहसी, उच्च शिक्षित, विद्वान, भूमि-जायदाद, वाहन, सुंदर एवं अनुकूल स्त्री आदि सुखों से युक्त, धर्म, ज्योतिष एवं संगीत का शौक, उच्च पद

प्रतिष्ठित अथवा उच्च स्तरीय व्यवसाय में संलग्न, दूरंदेशी, नई-नई योजनाएं बनाने में कुशल होता है। ऐसे जातक को अपनी उच्च विद्या एवं ज्ञान का कुछ अभिमान भी होता है।

25. चन्द्र-मंगल-गुरु-शनि—एक ही राशि में हों, तो जातक अपने कर्त्तव्य के प्रति गम्भीर, ईमानदार, परिश्रमी, धैर्यवान, पुरुषार्थी, उच्च विद्या, विद्वान्, धनवान, भूमि, आवास-वाहन एवं माता के सुखों से युक्त, उच्च पदासीन या निजी व्यवसाय द्वारा अच्छा धन अर्जित करने वाला, यद्यपि शनि के कारण व्यवसाय में संघर्ष व अड़चनें भी होती हैं। ऐसा जातक प्राध्यापन, वकालत, चिकित्सा, कम्प्यूटर, हस्तशिल्प व तकनीकी कार्यों में सफल होता है। गले एवं कानों में दोष की सम्भावना होती है।

26. चन्द्र-मंगल-शुक्र-शनि—एक ही राशि में हों, तो जातक व्यवहार कुशल, भ्रमणशील, हंसमुख, चंचल स्वभाव, स्वच्छन्द प्रकृति, अपनी मनमानी करने वाला, तकनीकी कार्यों में कुशल, संगीत, गायन एवं साहित्य, कला आदि के रूझान, विवाह के बाद स्त्री की सहायता एवं सहयोग प्राप्त करने वाला, भाई-बन्धुओं का सहयोग कम प्राप्त हो। व्यवसाय में निज उद्यम द्वारा लाभ व उन्नति प्राप्त करने वाला होता है। व्यवसाय में अत्यन्त संघर्ष एवं कठिनाइयों के बाद सफलता मिलती है।

27. चन्द्र-बुध-गुरु-शुक्र—जातक उच्च शिक्षित, विद्वान्, धनवान, धर्म-परायण, गम्भीर विचारक, अपने लक्ष्य के प्रति सतर्क रहने वाला, सुन्दर एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व, भाई/बन्धुओं के सुख से युक्त, संगीत, साहित्य एवं गायन आदि मनोरंजक कार्यों में रुचि, धर्म-अध्यात्म, ज्योतिष आदि गूढ़ विषयों में भी रुचि, मकान, वाहन, सन्तान अदि सुख साधनों से सम्पन्न होगा। यदि गुरु, शनि नीच आदि स्थिति में हो, तो उपरोक्त सुखों में कमी होती है।

28. चन्द्र-बुध-गुरु-शनि—एक ही राशि में हों तो जातक पराक्रमी, तेजस्वी, गम्भीर प्रकृति, अपने कार्य क्षेत्र में कुशल, वार्तालाप करने में कुशल, दूरंदेशी, उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बनाने में प्रवीण, अपने भाई-बन्धुओं से प्रेम करने वाला, धार्मिक विचार, कर्त्तव्य परायण, ज्योतिष, धर्म एवं पौराणिक साहित्य के प्रति विशेष रुचि, निज उद्यम एवं पुरुषार्थ द्वारा जीवन में उच्च पद एवं प्रतिष्ठा प्राप्त करने वाला, प्रतिनिधित्व करने में कुशल, राज-मंत्री तथा भूमि, जायदाद, वाहन, स्त्री एवं सन्तान आदि पारिवारिक सुखों से युक्त होता है।

29. चन्द्र-बुध-शुक्र-शनि—चतुर बुद्धि, वाक्पटु, लोक व्यवहार में कुशल, परिश्रमी, भाई-बन्धुओं में प्रिय, उच्चाकांक्षी, जीवन में निज परिश्रम से लाभ व उन्नति प्राप्त करने वाला, गुणवान, अपने कार्य सिद्धि के लिए उचित/अनुचित का विचार न करने वाला, राजसिक प्रवृत्ति, भूमि, जायदाद, सुशील स्त्री, संतान, वाहन आदि से युक्त, अभिनय, संगीत, कला एवं पौराणिक ज्योतिष व धार्मिक साहित्य में विशेष रुचि रखने वाला, नेतृत्व करने में कुशल, स्त्री वर्ग तथा उच्च प्रतिष्ठित लोगों द्वारा लाभान्वित होता है। ऐसा जातक तकनीकी कार्यों में कुशल होता है। देखें उदा. कुं. 113

30. चन्द्र-गुरु-शुक्र-शनि—एक ही राशि में हों, तो जातक व्यावसायिक व तकनीकी विद्या क्षेत्र में सफल, बुद्धिमान, परिश्रमी, परोपकारी स्वभाव एवं अपने आश्रितों पर दया भाव रखने वाला, वार्तालाप करने में कुशल, कामुक, प्रवृत्ति, विलास आदि कार्यों पर अधिक खर्च

सूर्यादि ग्रहों के अनिष्टफल की शान्ति हेतु दान एवं जपादि मन्त्र													जप संख्या	जपकाल	जपनीय बीजमन्त्राः	हवन समिधा
सूर्य	कनक	माणिक्य	तांबा	सोना	लाल गाय	गुड़	घी	कमलादि	रक्तवस्त्र	लालचंदन	मूंगा	केशर	७०००	सूर्योदय	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	आक् काष्ठ
चन्द्र	चावल	मोती	चांदी	सोना	श्वेत बैल	मिश्री	दही	श्वेत पुष्प	श्वेतवस्त्र	श्वेतचंदन	शंख	कपूर	११०००	संध्याकाले	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	पलाश
मंगल	मसूर	मूंगा	तांबा	सोना	लाल बैल	गुड़	घी	लाल कनेर	लालवस्त्र	लाल चंदन	केशर	कस्तूरी	१००००	सू.उ. २।१५	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	खैर
बुध	मूंग	पन्ना	कांस्य	सोना	शस्त्र	शक्कर	घी	सर्व रंग पु.	हरावस्त्र	अनेक फल	हाथीदांत	कपूर	९०००	सू.उ. ५ घड़ी	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	अपामार्ग
गुरू	पीतधान्य	पुखराज	कांस्यपात्र	सोना	अश्व	लवण श	घी	पीले पुष्प	पीतवस्त्र	पीला फल	धर्मग्रंथ	लवणशहद	१९०००	संध्याकाले	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	पीपल
शुक्र	चावल	हीरा	चांदी	सोना	श्वेत घोड़ा	मिसरी	दूध	श्वेत पुष्प	सफेदवस्त्र	सफेद चंदन	दही	सुगन्धित द्रव्य	१६०००	सू. उ. काल	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	गूलर
शनि	उड़द	नीलम	लोहा	सोना	काली गाय	कुलथी	तैल	काले पुष्प	कालावस्त्र	काले जूते	भैंस	कस्तूरी	२३०००	संध्याकाल	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	शमी
राहु	सप्तधान्य	गोमेद	सीसा	सोना	काला घोड़ा	ताम्र पात्र	तैल	कृष्ण पुष्प	नीलवस्त्र	नारियल	कंबल	खड्ग	१८०००	रात्रि	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	दूर्वा
केतु	सप्तधान्य	लसनिया	लोहा	सोना	बकरा	नारियल	तेल	धूम्र पुष्प	कालावस्त्र	शस्त्र ध्वज	कंबल	कस्तूरी	१७०००	रात्रि	ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः	कुशा
मुंथा	चावल	मोती	कांस्यपात्र	सोना	श्वेतचंदन	ऋतुपुष्प	घृत	श्वेतपुष्प	श्वेतवस्त्र	हाथीदांत	मुंथेश ग्रह.	ग्रह अनुसार	मुंथेश ग्रहानुसार	प्रातः	मुन्था स्वामी मन्त्र	

विशेष—ध्यान रहे, प्रत्येक ग्रह के दाने के साथ यथाशक्ति दक्षिणा भी अवश्य देनी चाहिए। **सप्तधान्य**—गेहूँ, उड़द, मूंगी, चने, जौं, कंगनी और धान्य, चावल।

सूर्यादि ग्रहों के अरिष्ट निवारण हेतु औषधि स्नान

सूर्य	चन्द्रमा	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मनःशिला	पंचगव्य	बिल्व छाल	गोबर	चमेलीपुष्प	पिपरामूल	कालेतिल	लोबान	लोबान
इलायची	गोदूध	लाल पुष्प	अक्षत	पुष्प	जायफल	सूरमा	तारपीन	तारपीन
देवदारू	गोबर	हींग	मोती	श्वेत सरसों	केशर	लोबान	मोथा	तिलपत्र
केशर	गजमद	गोदनी	शहद	शहद	मूली बीज	सौंफ	गजदंत	गजदंत
खस	शंख सीप	जटामांसी	सुवर्ण	गुलर	मनःशिल	खस	कस्तूरी	छागमूत्र
रक्तपुष्प	गंगाजल	मौलसिरी	जायफल	दमयंती	इलायची	खिल्ला	बिल्वपत्र	लाल चंदन
रक्तचंदन	श्वेत चंदन	सिगरफ	पिपरामूल	मुलट्ठी	श्वेतचंदन	शतकुसुम	गंगाजल	गंगाजल
कनेर पुष्प	स्फटिक	मालकंगनी	नागकेशर	नवीनपत्ते	गंगाजल	गौंदमिश्रित	लालचंदन	कस्तूरी
मि. गंगाजल	गोमूत्र	गंगाजल	गंगाजल	गंगाजल	श्वेतकमल			

होमादि में अग्नि वास जानना

जिस दिन को होम/हवन करना हो, उस दिन की तिथि और वार की संख्या को जोड़कर १ जमा करें फिर कुल जोड़ को ४ द्वारा भाग देवें। यदि शेष शून्य (०) अथवा ३ बचें, तो अग्नि का वास पृथ्वी पर होगा। इस दिन होम करना कल्याणकारक होता है। यदि शेष २ बचें तो अग्नि का वास पाताल में होता है। इसी दिन होम करने से धन का नुक्सान होता है। यदि ४ का भाग देने से १ शेष बचे तो आकाश में अग्नि का वास होगा, इसमें होम करने से आयु का क्षय होता है। वार की गणना रविवार से तथा तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से करनी चाहिए। तदुपरान्त ग्रह के मुख आहुति चक्र का विचार करना चाहिए।

ग्रहों के मुख में आहुति चक्र

सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनने से यदि ३ या ३ से कम की संख्या आए तो होमाहुति सूर्य के मुख में जाने, तीन से आगे की संख्या से ६ तक की संख्या में मिले, तो बुध के मुख में आहुति जानें। इसी प्रकार, निम्न क्रमानुसार सब ग्रहों में होमाहुति जानें।

ग्रह	सूर्य	बुध	शुक्र	शनि	चंद्र	मंग.	गुरु	राहु	केतु
नक्षत्र	३	३	३	३	३	३	३	३	३
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ

नवग्रहों के जपनीय होमार्थ (हवन) मन्त्र

सूर्य मन्त्र—अर्क (आक) समिधा द्वारा "ॐ आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च हिरण्येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्॥ ॐ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम ॥१॥

चन्द्रमा मन्त्र—(पलाश या ढाक समिधा के साथ)—"ॐ इमं देवाऽसपत्न Ω सुवध्वम् महते क्षत्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां Ω राजा। ॐ सोमाय स्वाहा॥ इदं चन्द्रमसे न मम ॥२॥

भौम मन्त्र—(खैर की लकड़ी से) "ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपा Ω रेता Ω सि जिन्वति स्वाहा। ॐ भौमाय स्वाहा॥ इदं भौमाय इदं न मम॥"

बुध मंत्र—(अपामार्ग की समिधा से) ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहित्वमिष्टापूर्ते स Ω सृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत॥ ॐ बुधाय स्वाहा। इदं बुधाय इदं न मम॥

गुरू मन्त्र—(पीपल) ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐ बृहस्पतये स्वाहा॥ इदं बृहस्पतये, इदं न मम।

शुक्र मन्त्र—(गूलर) ॐ अन्नात् परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिबत् क्षत्रं पयः। सोमं प्रजापतिः ऋतेन सत्यमिन्द्रियं पिवानं Ω शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु॥ ॐ शुक्राय स्वाहा॥ इदं शुक्राय, न मम।

शनि मन्त्र—(शमी की समिधा) ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्त्रवन्तु नः। ॐ शनैश्चराय स्वाहा। इदं शनैश्चराय, इदं न मम्॥

राहु मन्त्र—(दूर्वा) ॐ कयानश्चित्र आ भुवदूती सदा वृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥ ॐ राहवे स्वाहा॥ इदं राहवे इदं न मम॥

केतु मन्त्र—(कुशा से) ॐ केतुं कृण्वन्न केतवे पेशो मर्या अपेशसे। समुषद्भिरजा यथाः। ॐ केतवे स्वाहा॥ इदं केतवे, इदं न मम॥

ग्रहों के गुण, वर्ण, स्वभाव, उच्च-नीच, स्व-गृह राशि आदि चक्र

नाम ग्रह	स्व-ग्रह राशि	मूल त्रिकोण	गुण	चरादि	वर्ण जाति	रंग	उच्च राशि	नीच राशि	पुरुष स्त्री	तत्त्व	कारक	संबंध	स्व-भाव	प्रकृति	धातु	रस	शरीरांग	दिशा	दृष्टि विशेष	भाग्योदय काल
सूर्य Sun	सिंह	सिंह	सत्त्व	स्थिर	क्षत्रिय	रक्त वर्ण	मेष	तुला	पुरुष	अग्नि	आत्मा	पिता	क्रूर	पित्त	सोना	तिक्त	शिर, नेत्र	पूर्व	७	२२ से २४
चन्द्र Moon	कर्क	वृष	सत्त्व	चंचल	वैश्य	श्वेत	वृष	बृश्चि.	स्त्री	जल	मन	माता	सौम्य	वातश्ले	चांदी	क्षार	बुद्धि, रक्त	पशि. उत्तर	७	२४ से २५
मंगल Mars	मेष, बृक्षिक	मेष	तम	चर	क्षत्रिय	लाल	मकर	कर्क	पुरूष	अग्नि	बल	भाई	क्रूर	पित्त	ताम्र	कटु	मज्जा	दक्षिण	७,४,८	२८ से ३२
बुध Merc	मिथुन, कन्या	कन्या	रज	द्विस्वभा	वैश्य	हरा	कन्या	मीन	नपुंसक	पृथ्वी	वाणी	बंधु/मित्र	मिश्र	त्रिधातु	कांस्य	मिश्र	त्वचा, मुख	उत्तर	७	३२ से ३६
गुरू Jup.	धनु, मीन	धनु	सत्त्व	स्थिर	ब्राह्मण	पीला	कर्क	मकर	पुरूष	आकाश	विद्या	संतान	शुभ	कफ	सोना	मधुर	चर्बी	ईशान	५७९	१६ से २४
शुक्र Ven.	वृष, तुला	तुला	रज	चर	वैश्य	सफेद	मीन	कन्या	स्त्री	जल	काम	स्त्री	शुभ	वात, कफ	चांदी	अम्ल	वीर्य	दक्षि., पूर्व	७	२६ से २८
शनि Sat.	मकर, कुम्भ	कुम्भ	तम	स्थिर	शुद्र	नीला काला	तुला	मेष	नपुंसक	वायु	संघर्ष	भृत्य	क्रूर	वात, श्ले	लोहा	कषाय	स्नायु	पश्चि.	३,७,१०	३६ से ४२
राहु Rahu	कन्या	कर्क	तम	चर	अत्यज	धूम्र	वृष	बृश्चि.	पुरुष	छाया	दुःख	शत्रु	क्रूर	वायु	लोहा	कषाय	हड्डी	दक्षिण	७	४४ से ५०
केतु Ketu	मीन	मकर	तम	चर	शूद्र	धूम्र	बृश्चि.	वृष	पुरुष	छाया	कष्ट	बाधा	क्रूर	वायु	लोहा	कषाय	चर्म	उत्तर	७	४८ से ५०

राशियों के गुण-स्वभाव तत्त्व, शुभ रत्नादि चक्र

राशि	स्वा. ग्रह	अंग्रेज्ञी नाम	वर्ण	जाति	क्रूरादि	चरादि	तत्त्व	गुण	जीवादि	समादि	दिशा	शुभ रत्न	बल समय	शरीरांग	दीर्घादि	नरादि	प्रकृति	गुण	पृष्ठोदय आदि
मेष	मंगल	Aries	लाल	क्षत्रिय	क्रूर	चर	अग्नि	रज	धातु	विषम	पूर्व	मूंगा	रात्रि	शिर	ह्रस्व	पशु	पित्त	उष्ण	पृष्ठोदय
वृष	शुक्र	Taurus	श्वेत	वैश्य	सौम्य	स्थिर	पृथ्वी	तम	मूल	सम	दक्षिण	हीरा	रात्रि	नेत्र	ह्रस्व	पशु	वात	शांत	पृष्ठोदय
मिथुन	बुध	Gemini	हरा	शूद्र	क्रूर	द्वि. स्व.	वायु	सत	जीव	विषम	पश्चि.	पन्ना	रात्रि	भुजाएँ, गला	सम	नर	वात	चंचल	शीर्षोदय
कर्क	चंद्र	Cancer	श्वेत	विप्र	सौम्य	चर	जल	रज	धातु	सम	उत्तर	मोती	रात्रि	वक्ष, फेफड़े	सम	जल चर	कफ	शांत	पृष्ठोदय
सिंह	सूर्य	Leo	लाल	क्षत्रिय	क्रूर	स्थिर	अग्नि	तम	मूल	विषम	पूर्व	माणक	दिन	मेरू, रक्त, ह्रदय	दीर्घ	पशु	पित्त	उष्ण	शीर्षोदय
कन्या	बुध	Virgo	मिश्रित	वैश्य	सौम्य	द्वि. स्व.	पृथ्वी	सत	जीव	सम	दक्षिण	पन्ना	दिन	पेट, नाभि	दीर्घ	नर	त्रिदोष	शीत	शीर्षोदय
तुला	शुक्र	Libra	नीला	शूद्र	क्रूर	चर	वायु	रज	धातु	विषम	पश्चि.	हीरा	दिन	गुर्दे, कमर	दीर्घ	नर	वात	उष्ण	शीर्षोदय
बृश्चिक	मंगल	Scorpio	ताम्र	विप्र	सौम्य	स्थिर	जल	तम	मूल	सम	उत्तर	मूंगा	दिन	गुप्तांग	दीर्घ	कीट	कफ	शीत	शीर्षोदय
धनु	गुरु	Sagittarius	पीला	क्षत्रिय	क्रूर	द्वि. स्व.	अग्नि	सत	जीव	विषम	पूर्व	पुखराज	रात्रि	जंघा	सम	नर पशु	पित्त	उष्ण	पृष्ठोदय
मकर	शनि	Capricor	भूरा	वैश्य	सौम्य	चर	पृथ्वी	रज	धातु	सम	दक्षिण	नीलम	रात्रि	घुटने	सम	जल पशु	वात	शीत	पृष्ठोदय
कुम्भ	शनि	Aquarius	काला	शूद्र	क्रूर	स्थिर	वायु	तम	मूल	विषम	पश्चि.	नीलम	दिन	पिंडली	लघु	जल चर	त्रिदोष	उष्ण	शीर्षोदय
मीन	गुरु	Pisces	पीला	विप्र	सौम्य	द्वि. स्वा.	जल	सतो	जीव	सम	उत्तर	पुखराज	दिन	पाँव दोनों	लघु	जल चर	कफ	शीत	उभयोदय

चर, शीर्षोदयादि राशियों का महत्त्व—उपरोक्त राशियों के **गुण, स्वभाव, तत्वादि** का फलित ज्योतिष में विशेष महत्त्व होता है। संक्षेप में, **चर** का अर्थ है चलित अर्थात् जिसमें कार्य जल्दी हो। यात्रा करें, तो शीघ्र वापिस आ जावे। स्थिर लग्न राशि में कार्य करने से स्थायी प्रभाव होता है। मकान, दुकान, व्यवसायादि में प्रवेश करे, तो बहुत वर्षों तक रहे। द्वि-स्वभाव राशि में मिला-जुला प्रभाव होता है। अर्थात् पहिला आधा भाग स्थिर प्रभाव दिखाता है, अन्तिम आधा भाग 'चर' का प्रभाव दिखाता है। इसी भान्ति धातु का अर्थ है, सोना, चाँदी, लोहा, भूमि, सवारी धनादि पदार्थ। **'मूल'** का अर्थ है, फल, वृक्ष, अनाजादि भोग्य पदार्थ। **'जीव'** का अर्थ प्राणी—स्त्री, पुत्र, पौत्र, भाई आदि। **उदाहरणार्थ**—मान लीजिए, सौम्य राशि **मीन** में यदि कोई सौम्य ग्रह (शुक्र) बैठा है, तो प्रश्नकर्त्ता को स्त्री, संतानादि का सुख लाभ होगा (क्योंकि मीन राशि जीव सम्बन्धी राशि है) और यदि कोई अशुभ या क्रूर ग्रह स्थित हो, तो स्त्री, संतानादि सुख सम्बन्धी हानि होगी। ऐसा कहना चाहिए। इसी भान्ति, राशियों की दिशा बताने का तात्पर्य यह है कि जिस राशि में कारक ग्रह बैठे हो, उस राशि की दिशा में भाग्योदय होता है। **उदाहरण** के लिए किसी की जन्म कुण्डली में लग्नेश एवं नवमेश ग्रह वृष राशि में हो, तो जातक का भाग्योदय जन्म से दक्षिण दिशा में होगा—ऐसा कहना चाहिए। जैसे—यदि **कन्या लग्न** हो, तो बुध लग्नेश, दशमेश होगा। द्वितीयेश व नवमेश शुक्र, बुध (लग्नेश) सहित नवम (भाग्य) स्थान पर इकट्ठे हों, तो वृष राशि (दक्षिण) में भाग्योदय होगा।

अरिष्ट ग्रहों के दान, पूजा एवं उपाय

[पं. विवेक शर्मा (एम.ए., एल.एल.बी.)]

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के लिए ज्योतिष शास्त्र में अनेक प्रकार के उपाय बतलायें गए हैं—जैसे मंत्रजाप-हवन, दान, ग्रह औषाधि स्नान, तीर्थ-स्नान, व्रत रखना, नग एवं यंत्र धारण करना इत्यादि। पाठकों के लाभार्थ, आगे कुछ उपायों का संक्षिप्त विवरण लिखा जाता है। **ध्यान रहे,** सूर्य चन्द्रादि ग्रहों की उपासना के माध्यम से हम सर्वपिता परमात्मा की ही उपासना करते हैं। क्योंकि विश्व के सभी सौरपिण्डों के द्वारा ईश्वर की असीम शक्ति की ही सतत अभिव्यक्ति हो रही है।

पूर्वा जन्मों में कृत शुभाशुभ कर्मों के अनुसार एवं ग्रहों के द्वारा अनुप्रेरित होकर मनुष्य ऐहिक जीवन में सुख-दुख, लाभ-हानि, इष्ट-अनिष्टादि फल प्राप्त करता है। जन्मपत्री एवं वर्ष कुण्डली में पड़े क्रूर ग्रह मनुष्य को प्रतिकूल एवं कठिन समस्याएं उत्पन्न करवाते हैं, जबकि शुभ एवं योगकारक ग्रह अनुकूल व सौभाग्यवर्द्धक परिस्थितियां बनाने में सहायक होते हैं।

यदि अशुभ ग्रहों के प्रभावस्वरूप बार-बार प्रयत्न करने पर भी जीवन में विघ्नों एवं विफलताओं का सामना पड़े और भाग्य साथ न देता हो, तो अशुभ ग्रहों की अनुकूलता हेतु ज्योतिष आचार्यों द्वारा प्रतिपादित अनिष्ट ग्रहों के उपायों को अपनाकर जीवन को स्वस्थ, खुशहाल एवं सुखी बनाने का प्रयास करना चाहिए।

परन्तु जन्मकुण्डली में किसी ग्रह का शुभाशुभ निर्णय करना सरल कार्य नहीं। किसी जातक की कुण्डली में यदि मंगल आदि कोई ग्रह नीचादि अशुभ अवस्था में स्थित होने पर भी तुरन्त एकदम अशुभ फल नहीं कह देना चाहिए। देखना चाहिए कि विचारणीय ग्रह किस भाव का स्वामी होकर नीचावस्था में बैठा है। नीचस्थ मंगल पर यदि गुरु की पंचम/नवमादि शुभ दृष्टि पड़ रही हो अथवा यदि नवांश कुण्डली में मंगल मित्र या उच्च राशि में पड़ा हो, अथवा मंगल स्थित राशि (कर्क) का स्वामी ग्रह चन्द्रमा मित्र या उच्चादि राशि में स्थित हो अथवा मंगल, चन्द्रमा, गुरु आदि शुभ ग्रहों के साथ बैठा हो, तो ऐसी स्थिति में मंगल विशेष अधिक अशुभ फल नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त विचारणीय भाव के कारक ग्रह की भी शुभाशुभ स्थिति का भी विचार कर लेना चाहिए।

◆सूर्य शान्ति के लिए उपाय◆

यदि किसी जातक की जन्म अथवा वर्ष कुंडली में सूर्य अशुभ कारक हो तो उसको निम्नलिखित मन्त्र की (अपनी सामर्थ्यानुसार) कम-से-कम 7000 की संख्या में जप करना चाहिए। जप का आरम्भ शुक्लपक्षीय रविवार प्रातः सूर्योदय से करना चाहिए। पाठ करते समय समीप ताम्र बर्तन में शुद्ध जल, ताण्डुल, लाल चन्दन, लाल पुष्प, गंगाजल, थोड़ा गुड़ डालकर पात्र को लाल वस्त्र, आम के पत्तों एवं नारियल द्वारा ढक लेना चाहिए। साथ ही दान योग्य वस्तुओं को संकल्पपूर्वक पहले से पास में रख लेनी चाहिएं।

बीज मंत्र—ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः **(जप संख्या 7000)**

सूर्य दान हेतु वस्तुएँ—गेहूँ, लाल चन्दन, गुड़, लाल पुष्प, लाल वस्त्र, घी, लाल वर्ण की गाय, सुवर्ण, माणिक्य, ताम्र बर्तन, नारियल आदि लाल फल, मिष्ठान, दक्षिणा आदि।

उपाय—(1) तांबे की अँगूठी में माणिक्य अथवा विधिवत् तैयार किया हुआ सूर्य-यन्त्र (ताम्र पत्र पर) धारण करें।

(2) खाना खाते समय सोने अथवा तांबे के चम्मच का प्रयोग करना तथा 11 रविवार तक सूर्य स्नान करना। जब जन्म या वर्ष कुण्डली में सूर्य अशुभ हो तो—

(3) 108 रविवार तक ताम्र बर्तन में शुद्ध जल, लाल चन्दन मिलाकर सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य स्तोत्र का पाठ करना शुभ है।

(4) 40 या 43 दिन तक चलते पानी में गुड़ या तांबे के सिक्के बहाना शुभ होगा।

(5) सर्वप्रथम प्रातःकाल उठकर स्नान उपरान्त ताम्र कलश (गड़वी) में जल, दूध, पुष्प, गंध, लाल-चंदन आदि लेकर पूर्व दिशा में मुख करके गायत्री मंत्र तथा सूर्यार्घ्य मंत्र के उच्चारण से सूर्य को अर्घ्य प्रदान करना चाहिए।

(6) रविवार को नमक से परहेज़ रखें। लवणरहित सादा भोजन करें। ग्यारह रविवार पर्यन्त केवल दही और चावल का सेवन करना चाहिए।

(7) जिन जातकों का सूर्य नीच का हो, उन्हें कार्तिक मास में तुलसी पौधे पर दीपक प्रज्वलित करना चाहिए तथा पं. देवीदयालु कृत 'कार्तिक माहात्म्य' का पाठ करना चाहिए।

◆चन्द्रमा शान्ति के लिए उपाय◆

जब जन्म या वर्ष कुण्डली में चन्द्र ग्रह अशुभ कारक हो तो निम्नलिखित मन्त्र की 11 हज़ार की संख्या में जप करना और तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा। जप का आरम्भ पूर्णिमा या शुक्ल पक्ष के सोमवार से करना चाहिए।

तन्त्रोक्त चन्द्र मंत्र—ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः **(जप संख्या 11,000)**

दान योग्य वस्तुएँ—चावल, सफेद चन्दन, शंख, कपूर, घी, दही, चीनी या मिश्री, क्षीर, मोती, श्वेत वस्त्र, श्वेत पुष्प, श्वेत फल, चांदी, मिठाई और दक्षिणा। **उपाय=**

(1) चांदी के बर्तनों का प्रयोग करना एवं चारपाई के पायों में चांदी के कील ठुकवाना।

(2) सफेद मोतियों की माला अथवा चांदी की अँगूठी में मोती धारण करना।

यदि कुण्डली में चन्द्र अशुभ हो, तो चन्द्रमा के अशुभत्व के निवारण हेतु उपाय—

(3) शीशे के गिलास में दूध, पानी आदि पीने से परहेज़ रखना तथा चाँदी के बर्तनों में दूध, पानी पीना शुभ होगा।

(4) पानी में कच्चा दूध मिलाकर चन्द्रमा का बीज मन्त्र पढ़ते हुए पीपल को डालना।

(5) लगातार 16 सोमवार व्रत रखकर सायंकाल सफेद वस्तुओं का दान करना चाहिए तथा पाँच छोटी कन्याओं को क्षीर सहित भोजन कराना चाहिए।

(6) सोमवार को ही प्रातःकाल स्नानादि करके ताम्र बर्तन में कच्ची लस्सी (जल तथा थोड़ा सा दूध) भगवान् की मूर्त्ति या शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए।

(7) चांदी का कड़ा, चैनी या सिक्का धारण करना चाहिए।

◆मंगल शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में मंगल अशुभकारक एवं बाधाकारक हो, तो निम्न मन्त्र की कम-से-कम 10 हजार संख्या में शुक्ल पक्ष के मंगलवार से प्रारम्भ करें।

तन्त्रोक्त मंगल मन्त्र—ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः (जप संख्या 10,000)

दान योग्य वस्तुएँ—गेहूँ, मसूर, लाल बैल, घी, गुड़, सुवर्ण, मसूर, मूंगा, ताम्र बर्तन, कनेर पुष्प, लाल चन्दन, लाल वस्त्र, केशर, लाल फल, नारियल, मीठी चापाती, गुड़ से निर्मित रेवड़ियां, दक्षिणा आदि। मंगल का दान युवा ब्राह्मण को करना शुभ है।

उपाय—जब कुण्डली में मंगल शुभ एवं योगकारक होता हुआ भी फल न करता हो तो निम्नलिखित उपाय शुभ होंगे—

(1) तांबे की अँगूठी में मूँगा धारण करना अथवा तांबे का कड़ा पहनना।

(2) मंगलवार को घर में गुलाब का पौधा लगाना तथा 108 दिन तक रात को तांबे के बर्तन में पानी सिरहाने रखकर घर में लगाए हुए गुलाब के पौधे को वहीं पानी डालना।

(3) मंगलवार का व्रत रखकर 27 मंगल किसी अपाहज को मीठा विशेषकर गुड़ से निर्मित भोजन खिलाना।

(4) नारियल को तिलक करके तथा लाल कपड़े में लपेटकर लगातार 3 मंगलवार चलते पानी में बहाएँ।

(5) लाल रंग की गाय या लाल वर्ण के कुत्ते को भोजन खिलाना शुभ होगा।

(6) मंगलवार का व्रत रखना चाहिए। विशषकर उन कन्याओं को जिनकी कुण्डली में मंगल मंगलीक योग बनकर विवाह में बाधा, विलम्ब उत्पन्न कर रहा हो—उन्हें मंगलागौरी का व्रत लगातार 7 मंगलवार रखना चाहिए।

◆बुध शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में बुध ग्रह अशुभफली हो तो भगवान् विष्णु का ध्यान करके शुक्ल पक्ष के बुधवार को आरम्भ करके 9000 की संख्या में बीज मंत्र का जप करना चाहिए।

तन्त्रोक्त बुध मन्त्र—ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः (जप संख्या 9000)

दान योग्य वस्तुएँ—मूंगी, 5 हरे फल, चीनी, हरे पुष्प, हरी इलायची, कांस्य-पत्र, पन्ना, सोना, हाथी का दांत, षड्रसों से युक्त भोजन हरी सब्जी, हरा कपड़ा, दक्षिणा सहित दान करें।

उपाय—कुंडली में बुध शुभ होता हुआ भी फलकारक न हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे—

(1) हरे रंग का पन्ना बुधवार को सोने की अँगूठी में धारण करना। हरे रंग के वस्त्रों को पहनना तथा हरे रंग के पर्दे लगाना शुभ होगा। हरे रंग की गाड़ी, स्कूटर या साईकिल आदि का प्रयोग करें। परन्तु यदि बुध अशुभ हो, तो हरे वस्त्र कदापि न पहनें।

(2) बुधवार को चाँदी या कांस्य के गोल टुकड़े को हरे रंग के कपड़े में लपेट कर जेब में रखें या भुजाओं के साथ बांधें।

यदि बुध अशुभ हो तो—(3) मूंगी साबत के सात दाने, हरा पत्थर, कांसे का गोल टुकड़ा, हरे वस्त्र में लपेट कर बुधवार को चलते पानी में बहाना शुभ होगा। पानी में बहाते समय कम-से-कम 7 बार बुध का बीज मन्त्र पढ़ें।

(4) हरे रंग के वस्त्र (परिधान) किसी हिजड़े को बुधवार के दिन शुभ होगा।

(5) बुधवार के दिन 6 इलायची हरे रूमाल में लपेटकर अपने पास रखें तथा इसके पश्चात् एक इलायची व तुलसीपत्र का सेवन करना शुभ रहेगा।

◆गुरु शान्ति के लिए उपाय◆

जब किसी व्यक्ति की जन्म या वर्ष कुंडली में गुरु शुभ फल प्रकट न कर रहा हो तो उसे शुक्ल पक्ष के बृहस्पतिवार को, शुभ मुहूर्त्त में निम्नलिखित मन्त्र का 19,000 की संख्या में पाठ करना तथा तदोपरान्त दशांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा।

तन्त्रोक्त गुरु मन्त्र—ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः (जप संख्या 19,000)

गुरु दान की वस्तुएं—पीले चावल, पुखराज, चने की दाल, हल्दी, शहद, पीला कपड़ा, पीले पुष्प व पीले फल (जैसे—आम, केले आदि), कांस्यपात्र, घोड़ा, लवण, शक्कर, घी, धर्मग्रन्थ, सुवर्ण, पीली मिठाई, दक्षिणा आदि।

उपाय—जन्म कुंडली में बृहस्पति शुभ व योगकारक होता हुआ भी शुभ फल प्रकट न कर रहा हो तो निम्नलिखित उपाय करें—

(1) सोने या चांदी की अँगूठी में तर्जनी अंगुली में तथा शुभ मुहूर्त्त में पुखराज धारण करें।

(2) 27 गुरुवार केसर का तिलक लगाना तथा केसर की पुड़िया पीले रंग के कपड़े या कागज़ में अपने पास रखना शुभ होगा।

गुरु के अशुभ प्रभाव के निवारण हेतु निम्नलिखित उपाय करें—

(3) चलते पानी में बादाम एवं नारियल पीले कपड़े में लपेटकर बहाना शुभ होगा।

(4) पीपल के वृक्ष को गुरुवार एवं शनिवार को गुरु का बीज मन्त्र एवं गुरु गायत्री मन्त्र पढ़ते हुए जल दें।

(5) वृद्ध ब्राह्मण को यथाशक्ति पीली वस्तुएँ, जैसे—चने की दाल, लड्डू, पीले वस्त्रों, शहदादि का दान करना चाहिए।

◆शुक्र शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में शुक्र अशुभकारक हो तो शुभ मुहूर्त्त में निम्न मन्त्र का 16,000 की संख्या में जाप करना तथा तदुपरान्त दशांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा।

तन्त्रोक्त शुक्र मन्त्र—ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः (जप संख्या 16,000)

शुक्रदान की वस्तुएँ—चाँदी, चावल, सुवर्ण, दूध, दही अथवा दुग्ध निर्मित वस्तुएँ, मिश्री, श्वेत चन्दन, श्वेत घोड़ा, श्वेत वस्त्र, श्वेत पुष्प, श्वेत फल एवं सुगन्धित पदार्थ।

उपाय—कुंडली में यदि शुक्र शुभ एवं योगकारक होता हुआ भी फलीभूत न हो रहा हो तो निम्न उपाय कल्याणकारी रहेंगे—

(1) चाँदी की कटोरी में सफेद चन्दन, मुश्कपूर, सफेद पत्थर का टुकड़ा रखकर सोने वाले कमरे में रखे चन्दन की अगरबत्ती जलाना शुभ होगा।

(2) घर में तुलसी का पौधा लगाना, सफेद गाय रखना, सफेद पुष्प लगवाना शुभ होगा तथा क्रीम रंग के रेशमी कपड़े में चाँदी के चौरस टुकड़े पर शुक्र यन्त्र खुदवाकर विधिपूर्वक अपने पास रखें।

शुक्र अशुभ प्रभावी होने की स्थिति में नीचे लिखे उपाय कल्याणकारी होंगे—

(3) शुक्रवार को श्री दुर्गा पूजन, 5 कन्या पूजन उन्हें खीरादि श्वेत वस्तुएँ देना तथा गौशाला में शुक्रवार से शुरु करके सात दिन तक गाय को हरा चारा, शक्कर एवं चरी डालना।

(4) सफेद रंग के पत्थर पर चन्दन का तिलक लगाकर चलते पानी में बहा देना या चांदी के टुकड़े पर शुक्र यन्त्र खुदवा कर रेशमी क्रीम रंग के वस्त्र में लपेट कर शुक्रवार को नीम के वृक्ष के नीचे दबाना।

(5) शुक्रवार का विधिवत् व्रत रखना चाहिए तथा पाँच शुक्रवार पाँच कन्याओं का पूजन कर उन्हें मिश्री सहित श्वेत वस्तुओं की भेंट देनी चाहिए।

◆शनि शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुण्डली में शनि अशुभ फल प्रदायक हो तो किसी शुभ मूहूर्त्त में आरम्भ करके निम्न मन्त्र का श्रद्धापूर्वक भगवान् शंकर का एवं शनि के रूप का ध्यान करते हुए 23 हज़ार संख्या पूर्ण करने के पश्चात् उसी मन्त्र सहित दशांश की संख्या में हवन करने से शुभ प्रभाव पड़ता है।

तन्त्रोक्त शनि मन्त्र—ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः (जप संख्या 23,000)

शनि के दान योग्य वस्तुएँ—नीलम, लोहा, तिल, उड़द (माश), सरसों का तेल, काला वस्त्र, काली गाय, कुल्थी, लौह निर्मित पात्र, जूता, भैंस, कस्तूरी, सुवर्ण, नारियल, काले अथवा नीले पुष्प, फल, दक्षिणा इत्यादि।

उपाय—शनि शुभ होता हुआ भी शुभफल प्रकट न कर रहा हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे—

(1) सोने की अँगूठी में नीलम धारण करें। उसके अभाव में नाव के कील की अँगूठी अथवा काले घोड़े के नाल (खुरों) की अँगूठी बनवाकर मध्यमा अंगूली में धारण करें।

(2) घर में नीले रंग के पर्दे तथा नीले रंग की चादरों का प्रयोग करना और स्वयं भी बहुधा नीले रंग के वस्त्रों का प्रयोग करना शुभ होगा। जब कुण्डली में शनि नीच या अरिष्टकर फल प्रकट कर रहा हो तो निम्न उपाय करें—

(3) शनिवार का व्रत और दशरथकृत 'शनि स्तोत्र' का पाठ करें।

(4) स्टील या लोहे की कटोरी में तेल का छाया-पात्र करके तेल पाँच शनिवार तक आक के पौधे पर अथवा **'शनि मन्दिर'** में डालना शुभ होगा। 5वें शनिवार को तेल चढ़ाने के बाद तेल वाली कटोरी को वही दबा देना या वही चढ़ा देना शुभ होगा। तेल चढ़ाते समय शनि का बीज मन्त्र पढ़ें।

◆राहु शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में राहु अशुभ फलदायक हो तो निम्नलिखित मन्त्र का 18,000 की संख्या में जाप करके दशमांश का हवन करें—

मन्त्र—ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः (जप संख्या 18,000)

राहु दान योग्य वस्तुएँ—सप्तधान्य, गोमेद, सीसा, काला घोड़ा, तिल, तैल, सोने या चाँदी का सर्प, उड़द, खड्ग (तलवार), कवच, नीला वस्त्र, काले रंग के पुष्प, नारियल, दक्षिणा आदि।

उपाय—अशुभ राहु या राहु की महादशा या अन्तर्दशा में निम्नलिखित उपाय करें—

(1) काले व नीले वस्त्र पहनने से परहेज़ करें तथा चाँदी की चेनी व लॉकेट पहनना शुभ होगा।

(2) चापाती को खीर लगाकर कौओं को एवं काले रंग की गाय को खिलाएँ।

(3) काले तिल, कच्चा कोयला, नीले रंग के ऊनी कपड़े में बाँधकर शनिवार अथवा राहु के नक्षत्रों में घर के आंगन में दबाना शुभ होगा। अथवा नीले वस्त्र के बांधे रूमाल को राहु मन्त्र पढ़ते जल में प्रवाह कर देवें।

◆केतु शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुण्डली में केतु अशभु फलकारी हो तो किसी शुभ मुहूर्त्त में नीचे लिखे मन्त्र की 17 हज़ार की संख्या में जाप करें तथा दशमांश का हवन करें।

मन्त्र—ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः (जप संख्या 17,000)

केतु की दान योग्य वस्तुएँ—लहसुनिया, लोहा, बकरा, नारियल, तिल, सप्तधान्य, धूम्र (धुएँ जैसा) वर्ण का वस्त्र, कस्तूरी, लौह चाकू, कपिला गाय, दक्षिणा सहित।

उपाय—(1) केतु की शान्ति के लिए श्री गणेश चतुर्थी का व्रत रखें तथा श्रीगणेश पूजन तथा लड्डुओं का भोग लगाना शुभ होगा।

(2) काले वस्त्र में बाँधकर काले व सफेद तिल चलते पानी में बहाना।

(3) रंग-बिरंगी (चितकबरी) गाय की सेवा करना एवं रंग-बिरंगे कुत्ते को दूध व चापाती (Bread) डालना।

स्त्री जातक विचार

(विवाह, सन्तान आदि सम्बन्धी विशेष योग)

ज्योतिष तत्त्व (फलित) भाग दो से उद्धृत

आजकल परिवर्तित परिस्थितियों में लड़कियां भी पुरुषों के समान उच्च विद्या प्राप्त करके लगभग प्रत्येक क्षेत्र में उच्च पद की नौकरी अथवा व्यवसाय करते हुए अपने परिवार एवं समाज में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस प्रकार परिवारिक एवं आर्थिक, दोनों क्षेत्रों में अपना उत्तरदायित्व सफलतापूर्वक निभा रही हैं। इसलिए स्त्री सम्बन्धित ज्योतिष के अनेक प्राचीन योगों को आधुनिक सन्दर्भों में विश्लेषण करके वर्णित करने की विशेष आवश्यकता है। आगे स्त्री जातक सम्बन्धी कुछ विशेष योग दिए जाते हैं। ध्यान रहे, स्त्रियों सम्बन्धी फलादेश जन्म लग्न के अतिरिक्त चन्द्रमा को भी लग्न मानकर करना चाहिए।

(1) यदि स्त्री की कुण्डली में लग्न व चन्द्रमा समराशि में हों, तो स्त्री पतिव्रता, सुन्दर, सुशील, चरित्रवान्, गुणवती एवं रूपवती होती है। यदि समराशिस्थ लग्न व चन्द्रमा शुभ ग्रहों से दृष्ट हो,तो स्त्री अनेक गुणों से युक्त तथा सुवर्ण आभूषण, अलंकारों, भूमि एवं वाहन आदि सुखों से युक्त होती हैं—

प्रकृतिस्था लग्नेन्द्वोः समभे सच्छोलरूपाढया।
भूषण गुणैरूपेता, शुभवीक्षितयोश्च युवतिः स्यात् ॥ सारावली॥

(2) यदि स्त्री की कुण्डली में लग्न व चन्द्रमा विषम राशि में हों, तो स्त्री पुरुष की आकृति के समान मुखाकृति वाली एवं पुरुषों जैसे कठोर स्वभाव से युक्त एवं स्वाभिमानी परन्तु परेशानियों से घिरी रहने वाली होगी। यदि विषम राशिस्थ लग्न व चन्द्र पाप (क्रूर) ग्रहों से युक्त या दृष्ट हों, तो स्त्री कुटिल बुद्धि की, पति से उग्र (क्रोधपूर्ण) व्यवहार करने वाली, नियन्त्रण में न रहने वाली, पर पुरुष में चेष्टा रखने वाली तथा दूसरों से ईर्ष्या व द्वेष करने वाली होती है।

(3) यदि लग्न और चन्द्रमा विषम राशि में हों तथा वह शुभ ग्रह से युक्त व उन्हें शुभ ग्रह देखते हों, तो स्त्री मिश्रित (शुभाशुभ) गुणों वाली, पुरुष-स्त्री मिश्रित आकृति, स्थिर, चाल और मिश्रित बुद्धि वाली होती है।

(4) लग्न व चन्द्रमा में से जो अधिक बली हो, उससे स्त्रियों की देह का शुभाशुभ फल का विचार करे। सप्तम भाव से पति के सुख एवं सौभाग्य का, अष्टम से पति की मृत्यु का तथा पंचम भाव से सन्तति का विचार करें—

वैधव्यं निधने चिन्त्यं शरीरं जन्मलग्नतः। सप्तमे पतिसौभाग्यं पंचमे प्रसवस्तथा॥

(5) यदि 1, 4, 5, 7 एवं 12वें भावों में शुभ ग्रह हों, तो ऐसी स्त्री अपने पति के वश में रहती है तथा उसका पति भी उसके वश में रहता है तथा पति-पत्नी में अच्छा प्रेम रहता है।

6. वैधव्य योग—(क) जिस स्त्री की कुण्डली में सप्तमेश अष्टम स्थान में बैठा हो और अष्टमेश सप्तम स्थान में बैठा हो और वे पापग्रह से युक्त या दृष्ट हों, तो स्त्री को वैधव्य योग होता है।

(ख) जब सप्तमेश तथा अष्टमेश छठे या बारहवें भावों में पापग्रह के साथ पड़े हों, तो ऐसी स्त्री को वैधव्य अथवा पति के सुख में कमी होती है।

सप्तमेशोऽष्टमे यस्याः सप्तमे निधनाधिपः। पापेक्षणयुताद् वाला वैधव्यं लभते ध्रुवम्। सप्तमाष्टपती षष्ठे व्यये वा पापपीडितो। तदा वैधव्यमाप्नोति नारी नैवात्र संशयः॥

(ग) लग्न अथवा चन्द्रमा से सप्तम अथवा अष्टम स्थान में पापग्रह होने से स्त्री को वैधव्य होने की सम्भावना होती है।

(घ) यदि दो पापग्रह सप्तम स्थान में हों, तो स्त्री काम से पीड़ित, विधवा और कुल का क्षय करने वाली होती है।

(ङ) यदि तीन पापग्रह सप्तम स्थान में हों, तो स्त्री कुलटा तथा परपुरुष गामिनी एवं पति की घातिनी होती है।

(च) सप्तम स्थान में राहु नित्य अरिष्ट करके स्त्री की हानि करता है।

(छ) लग्न से अष्टम क्रूर ग्रह, नीच, शत्रु या पापवर्गों में हों, तो पति की आयु के लिए अरिष्टकर होता है

क्रूर व्योमचरः स्त्रीणामष्टमस्थो विलग्नतः। नीचारिपाप वर्गेषु पत्युः मृत्यु करः स्मृतः॥

इसके अतिरिक्त 8वें एवं 12वें स्थानों पर पापयुक्त मंगल हो, लग्न में राहु हो, तो भी वैधव्य की सम्भावना होती है. यदि लग्न में सूर्य, मंगल अथवा शनि हो, तो भी दुर्भाग्य युक्त होती है—

व्ययाष्टगे कुजे क्रूरयुते राहौ विलग्नगे। रण्डाथ लग्नगे सूर्ये वा भौमे वा दुर्भगाशनौ।

(झ) चन्द्रमा से सप्तम एवं अष्टम स्थान में पापग्रह हों, अथवा कन्या अमावस्या के दिन उत्पन्न हुई हो, तो पति के सुख में कमी रहती है। यदि चन्द्रमा पापग्रह से युक्त अथवा पापग्रहों के मध्य में हो, तो भी पति सुख में कमी होती है।

7. यदि लग्न अथवा चद्रमा से सप्तम स्थान में शुभग्रह अथवा सप्तमेश हो, तो वैधव्य दोष, सन्तानहीन सम्बन्धी एवं विषकन्या सम्बन्धी दोषों एवं विषकन्या सम्बन्धी दोषों का नाश हो जाता है।

लग्नात् विधोर्वा यदि जन्मकाले शुभग्रहो वा मदनाधिपस्च।
घूनस्थितो हन्ति अनपत्यदोषं वैधव्य दोषं च विषांगनाख्यम्॥

8. किसी जातिका के गुरु नवम, पंचम या केन्द्र में स्थित हो अथवा उच्चादि स्थिति में हों, तो जातिका शील से युक्त, (सुशील), साध्वी, सुपुत्र आदि सुखों से युक्त, पति को सुख देनें वाली, गुणवती और निश्चय ही दोनों कुलों का यश बढ़ाने वाली होती है।

वाचस्पतौ नवमपंचम केन्द्र संस्थे तुंगादिके भवति शीलसमन्विता च।
साध्वी सुपुत्र जननी सुखिनी गुणढयां नूनं कुल द्वययशस्कारिणी भवेत्सा॥ जा. पा.

9. यदि कुण्डली में शुभ ग्रह लग्न को देखते हों, तो स्त्री शिल्प, कला, संगीत आदि कलाओं की जानकार, शुद्ध चित्त वाली, स्त्रियोचित लज्जावान्,रमणीय मूर्ति, पुत्रवती, पति की प्रिया, धन-वाहन आदि सुखों से युक्ता, पति के प्रति समर्पित तथा शुभ लक्षणोंसे युक्त होती है।

10. यदि सप्तम भाव में शुभ राशि, शुभ ग्रहों का योग, शुभ ग्रह की दृष्टि एवं शुभ ग्रह का नवांश हो, तो उस स्त्री को आकर्षक व्यक्तित्व वाला, यश, विद्या, धन-सम्पदा आदि से युक्त, उच्चप्रतिष्ठित पति मिलता है। यदि इसका उलटा हो, अर्थात् सप्तम भाव मध्य पर अशुभ राशि, अशुभ नवांश हो, तो कुत्सित शरीर वाला, चालाक तथा साधनहीन पति मिलता है।

11. किसी स्त्री की कुण्डली के सप्तम भाव में सूर्य सिंह राशि में हो अथवा सप्तम भाव सम्बन्धी ही सिंह का नवांश हो, तो ऐसी स्त्री का पति सुन्दर, कामुक परन्तु क्रोधी होता है।

12. यदि सप्तम भाव में कर्क राशि का चन्द्रमा हो, अथवा सप्तम भाव सम्बन्धी कर्क नवांश हो, तो उस जातिका का पति कामुक, सुख साधनों से युक्त परन्तु मृदु स्वभाव का होता है।

13. सप्तम भाव मं मंगल मेष या बृश्चिक राशि का हो, अथवा सप्तम भाव सम्बन्धी ग्रह का नवांश हो, तो ऐसी कन्या को सुन्दर, विद्वान, धनी एवं योग्य पति मिलता है।

15. यदि गुरु सप्तम भाव में धनु या मीन राशिगत हो, अथवा सप्तम भाव सम्बन्धी गुरु का नवांश हो, तो ऐसी कन्या का पति उच्च विद्या प्राप्त, प्रतिष्ठित, विद्वान एवं गुणवान् होता है।

16. यदि शुक्र वृष या तुला राशिगत सप्तम भाव में अथवा सप्तम भाव सम्बन्धी शुक्र का नवांश हो,तो ऐसी कन्या का पति सुन्दर व्यक्तित्व, रोमांटिक, संगीत, गायन अभिनय आदि कलाओं का शौकीन होता है।

17. यदि शनि सप्तम भाव में मकर या कुम्भ राशिगत हो अथवा नवांश कुण्डली में सप्तम भाव से सम्बन्धित ग्रह की राशि हो, तो ऐसी कन्या का पति अधिक आयु का दिखने वाला, चिन्तनशील एवं सदा परेशानियों से घिरे रहने वाला होता है।

विवाह में विलम्ब योग—

(क) द्वितीय (कुटुम्ब) भाव तथा सप्तम भाव में सूर्य, मंगल, शनि, राहु, केतु आदि क्रूर ग्रह पड़े हों, तो कन्या के विवाह में विलम्ब एवं विघ्न होते हैं।

(ख) सप्तमेश अष्टम में हो एवं अष्टमेश सप्तम में होकर दोनों में राशि परिवर्तन हो, तो भी विवाह कार्य में अनावश्यक विलम्ब होते हैं।

(ग) चन्द्रमा या राहु सप्तम भाव में हो तथा सप्तमेश ग्रह तथा गुरु का सम्बन्ध दु:स्थानों (6, 8, 12वें) में हो, तो विवाह में विलम्ब होता है।

(घ) सप्तम, अष्टम एवं द्वितीय भावों में पापग्रह पड़ें हों तो तथा अष्टमेश पंचम भाव में हो, तो भी वैवाहिक सुख में विलम्ब होते हैं।

(ङ) सप्तमेश एवं चन्द्र दोनों पापग्रह से युक्त तथा पाप ग्रहों से दृष्ट हों, तो भी वैवाहिक सुख में विलम्ब अथवा कमी रहती है। देखें उदाहरण कुण्डली संख्या नं० 103। 'ज्यो. तत्त्व', फलित भाग-दो

(च) सप्तम भाव पर भौम आदि पाप ग्रह की दृष्टि हो, सप्तमेश एवं लग्नेश पर शनि की क्रूर दृष्टि हो तथा पंचम भाव भी दूषित हो, तो विवाह में विशेष विलम्ब होता है। प्रस्तुत कुण्डली की जातिका अमावस तिथि को मीन लग्न में उत्पन्न हुई है। कुण्डली में सप्तम भाव पर मंगल की अशुभ दृष्टि है तथा सप्तमेश बुध एवं सूर्य, गुरु आदि पर भी शनि की वक्री दृष्टि पड़ रही है। पंचम भाव में केतु तथा उस पर पुनः शनि की क्रूर दृष्टि और पंचमेश चन्द्र का अष्टम भाव में होना इत्यादि कारणों से 32 वर्ष की आयु तक भी कन्या का विवाह नहीं हो पाया है। इसके अतिरिक्त (क्षीण चन्द्र) अमावस तिथि में उत्पन्न कन्या के विवाह सुख में विलम्ब या विघ्न होते पाए जाते हैं।

उदाहरण कुण्डली
जन्म 17-11-1971 ई.

(छ) विवाह एवं सन्तानकारक ग्रह अकेला सप्तम भाव में हो तथा उस पर मंगल, शनि आदि ग्रहों की अशुभ दृष्टि पड़ती हो, तो भी जातिका का विवाह विलम्ब से होता है। प्रस्तुत कुण्डली की जातिका जिसका जन्म 29 नवं., 1963 ई. में हुआ—का विवाह 34 वर्ष की आयु में हुआ, उस समय इसको चन्द्र मध्ये शुक्र की अन्तर्दशा चल रही थी।

उदाहरण कुण्डली
जन्म 29-11-1963 दिल्ली

सन्तान योग—

(क) स्त्री की कुण्डली में उपचय स्थान (3, 6, 10 एवं 11वें) में गोचरवश बलवान् चन्द्र व मंगल आ जावे अथवा स्वराशि या स्वनवांश में आने पर उस मास एवं उस दिन में स्त्री को गर्भ स्थिति होनी सम्भव होती है।

(ख) पंचम भाव पर शुभ ग्रह की दृष्टि हो, पंचमेश केन्द्र या त्रिकोण में होकर शुभ ग्रह से दृष्ट हो, तो उस स्त्री को पुत्र सन्तान अधिक होती है।

(ग) पंचम भाव में चन्द्र, शुक्र या शनि हो, तो कन्या सन्तति अधिक होती है।

(घ) पंचम में जितने ग्रह हों और इस स्थान पर जितने ग्रहों की दृष्टि हो, उतनी संख्या में सन्तान संख्या जाननी चाहिए। पुरुष ग्रहों के योग और दृष्टि से पुत्र और स्त्री ग्रहों के योग और दृष्टि से कन्या सन्तति की संख्या का अनुमान करना चाहिए।

(ङ) सूर्य, गुरु, मंगल तथा पंचमेश ग्रह—ये चारों पुरुष राशि के नवांश में हों अथवा कुण्डली में पुरुष ग्रहों से युक्त या दृष्ट हों, तो पुत्रों की संख्या अधिक होती है।

(च) पंचम में स्त्री ग्रह हों अथवा पंचमेश स्त्री ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, नवम में भी शुक्र हो, तो कन्या सन्तति अधिक होती है।

(छ) पंचम, अष्टम या 12वें भावों में पापग्रह हों, तो सन्तान सुख में कमी होती है।

★ लग्न में चन्द्र-गुरु का योग हो तथा सातवें भाव में शनि या मंगल हो तो सन्तान अभाव का योग होता है।

★ सातवें भाव में बुध-शुक्र, चतुर्थ भाव में पाप ग्रह और पंचम भाव में अकेला गुरु हो, तो पुत्र सन्तान प्रतिबन्धक योग होता है।

★ लग्नेश, पंचमेश और नवमेश—ये तीनों ग्रह शुभग्रह से युक्त होकर 6, 8, या 12वें भाव में पड़े हों, तो विलम्ब से सन्तान होती है।

★ पंचम या पंचमेश द्वारा ग्रहीत राशि का स्वामी, पंचमेश द्वारा अधिष्ठित नवांश राशि का स्वामी अथवा गुरु स्थित राशि के स्वामी की महादशा या अन्तर्दशा में पुत्र सन्तान प्राप्ति के योग होते हैं।

नोट—और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए विवाह एवं सन्तान सम्बन्धी हमारी शीघ्र ही प्रकाशित होने वाली ''सुतभाव प्रकाश'' फलित नामक पुस्तक की प्रतीक्षा करें।

विवाह एवं सन्तान सुख में बाधक अनिष्ट ग्रह और उनके उपाय—

20. (क) सूर्य पंचम या सप्तम भाव में नीच (तुला) राशि का होकर पड़ा हो, तथा नवांश कुण्डली में सूर्य शनि की राशि में होकर पाप पीड़ित हो, अथवा सूर्य अष्टम भाव में, शनि पंचम में तथा पंचमेश राहु से युक्त हो, अथवा गुरु सिंह राशि में हो, पंचम भाव में पाप ग्रह हों तथा पंचमेश सूर्य के साथ हो, तो पितृ श्राप/दोष के कारण विवाह एवं सन्तान सुख में कमी होती है।

(ख) सूर्य, गुरु एवं सप्तमेशया पंचमेंश राहु, शनि, केतु आदि पाप ग्रहों से युक्त या आक्रान्त हों, तो भी पितृ दोष के कारण सन्तानाभाव या सुख में कमी होती है।

(ग) सप्तम/सप्तमेश एवं पंचमेश, पंचम या नवम भाव में चन्द्रमा राहु, शनि या मंगल आदि पापग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, तो मातृ श्राप के कारण विवाह एवं सन्तान सुख में विलम्ब होता है।

(घ) निष्कर्षतः—विवाह या सन्तान बाधाकारक **सूर्य हो**, तो भगवान् शंकर और गरुड़ के क्रोध के कारण अतवा पितरों के श्राप का फल है। यदि विवाह या सन्तान में प्रतिबन्धक **चन्द्रमा** है, तो माता या किसी अन्य स्त्री के चित्त को दुख पहुंचाने के कारण या भगवती का शाप या (अनादर) विवाह या सन्तान सुख में बाधाकारक होता है—

द्रोहात् शंभु सुपर्णयो हि सुतः शापात् पितृणां रवेः,
इन्दोःमातृ सुवासिनी भगवती कोपात् मनोदोषतः।

यदि मंगल विवाह सुख बाधक हो, तो ग्राम देवता, भगवान् कार्तिकेय स्वामी की अवज्ञा करने से अथवा भाई बन्धुओं के श्राप से या गौओं के प्रति दुष्ट व्यवहार से वैवाहिक कष्ट होता है।

यदि बुध विवाह/संतति सुख में बाधक हो, तो बिल्ली को मारने, मछलियों या किसी अन्य प्राणियों के अण्डों को नष्ट करने या छोटे बालक, बालिका के श्राप से या भगवान विष्णु के कोप से विवाह कष्ट होता है। यदि कुण्डली में गुरु (बृहस्पति) विवाह या सन्तान सुख में बाधाकारक हो, तो यह समझना चाहिए कि जातक ने पिछले जन्म अपने कुल गुरु या कुल पुरोहित का अपमान किया है या पूर्व जन्म में फलदार वृक्षों को काटा है।

यदि जन्म कुण्डली में शुक्र के कारण सन्तान सुख में बाधा हो, तो उस व्यक्ति ने किसी फूलों वाले वृक्षों को कटवाया है, या गाय के प्रति कोई पाप किया है, अथवा किसी साध्वी स्त्री के श्राप से ऐसा हुआ है। ऐसी स्थिति में प्रायः यक्षिणी का श्राप समझना चाहिए। यदि जन्म कुण्डली में विवाह या सन्तान भाव शनि के कारण दूषित हुआ है, तो समझिए कि जातक/जातिका ने पीपल के पेड़ कटवाए हैं और यमराज, प्रेत, पिशाच पितरों आदि के श्राप से विवाह या सन्तान कष्ट हुआ है।

यदि विवाह या पंचम में राहु हो, या वह इन भावों के स्वामी को दूषित करता हो, और उसके कारण विवाह या सन्तान सुख में बाधा हो रही हो, तो सर्प के शाप का प्रभाव समझें। यदि केतु के कारण विवाह आदि सुख में कमी हो, तो उसमें हेतु ब्राह्मण का शाप समझना चाहिए। जिस ग्रह के कारण विवाह / सन्तान आदि सुख में कमी आती हो, उस ग्रह सम्बन्धी जप, दान एवं सम्बन्धित दोष का प्रतिकार करना चाहिए। जैसे सूर्य विवाह या सन्तान सुख में बाधक हो, तो अपने पित्तरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण, दान एवं ब्राह्मण भोजन करवाना चाहिए। अनिष्ट ग्रहों के उपायों सम्बन्धी विस्तृत जानकारी के लिए हमारे कार्यालय से शीघ्र प्रकाशित होने वाली **''अनिष्ट ग्रह और चमत्कारी उपाय''** नामक पुस्तक की प्रतीक्षा करें।

विवाह में विलम्ब निवारक विशेष उपाय

हमारे प्राचीन ज्योतिष आचार्यों ने मनुष्य जीवन में मिलने वाले कष्टों एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में अनुकूलता लाने के लिए अनेक प्रकार के उपायों को ग्रहण करने के परामर्श दिए हैं, जैसे रत्न धारण करना, श्री भगवत् स्तुति, मन्त्र-जाप, तन्त्र, यन्त्र, शुभमुहूर्त एवं औषधि प्रयोग, व्रतोपासना, दान, हवन-यज्ञादि अनुष्ठान, औषधि स्नान इत्यादि। स्थानाभाव के कारण यहाँ पर सभी सम्भव उपायों का वर्णन करना सम्भव नहीं, तथापि कुछेक प्रयोग देंगे। अधिक जानकारी के लिए उपायों सम्बन्धी हमारी शीघ्र प्रकाशिताधीन पुस्तक का अध्ययन करें।

प्रयोग (१) : श्री दुर्गा या गौरां के मन्दिर में अथवा अपने घर में किसी पवित्र स्थान पर माता की मूर्ति स्थापित करके उसके सम्मुख शुद्धासन पर बैठकर प्राणायाम, आचमन एवं पवित्रीकरण आदि के मन्त्र पढ़कर शुद्ध चित्त होकर एक माला अथवा कम-से-कम २१ बार निम्नलिखित मन्त्र पढ़ें। पाठ करते समय पास में लाल पुष्प, देसी घी ज्योत, नारियल, प्रसाद एवं जल से भरी गड़वी पास रखनी चाहिए।

ॐ सर्व मङ्गल माङ्गल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तुते ॥१॥

इसके पश्चात् निम्नलिखित मन्त्र की भी एक माला का पाठ करना चाहिए। ऐसा नियमित रूप से ३१ दिन तक करें—

**मन्त्र—''हे माते ! त्वं शक्तिस्त्वं स्वधा स्वाहा त्वं सावित्री सरस्वती।
पतिं देहि गृहं देहि सुतान् देहि नमोऽस्तुते'' ॥ २ ॥**

जप का अनुक्रम बीच में ही छोड़ नहीं देना चाहिए। यदि अस्वस्थता आदि के कारण किसी दिन पाठ न कर सकें, तो आपके स्थान पर आपकी माता, बहन आदि कोई निकटस्थ बन्धु भी कर सकता है। ३१ दिन पूर्ण हो जाने पर उद्यापन के रूप में किसी ब्राह्मण दम्पत्ति को भोजन, मिष्ठान्न एवं दक्षिणा सहित खिलाना चाहिए। इसी बीच गौओं को मीठी चापातियाँ, कौओं एवं कुत्तों को तैल से चुपड़ कर चापातियाँ भी डालनी चाहिएं। सब कार्य श्रद्धापूर्वक करना चाहिए। भगवती माँ की कृपा से विवाह/सन्तान आदि की कामना अवश्य पूरी होगी। यदि किसी कारणवश विलम्ब रहे, तो उपरोक्त उपाय की पुनरावृत्ति करनी चाहिए।

प्रयोग (२) : ऊपरलिखित द्वितीय (२) मन्त्र के स्थान पर निम्नलिखित प्रचलित मन्त्रों का पाठ भी किया जा सकता है—

(क) ॐ कात्यायनि महामाये महायोगिनी अधीश्वरी।
नन्दगोपसुते देवि ! पतिं मे कुरू ते नमः ॥ (भागवत)

(ख) हे गौरि शंकर अर्धाङ्गि यथा त्वं शंकर प्रिया।
तथा मां कुरू कल्याणि कान्तकान्तां सुदुर्लभाम् ॥

इसके अतिरिक्त कई अन्य विशिष्ट उपाय (लड़की या लड़के के विवाह, सन्तान सम्बन्धी विलम्ब एवं विघ्नों के निवारण हेतु) हमारी उपायों सम्बन्धी शीघ्र प्रकाशनाधीन पुस्तक मँगवाकर लाभ उठाएँ।

—पण्डित पन्ना लाल ज्योतिषी

वास्तु दोष निवारण हेतु विशेष उपाये

यदि आपका भवन/निवास स्थान वास्तु सिद्धान्त के विपरीत हो तो कुछ निम्न दैनिक दिनचर्या में परिवर्तन कर आप शुभ फल प्राप्त तथा अनिष्ट प्रभाव से बच सकते हैं।

1. जब भी पानी पीएं अपना मुख उत्तर-पूर्व की ओर रखें।
2. जब भी भोजन ग्रहण करें थाली दक्षिण-पूर्व की ओर रखें और पूर्वाभिमुख होकर भोजन करें।
3. जब भी सोएं दक्षिण-पश्चिम कोण में दक्षिण की ओर सिरहाना करके सोने से नींद गहरी और अच्छी आती है।
4. जब भी पूजा करें तो मुख उत्तर-पूर्व या उत्तर-पश्चिम की ओर करके बैठें।
5. सम्यक उन्नति हेतु लक्ष्मी, गणेश, कुबेर, स्वास्तिक, ॐ, मीन, एवं आदि मांगलिक चिह्न मुख्यद्वार के ऊपर स्थापित करें।
6. यदि घर में कोई पूजा-स्थल नहीं है तो उस उत्तर-पूर्व (ईशान) कोण में रखें।
7. दक्षिण-पूर्व, उत्तर-पश्चिम या दक्षिण-पश्चिम कोण में कुआं या ट्यूबवैल है तो उसे भरवाकर उत्तर-पूर्व कोण में ट्यूबवैल या कुआँ खुदवाएँ। अन्य दिशा में कुएँ को भरवा न सकें तो उसे प्रयोग में लाना बन्द कर दें अथवा उत्तर-पूर्व में एक ओर ट्यूबवैल या कुआँ लगवाएँ जिससे वास्तु का सन्तुलन हो सके।
8. दक्षिण-पश्चिम दिशा में अधिक दरवाज़े और खिड़कियां हों तो उन्हें बन्द करके उनकी संख्या कम कर दें।
9. रसोईघर गलत स्थान पर हो तो अग्निकोण में एक बल्ब लगा दें और सुबह-शाम उसे अनिवार्य रूप में जलायें।
10. बीम के दोष को शान्त करने के लिए बीम को सीलिंग टॉयल्स से ढंक देवें। बीम के दोनों और बाँस की बाँसुरी लगायें।
11. दुकान की शुभता बढ़ाने के लिए प्रवेश द्वार के दोनों ओर गणपति की मूर्ति या स्टिकर लगायें। एक गणपति की दृष्टि दुकान पर पड़ेगी, दूसरे गणपति की बाहर की ओर।
12. द्वार दोष और वेध दोष को दूर करने के लिए शंख, सीप, समुद्र झाग, कौड़ी, ताम्बे या सोने की तुश लाल कपड़े में या मोली में दरवाज़े पर लटकायें।
13. यदि दुकान में चोरी होती हो या अग्नि लगती हो तो भौम यन्त्र की स्थापना करें। यह यन्त्र पूर्वोत्तर कोण या पूर्व दिशा में, फर्श के नीचे दो फीट गहरा गड्ढा खोदकर स्थापित किया जाता है।
14. घर के सभी प्रकार के वास्तु दोष दूर करने के लिए मुख्य द्वार पर एक ओर केले का वृक्ष, दूसरी ओर तुलसी का पौधा गमले में लगायें।
15. यदि प्लाट खरीदे हुए बहुत समय हो गया हो और मकान बनने का योग न आ रहा हो तो उस प्लाट में अनार का पौधा पुष्य नक्षत्र में लगायें।
16. घर के दरवाज़े पर घुड़नाल (लोहे की) लगायें। यह अपने आप गिरि होनी चाहिए।
17. अगर आपका घर चारों और बड़े मकानों से घिरा हो तो उनके बीच बाँस का लम्बा फ्लेग लगायें या कोई बहुत ऊँचा बढ़ने वाला पेड़ लगायें।
18. फैक्ट्री-कारखाने के उद्‌घाटन के समय चाँदी का सर्प पूर्व दिशा में जमीन में स्थापित करें।
19. घर में अखण्ड रूप से श्री रामचरितमानसके नौ पाठ करने से वास्तुजनित दोष दूर हो जाता है।
20. घर में नौ दिन तक अखण्ड भगवन्नाम-कीर्तन करने से वास्तुजनित दोष का निवारण हो जाता है।
21. मुख्य द्वार के ऊपर सिन्दूर से स्वस्तिक का चिह्न बनायें। यह चिह्न नौ अंगुल लम्बा तथा नौ अंगुल चौड़ा होना चाहिए। घर में जहाँ-जहाँ वास्तु दोष हो, वहाँ-वहाँ यह चिह्न बनाया जा सकता है।

इन नियमों को व्यवहार में लाकर सुख-समृद्धि को अपनी अंगशयनी बनाएं।

—वास्तुदोष शान्ति के लिए उपयोगी मंत्र—

ॐ नमस्तेवास्तु देवेश सर्वदोष हर भव सुखं देहि, शान्ति देहि, सर्वकामान् प्रयच्छ मे।

ॐ वास्तु पुरूषाय नमः ॥

कार्तिक शान्ति हेतु एक विशेष प्रयोग

कार्तिक प्रसूताजन्य दोष की शान्ति के लिए प्राचीन कर्मकाण्डी ब्राह्मणों द्वारा एक अन्य विशेष प्रभावी प्रयोग का प्रचलन मिलता है—इसके अनुसार कार्तिक मास में सम्भावित बच्चे को जन्म देने वाली माता के अभिषेक के लिए आश्विन मास में ही (विशेषकर आश्विन शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से त्रयोदशी तक) ताम्र या मिट्‌टी के घड़े में स्वच्छ जल आपूरित करके उसमें देवदारू, इलायची, केशर, खश, रक्तपुष्प, रक्तचंदन, कनेर पुष्प, कुशा, गंगाजल आदि डालकर ऊपर महीन लालवस्त्र मौली से बाँध दें। दिन के समय धूप में उस घड़े को रख दिया करें। तदनन्तर कार्तिक मास में जन्म होने के पश्चात् स्त्री द्वारा (लगभग 11 दिन बाद) शुद्ध स्नान करने के पश्चात् घड़े के जल को अतिरिक्त स्वच्छ जल में मिलाकर अभिषेक मन्त्रों द्वारा स्नान करने से कार्तिक मास जन्य प्रसूतास्त्री तथा बालक के अरिष्ट की शान्ति होती है। इसके अभिषेक के पश्चात् भी ब्राह्मण को भोजन, वस्त्र,फलादि का दान करना चाहिए। अभिषेक के पश्चात् मिट्‌टी के घड़े को चलते पानी में बहा देना चाहिए। यदि ताम्र का घड़ा हो, तो ब्राह्मण को दान कर देना चाहिए।

यदि कार्तिक मास रहते ही कार्तिक-प्रसूता स्त्री एवं शिशु की शान्ति (किसी कारणवश) न करवाई जा सकी हो, तो फिर **बालक के प्रथम, द्वितीय आदि जन्मदिन** पर कार्तिक शान्तिः करवाने का विधान है। जन्मदिन से पूर्व प्रत्येक **संक्रान्ति** को बालक एवं उसकी माता को धर्म स्थान में ताम्र पात्र सहित कनक या दलिया, लाल-वस्त्र, गुड़, लाल फलादि का दान संकल्पपूर्वक करना चाहिए तथा प्रतिदिन सूर्यदेव को मंत्रपूर्वक अर्घ्य व सूर्य गायत्री, शिव सहस्रणाम एवं महामृत्युंजय आदि मन्त्रों का जाप करते रहना चाहिए।

कार्तिक प्रसूता-शान्ति वास्तव में भगवान् सूर्य की पूजा के माध्यम से कार्तिक मास में शान्ति कर्म करना अभीष्ट होता है। कार्तिक मास में जन्म होने पर यदि उसी मास के भीतर शान्ति कार्य न हो सकता हो, तो कार्तिक मास के बचे शेष दिनों में आदित्य हृदय स्तोत्र, सूर्याष्टक, सूर्यकवच, सूर्यगायत्री, सूर्य चालीसा, महामृत्युञ्जय मंत्र का पाठ एवं नित्य प्रति सूर्यार्घ्य, सूर्य के द्वादश नमस्कार नाम आदि मांगलिक मन्त्रों का पाठ एवं दानादि करना आरोग्यवर्द्धक एवं कल्याणकारी होता है। इसके अतिरिक्त आगामी जन्म मास एवं जन्मदिन पर कार्तिक महात्म्य का पाठ एवं बालक का अनाज द्वारा तुलादान (संकल्पपूर्वक) करवाकर ब्राह्मण भोजन के बाद वस्त्र, फल, मिष्ठान्न एवं दक्षिणा सहित दान करवाना कल्याणप्रद होता है। सूर्य सम्बन्धी और अधिक विस्तृत उपायों एवं जानकारी के लिए हमारी शीघ्र प्रकाश्य पुस्तक "अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय" का अध्ययन करें।

व्यापारिक वस्तुओं तथा शेयरों में मन्दा-तेजी-सन् 2010 ई०

वायदा व्यापारियों के लिए आवश्यक सुझाव—व्यापारिक वस्तुओं अथवा जिन्सों के दैनिक उतार-चढ़ाव के अध्ययन के बाद ही वस्तुओं का क्रय-विक्रय करना सफल व्यापार की कुंजी है। संसार के सभी पदार्थों पर प्रभाव रखने वाले ग्रह होते हैं तथा अपने में सभी पदार्थों का समावेश करने वाली राशियां होती हैं। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशि-भोग करता है, तो उसकी हर गति का प्रभाव हर वस्तु पर पड़ता है, क्योंकि उस समय वे पदार्थ उस ग्रह के प्रभाव में रहते हैं और वस्तु के मूल्यों में जो परिवर्तन (घटाबढ़ी) होता है, उसे हम तेज़ी-मन्दी कहते हैं।

ज्योतिष शास्त्र का वायदा-व्यापार से गहरा सम्बन्ध है। ध्यान रहे, हाज़िर एवं वायदा बाज़ार पर राजनीतिक, सामाजिक, प्राकृतिक एवं आजकल अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं का प्रभाव भी अवश्य रहता है। इसके अतिरिक्त कुशल व्यापारी को अपनी वर्तमान विंशोंतरी ग्रह दशा तथा आथिक सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए ही व्यापार करना चाहिए। जन्म / वर्ष कुण्डली में हानिप्रद या अनिष्ट ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। अनुकूल ग्रहदशा जातक को व्यवसाय में विपुल धन लाभ तथा प्रतिकूल ग्रह दशा अकस्मात् धन हानि करवा सकती है। सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी कि हानि साधारणतया उठा सकने का सामर्थ्य हो।

गत वर्षों सन् 2007, 2008, 2009 ई. में हमारे द्वारा निर्दिष्ट ग्रह स्थिति एवं तेजी-मन्दी के चांसों से सोना, चाँदी, गुड़, सोयाबीन, कॉपर, तेल, लोहे, स्टील चने तथा शेयरों से सम्बन्धित अनेक व्यापारी लाभान्वित हुए।

आगे गोचर ग्रहों, नक्षत्रों के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं (जिन्सों) के दैनिक मन्दा-तेज़ी की विशेष लाइनों एवं तूफ़ानी तेज़ी आदि का विवरण लिख रहे हैं। यदि आप प्रतिमास किसी विशेष एक जिन्स (वस्तु) की दैनिक तेज़ी-मन्दी रिपोर्ट या वायदा हाज़िर बाज़ार का चांस चाहते हैं तो प्रति जिन्स की एक मास की फीस 601 रु०, 2 मास की फीस 1100 रु० होगी। पूरी फीस अग्रिम भेजें। रिपोर्ट लिखित रूप में रजिस्ट्री या कोरियर के माध्यम से भेज दी जाएगी। D.D. (ड्राफ्ट) या चैक या मनीआर्डर इस पते पर भेजें—

—पं० विवेक शर्मा C/o पं० देवी दयालु ज्योतिषी एण्ड सन्ज़, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर—144008 (पंजाब), फोन 0181-2457959

● **जनवरी**—मासारम्भ के प्रथम सप्ताह लगभग सभी व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी के मध्य मन्दी का वातावरण रहेगा। चाँदी, रूई, चीनी, कपास, शक्कर में तेजी रहेगी। 5 जन. को गुरु धनि. (4) में आने से गेहूँ, चावल, जौं, चना में पहले मन्दी परन्तु अगले दिन तेज़ी बनेगी। रूई, चांदी में अच्छी घटाबढ़ी रहेगी।

10 जन. को वक्री बुध पूर्व से उदय होगा तथा बुध ही मूल नक्षत्र में आने से सोना, चांदी, गेहूँ में मन्दी बनेगी। जौं, चना, लाल मिर्च, घी, अलसी, बिनौला, उड़द, तिल, चीनी, सरसों, गुड़, शक्कर में अच्छी तेज़ी बनेगी। रूई में पहले मन्दी, फिर बाद अचानक अच्छी तेज़ी की लाईन बनेगी।

11 जन. को सूर्य तथा शुक्र उ.षा. में आने से सोना, चाँदी, अलसी, एरण्ड में मन्दी बनेगी, उड़द, मूँग, चावल, चना, गेहूँ, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, पिप्पलामूल, चमड़ा, सरसों, पटसन में तेजी बनेगी।

13 जन. को शुक्र मकर राशि में प्रवेश कर मंगल के साथ समसप्तक योग बनाएगा। इसी दिन कन्या राशिस्थ शनि वक्री भी हो रहा है। मंगल पहले से वक्री चल रहा है। **शेयर, गुड़, खाण्ड, घी, अफीम, गेहूँ, चना, चावल आदि सब अनाजों में तेज़ी बनेगी।** रूई, चांदी, सोना में पहले घटाबढ़ी, फिर बाद में अच्छी तेज़ी बनेगी। अलसी, सरसों, तांबा, तिलहन, क्रूड-आयल में भी अच्छी तेजी बनेगी। तेल, प्रापर्टी शेयर्ज में तेजी की लाईन चलेगी।

14 जन. को सूर्य मकर राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल की दृष्टि है। तिल, सरसों, गुड़, घी, तेल, अलसी, शक्कर, खाण्ड, रूई, सोना, चांदी, कॉपर, जिस्त में अच्छी तेज़ी बनेगी। गेहूँ, चावल आदि अनाज व बारदाना में भी मामूली मन्दी बनकर तेजी का रुख बनेगा।

15 जन. को खण्डग्रास सूर्यग्रहण घटित हो रहा है। इसी दिन रात्रि को बुध मार्गी होगा। रूई, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। गेहूँ, जौं, चना, अनाज में भी तेजी बने। गुड़, तेल, अलसी, बिनौला, मूँगफली, कपूर में मामूली मन्दी बन सकती है।

16 जन., शनिवार को चन्द्रदर्शन होने से सोना, चाँदी, रूई, सूत, सरसों, मूँगफली में तेज़ी रहेगी। (19) जन. को राहु पू.षा. (4), केतु पुर्न (2) में आने से चना, सरसों, तेल, बिनौला, नारियल आदि में तेजी का व्यापार कर लाभ लें।

21 जन. को बुध पू.षा. में, गुरु शतभिषा में तथा शुक्र श्रवण में आने से सोना, चांदी, गुड़, खांड, शक्कर, मूँग, मोठ, उड़द, अनाज, सुपारी, केसर, हल्दी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी, तिल, तेल, सरसों में तेजी, रुई में पहले मन्दी होकर फिर तेजी बनेगी। सोना, चांदी, कापर में अचानक तेजी का रुख बनेगा।

24 जन. को सूर्य श्रवण में आएगा. शुक्र भी श्रवण नक्षत्र में चल रहा है जिससे गेहूँ, जौं, चावल, रूई, सूत, सन, सोना, चांदी, गुड़, खांड, अलसी, सुपारी, लौंग, पीतल, साफ्टवेयर शेयर्ज में तेज़ी बनेगी।

... 22 फर. को शुक्र पू.भा. में आने से रूई में तेज़ी, सोना, चांदी, चावल में मन्दी बनेगी।

27 जन. को वक्री मंगल पुष्य में तथा यूरेनस मीन राशि में आएगा। गुड़, चांदी, रूई, सोना, कॉपर, शक्कर में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेजी की लाईन बनेगी।

शेयर बाज़ार—ता. 6,10,11,13,14,15,16,24,25,27 विशेष तेजीकारक रहेंगी।

● फरवरी–1 फर. को शुक्र धनिष्ठा में आने से चावल, मूँग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चाँदी, सोना, रूई, कपास में अच्छी तेज़ी बने, गेहूँ में मन्दी बनेगी।

3 फर. को बुध उ.षा. में आने से चावल, गेहूँ, चना आदि अनाजों में मन्दी का रुख रहेगा।

4 फर. को गुरु शतभिषा के दूसरे चरण में आकर गेहूँ, चावल आदि अनाज, हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ, सोना में मन्दी करेगा।

5 फर. को बुध मकर राशि में आकर सूर्य व शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल की दृष्टि है। सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातुओं तथा चना, मूंग, चावल आदि सब प्रकार के अनाजों में तेजी करेगा।

6 फर. को सूर्य धनिष्ठा तथा शुक्र कुम्भ राशि में आएगा। सोना, चांदी, मोती, कॉपर, मणि आदि जवाहरात, मूँग, मसूर, गेहूँ, चावल आदि अनाजों व अलसी, रूई में तेजी बनेगी।

8 फर. को शुक्र पश्चिम में उदय होने से घी, खाण्ड, चना में मन्दी, रूई, सूत, सन, सोना, चांदी एवं चावल में तेजी रहे।

9 फर. को वक्री शनि उ.फा. (4) में आने से कपास, सूत, सन, लोहा-सोना, चांदी, तांबा, क्रूड आयल में तेजी बनेगी।

11 फर. को शुक्र शतभिषा में आने से गेहूँ, गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों, रूई, सोना, चांदी में तेजी बनेगी।

12 फर. को सूर्य कुम्भ राशि में आकर गुरू एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल की दृष्टि भी रहेगी। वायदा एवं हाजिर बाज़ार में अच्छी उथल-पुथल होगी। घी, तेल, लवण, सरसों, मूँगफली, राई, सोना, चांदी, क्रूड-आयल में अच्छी तेज़ी तथा रूई, पाट, अलसी, एरण्ड, गेहूँ आदि अनाज, गुड़, शक्कर, खाण्ड में साधारण तेज़ी बनेगी।

13 फर. को बुध श्रवण में आने से गुड़, खांड, अलसी, चना, चावल में तेज़ी बनेगी। (15) फर. सोमवार को चन्द्रदर्शन होने से रुई, सूत, सोना, तांबा में तेजी, चांदी, अनाज में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बने।

16 फर. को गुरु पश्चिम में अस्त होने से रूई व शेयर बाज़ार में तेजी बनेगी। सोना-चांदी, कॉपर, चना, चावल आदि अनाजों में भी अच्छी तेज़ी बनेगी।

18 फर. को गुरु शतभिषा के तृतीय चरण में आने से गेहूँ, चावल आदि अनाज, हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ व सोने में मन्दी का रुख रहेगा। (19) फर. को सूर्य शतभिषा में आने से सोना, चांदी, सूत, सन, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूँ, गुड़ आदि में तेजी बनेगी।

21 फर. को बुध धनिष्ठा में आने से चावल, अनाज में तेजी, सोना, चांदी में मन्दी, रूई में घटाबढ़ी रहेगी।

22 फर. को शुक्र पू.भा. में आने से रूई में तेज़ी, सोना, चांदी, चावल में मन्दी बनेगी।

25 फर. को बुध कुम्भ राशि में आकर सूर्य, गुरु, शुक्र के साथ मेल करेगा। इन चारों पर मंगल की अष्टम दृष्टि पड़ रही है। रूई, चांदी, अलसी, शेयरों में पहले मामूली मन्दी बनकर फिर तेजी का रुख बने, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, सरसों, बैंकिंग शेयर्ज, मूँग, ज्वार, चावल आदि अनाजों में तेजी बने।

26 फर. को बुध पूर्व में अस्त होने से घी, गेहूं, चावल आदि में मन्दी, रूई, सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

[**शेयर बाज़ार**—ता. 5, 6, 12, 13, 25, 26, 27, 28 विशेष तेज़ीकारक रहेगी।]

● मार्च–1 मार्च को बुध शतभिषा में आकर गुरु के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। सोना, चांदी, चावल, दालवाना, गेहूँ में घटाबढ़ी के बाद मामूली मन्दी बनेगी।

2 मार्च को शुक्र मीन राशि में प्रवेश करने से शुक्र-शनि के मध्य समसप्तक योग बनेगा। चांदी, रुई, अलसी, अनाज, सरसों, तेल, तिलहन, अरण्डी, गुड़, खाण्ड, सोने में मन्दी की जगह अच्छी तेजी का चांस बनेगा।

4 मार्च को सूर्य पू.भा. में तथा गुरु शतभिषा (4) में आने से सोना, चाँदी, गेहूँ, चना, उड़द, चावल, हल्दी, सुपारी, केसर, तांबा, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, रुई में पहले मन्दी बनकर फिर तेजी का रुख बनेगा।

5 मार्च को शुक्र उ.भा. में आने से चावल, मोती, चांदी, कपूर, नमक, खाण्ड, रुई, कपास आदि सफेद वस्तुओं में मामूली मन्दी बनेगी। (9) मार्च को भी बुध पू.भा. में आने से सोना, चांदी, तांबा, लोहा तथा अनाज में मन्दी और रूई में घटाबढ़ी होगी।

10 मार्च को नीचराशिगत मंगल मार्गी होने से रूई में मन्दी, तेल, पीपल, चांदी गुड़, सोने में अच्छी तेजी बनेगी।

14 मार्च को सूर्य एवं बुध मीन राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेंगे। इन पर मंगल की दृष्टि हटकर शनि की दृष्टि में आ जाएंगे। तिल, तेल, सरसों, अलसी, खाण्ड, गुड़, शक्कर, रूई, सोने, चांदी में तेजी बनेगी। गेहूँ, चना आदि में मामूली मन्दी बने। तांबा, क्रूड-आयल के भावों में भी विशेष परिवर्तन होंगे।

15 मार्च को सोमवती अमावस चांदी, सोना, रूई में कुछ मन्दी लाएगी। जबकि 16 मार्च से पुनः मुख्य धातुओं एवं अनाजों में तेजी का रूख बनेगा।

18 मार्च को सूर्य उ.भा. और गुरु पू.भा. (1) में आने से चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूँ, तेल, अनाज, सोना, चांदी में तेजी बनेगी।

20 मार्च को गुरु पूर्व से उदय होने से चांदी, रूई, अनाज, चने में तेजी, सोने में मामूली मन्दी बने।

22 मार्च को बुध रेवती में आने से केसर, मजीठ, लाल चन्दन, गेहूँ, गुड़, लाल-मिर्च आदि लाल वस्तुओं में विशेष तेजी जबकि सरसों, घी, तेल, शेयरों में साधारण तेज़ी बनेगी।

23 मार्च को राहु पू.षा. (3), केतु पुर्न (1) में आने से सोना, चांदी, लोहा, स्क्रैप, कॉपर, रूई, कपास खाण्ड, चावल में तेजी बनेगी।

26 मार्च को शुक्र अश्विनी नक्षत्र तथा मेष राशि में प्रवेश करेगा। जौं, चना, गेहूँ आदि अनाज, घी, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। ऊन, तिल, तेल, सरसों, अलसी, अरण्डी में कुछ मन्दी बनेगी। 27 मार्च को बुध पश्चिम से उदय होने से रूई में पहले मन्दी बनकर तेजी बने, तेल, तिलहन, चांदी, कॉपर में भी घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बनेगी।

29 मार्च को बुध मेष राशि में शुक्र के साथ मेल करेगा। वक्री शनि उफा. (3) में आएगा। मूँग, मोती, जवाहारात, सोना, चांदी आदि धातु, गेहूँ, चना, जौं, आदि अनाज, तिल, तेल, सरसों, रूई, कपास, घी, गुड़ खण्ड में मन्दी का योग होने पर भी हमारे विचार से तेज़ी बनेगी। ताज़ा मशवरा प्राप्त करना ठीक रहेगा।

31 मार्च को सूर्य रेवती में आने से अलसी, सरसों, एरण्ड, मूँगफली, लहसुन, मोती, लाख, रूई, गेहूँ, जौं, चना, चावल में तेजी बनेगी।

शेयर बाज़ार—ता. 2, 3, 14, 20, 21, 22, 27, 28, 31 को तेज़ी बनेगी।

● **अप्रैल**—1 अप्रै. को गुरु पू.भा.(2) में आने से अनाज, सोना, चांदी, सन, वस्त्र, सूत में तेजी और रूई में मन्दी बनेगी।

6 अप्रै. को शुक्र भरणी में आने से सोना, चांदी, अफीम, लाल रंग की वस्तुओं, सरसों, तिल, अलसी, घी, उड़द, नारियल में मन्दी, चना, मूँग, मोठ, ज्वार, तूअर में घटाबढ़ी तथा रूई में तेजी बनेगी।

8 अप्रै. को बुध भरणी में आने से चावल, गेहूँ आदि अनाजों, चने, खाण्ड में तेज़ी बनेगी।

9 अप्रै. से 13 अप्रै. के मध्य व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी के मध्य मुख्यत: तेजी को ही लाईन रहेगी।

14 अप्रैल को सूर्य मेष राशि में बुध एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। (इसी दिन हरिद्वार में कुम्भ महापर्व का भी आयोजन होगा।) रूई, घी, तेल, तिल, सरसों, कपास, फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, चाँदी, कॉपर में तेज़ी बने। गेहूँ, चावल, उड़द, मूँग, अरहर, चना, जौं, मटर, में मन्दी बने।

15 अप्रैल गुरुवारको चन्द्रदर्शन तथा वैशाख अधिक मास प्रारम्भ होगा। रुई, सूत, सरसों, तेल, घी में तेज़ी, जबकि सोना, चांदी, कॉपर, गुड़ में मन्दी बनेगी।

16 अप्रै. को गुरु पू.भा. (3) में आने से सोना, चांदी, चावल, गेहूँ आदि अनाज, सन, वस्त्र, सूत, खाण्ड में तेज़ी और रूई में मन्दी बनेगी।

17 अप्रैल को शुक्र कृतिका में आने से जौं, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, रूई, सूत, सोना, चांदी, हीरा, कॉपर, जिस्त आदि में मन्दी बनेगी।

18 अप्रैल को बुध वक्री होने से नारियल, सुपारी, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, बैंकिंग शेयर्ज में अच्छी तेजी बनेगी।

20 अप्रैल को शुक्र वृष राशि में आएगा। इसी दिन वक्री बुध पश्चिम में अस्त होगा। सोना, चांदी, रूई, कपास, शेयरों में घटाबढ़ी के बाद [illegible]

26 अप्रैल को मंगल आश्लेषा में आने से चांदी, रूई, गुड़ मन्दी बनेगी। 27 अप्रैल को सूर्य भरणी में आने से सोना, चांदी, तांबा, पीतल, जिस्त आदि धातु तथा गेहूँ, जौं, चना, चावल, मोठ, अलसी, रूई, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी में तेजी बनेगी।

28 अप्रैल को शुक्र रोहिणी में आने से सोना, चांदी, कॉपर आदि धातु तथा अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, सुपारी, नारियल, ऊन में मन्दी बनेगी।

30 अप्रैल को वक्री बुध अश्विन(4) में आने से गेहूँ, ज्वार, चावल, जौं, बाजरा, चना आदि अनाज, अलसी, मूँग, मोठ, में तेजी जबकि घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, तिल, तेल, चाँदी में मन्दी बनेगी।

शेयर बाज़ार—ता. 5. 6, 13, 14, 15, 20, 21, 22 अप्रै. को अच्छी तेज़ी बनेगी।

● **मई**—ता. 2 को गुरु मीन राशि में आकर शनि के साथ समसप्तक योग बनाएगा। रूई, घी, तिल, तेल, सरसों में पहले अच्छी मन्दी बनकर बाद में तेजी बनेगी। गेहूँ, गुड़, शक्कर, खाण्ड, उड़द, मोठ, सुपारी, सोना, कॉपर, नारियल, हाथी दाँत, कपूर, नमक में भी तेजी बनेगी।

6 मई को वक्री बुध पूर्व से उदय होने से गेहूँ, चना, चावल, तिलहन, घी, खाद्य-तेल, रूई, कपास, खल-बिनौला, चांदी तथा शेयरों में तेजी बने।

9 मई को शुक्र मृगशिर में आने से गेहूँ, चना, ज्वार में मन्दी तथा गुड़, खाण्ड, शक्कर, अरहर में तेजी बनेगी।

11 मई को सूर्य कृतिका में आने तथा बुध मार्गी होने से घी, रूई, सोना, चांदी, गेहूँ, जौं, चना, मूँग, मोठ, चावल, राई में तेज़ी, सरसों, अलसी, एरण्डी में मन्दी बनेगी।

14 मई को सूर्य वृष राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रूई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों आदि में तेजी बने। जौं, चना, गेहूँ, मटर, अरहर, मूंग, चावल में कुछ मन्दी बनेगी।

15 मई को शुक्र मिथुन राशि में आकर केतु के साथ योग करेगा। इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। रूई, कपास, सूत, वस्त्र, पाट, बारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार आदि में अच्छी मन्दी और अलसी गुड़, घी में अच्छी घटाबढ़ी होगी। गेहूँ, चना, जौं, चावलों में तेज़ी बनेगी।

20 मई को शुक्र आर्द्रा में आने से गेहूँ, चना, अरहर में अचानक मन्दी का वातावरण बनेगा।

23 मई को बुध भरणी में आने से गेहूँ, चावल, आदि अनाजों, चना, गुड़, अरहर, तांबे में 8 दिन में तेज़ी बनेगी।

24 मई को राहु पूषा. (2) तथा केतु आर्द्रा (4) में आने से तिलहन, सरसों में अच्छी तेजी बनेगी।

25 मई को सूर्य रोहिणी में आने से घी, रूई, सोना, तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, जौं, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, सुपारी, मिर्च, राई में तेजी का रुख बनेगा।

सोना, चांदी, रूई, कपास, शेयरों में घटाबढ़ी के बाद अच्छी तेजी बनेगी।

26 मई को मंगल सिंह राशि में प्रवेश कर गुरु पर दृष्टिपात करेगा। सोना, चांदी, तांबा, लोहा आदि धातु, गुड़, शक्कर, खाण्ड, गेहूँ, अलसी, रूई, लाल मिर्च, हल्दी, घी में तेज़ी बनेगी।

30 मई को शनि मार्गी होगा। अचानक बाज़ारों का रुख बदल सकता है। रुई में मन्दी बनकर बाद में साधारण तेजी बने। सोना, चांदी, तांबा, तिल, तेल, सरसों, हींग, काली मिर्च, सोयाबीन में तेजी, शेयर बाज़ार में झटके की तेज़ी बनेगी। सावधानीपूर्वक आगे बढ़ें।

31 मई को शुक्र पुर्न. में आनें से गेहूँ, चावल आदि अनाज, बिनौला तेज़, सोना, चांदी, रूई, कपास, सूत में मन्दी बनेगी।

शेयर बाजार—मई मास की ता. 2, 3, 6, 7, 11, 12, 14, 15, 26, 27, 30 अच्छी तेज़ी बनेगी।

● **जून**–4 जून को बुध कृतिका में आने से चाँदी, घी, खाण्ड में विशेष घटाबढ़ी होकर मामूली मन्दी बनेगी। अनाज, गेहूँ, चावलादि तथा रूई में पहले तेज़ी फिर मन्दी बने।

6 जून को बुध वृष राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। शेयरों तथा लगभग सभी करियाना वस्तुओं में घटाबढ़ी रहेगी। गेहूँ, जौं, चना, चावल, रूई, कपास, सूत, अफीम, तिल, तेल, बैंकिंग शेयर्ज़ में तेजी बनेगी।

8 जून को सूर्य मृगशिर में आने से रूई, सूत, रेशम, सन्, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चाँदी, उड़द, मूँग, मोठ, चने, बाजरा, अलसी नारियल में तेजी बनेगी।

9 जून को शुक्र कर्क राशि में आएगा। कर्क राशि पर गुरु की उच्च दृष्टि पड़ रही है। रुई में विशेष घटाबढ़ी रहेगी। अलसी, एरण्डी, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी तथा चांदी, गेहूँ, जौं, चना, मटर, अरहर में मन्दी बने। (11) जून को गुरु उ.भा. (2) में आने से चांदी, चना में मन्दी, सोना, रूई, गेहूँ, गुड़ में तेज़ी बने।

12 जून को बुध रोहिणी में तथा शुक्र पुष्य में आएगा। इसी दिन शनिवारी अमावस भी है। रूई, कपास, सूत, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खांड में तेजी बनेगी। राई, तुअर, सन, ऊनी वस्त्र, रूई, चमड़ा, कपूर, पारा, हींग, शक्कर में मन्दी बने।

13 जून, रविवार को चन्द्रदर्शन होने से गुड़, तेल, सोना-चाँदी, अरहर में तेज़ी तथा रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनेगी।

15 जून को सूर्य मिथुन राशि में आकर केतु के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि रहेगी। लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, मूँग, उड़द, गेहूँ, चना, चावल आदि अनाज, सोना, चांदी में तेजी बनेगी।

17 जून को बुध पूर्व में अस्त होने से घी, अनाज में थोड़ा मन्दा, रूई, सोना, चांदी, तांबे में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

19 जून को बुध मृगशिर में आने से रूई, खाण्ड में तेज़ी, चाँदी, गेहूँ, तिल, सरसों, उड़द में मन्दी बनेगी।

20 जून को मंगल पू.फा. में आने से तिल, तेल, सरसों, मूँगफली, घी, गुड़, खांड, नमक में तेज़ी बनेगी।

22 जून को सूर्य आर्द्रा में तथा बुध मिथुन राशि में आकर सूर्य, केतु के साथ मेल करेगा तथा इन पर शनि की दृष्टि भी चल रही है। रूई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूँ, चावल, चना, जौं, चांदी में तेजी बनेगी। सोने, कॉपर, शेयर-बाज़ार में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

23 जून को शुक्र आश्लेषा में आएगा। (9) जून से चांदी, चावल, रूई, तूअर, ग्वार में जो लाईन बनी होगी लगभग वही लाईन रहेगी।

25 जून को बुध आर्द्रा में आकर सूर्य, केतु के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। हमारे विचार से गेहूँ, तिल, उड़द, जौं, चना, मूँग, मोठ, चावल, दालें, खाण्ड में मन्दी के स्थान पर तेजी का रुख बनेगा।

यह तेजी मासान्त तक चल सकती है।

शेयर बाज़ार—ता. 6, 7, 8, 9, 15, 21, 22, 23 जून को शेयर-बाज़ार में तेजी रहेगी।

● **जुलाई**–मासारम्भ ता. 1 को बुध पुनर्वसु में आने से 8 दिन में चाँदी, रूई, कपास, सूत, सन, में मन्दी का रुख बनेगा।

परन्तु 5 जुला. को शुक्र सिंह राशि में आकर मंगल के साथ योग करेगा। गेहूँ, चावल, आदि अनाज, सोना, ताँबा, जौं, चना, गेहूँ, लाल-चन्दन, मजीठ, लाल मिर्च अन्य लाल रंग की वस्तुएँ, घी में तेज़ी बनेगी। चांदी में तेज़ी बनेगी।

6 जुलाई को सूर्य पुनर्वसु में आने से रूई, सोना, चांदी, गुड़, खांड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारु, तिल, ज्वार, उड़द, चावल, नारियल, केसर में तेजी बनेगी। परन्तु इसी दिन बुध कर्क राशि में आकर गुरु की दृष्टि में आएगा। **इसलिए हमारे विचार से अचानक इन जिन्सों में घटाबढ़ी के बाद मन्दी का रुख भी बना सकता है। सावधानीपूर्वक चलें। ताज़ा मशवरा प्राप्त करें।**

8 जुला. को भी बुध पुष्य में आने से सोना, चाँदी, कॉपर, रूई, मूँग, दालादि में घटाबढ़ी होकर मामूली मन्दी बने।

10 जुला. को बुध पश्चिम से उदय होगा। बुध पर गुरु की दृष्टि चल रही है। रूई, चने, चांदी, चावल आदि में तेज़ी के स्थान पर मन्दी का रुख बनेगा।

13 जुलाई, मंगलवार को चन्द्रदर्शन होने से रूई, सोना, चांदी, गुड़, सरसों, मूँगफली में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

14 जुलाई को मंगल उ.फा. में आने से गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, सोयाबीन में तेजी बनेगी।

15 जुलाई को बुध आश्लेषा में आने से तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूँग, मूँगफली में तेजी बनेगी।

16 जुला. को सूर्य कर्क राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की उच्च दृष्टि रहेगी। फलस्वरूप रूई, सूत, बादाम, सुपारी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, चाँदी, सोना आदि में तेज़ी का योग होने पर भी तेजी न बन पाए। तथा बाज़ार थोड़ा तेज़ होने के बाद मन्दी की तरफ बढ़ेंगे। गेहूँ, जौं, चना, अरहर, उड़द, मूँग, चावल में भी मन्दी बने।

17 जुला. को शुक्र पू.फा. में आने से गेहूँ, जौं, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूँग, चना में कुछ मन्दी बनेगी।

20 जुला. को सूर्य पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करेगा। मंगल कन्या राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की सप्तम दृष्टि रहेगी। रूई, चाँदी, सोना, अलसी, गेहूँ, लाल रंग की अन्य वस्तुओं, तिल, तेल, सरसों, खाण्ड, चावल, हींग, हल्दी, लाख, ग्वार, मोम में तेजी बनेगी।

23 जुला. को बुध सिंह राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। इसी दिन गुरु वक्री भी होगा। सोना, चाँदी, सूत, रूई, सरसों, कपास, बैंकिंग शेयर्ज़, I.T. सेक्टर में विशेष तेजी का चांस बनेगा। कपूर, गुड़, खाण्डस शक्कर, घी, तेल, नमक में मन्दी के स्थान पर तेजी का जोर रहेगा।

26 जुला. को राहु पू.षा.(1) तथा केतु आर्द्रा(3) में आने से तिलहन, दालें, अरहर आदि, फल, सरसों आदि में तेजी बनेगी।

29 जुला. को शुक्र उ.फा. में तथा शनि उ.फा.(4) में आने से गेहूँ, चना, चावल आदि अनाजों में तेजी, सोना, चांदी में घटाबढ़ी रहेगी।

शेयर-बाज़ार—ता. 5, 6, 14, 16, 20, 21, 23, 24, 30 जुला. को अच्छी तेज़ी बनेगी।

● **अगस्त**—**ता. 1 अग. को शुक्र कन्या राशि में आकर मंगल एवं शनि के साथ मेल करेगा। जिससे बाज़ार में अचानक तूफानी तेज़ी बनेगी। परन्तु गुरु की दृष्टि के कारण अचानक मन्दी की तरफ भी बढ़ेगे।** इसलिए तुरन्त सौदे कर पीछे हट जाएं। गेहूँ, चावलादि अनाज, गुड़, खाण्ड, ऊनी-रेशमी वस्त्रों, चांदी, घी, रूई, तेल, **साफ्टवेयर तथा आई टी सेक्टर, तेल से सम्बन्धित शेयरों में भी विशेष तेज़ी बनेगी।**

2 अगस्त को ही बुध पू.फा. में आने से 10 दिन में गुड़, खाण्ड, गेहूँ, चावल आदि अनाज मन्दे होंगे।

3 अग. को सूर्य आश्लेषा में आने से सोना, चांदी, कॉपर, रूई, बिनौला, गेहूँ, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च मजीठ में तेज़ी बनेगी।

5 अग. को मंगल हस्त में आने से घी, गुड़ खांड, नमक, गेहूँ, तेल, हल्दी, लाल मिर्च में तेजी बनेगी।

9 अग. को सोमवती अमावस बाज़ारों में कुछ मन्दीकारक रहेगी।

11 अग., बुधवार को चन्द्रदर्शन होने से सोना, चाँदी, रूई, सूत, सन, बारदाना, जूट आदि गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दी बने। इसी दिन शुक्र हस्त में आने से सोना, तांबा, जिस्त में घटाबढ़ी चलेगी।

16 अग. को सूर्य सिंह राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। सोना, चांदी, कॉपर, रूई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों तथा लाल रंग की वस्तुएं तेज होंगी। शेयरों तथा अनाजों में कुछ मन्दी बने।

20 अग. को सिंहराशिगत बुध वक्री होगा, सूर्य भी सिंह राशिगत है। घी, गुड़, शक्कर, गेहूँ, जौं, चना आदि बैंकिंग शेयर्ज़ में तेजी बने।

24 अग. को शुक्र चित्रा में आने से सोना, चांदी तथा गेहूँ, चावल आदि अनाजों के भाव सम रहेंगे।

26 अग. को मंगल भी चित्रा में आकर शुक्र के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। जिससे सोना, चान्दी, तांबा, पीतल, गेहूँ, गुड़ में तेजी बनेगी।

27 अग. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से चाँदी, घी में अच्छी तेज़ी, रूई, शेयर-बाज़ार में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी, अलसी, चने, बिनौले भी तेज होंगे।

30 अग. को सूर्य पू.फा में आने से जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूँ, ज्वार, चावल, रूई, सूत में तेजी तथा चांदी में घटाबढ़ी रहे।

31 अग. को शनि हस्त नक्षत्र में आने से सरसों, सोयाबीन, खाण्ड, गुड़, क्रूड-आयल में तेज़ी बने। सोने में भी आगे जाकर तेजी बनेगी।

शेयर-बाज़ार—ता. 1. 2, 3, 5, 20, 21, 27, 30 अग. को अच्छी तेज़ी बनेगी।

● **सितम्बर**—मासारम्भ ता. 1 सितं. को शुक्र तुला राशि में प्रवेश करेगा। रूई, चाँदी, अफीम में घटाबढ़ी के बाद मामूली मन्दी, सोने, गुड़, कॉपर, खाण्ड, चने में कुछ तेजी का वातावरण बनेगा।

4 सितं. को वक्री गुरु उ.भा.(1) में आने से चांदी में पुन: मन्दी तथा सोना, कॉपर, रूई, गेहूँ, चावल आदि अनाजों में तेजी बनेगी।

5 सितं. को मंगल तुला राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। रूई, कपास, सूत, सन, पाट, बारदाना, मूँगफली, गुड़, खाण्ड, गेहूँ तथा उड़द, मूँग आदि अनाजों में तेजी बनेगी।

7 सितं. को वक्री बुध मघा(4) में आने से गेहूँ, चना, जौं, सूत, रूई, बैंकिंग शेयर्ज़ में तेजी बनेगी।

9 सितं. को शुक्र स्वाती में आने से गुड़, खाण्ड, शक्कर, चना क्रूड-आयल में तेजी, अनाज के भावों में मन्दी बनेगी।

10 सितं., शुक्रवार को चन्द्रदर्शन होने तथा वक्री बुध पूर्व से उदय होने से गेहूँ, चना, चावल, तिलहन, घी, खाद्य-तेल, रुई, कपास, खल-बिनौला, सोना-चाँदी तथा शेयरों में तेजी बनेगी।

12 सितं. को बुध मार्गी होने से रूई, शेयरों, चाँदी में पहले घटाबढ़ी या मन्दी बनकर बाद में तेज़ी बने, गेहूँ, जौं, चना, अनाज, सोने में तेजी बने। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूँगफली, कपूर, चंदन, अगर आदि में मन्दी बनेगी।

13 सितं. को सूर्य उ.फा. में आएगा। इसी दिन शनि पश्चिम में अस्त होगा। रूई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल में पहले अच्छी तेजी बनेगी। परन्तु रूई, शेयर, सोने में बाद में मन्दी बनेगी।

15 सितं. को मंगल स्वाती में आने से रूई, ऊनी वस्त्र, गेहूँ, तिल, तेल तेज, चाँदी में घटाबढ़ी, सोने में कुछ मन्दी बने।

16 सितं. को सूर्य कन्या राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की दृष्टि भी रहेगा। रूई, नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ, लाल रंग की वस्तुएं, लाल-मिर्च, चना

18 सितं. को बुध पू.फा. में आने से गुड़, खाण्ड, गेहूँ, चावल आदि अनाज मन्दे होंगे।

[18 सितं. से 26 सितं. के मध्य मुख्य जिन्सों व शेयर-बाज़ार में घटाबढ़ी के मध्य मुख्यतः मन्दी का रुख रहेगा।]

27 सितं. को सूर्य हस्त नक्षत्र में आकर शनि के साथ एक-नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। गेहूँ, जौं, ज्वार, गुड़, खांड, कपास, रूई, सूत, जूट, नमक, हरड़, हींग, हल्दी, सन में तेज़ी बनेगी। इसी दिन राहु मूल(4) केतु आर्द्रा (2) में आने से रूई, चांदी, सोना, बारदाना, बिनौला, अन्न आदि तेज़ होंगे।

28 सितं. को बुध उ.फा. में आने से उड़द, मूँग, मोठ, मसूर, अरहर में कुछ तेज़ी, रूई तथा चाँदी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बने।

29 सितं. को वक्री गुरु पू.भा. में आने से सभी अनाज, चना, सोना, चाँदी, सन, सूत, रूई में अच्छी तेज़ी बनेगी।

30 सितं. को बुध कन्या राशि में आकर सूर्य एवं शनि के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की दृष्टि रहेगी। इसी दिन बुध पूर्व में अस्त भी होगा। गेहूँ, जौं, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी, सोने, कॉपर में तेज़ी बनेगी। रूई, चाँदी, घी में घटाबढ़ी के मध्य मामूली मन्दी का रुख बनेगा।

शेयर-बाज़ार—ता. 1, 5, 7, 12, 13, 27, 29, 30 सितं. को तेज़ी की उम्मीद है।

● **अक्तूबर**—मासारम्भ में कुछ मन्दी का रुख रहने के बाद ता. 5 को मंगल विशाखा में आएगा। इसी दिन बुध हस्त नक्षत्र में आकर सूर्य एवं शनि के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। अनाज, गेहूँ, चावल, बैंकिंग शेयर्ज़, रूई, कपास में तेजी बनेगी।

8 अक्तू. को शुक्र वक्री होने से रूई में पहले तेज़ी फिर मन्दी, घी, तेल, गुड़, चीनी, शक्कर, चना, गेहूँ और जौं में तेज़ी बनेगी। अलसी, सोयाबीन, सोना, चाँदी में घटाबढ़ी चलेगी।

9 अक्तू., शनिवार को चन्द्रदर्शन होने से रूई, सूत, चाँदी, सोना, सरसों, मूँगफली आदि में अच्छी तेजी बनेगी।

10 अक्तू. को भी सूर्य चित्रा में आने से रूई, सोना, चाँदी, कॉपर, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूँ, चना, तिल, नारियल, कपूर में तेज़ी बनेगी।

13 अक्तू. को बुध भी चित्रा में आकर सूर्य के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। रूई, चाँदी, गेहूँ, चावल आदि अनाज, बैंकिंग शेयर्ज़ में घटाबढ़ी होकर तेज़ी बने।

17 अक्तू. को सूर्य और बुध तुला राशि में प्रवेश कर मंगल एवं शुक्र के साथ मेल करेंगे। यह योग विशेष तेजीकारक प्रतीत हो रहा है। गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सोना, तांबा, रक्तचन्दन, मजीठ, श्रीफल, सुपारी, खाण्ड, गुड़, रूई में अच्छी तेज़ी बने, चाँदी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूँगफली में भी मन्दी की जगह तेज़ी का रुख बनेगा।

18 अक्तू. को शनि पूर्व में उदय होने से मक्की, गेहूँ आदि अनाज, उड़द, तिलहन, व पैट्रो शेयर्ज़ में तेज़ी बनेगी। लोहे, जिस्त, सीसा, लहसुन, चावल, गुड़, खाण्ड में भी तेज़ी बनेगी।

19 अक्तू. को मंगल वृश्चिक राशि में आएगा। इस पर शनि एवं गुरु दोनों ग्रहों की दृष्टि पड़ रही है। गुड़, रूई, सोना, चाँदी, कॉपर, जिस्त, तेल, क्रूड-आयल में तेज़ी बनेगी।

20 अक्तू. को शुक्र पश्चिम में अस्त होने से सोना, चांदी, गुड़, सूत, कपड़ा, घी, तेल, अलसी, एरण्ड, बिनौला, मूँगफली आदि में मन्दी बनेगी। रूई, चावल में तेजी बने।

21 अक्तू. को बुध स्वाती में आने से रूई, चने, चावल, कपास, बैंकिंग शेयर्ज़ में मन्दी बनेगी।

24 अक्तू. को सूर्य स्वाती में तथा मंगल अनुराधा नक्षत्र में आएंगे। रूई, सूत, सन, रेशम, कपड़ा, सोना, चाँदी, गुड़, शक्कर, लाल मिर्च, गेहूँ, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, गुग्गुल में तेज़ी बने।

29 अक्तू. को बुध विशाखा में आने से गेहूँ, चावल आदि अनाज, रूई में मन्दी बने।

शेयर-बाज़ार—ता. 8 10, 11, 17, 18, 19, 20, 24, 25 को तेज़ी बनेगी।

● **नवम्बर**—ता. 1 को ही वक्री गुरु कुम्भ राशि में आने से रूई, सोना, तांबा, पीतल, लोहा में पहले मन्दी फिर तेज़ी का रुख बनेगा। रूई, चांदी, चना, खाण्ड में पहले तेजी फिर मन्दी का रुख बनेगा।

2 नवं. को शुक्र पूर्व में उदय होने से रूई, घी, सूत, चांदी, चावल, में तेज़ी आएगी।

4 नवं. को बुध वृश्चिक में आकर मंगल के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि रहेगी। घी, तेल, सरसों, रूई, सोने, चाँदी, कॉपर, गुड़, सरसों में अच्छी तेज़ी बनेगी।

6 नवं. को सूर्य विशाखा में तथा वक्री शुक्र चित्रा में आने से जौं, चावल, गेहूँ, मसूर, गुड़, खांड, रूई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, अफीम तेज़ होंगे। अलसी, चांदी, साफ्टवेयर शेयरों में घटाबढ़ी होकर तेज़ी बनेगी।

7 नवं., रविवार को चन्द्रदर्शन होने तथा बुध अनुराधा में आने से गुड़, तेल, सोना-चांदी में तेज़ी तथा रूई में घटाबढ़ी से मन्दी होगी।

11 नवं. को मंगल ज्येष्ठा में आने से रूई, चाँदी, खाण्ड में मन्दी तथा रूई में घटाबढ़ी होगी।

16 नवं. को सूर्य वृश्चिक राशि में आकर मंगल एवं बुध के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। रूई, ताँबा, चाँदी, सोना व ऊनी वस्त्रों में तेजी और लाल रंग की वस्तुओं में कुछ मन्दी का रुख रहेगा। इसी दिन बुध ज्येष्ठा नक्षत्र में आकर मंगल के साथ मेल करेगा। मन्दी के स्थान पर तेजी का रुख बन जाएगा।

18 नवं. को गुरु और शुक्र मार्गी होने से रूई व चांदी में मन्दी बनकर तेजी बने, चावल, अलसी, सरसों, गुड़, तम्बाकू, सोना, तांबा तेज होंगे। सूत, घी, चावल व हाथी दाँत की वस्तुओं में एक मास बाद तेजी बनेगी।

19 नवं. को सूर्य अनुराधा में आने से जौं, चना आदि धान्यों में तथा ऊन व धातुओं में तेजी हो। गेहूँ, अलसी, मिर्च में तेजी होकर मन्दी बने। सोना, चाँदी में भी मन्दी रहे।

24 नवं. को शनि हस्त(4) में आने से सरसों, जीरा, काली-मिर्च, सोने में साधारण तेज़ी बनेगी।

25 नवं. को बुध धनु राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा। रुई, कपास, सूत, चाँदी, घी, हल्दी में मन्दी की जगह तेज़ी का रूख बनेगा।

27 नवं. को मंगल पश्चिम में अस्त होने से रूई में मन्दी, गेहूँ, अलसी में विशेष तेज़ी। जौं, चना, गुड़ में भी तेज़ी बनेगी।

29 नवं को मंगल धनु राशि में आकर बुध एवं राहु के साथ मेल करेगा। राहु मूल(3), केतु आर्द्रा(1) में आने से रूई में घटाबढ़ी होकर तेज़ी रहे। चाँदी आदि धातु, सूत, सन, तृण, बिनौला, सरसों, घी तथा सब प्रकार के अनाजों में तेजी बने।

शेयर-बाज़ार—ता. 1, 2, 4, 5, 6, 16, 27, 29 नवं. को तेज़ी बनेगी।

● **दिसम्बर**—मासारम्भ में ता. 1 को शुक्र स्वाती में आने से गुड़, खांड, मैदा, ग्वार में तेजी, अन्न के भावों में मन्दी बनेगी।

2 दिसं. को सूर्य ज्येष्ठा में आने से सोना, चांदी, चावल, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग गुग्गुल, गुड़, खाण्ड में तेज़ी हो। रूई में पहले मन्दी बाद में तेज़ी रहे।

7 दिसं., मंगलवार को चन्द्रदर्शन होने से रूई में पहले मन्दी, बाद में तेज़ी, सोना, चाँदी, कॉपर में घटाबढ़ के बाद तेज़ी हो। गुड़, सरसों, मूँगफली भी तेज़ हो।

10 दिसं. को बुध वक्री होने से घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, बैंकिंग शेयर्ज़ तथा शेयर बाज़ार में तेज़ी बने। गेहूँ, जौं, चना में मन्दी बने।

14 दिसं. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से रूई, शेयरों, घी में मन्दा, चाँदी सोने में तेज़ी बनेगी।

16 दिसं. को सूर्य धनु राशि में आकर मंगल, बुध एवं राहु के साथ मेल करेगा। रूई, कपास, सूत, तिल, तेल, सोना, चाँदी, कॉपर में तेज़ी बने। चना, चावल, खाण्ड आदि अनाज कुछ मन्दे रहे।

17 दिसं. को मंगल पू.षा में आने से सोना, चाँदी, चावल, उड़द, घी, दूध, तिल, तेल, सरसों, मूँगफली तेज़ होंगे।

21 दिसं. को शुक्र विशाखा में आने से रूई, अनाज, चाँदी, जीरा, चावल, खाण्ड आदि में मन्दी बनेगी।

23 दिसं. को वक्री बुध वृश्चिक राशि में आकर शनि की दृष्टि में आएगा। घी, तेल, सरसों, रूई, चाँदी, सोना, काली मिर्च, क्रूड-आयल में तेजी बने।

25 दिसं. को वक्री बुध पूर्व से उदय होने से अनाज, सोने में मन्दी, गेहूँ, जौं, चना, लाल मिर्च, अलसी, बिनौला, शेयर्ज में तेजी बनेगी।

29 दिसं. को सूर्य पूर्वाषाढ़ा में जाने से तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गुल, कपूर, ऊनी वस्त्र, चांदी में तेजी बने।

30 दिसं. को बुध मार्गी होगा। एरण्ड बिनौला, गेहूँ, जौं, चाँदी, चना, अनाज, सोने, रूई में तेजी, तेल, गुड़, मूँगफली, कपूर में मन्दी बनेगी।

नोट—ऊपर दिए गए व्यापारिक रुख, लाईन तथा चांसों के विपरीत बाज़ार का रुख चले या वायदा व्यापार की लाईन न चले, तो तुरन्त सौदा काटकर हानि से बचें तथा तुरन्त एडवांस फीस भेजकर टेलीफोन से ताज़ा मशवरा प्राप्त करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि होने पर हम ज़िम्मेवार न होंगे।

—पं. विवेक शर्मा, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर (पंजाब) फोन—0181-2457959

आज का दिन कैसा गुजरेगा ?

जिस दिन को मालूम करना हो कि **आज का दिन आपका कैसा गुजरेगा ?** तो उस दिन आप पंचांग में देखें कि चन्द्रमा किस नक्षत्र पर है। आप उस नक्षत्र को नं. १ पर से गिन कर ऊपर लिखे चक्र के क्रमानुसार 28 नक्षत्र लगा लें। फिर देखें कि आपके नाम का नक्षत्र किस स्थान पर आता है। वैसा फल जानें। यदि आपके नाम का नक्षत्र वृत्त (गोलाकार) के अन्दर पड़ेगा तो उस दिन शुभ समाचार, प्रिय बन्धु से मिलाप व धन लाभ होगा। यदि गोल वृत्त के बाहर पड़े तो दिन का आधा भाग खुशी में, आधा भाग फिकर और चिन्ता में व्यतीत होगा। यदि त्रिशूल के ऊपर पड़े तो पूरा दिन परेशानी, झगड़े, धन हानि व चिन्ता में व्यतीत होगा। **उदाहरणार्थ आज यदि मघा नक्षत्र हो तो, उसे नं. १ लें।** इसी क्रम में पूफा आदि 28 नक्षत्र क्रम से लिख लें। नक्षत्रों की तालिका इसी पंचाँग के अन्तिम पृष्ठों में देखें।

➲ खोई हुई वस्तु मिलेगी या नहीं ? ➲

विनष्टार्थस्य लाभोऽन्धे शीघ्रं मन्दे प्रयत्नतः। स्यात् दूरेश्रवणं मध्ये श्रुत्याप्ती न सुलोचने॥

१. अन्धाक्ष नक्षत्रों में गुम हुई अथवा चोरी हुई वस्तु पूर्व दिशा की ओर जाती है और उसकी पुनः प्राप्ति की शीघ्र सम्भावना रहती है।

२. सुलोचन नक्षत्रों में गुम हुई वस्तु उत्तर दिशा में जाती है परन्तु उसका न तो पता चलता है और न ही प्राप्त होती है।

३. मध्याक्ष नक्षत्र में खोई वस्तु पश्चिम दिशा की ओर अति दूर चली जाती है। पता चलने पर भी प्राप्त (हस्तंगत) नहीं होती।

४. मन्दाक्ष नक्षत्र में गुम अथवा चोरी हुई वस्तु दक्षिण की ओर चली जाती है तथा अत्यधिक प्रयत्न करने पर अन्ततोगत्वा वह प्राप्त हो जाती है। अन्धाक्षादि नक्षत्र निम्नलिखित हैं—

नक्षत्र संज्ञा	नाम नक्षत्र							मिलेगी या नहीं
(१) अन्धाक्ष	रोहणी	पुष्य.	उफा.	विशा.	पूषा.	धनि.	रेव.	शीघ्र मिलेगी।
(२) सुलोचन	कृतिका	पुन.	पूफा.	स्वा.	मूला.	श्रव.	उभा.	नहीं मिलेगी।
(३) मध्याक्ष	भर.	आर्द्रा.	मघा.	चित्रा.	ज्येष्ठा	अभि.	पूभा.	पता लगाने पर भी नहीं मिलेगी।
(४) मन्दाक्ष	अश्विनी	मृग.	आश्ले.	हस्त.	अनु.	उषा.	शत.	बहुत प्रयत्न करने पर मिलेगी।

चमत्कारिक मन्त्र-तन्त्र एवं यन्त्र

'मन्त्र' वह दिव्य शक्ति है, जिसके द्वारा दैवी शक्तियों का अनुग्रह उपयुक्त साधना द्वारा सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है। धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति के लिए कर्त्तव्य की प्रेरणा देनी वाली शक्ति साधना को भी मन्त्र कहते हैं।

मन्त्र सिद्धि एवं साधना के लिए दृढ़ संकल्प शक्ति एवं श्रद्धा भावना का होना आवश्यक है। जैसा कि 'भावचूड़ामणि' में लिखा गया है—

बहुजापात् तथा होमात् कायक्लेशादिविस्तरैः। न भावेन विना देवो यन्त्रमन्त्राः फलप्रदाः॥

अर्थात् चाहे कितना भी अधिक जप, होम तथा शारीरिक प्रयास किया जाए, परन्तु भाव के बिना देवता, मन्त्र और यन्त्र आदि फलप्रद नहीं होते।

प्राचीनाचार्यों ने मन्त्र-तन्त्रादि के अनुष्ठान एवं सिद्धि के लिए कुछ विशेष नियमों को पालन करने के भी निर्देश दिए हैं। जैसे-गोपनीयता, मन व शरीर की शुद्धि, शुभ स्थान, सात्विक भोजन, शुभासन, विनियोग, मन्त्र, देवता, दिशा एवं शुभ मुहूर्त्तादि का ज्ञान होना आवश्यक बताया गया है। जिनका पालन करके मन्त्रानुष्ठान शीघ्र व सुलभ हो जाती है। इनकी विस्तृत व्याख्या हमारी प्रकाशित पुस्तक **'शिव मन्त्रावली'** में दी गई है।

मन्त्र एवं यन्त्रों के अनुष्ठान एवं सिद्धि के लिए सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण, सूर्य-चन्द्र क्रान्तिसाम्य का काल, श्रीमहाशिवरात्रि काल, दीपावली, अक्षय तृतीया, सायन एवं निरयण संक्रान्ति पुण्यकाल, होलाष्टक, रवि-गुरु पुष्यादि योग, नवरात्रों में, अमृत सिद्धि योगों, भौमवासरी अमावस आदि पर्वों को विशेष प्रशस्त माना गया है।

मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

सायन संक्रान्ति प्रवेश एवं पुण्यकाल—सन् 2010–11 ई.

भारतीय मुहूर्त्त शास्त्रों ने निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल की भान्ति सायन संक्रान्ति के पुण्यकाल को भी यन्त्र-मन्त्र साधना हेतु विशेष सिद्धिदायक बताया है।

2010–11 ई.	राशि	प्रवेशकाल	पुण्यकाल विवरण (भा. स्टै. टा.)
20 जनवरी	कुम्भ	9–58	प्रातः 3/58 से दोपहर 15/58 तक
18 फरवरी	मीन	24–06	सायं 18/06 से 30/06 तक
20 मार्च	मेष	23–02	सायं 17/02 से 29/02 तक
20 अप्रैल	वृष	10–00	प्रातः 4/00 से सायं 16/00 तक
21 मई	मिथुन	9–04	प्रातः 3/04 से सायं 15/04 तक
21 जून	कर्क	16–58	प्रातः 10/58 से रात्रि 22/58 तक
22 जुलाई	सिंह	27–51	रात्रि 21/51 से अगले दिन प्रातः 9/51 तक
23 अगस्त	कन्या	10–57	प्रातः 4/57 से सायं 16/57 तक
23 सितम्बर	तुला	8–39	प्रातः 2/39 से दोपहर 14/39 तक
23 अक्तूबर	वृश्चिक	18–05	दोपहर 12/05 से रात्रि 24/05 तक
22 नवम्बर	धनु	15–45	प्रातः 9/45 से रात्रि 21/45 तक
21 दिसम्बर	मकर	29–08	रात्रि 23/08 से अगले दिन दोप. 11/08 तक
20 जन. (2011)	कुम्भ	15–49	प्रातः 9/49 से 21/49 तक
18 फरवरी	मीन	29–55	रात्रि 23/55 से अगले दिन दोप. 11/55 तक
20 मार्च	मेष	28–51	रात्रि 22/51 से अगले दिन प्रातः 10/51 तक
20 अप्रैल	वृष	15–47	प्रातः 9/47 से रात्रि 21/47 तक

क्रान्तिसाम्य काल—2010–11 ई.

यहां नीचे सूर्य-चन्द्र का सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य काल दिया जा रहा है। (महापात गणित द्वारा) विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को वर्जित किया गया है। इस समय विवाह आदि शुभ मुहूर्त के लिए अशुभ परन्तु मंत्र-यन्त्र अनुष्ठान के लिए श्रेष्ठ समय होता है।

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
तारीख	घं. मिं.	तारीख	घं. मिं.
9 जन.	22 02	10 जन.	6 37
23 जन.	24 38	24 जन.	6 39
4 फर.	18 14	4 फर.	23 31
18 फर.	13 44	18 फर.	18 39
2 मार्च	14 17	2 मार्च	18 19
28 मार्च	11 22	28 मार्च	15 10
10 अप्रै.	6 30	10 अप्रै.	11 33
22 अप्रै.	27 43	23 अप्रै.	7 59
5 मई	14 46	5 मई	20 54
18 मई	17 58	18 मई	24 03
30 मई	28 20	31 मई	13 28
13 जून	11 47	13 जून	29 19
23 जून	15 07	23 जून	27 32
7 जुला.	22 28	8 जुला.	7 30
19 जुला.	22 40	20 जुला.	6 12
2 अग.	20 28	2 अग.	26 33
14 अग.	18 00	14 अग.	22 54
28 अग.	7 40	28 अग.	12 43
9 सितं.	14 59	9 सितं.	18 50
22 सितं.	15 18	22 सितं.	20 07
5 अक्तू.	11 19	5 अक्तू.	15 16
17 अक्तू.	20 44	17 अक्तू.	25 58
30 अक्तू.	25 35	30 अक्तू.	30 30
11 नवं.	26 46	12 नवं.	9 22
25 नवं.	11 25	25 नवं.	19 18
7 दिसं.	14 05	7 दिसं.	26 16
21 दिसं.	10 22	21 दिसं.	26 26
31 दिसं.	25 28	1 जन. (2011)	15 11

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
तारीख	घं. मिं.	तारीख	घं. मिं.
(सन् 2011 ई.)			
14 जन.	20 31	14 जन.	29 34
26 जन.	21 11	26 जन.	27 41
9 फर.	8 02	9 फर.	13 58
21 फर.	12 46	21 फर.	17 18
6 मार्च	13 33	6 मार्च	18 39
19 मार्च	8 28	19 मार्च	12 20
31 मार्च	17 28	31 मार्च	22 35

वारुणी पर्व (सन् 2010 ई.)

सन् 2010 में वारुणी योग का अभाव है।

(सन् 2011 ई.)

31 मार्च	12 38	31 मार्च	सूर्यास्त
1 अप्रै.	सूर्योदय	1 अप्रै.	8 25

गजच्छाया योग

5 अक्तू.	10 58	5 अक्तू.	13 19
7 अक्तू.	7 43	7 अक्तू.	सूर्यास्त

अर्घोदय योग

(सन् 2011 ई.)

3 फर.	सूर्योदय	3 फर.	8 00

सूर्यग्रहण–चन्द्रग्रहण

(1) खण्ड चन्द्रग्रहण = (26 जून, 2010 ई.)
(2) खण्ड सूर्यग्रहण = (4 जन., 2011 ई.)
पर्वकाल के लिए देखें पृष्ठ 13 से 18

दीपावली पर्व

5 नवं., 2010 ई., शुक्रवार को दीपावली पर्व होने के कारण यन्त्र-मन्त्र अनुष्ठान, साधन के लिए विशेष सिद्धिदायक होगा। देखें पृष्ठ 84–85

'सर्वव्याधि नाश के लिए महामृत्युञ्जय मन्त्र'

'ॐ ह्रौं जूँ सः, ॐ भूर्भुवः स्वः। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनात् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्। स्वः भुवः भूः ॐ। सः जूँ ह्रौं ॐ।'

अर्थ—हम परमपिता त्र्यम्बक (भगवान् शिव) की आराधना करते हैं। वह परमसुखदायक एवं पुष्टिवर्धक हैं। जैसे तरबूज आदि फल (पक जाने पर स्वयं ही) बेल से छूट जाता है, वैसे ही (पूर्ण आयु भोगकर) मैं मृत्युमय जीवन से (बिना कष्ट भोगे) छूट जाऊँ, परन्तु अमृतमय जीवन से मत छूटूँ।

संक्षिप्त विधि—यह सम्पुटयुक्त मन्त्र है। ॐकार का प्रतीक शिवलिङ्ग है; उसी के ऊपर अविच्छिन-अनवरत जलधारा के प्रवाहवत अपनी दृष्टि स्थिर करते हुए विश्वासपूर्वक मृत्युंजय महामन्त्र का जाप करता रहे तो ध्यानावस्था प्रत्यक्ष खड़ी हो जाती है और एक विलक्षण आनन्द की अनुभूति होती है।

किसी शुभ मुहूर्त्त में शुद्ध शान्तचित्त, संयमपूर्वक देवालय (विशेषकर शिव मन्दिर), गंगादि तीर्थ स्थान, जलाशय, पीपल वृक्ष के पास अथवा अपने निवास स्थान में स्वच्छ एकान्त स्थान पर संकल्पपूर्वक निश्चित विषम संख्या (एक, तीनादि) में नियमित रूप में श्रद्धापूर्वक पाठ करने से अवश्य लाभ मिलता है। जप संख्या में उलट-फेर या कमी बेशी करने से विक्षिप्तता का भय रहता है। जपसंख्या पूर्ण हो जाने पर जपसंख्या का दशमांश हवन, हवन का दशांश तर्पण तथा एवं तर्पण का दशांश मार्जन एवं यथेष्ठ दानादि सहित ब्राह्मण भोजन करवाना चाहिए तथा पाठोपरान्त शिव कवच पढ़ना चाहिए। जप के बाद इस प्रकार प्रार्थना करनी चाहिए।

गुह्यातिगुह्यगोप्ता त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्। सिद्धिर्भवतु मे देव त्वत्प्रसादन्महेश्वर॥
मृत्युंजय महारुद्र त्राहि मां शरणागतम्। जन्ममत्युजरारोगैः पीडितं कर्मबन्धनैः॥

श्रीमहामृत्युञ्जय मंत्र के जप से अकालमृत्यु का निवारण, दीर्घायु व आरोग्य की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त जन्मकुण्डली में ग्रह-नक्षत्र दोष, नाड़ी दोष, मंगलीक दोष, शत्रुषडाष्टक, विधुर एवं वैधव्यादि दोषों के निवारण हेतु तथा अतिशय क्लिष्ट एवं असाध्य रोगों और मृत्युतुल्य शारीरिक एवं मानसिक रोगों में उपायस्वरूप अचूक एवं सिद्ध मन्त्र माना गया है।

''श्रीमहामृत्युंजय कवच यन्त्रम्''

भोजपत्र पर अष्टगन्ध से यन्त्र लिखकर गुगुल का धूप देकर पुरुष के दाहिने और स्त्री के बायें हाथ में बाँध देना चाहिए। गोत्र, पिता का नाम, पुत्र या पुत्री (रोगी) का नाम यथास्थान लिख देना चाहिए। साथ में रुद्राक्ष माला से महामृत्युञ्जय जप करते रहें।

श्री बगुलामुखी देवी का मन्त्र ('शत्रुविजयी मन्त्र')

श्री बगला महाविद्या की उपासना गुरु के सान्निध्य में रहकर सतर्कता, इन्द्रियनिग्रहपूर्वक सफलता की प्राप्ति होने तक प्रयत्नपूर्वक करते रहना चाहिए।

आपका विरोधी अथवा शत्रु आपको अन्यायपूर्वक तंग कर रहा हो अथवा राजकीय रुकावटों के कारण उपयुक्त प्रमोशन न मिल पा रहा हो अथवा व्यवसाय में गुप्त शत्रु हानि पहुँचाने का यत्न करते हों अथवा आपको अनावश्यक रुपेण, झगड़े आदि में फंसाया जा रहा हो तो निम्न श्री बगुलामुखी मन्त्र विशेष सहायक सिद्ध होता है।

साधक को गुरु से बगला मन्त्र का उपदेश ग्रहण कर ब्रह्मचर्यपूर्वक देवीमन्दिर में, पर्वतशिखर पर, शिवालय में, गुरु के समीप या जैसी सुविधा हो पीताचार से बगलामहामन्त्र का पुरश्चरण करना चाहिए। महाविद्या बगुलामुखी का ३६ अक्षरों का मन्त्र इस प्रकार है—

''ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं।
स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा॥''

मन्त्र के जपादि के विषय में बगलापटल (सिद्धेश्वर तन्त्र) में विशेष विधान बताए हैं, जो इस प्रकार हैं—

पीताम्बरधरो भूत्वा पूर्वाशाभिमुखः स्थितः। लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं हरिद्राग्रन्थिमालया॥
ब्रह्मचर्यरतो नित्यं प्रयतो ध्यानतत्परः। प्रियङ्गु कुसुमेनापि पीतपुष्पैश्च होमयेत्॥

बगला के जप में पीले रंग का विशेष महत्त्व है। जपकर्त्ता को पीला वस्त्र पहनकर हल्दी की गाँठ की माला से जप करना चाहिए। देवी की पूजा और होम में पीले पुष्पों, प्रियङ्गु, कनेर, गेंदा आदि के पुष्पों का प्रयोग करना चाहिए। शुचिर्भूत हो पीले कपड़े पहनकर साधक पूर्वाभिमुख बैठकर ही जप करें। उसे ब्रह्मचर्य का पालन अनिवार्यतः करना चाहिए। जप के पूर्व पूर्वाभिमुख आसन पर बैठकर आसनशुद्धि, भूशुद्धि, भूतशुद्धि, अङ्गन्यास, करन्यास आदि करना चाहिए। जप संख्या एक लाख बतलाई गई है। विशेष बात यह बताई है कि प्रतिदिन जप के अन्त में दशांश होम पीले पुष्पों से अवश्य करना चाहिए।

विनियोग— **'ह्लीं ॐ अस्य श्रीबगुलामुखीमन्त्रस्य नारद ऋषिः,**
बृहती छन्दः, बगुलामुखी देवताअभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः।'

अङ्गन्यास—'ॐ ह्लीं हृदयाय नमः। ॐ बगलामुखी शिरसे स्वाहा। ॐ सर्वदुष्टानां शिखायै वषट्। ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय कवचाय हुम्। ॐ जिह्वां कीलय नेत्रत्रया वौषट्। बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्।'

महाविद्या बगुलामुखी का ध्यान निम्नलिखित है, जो जप से पूर्व करणीय है—

सौवर्णासनसंस्थितां त्रिनयनां पीतांशुकोल्लासिनीं, हेमाभाङ्गरुचिं शशाङ्कमुकुटां स्रक्चम्पकस्रग्युताम्। हस्तैर्मुद्गरपाशबद्धरसनाः सम्बिभ्रतीं भूषणैः, व्याप्त बगलामुखीं त्रिजगतां संस्तम्भिनीं चिन्तये॥

विदेश-यात्रा हेतु प्रयोग

आजकल बहुतात लोगों की रोजगार अथवा वैवाहिक दृष्टि से विदेश भ्रमण की इच्छा रहती है, परन्तु किन्हीं कारणों से विघ्न-बाधाओं का सामना रहता है। उन्हें निम्न मन्त्र का जप करना शुभ रहेगा—''ॐ अनंग बल्लभाये विदेश गमनाय कार्य सिद्धयर्थे नमः''

किसी भी शुक्ल पक्ष के शुभ शुक्रवार प्रातः स्नानादि के पश्चात् स्वच्छ कपड़े पहनकर सफेद रंग के सूती आसन पर बैठकर अपने सामने एक लकड़ी के पट्टे पर सफेद वस्त्र को

बिछाकर उस पर दक्षिणावर्ती शंख रखकर केसर से स्वास्तिक चिन्ह व तिलक लगाकर श्रद्धापूर्वक उपरोक्त मंत्र का जाप स्फटिक की माला से करें।

मंत्र जप समापन होने पर उस सफेद वस्त्र में दक्षिणावर्ती शंख को भली-भांति लपेटकर अपने पूजा स्थल पर रख देने से विदेश भ्रमण की सभी बाधाएं स्वतः ही दूर हो जाती हैं तथा विदेश भ्रमण की संभावनाएं प्रबल हो जाती है।

अभीष्ट वर प्राप्ति के लिए

जिस कन्या के विवाह-कार्य में बार-बार विघ्न-बाधाएँ पड़ती हों। उसको गुरु-पुष्य, रवि पुष्य, अक्षया तीज, श्रावण मास में, दीपावली, बसन्त अथवा नवरात्रों में निम्नलिखित मन्त्र का आरम्भ करके यथेष्ठ संख्या में 51 हज़ार अथवा सवा लाख की संख्या में नियमित रूप में, शिव-पार्वती अथवा माता के मन्दिर में धूप, दीप जलाकर पीले एवं लाल पुष्प चढ़ाकर सुनिश्चित समय में नियमित रूप से संकल्पपूर्वक एवं विधिवत् जप करना चाहिए। इससे देवी की कृपा से अवश्य कामना सिद्धि होती है—

(१) **ॐ ह्रीं गौर्ये नमः**
हे गौरि शंकरार्धांगि यथा त्वं शंकर प्रिया।
तथा मां कुरु कल्याणि कान्तकान्तां सुदुर्लभाम्॥

(हे गौरी, शङ्कर की अर्द्धाङ्गिनी ! जिस प्रकार तुम शङ्कर की प्रिया हो, उसी प्रकार हे कल्याणी ! मुझ कन्या को दुर्लभ वर प्रदान करो।)

एक अन्य उपयोगी मन्त्र—

(२) **ॐ कात्यायनि महामाये महायोगिनी अधीश्वरी।**
नन्दगोपसुते देवि ! पतिं मे कुरु ते नमः॥

(हे कात्यायनि, महामाया, महायोगिनियों की अधीश्वरि ! मुझे भगवान् कृष्ण सदृश पति प्रदान करो ! तुम्हें नमस्कार है।)

(३) **ॐ देवेन्द्राणि नमस्तुभ्यं देवेन्द्रप्रियभामिनी।**
विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्रं लाभं च देहि मे॥

(ॐ देवेन्द्राणि ! देव इन्द्र की प्रिय पत्नी ! तुम्हें नमस्कार है। मुझे विवाह, भाग्य, आरोग्य और शीघ्र लाभ प्रदान करें।)

इस मन्त्र का जप भी प्रतिदिन कम से कम 108 बार लगातार अभीष्ट सिद्धि तक करते रहें। जप करने से पहले प्रतिष्ठित तुलसी-पादप की पूजा करके 12 परिक्रमाएँ करें, तदनन्तर दाएँ हाथ से दुग्ध और बाएँ हाथ से जल द्वारा श्रीसूर्यनारायण को 12 बार समन्त्र अर्घ्य दें। तदनन्तर जप करें। इस प्रकार प्रतिदिन अर्घ्यदान और जप करने से तथा प्रयास करते रहने से शीघ्र कार्य सिद्धि होगी।

—मनोवांछित पत्नी प्राप्ति के लिए—

(१) **पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम्।**
तारिणीं दुर्गसंसार सागरस्य कुलोद्भवाम्॥ (दुर्गा. सप्त., २४)

प्रातःकाल शुद्ध होकर दुर्गाजी के चित्रपट या मूर्ति पर लाल पुष्प समर्पित करें। दीप प्रज्वलित करके षोडशोपचार पूजन करें, तथा उपर्युक्त मन्त्र की कम से कम 5 माला प्रतिदिन जप करें। किसी ब्राह्मण से जप कराना हो तो भी एक माला जप स्वयं विवाह सम्पन्न होने तक करना चाहिए। साथ ही दुर्गासप्तशती का इसी मन्त्र से सम्पुट करके 18 पाठ करना या कराना चाहिए।

सम्पूर्ण जानकारी के लिए हमारी पुस्तक 'दुर्गा सप्तशती' (भाषा-टीका) पढ़ें।

(२) **'ॐ क्लीं विश्वावसुर्नाम गन्धर्वः कन्यानामधिपतिं लभामि**
देवदत्तां कन्यां सुरूपां सालंकारां तस्मै विश्वावसवे स्वाहा।'

सवा लाख जप करने या कराने के बाद दशांश हवन, तर्पण, मार्जन और ब्राह्मण भोजन अवश्य कराना चाहिए।

—दरिद्रता नाशक कुबेर मन्त्र—

ॐ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धनधान्याधिपतये।
धनधान्यसमृद्धि मे देहि दापय स्वाहा॥

उपरोक्त कुबेर मन्त्र धर्मस्थान या शिवमन्दिर में द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर योगों में अथवा दीपावली या नवरात्रों में संकल्पपूर्वक प्रारम्भ करके सवा लाख की संख्या में पाठ करें। प्रतिदिन नियमित रूप से तीन अथवा एक माला का पाठ (अपनी सामर्थ्यानुसार) करें। सम्पूर्ति पर ब्राह्मण दम्पत्ति को भोजन करवाना शुभ होगा।

ऋणमुक्ति एवं लक्ष्मी प्राप्ति के लिए श्री गणेश मंत्र

मंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं चिरचिर गणपतिवर वरदेयं मम वांछितार्थ कुरू कुरू स्वाहा।

विशेष विधि—श्री गणपति जी का विशेष रूप से अंगारकी चतुर्थी के दिन नित्यकर्म से निवृत होकर धूप-दीप आदि से पूजन करके इस मंत्र का 10 हजार की संख्या में रूद्राक्ष या मूंगे की माला से जप करके पश्चात् 108 आहुतियां इसी मंत्र से देवें। *दक्षिणा, आरती, मन्त्रपुष्पांजलि, प्रणामादि करके (21) लड्डूओं का भोग लगावें। जपारम्भ करने से पहले एवं हवनादि के पश्चात् भी 108 बार मंत्र जप करना विशेष लाभप्रद होगा। श्री गणेश जी को सिंदूर व दूर्वा चढ़ाकर पूजन करें। स्वयं भी लड्डूओं का प्रशाद लें।

***हवन सामग्री**—हवन में केवल पलाश की समिधा प्रयोग करें। गुग्गल 101 रक्त करबीर पुष्प एवं 101 लड्डू का चूरमा, ये तीनों वस्तुयें एकत्रित कर उपर्युक्त मंत्र से 108 आहुति देवें। **विशेष ध्यान रखें**—जप-पूजन के समय आरम्भ से अन्त तक घृत (देशी) का दीप प्रज्वलित रहना चाहिए। पूर्णाहुति सुपारी से देना शुभ होगा। इस विधि से तीन पुरश्चरण करने पर ऋणग्रस्त हो तो ऋण से मुक्ति के साधन बनेंगे। तृतीय पुरश्चरण करने के पश्चात् श्री गणेश सहस्रणाम का पाठ भी करना विशेष फलप्रद होता है।

पुत्र सन्तति प्रदायक :—संतान गोपाल मंत्र

मंत्र— "ॐ क्लीं देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः क्लीं ॐ॥"

विनियोगः—अस्य श्रीसन्तान गोपाल मंत्रस्य नारद ऋषिः, अनुष्टुप् छन्द, श्री कृष्ण देवता, ग्लौं बीजम्, नमः शक्तिः, अभीष्ट पुत्र प्राप्तयर्थे जपे विनियोगः।

न्यासः—देवकी सुत, हृदयाय नमः। वासुदेव जगत्पते शिरसे स्वाहा। देहि मे तनयं कृष्ण शिखायै वषट्। त्वामहं शरणं गतः कवचाय हुम्। ॐ क्लीं देवकी सुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते नेत्राय वौषट्। देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः, अस्त्राय फट्।

ध्यान मंत्र— **कृष्णाय वासुदेवाय देवकी नन्दनाय च।**
नन्दगोप कुमाराय गोविन्दाय नमो नमः॥

जपविधान—उपरोक्त सन्तान-गोपाल मंत्र का सवा लाख की संख्या में जप करना चाहिए। शहद, घी एवं शक्कर मिश्रित तिलों से दस हजार आहुतियां डालनी चाहिए। एक हजार की संख्या में तर्पण तथा एक शत संख्या में मार्जन करें, तत्पश्चात् दस ब्राह्मणों को दक्षिणा सहित भोजन करवाना चाहिए। भगवान् श्री कृष्ण की विधिवत् पूजा करने के पश्चात् संकल्पपूर्वक जपारम्भ करना चाहिए। पूजास्थल में भगवान् श्री कृष्ण-गोपाल की एक छोटी सौम्य सुन्दर मूर्ति रखनी चाहिए। मंत्र जप के पश्चात् मंत्र-पुष्पांजलि, गोविन्दाष्टक एवं श्रीकमलनेत्र स्तोत्र का पाठ करना शुभ होता है।

—लक्ष्मी प्राप्ति के लिए श्री कुबेर देव का मंत्र—

धन के अधिष्ठाता श्री कुबेर देवता का मन्त्र जपने से व्यक्ति को धन-सम्पत्ति का अभाव नहीं रहता। 'कुबेर' शब्द ही धनिक का पर्याय है। यक्षों के सम्राट कुबेर देवता अपनी सम्पत्ति के लिए पुराणों में भी वर्णित है। उनकी साधना का मंत्र निम्नांकित है। एक लाख जप करके तिल के द्वारा दशांश (दस हज़ार अथवा एक हज़ार, जैसी सामर्थ्य हो) हवन करने से कुबेर देव की कृपा, साधक का दारिद्रय दूर कर देती है।

ध्यान मंत्र— **मनुजबाह्य विमानवर स्थितं, गरूड़ रत्ननिभं निधि नायकं।**
शिव सखं मुकुटादि विभूषितं, वरगदे दधतं भज तुन्दिलम्॥

मंत्र—'ॐ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धन धान्यादिपतये समृद्धिं में देहि दापय स्वाहा।'
"ॐ श्रीं ॐ ह्रीं श्रीं ह्रीं क्लीं वित्तेश्वराय नमः।"

दुर्लभ बीसा यन्त्र प्रयोग

अष्टगन्ध की स्याही* अथवा शुद्ध सिन्दूर को शुद्ध घी (गौ का), इसके अभाव में मीठा तेल में मिलाकर अनार अथवा तुलसी की लकड़ी का कलम (प्रमाण 8 अंगुल) से मकान अथवा दुकान की पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख दीवार पर दीपावली के शुभ पर्व पर प्रदर्शित बीसा यंत्र लिखें। इस यंत्र को लिखने से पहले उस स्थान को गाय के गोबर से पवित्र कर लेना चाहिए। गाय के गोबर में गंगाजल भी मिला लेना चाहिए। इस यंत्र को लिखने से ऐश्वर्य, सुख-समृद्धि और धन [illegible] होती है। अचला भगवती लक्ष्मी एक वर्ष तक वहाँ निवास करती है।**

	ॐ	ऐं	ॐ	
ॐ	१	९	१०	ॐ
श्रीं	१४	७ ॐ २ ६ ८	६	ह्रीं
ॐ	५	११	४	ॐ

यंत्र लिखने के पश्चात् 卐 (स्वस्तिक), ॐ 'ऐश्वर्य- लाभ', 'श्री गणेशाय नमः', 'श्री महालक्ष्म्यै नमः', 'श्री सरस्वत्यै नमः', 'श्री महाकाल्यै नमः', 'श्री विष्णवेनमः', 'श्री शिवाय नमः', 'श्री कुबेराय नमः' आदि मङ्गलवाक्य भी शुद्ध घी एवं मीठा तेल मिश्रित सिंदूर द्वारा लिख देने से उस स्थान से दुःख-दरिद्रता का नाश होता है। ये यंत्र और मंङ्गलमन्त्र कष्ट निवारक, पापनाशक और कल्याणप्रद हैं। लाभ उठाइये।

—कुछ शाबर मन्त्र—

कार्य सिद्धि हेतु—किसी भी शुक्ल पक्ष के दिन सायं 6 बजे एक देशी पान, दो साबुत लौंग, सात बताशे लेकर नदी के किनारे जाकर मंत्र 108 बार पढ़ें। उसके पश्चात् प्रसाद को जल में प्रवाहित कर दें। सात दिन तक ऐसा करें, तो रूके कार्य बन जाएंगे।

मन्त्र—पहिले नाम भगवान् का। दूजे नाम औतार का। तिजे नाम सत्-गुरु, जिनका नाम गोरखनाथ। उनकी कृपा और उनकी दया। इस ख्वाजा-खिदर पूजने के लिए परसाद लेकर आया। लोना चमारी दिरन्त की दुहाई। वैष्णों शाकुंबरी और औतार पीर और पैगम्बर इन सबकी दया के साथ दरिया के किनारे, जिससे हमारी आत्मा ठंडी। लोना चमारी, दुहाई। वस्तम पेरूल युसूफ की तरह, भूरे देव की तरह, सत्यनारायण की तरह मैंने भी पैर बढ़ाया। लोना चमारी की दुहाई। हरी-हरी, शिव-शिव, जयन्ती भद्रकाली।

शत्रुता शमन-मन्त्र—निम्न मन्त्र को मंगलवार के दिन से आरम्भ करना चाहिए और 31 दिन तक प्रतिदिन 1108 बार जप करें। प्रतिदिन मोतीचूर के लड्डुओं का भोग लगाकर बच्चों को बांटे। इस प्रकार करने से शत्रु स्वयं ही झुकेगा।

'ॐ नमो आदेश, कामरू देश कामख्या देवी। जले तेल-तेल, महातेल तारे। अमुक लहर पीर पल में टारे। मन्त्र पढ़े नरसिंह देव कुटिया में बैठ के, श्री रामचन्द्र जी रहि-रहि फूंक के। जाय अमूक जलन एक पलज में, जाय-खाय सागर की नीर नोन में। आज्ञा हाडि दास। फुरो मन्त्र, चण्डी वाचा।

वशीकरण हेतु—(1) किसी भी स्त्री या पुरुष को मोहित, आकर्षित अथवा अपने वश में करने के लिए रोज़ाना सायंकाल 108 बार निम्न मन्त्र का जाप प्राण-प्रतिष्ठित स्फटिक की माला से करें। मंत्र इस प्रकार है—

'ॐ नमो मोहिनी महामोहनी अमृत वासनी ऐं नमो सिद्धि। गुरु के पाय जानुं। अर्जुन के वान। धनेश्वरी की माटी बन्धो। घाउन बन्धो। पाटि मेरि, भक्ति गुरु की फुरो मंत्र ईश्वरों वाचा।

---

*श्वेत चन्दन, लाल चन्दन, अगर, तगर, केशर, कस्तूरी, कर्पूर और गोरोचन।

कुछ उपयोगी टोटके

(1) शीघ्र विवाह के लिए—(*i*) विवाह के इच्छुक युवक या युवती को प्रत्येक बृहस्पतिवार को स्नान करने वाले जल में एक चौथाई चम्मच हल्दी डालकर स्नान करना चाहिए। हल्दी के स्थान पर केसर का उपयोग भी किया जा सकता है। यदि ऐसे युवक या युवती बृहस्पतिवार को गाय को भोग (आटे के दो गोलों पर थोड़ी सी हल्दी लगाकर, थोड़ा गुड़ तथा चने की गीली दाल) दें तो उनके विवाह का योग शीघ्र बन सकता है।

(*ii*) मंगली होने के कारण विवाह में बाधा आ रही हो, तो कन्या प्रत्येक मंगलवार 'श्रीमंगल चंडिका स्तोत्र' (देखें गतवर्ष सं. २०६६ की पंचांगदिवाकर अथवा हमारी पुस्तक 'चमत्कारी सुनहरी उपाय') का पाठ करें तथा लाल मूंगे की माला से निम्न मंत्र का जप करें—

'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सर्व पूज्ये देवि मंगल चंडिके हूँ फट् स्वाहा।'

इस मंत्र जाप के साथ सुन्दरकाण्ड का पाठ भी करें।

(*iii*) विवाह सम्बन्ध बनते-बनते टूट रहे हो, तो पूर्णिमा को किसी भी वटवृक्ष की 108 परिक्रमा करने से विवाह की विघ्नता दूर हो जाती है। गुरुवार को वट, पीपल एवं केले के वृक्ष पर जल अर्पित करने से विवाह की बाधा टूट हो जाती है।

(2) दाम्पत्य सुख के लिए—पति-पत्नी में परस्पर तनाव एवं झगड़ा रहता हो तथा स्त्री सदेव पति से प्रताडित होती रहती हो, तो वह बेल के तीन पत्तों पर अपने पति का नाम गोरोचन में काली हल्दी का घोल बनाकर मोर पंख की कलम से लिखे। फिर उन्हें चाँदी की डिब्बी में भरकर, उसे अपने दाएं हाथ की हथेली में रखें और निम्न मंत्र का मन ही मन 11 बार, 11 दिन तक जाप करें—**'ॐ नमः शिवाय शंकराय'**

जब 11 दिन पूरे हो जाएं, तब डिब्बी को उसी बेल वृक्ष को समर्पित कर आए, जिसके वे तीन पत्ते लिए थे। कुछ ही दिनों में पति के व्यवहार में परिवर्तन होगा।

षष्ठी देवी के स्तोत्र की महिमा

जन्म कुण्डली अथवा वर्ष कुण्डली में कोई अरिष्ट योग पड़ा हो, तो षष्ठी देवी का षोडशोपचार अथवा पंचोपचार पूजन करके, स्तोत्र का श्रद्धा एवं भक्तिपूर्वक जन्मदिन पर षष्ठी देवी का पाठ करने से अरिष्ट योगों का निवारण हो जाता है। जन्मदिन को मार्कण्डेयादि अष्ट चिरंजीवी महापुरुषों के पूजन के साथ-साथ षष्ठी देवी का पूजन व आहुतियाँ देने से जातक को स्वास्थ्य लाभ, धनादि सम्पदा का लाभ तथा पुत्र सन्तति का सुख प्राप्त होता है।

[विशेष पूजन विधि के लिए देखें—पं. पन्ना लाल कृत 'जन्मदिन पूजा पद्धति']

इस स्तोत्र की महिमा में कहा गया है कि—जो निःसंतान व्यक्ति षष्ठीदेवी के इस स्तोत्र को निरन्तर एक वर्ष तक सुनते (पाठ करते) हैं, उन्हें श्रेष्ठ और दीर्घजीवी पुत्र प्राप्त होता है। जो महावंध्या (बाँझ नारी) एक वर्ष तक षष्ठी देवी की भक्ति के साथ पूजा करके इस स्तोत्र को सुनती है, वह सब पापों से छूट जाती है और महावंध्या होने पर भी षष्ठी देवी के प्रसाद से वीर, गुणी, विद्वान, यशस्वी, दीर्घायुसम्पन्न पुत्र उत्पन्न करती है। जो नारी काकवंध्या हो (जिसे केवल एक संतान उत्पन्न हो) और जिस स्त्री के पुत्र पैदा होकर मर जाते हों, वह यदि स्तोत्र को एक वर्ष तक लगातार सुनती रहे तो षष्ठीदेवी अनुग्रह से पुत्रवती हो जाती है। बालक के रोगी होने पर, यदि उसके माता-पिता इस स्तोत्र को सुनें तो षष्ठीदेवी की कृपा से एक महीने के भीतर ही बालक रोगमुक्त हो जाता है।

—श्री षष्ठी देवी का स्तोत्र—

नमो देव्यै महादेव्यै सिद्ध्यै शान्त्यै नमो नमः। शुभायै देवसेनायै षष्ठीदेव्यै नमो नमः॥
वरदायै पुत्रदायै धनदायै नमो नमः। सुखदायै मोक्षदायै षष्ठीदेव्यै नमो नमः॥
शक्तेः षष्ठांशरूपायै सिद्धायै च नमो नमः।

देवी को नमस्कार है। महादेवी को नमस्कार है। भगवती सिद्धि एवं शान्ति को नमस्कार है। शुभा, देवसेना एवं भगवती षष्ठी को बार-बार नमस्कार है। वरदान देने वाली, पुत्र देने वाली, धन देने वाली, सुख प्रदान करने वाली एवं मोक्षदाता भगवती षष्ठी को बार-बार नमस्कार है। मूल प्रकृति के छठे अंशसे प्रकट शक्तिस्वरूपा भगवती सिद्धा को नमस्कार है।

मायायै सिद्धयोगिन्यै षष्ठीदेव्यै नमो नमः॥ पारायै पारदायै च षष्ठीदेव्यै नमो नमः।
सारायै शारदायै च पारायै सर्वकर्मणाम्॥ बालाधिष्ठातृदेव्यै च षष्ठीदेव्यै नमो नमः।
कल्याणदायै कल्याण्यै फलदायै च कर्मणाम्॥ प्रत्यक्षायै च भक्तानां षष्ठीदेव्यै नमो नमः।
पूज्यायै स्कन्दकान्तायै सर्वेषां सर्वकर्मसु॥ देवरक्षणकारिण्यै षष्ठीदेव्यै नमो नमः।
शुद्धसत्त्वस्वरूपायै वन्दितायै नृणां सदा॥ हिंसाक्रोधवर्जितायै षष्ठीदेव्यै नमो नमः।
धनं देहि प्रियां देहि पुत्रं देहि सुरेश्वरि॥

माया, सिद्धयोगिनी, स्वयंमुक्त एवं मुक्तिदात्री, सारा, शारदा और परादेवी नाम से शोभा पाने वाली भगवती षष्ठी को बार-बार नमस्कार है। बालकों की अधिष्ठात्री, कल्याणदात्री, कल्याणस्वरूपिणी एवं कर्मों का फल प्रदान करने वाली देवी षष्ठी को बार-बार नमस्कार है। अपने भक्तों को प्रत्यक्ष दर्शन देने वाली तथा सबके लिये सम्पूर्ण कार्यों में पूजा प्राप्त करने की अधिकारिणी स्वामी कार्तिकियकी प्राणप्रिया देवी षष्ठी को बार-बार नमस्कार है। मनुष्य जिनकी नित्य वन्दना करते हैं और देवताओं की रक्षा में जो तत्पर रहती हैं, उन शुद्धसत्त्वस्वरूपा देवी षष्ठी को बार-बार नमस्कार है। हिंसा और क्रोध से रहित देवी षष्ठी को बार-बार नमस्कार है। हे सुरेश्वरि ! आप मुझे धन दें, प्रिय पत्नी दें, पुत्र देने की कृपा करें।

धर्मं देहि यशो देहि षष्ठीदेव्यै नमो नमः। भूमिं देहि प्रजां देहि देहि विद्यां सुपूजिते॥
कल्याणं च जयं देहि षष्ठीदेव्यै नमो नमः।

मुझे धर्म दें, यश दें, हे षष्ठीदेवि ! आपको बार-बार नमस्कार है। हे सुपूजिते ! आप मुझे भूमि दें, प्रजा दें, विद्या दें तथा कल्याण एवं जय प्रदान करें। हे षष्ठीदेवि ! आपको बार-बार नमस्कार है।

—पुत्र अभिलाषाष्टकस्तोत्र—

ऋषिवर विश्वानर की धर्मपत्नी शुचिष्मतीने अपने पति से प्रार्थना की कि 'मेरे शिव-समान पुत्र हो।' यह सुनकर विश्वानर क्षणभर तो चुप रहे, फिर बोले 'एवमस्तु' और उन्होंने स्वयं ही १२ महीने तक फलाहार, जलाहार और वाय्वाहार के आधार पर घोर तप किया। फिर काशी जाकर विकरादेवी तथा सिद्धि-विनायक के समीप चन्द्रकूप में स्नान करके वहीं वीरेश्वर के समीप अभिलाषाष्टक के आठ मंत्रों से बड़ी श्रद्धापूर्वक स्तुति की। इससे भगवान् शंकर प्रसन्न हो गये और कुछ ही दिन बाद विश्वानर की पत्नी शुचिष्मती को गर्भ रह गया। समय आने पर उसने शिवसदृश पुत्र गृहपति (अग्नि) को जन्म दिया। अतः संतान की कामना वाले पति या पत्नी को चाहिये कि प्रातः शौच-स्नानादिसे निवृत्त हो शिवजी का पूजन करे और इस स्तोत्र का आठ या अट्ठाईस बार पाठ करे। इस प्रकार एक वर्षपर्यन्त पाठ करते रहने से पुत्र की प्राप्ति होती है। मूल स्तोत्र इस प्रकार है—

स्तोत्र—

एकं ब्रह्मैवाद्वितीयं समस्तं सत्यं सत्यं नेह नानास्ति किञ्चित्।
एको रुद्रो न द्वितीयोऽवतस्थे तस्मादेकं त्वां प्रपद्ये महेशम्॥१॥

एकः कर्ता त्वं हि विश्वस्य शम्भो नाना रूपेष्वेकरूपेऽस्यरूपः।
यद्वत्प्रत्यस्वर्क एकोऽप्यनेक-स्तस्मान्नान्यं त्वां विनेशं प्रपद्ये॥२॥

रज्जौ सर्पः शुक्तिकायां च रूप्यं नैरः पूरस्तन्मृगाख्ये मरीचौ।
यद्वत्तद्वद् विश्वगेष प्रपञ्चो यस्मिन् ज्ञाते तं प्रपद्ये महेशम्॥३॥

तोये शैत्यं दाहकत्वं च वह्नौ तापो भानौ शीतभानौ प्रसादः।
पुष्पे गन्धो दुग्धमध्ये च सर्पिर्यत्तच्छम्भो त्वं ततस्त्वां प्रपद्ये॥४॥

शब्दं गृह्णास्यश्रवास्त्वं हि जिघ्रे-रघ्राणस्त्वं व्यंघ्रिरायासि दूरात्।
व्यक्षः पश्येस्त्वं रसज्ञोऽप्यजिह्वः कस्त्वां सम्यग् वेत्त्यतस्त्वां प्रपद्ये॥५॥

नो वेदस्त्वामीश साक्षाद्धि वेद नो वा विष्णुर्नो विधाताखिलस्य।
नो योगीन्द्रा नेन्द्रमुख्याश्च देवा भक्तो वेद त्वामतस्त्वां प्रपद्ये॥६॥

नो ते गोत्रं नेश जन्मापि नाख्या नो वा रूपं नैव शीलं न देशः।
इत्थंभूतोऽपीश्वरस्त्वं त्रिलोक्याः सर्वान् कामान् पूरयेस्तद् भजे त्वाम्॥७॥

त्वत्तः सर्वं त्वं हि सर्वं स्मरारे त्वं गौरीशस्त्वं च नग्नोऽतिशान्तः।
त्वं वै वृद्धस्त्वं युवा त्वं च बाल-स्तत्किं यत्त्वं नास्यतस्त्वां नतोऽस्मि॥८॥

यहां सब कुछ एकमात्र अद्वितीय ब्रह्म ही है। यह बात सत्य है, सत्य है। इस विश्व में भेद या नानात्व कुछ भी नहीं है। इसलिये एक अद्वितीयरूप आप महेश्वर की मैं शरण लेता हूँ॥१॥

शम्भो ! आप रूपरहित अथवा एकरूप होकर भी जल... भाँति प्रतीत होते हैं। ठीक उसी तरह, जैसे जल के भिन्न-भिन्न पात्रों में एक ही सूर्य अनेकवत् दृष्टिगोचर होता है। अतः आपके सिवा और किसी स्वामी की मैं शरण नहीं लेता॥२॥

जैसे रज्जुका ज्ञान हो जाने पर सर्प का भ्रम मिट जाता है, सीपी का बोध होते ही चाँदी की प्रतीति नष्ट हो जाती है तथा मृगमरीचिका का निश्चय होने पर उसमें प्रतीत होने वाली जलप्रवाह असत्य सिद्ध हो जाता है, उसी प्रकार जिनका ज्ञान होने पर सब ओर प्रतीत होने वाला यह सम्पूर्ण प्रपंच उन्हीं में विलीन हो जाता है, उन महेश्वर की मैं शरण लेता हूँ॥३॥

शम्भो ! जैसे जल में शीतलता, अग्नि में दाहकता, सूर्य में ताप, चन्द्रमा में आह्लाद, पुष्प में सुगन्ध तथा दूध में घी स्थित है, उसी प्रकार सम्पूर्ण विश्व में आप व्याप्त हैं, इसलिये मैं आपकी शरण लेता हूँ॥४॥

आप बिना कान के ही शब्द को सुनते हैं, नासिका के बिना ही सूँघते हैं, पैरों के बिना ही दूर से चले आते हैं, नेत्रों के बिना ही देखते और रसना के बिना ही रसका अनुभव करते हैं, आपको यथार्थ-रूप से कौन जानता है ? अतः मैं आपकी ही शरण लेता हूँ॥५॥

ईश ! वेद भी आपके साक्षात् स्वरूप को नहीं जानता, भगवान् विष्णु, सबके स्रष्टा ब्रह्मा भी आपको नहीं जानते, बड़े-बड़े योगीश्वर तथा इन्द्र आदि देवता भी आपको यथार्थ रूप से नहीं जानते, परन्तु आपका भक्त आपकी ही कृपा से आपको जानता है, अतः मैं आपकी ही शरण लेता हूँ॥६॥

ईश ! आपका न कोई गोत्र है, न जन्म है, न नाम है, न रूप है, न शील है और न कोई स्थान ही है, ऐसे होते हुए भी आप तीनों लोकों के स्वामी हैं और सभी मनोरथों को पूर्ण करते हैं, इसीलिये मैं आपकी आराधना करता हूँ॥७॥

कामारे ! आपसे ही सब कुछ है ; आप ही सब कुछ हैं, आप ही पार्वतीपति हैं, आप ही दिगम्बर है और अति शान्तस्वरूप हैं, आप ही वृद्ध हैं, आप ही तरुण हैं और आप ही बालक हैं। कौन-सा ऐसा तत्त्व है, जो आप नहीं हैं, सब कुछ आप ही हैं, अतः मैं आपके चरणों में मस्तक नवाता हूँ॥८॥

—त्रिखल जन्म फल एवं शान्ति—

तीन कन्याओं के पश्चात् लड़का उत्पन्न होना तथा तीन लड़कों के पश्चात् कन्या की उत्पत्ति त्रिखल दोषकारक मानी जाती है। इसके कारण लड़का पिता, नानके पक्ष को हानि तथा कन्या माता के लिए कष्टप्रद होते हैं। त्रिखल शान्ति करवा लेने से गृह में सुख शान्ति रहती है। शान्ति हेतु सूतकादि के उपरान्त किसी शुभ मुहूर्त में पत्नी सहित शुद्ध आसन पर पूर्वाभिमुख होकर संकल्पपूर्वक श्रीगणपति-पूजन व नवग्रहादि पूजनोपरान्त कलश स्थापन करते हुए उसके ऊपर ताम्र पात्र रखकर उसमें श्री विष्णु भगवान् की स्वर्णमयी मूर्त्ति (उसके अभाव में ताम्र की) पूजा करके रखें। फिर विधिपूर्वक त्रिखलशान्ति कर्म किसी सुयोग्य ब्राह्मण द्वारा करवा लेनी चाहिए। यदि किसी कारणवश आप पूजा न कर पाए हों तो फिर बच्चे के जन्मदिन के आसपास किसी मुहूर्त्त में त्रिखल पूजा करवा लेनी कल्याणकारी होगी। दान में तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (सोना, चाँदी, ताँबा) तथा साथ में गुड़, एक लाल परना व नारियल दक्षिणा ...

मेषादि राशियों का ग्रहगोचर फलादेश-2010 ई.

आगे बारह राशियों का मासिक एवं वार्षिक फल ग्रहों की गोचर स्थित्यनुसार लिखा गया है। अपने जीवन सम्बन्धी और अधिक जानकारी एवं महत्त्वपूर्ण विषयों जैसे-विद्या, व्यवसाय, विवाह, सन्तान, विदेश गमनादि प्रश्नों सम्बन्धी विशेष फलादेश तथा तत्सम्बन्धी समस्याओं के उपाय जानने के लिए शुद्ध एवं बड़ी जन्मपत्री का होना आवश्यक है। हमारे कार्यालय से शुद्ध एवं विस्तृत जन्मपत्री बनवाने के लिए जातक/जातिका का नाम, जन्म-समय, जन्म स्थान (Place & Time of Birth), माता-पिता एवं व्यवसाय आदि का विवरण तथा अग्रिम रूप में पूरी फीस भेजें। बड़ी विस्तृत जन्मपत्री हस्तलिखित फलादेश सहित की फीस 751 रु. से 1150 रु.। मध्यम जन्मपत्री की 375 रु., वार्षिक वर्षफल, उपाय आदि सहित की फीस 351 रु.। विदेश में उत्पन्न जातक की फीस 31 पौंड अथवा 40 डालर होगी। डाक व्यय अतिरिक्त होगा, फीस M.O. या ड्राफ्ट द्वारा अग्रिम इस पते पर भेजें-

-पं. विवेक शर्मा, सुपुत्र पं. पन्ना लाल शर्मा, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर-8 (पंजाब), फोन-0181-2457959

राशिफल-जनवरी-सन् 2010 ई.

मेष—मासारम्भ में राशिस्वामी मंगल वक्री होकर नीच अवस्था में संचार करने से घरेलू सुखों में कमी व अशान्ति रहेगी। वृथा वाद-विवाद से मानसिक तनाव व हानि होगी। गत किए प्रयासों में सफलता प्राप्ति में विलम्ब होने से असन्तोष व्याप्त रहेगा। स्वास्थ्य के बारे में विशेष सावधानी रखें।

वृष—राशिस्वामी शुक्र अष्टम भावस्थ अस्त होकर संचार करने से बनते कार्यों में विलम्ब एवं अड़चनें रहेंगी। स्वास्थ्य कुछ ठीक न रहे। उत्तरार्द्ध भाग में शुक्र भाग्य स्थान में जाने से भाग्य से धन प्राप्ति और मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, बाधाओं के बावजूद धन प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे।

मिथुन—मासारम्भ में ही केतु का संचार तथा सूर्य-गुरु की दृष्टि रहेगी। अत्यधिक भाग-दौड़ के उपरान्त कार्यों का सफलता मिले। शनि की ढैय्या एवं दृष्टि के प्रभावस्वरूप भी व्यर्थ की भाग-दौड़ से परेशानी होगी। आय कम व व्यय अधिक रहेगा।

कर्क—मंगल इस राशि पर होने से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़े। व्यवसाय में संघर्ष तथा घरेलू उलझनों के कारण मन चिन्तित रहे। शरीर कष्ट हो। सन्तान सम्बन्धी कष्ट एवं चिन्ता बढ़ेगी। श्रीहनुमान उपासना करनी शुभ होगी।

सिंह—मासारम्भ में राशि स्वामी सूर्य बुध, शुक्र, राहु आदि पंचम भावस्थ है। विद्या एवं कार्य-व्यवसाय में नवीन क्षेत्रों में धन नियोजन करने की योजना बनेगी। राहु के कारण लाभ में अड़चनें भी रहेंगी, परन्तु गुरु की दृष्टि के कारण निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

कन्या—शनि साढ़ेसति एवं शनि का संचार होने से बनते कामों में विघ्न-बाधाएँ उत्पन्न होंगी। व्यवसाय एवं नौकरी में कठिन हालात का सामना हो। गृह कलह के कारण मानसिक तनाव एवं उलझनें बढ़ेंगी। नजदीकी मित्रों द्वारा परायों जैसा व्यवहार होने से मन विक्षुब्ध होगा।

तुला—मासारम्भ में शुक्र अस्तगत होने से सोची गई योजना में विघ्न-बाधाएँ पड़ेंगी। आय कम व खर्च अधिक होंगे। गुरु की दृष्टि होने से धर्म-कर्म की ओर रूचि बढ़ेगी। ता. 12 के पश्चात् किसी निकट बन्धु से टकराव होगा।

मेष राशि (Aries)

(चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ से 26 मई तक राशि स्वामी मंगल नीच राशि में संचार करने से संघर्षपूर्ण हालात रहेंगे। 20 जुलाई से 19 अक्तू. तक मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से निर्वाह योग्य धन के साधन बनेंगे। 17 अक्तू. से 16 नवं. तक सूर्य की भी दृष्टि रहने से उत्तेजना एवं क्रोध से बचें।

वृश्चिक—राशिस्वामी मंगल नीचराशिगत होने तथा शनि की दृष्टि रहने से आय कम व खर्च अधिक रहेगा। स्वभाव में तेजी एवं भाई-बन्धु से मन-मुटाव रहेगा। अपने पुरुषार्थ से उन्नति और निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। स्वास्थ्य में विकार, किसी निकट बन्धु के साथ तकरार का भय।

धनु—मासारम्भ में ही इस राशि पर सूर्य, बुध, शुक्र, राहु आदि चतुर्ग्रही योग होने से धन-लाभ, निकट भाई-बन्धुओं के सहयोग से लम्बित एवं बिगड़े हुए कार्य बनेंगे। परन्तु प्रत्येक कार्य में विलम्ब से ही सफलता प्राप्त होगी। राहु के प्रभाव से अकारण क्रोध, उत्तेजना, व्यर्थ की भाग-दौड़ लगी रहेगी।

मकर—मासारम्भ से मंगल की उच्च दृष्टि पड़ने से पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। ता. 14 के बाद सूर्य के प्रभाव से बनते कार्यों में विघ्न पैदा होंगे। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होंगे।

कुम्भ—मासारम्भ से गुरु का संचार एवं मंगल की दृष्टि के प्रभाव से किसी श्रेष्ठ व्यक्ति की सहायता द्वारा व्यवसाय में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। आर्थिक उलझनों के कारण मानसिक तनाव भी रहेगा। चोटादि का भय रहेगा।

मीन—राशि स्वामी गुरु द्वादशभाव होने से अत्यधिक संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य आमदन के साधन बनेंगे। भूमि, मकान एवं वाहन सम्बन्धी परेशानियां पैदा हों। परिवार में व्यर्थ की भाग-दौड़ और खर्च की अधिकता रहेगी। माता-पिता को सन्तान सम्बन्धी चिन्ता रहेगी।

राशिफल-फरवरी-सन् 2010 ई.

मेष—12 फर. तक सूर्य-मंगल के मध्य समसप्तक योग होने से व्यर्थ की दौड़-धूप, खर्चों की अधिकता होगी। क्रोध की अधिकता से कार्य बिगड़ने के योग हैं। आकस्मिक खर्चों के कारण परिवार में चिन्ता व परेशानी का माहौल होगा।

वृष—6 फर. से मासान्त तक शुक्र दशमस्थ गुरु के साथ संचार करने से मित्रों अथवा गुरुजनों की सहायता से रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। विघ्न-बाधाओं के बावजूद धन लाभ व कार्यों में सफलता प्राप्त हो। कारोबार में व्यस्तताएं बढ़ेंगी।

मिथुन—गुरु की दृष्टि के प्रभावस्वरूप विपरीत परिस्थितियों एवं रुकावटों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि एवं आय के साधन बढ़ेंगे। व्यवसायिक व्यस्तताएँ बढ़ेंगी। माता-पिता का सहयोग विशेष लाभकारी होगा। धार्मिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

कर्क—मंगल की स्थिति के कारण व्यवसाय में भाग-दौड़ अधिक रहे। चिन्ताओं में वृद्धि तथा फिजूलखर्ची बढ़ेगी। सन्तान सम्बन्धी चिन्ता, परिवार में उथल-पुथल एवं अस्थिर हालात का सामना रहेगा। सुख-साधनों पर खर्च परन्तु निकटस्थ सम्बन्धी से मन-मुटाव के योग हैं।

सिंह—नवीन योजनाओं को कार्यरूप देने से सफल होंगे। शुभ मांगलिक कार्यों पर खर्च होंगे। आर्थिक हालात आगे से बेहतर होंगे। विदेशों से सम्बन्धित कार्यों में कुछ सफलता प्राप्त होगी।

कन्या—शनि साढ़ेसति के बावजूद किसी श्रेष्ठ व्यक्ति के प्रयासों द्वारा व्यवसाय में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। स्त्री व संतान सुख कम मिलेगा। अकस्मात् यात्रा में व्यर्थ की परेशानी और व्यस्तताएं बढ़ेंगी।

तुला—शनि-साढ़ेसति का प्रभाव, मंगल व गुरु की दृष्टियों के फलस्वरूप मिश्रित प्रभाव रहेंगे। निर्वाह योग्य धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। मनोरंजन एवं विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक रहेंगे।

वृश्चिक—शनि की दृष्टि के प्रभावस्वरूप व्यर्थ की दौड़-धूप, आराम कम व संघर्ष अधिक रहेगा। नौकरी एवं व्यवसाय में विघ्न उत्पन्न होंगे। मासान्त में भी शरीर कष्ट, मानसिक तनाव और खर्च की अधिकता रहेगी। ऋणमोचन मंगल स्तोत्र का पाठ शुभ रहेगा।

धनु—मंगल अष्टमस्थ नीच राशिगत होने से भाई-बन्धु से तकरार, आय कम, खर्च अधिक रहेगा। आँखों में कष्ट और पेट-विकार रहेगा। आकस्मिक व्यय भी अधिक रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। श्री सूर्य कवच का पाठ करना शुभ रहेगा।

मकर—मासारम्भ में सूर्य का संचार होने से क्रोध अधिक व खर्च भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य भी कुछ नर्म रहेगा। कार्य-व्यवसाय में नवीन कार्य-प्रणाली अपनाने की योजना बनेगी। शनि वक्री होने से अकस्मात् धन का अपव्यय व शरीर कष्ट रहे।

कुम्भ—शनि की ढैय्या व संघर्षमय परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति हो। मंगल की दृष्टि होने से गृह में मन-मुटाव का वातावरण रहेगा। स्वभाव में क्रोध एवं चिड़चिड़ापन रहेगा। संयमपूर्ण व्यवहार करें।

मीन—विघ्न-बाधाओं के बावजूद धन की प्राप्ति होगी। विलासादि कार्यों पर धन खर्च होगा। घर-परिवार की तरफ से चिन्ताएँ उत्पन्न होंगी। कारोबार में कार्य-योजना को कार्यरूप देने में विलम्ब रहेगा।

राशिफल—मार्च—सन् 2010 ई.

मेष—धन लाभ एवं उन्नति के पर्याप्त अवसर मिलेंगे परन्तु वक्री व नीच मंगल के कारण समुचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। 10 मार्च से मंगल मार्गी होने से परिस्थितियों में कुछ सुधार होगा। गत मास में किए गए किसी विशेष कार्य के लिए परिश्रम एवं प्रयास फलीभूत होंगे।

वृष—2 मार्च से 26 मार्च तक राशि स्वामी शुक्र उच्चस्थ संचार करने से आय के साधनों में वृद्धि होगी। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बढ़ेंगे, कुछ बिगड़े कार्य बनेंगे। वाहन, मनोरंजनादि सुख-सुविधाओं पर खर्च अधिक होंगे।

मिथुन—शनि की ढैय्या के बावजूद निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। अकस्मात् किसी कार्य में विलम्ब से क्रोध एवं उत्तेजना बढ़ेगी। मंगल द्वितीय होने से अकारण क्रोध, व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। वृथा यात्रा, शत्रु भय, मानसिक तनाव, अवांछित स्थान परिवर्तन से परिवार में कलह-क्लेश और तनाव रहे।

कर्क—10 मार्च से मंगल इस राशि में मार्गी होने से कुछ कार्यों में लाभ के अवसर बढ़ेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में उतार-चढ़ाव के पश्चात् धन लाभ और सन्तान के कार्यों में उलझनें व विलम्ब हो। गुप्त शत्रु हानि पहुँचाने की चेष्टाएँ करेंगे।

सिंह—मासारम्भ में सिंह राशि पर सूर्य, गुरु आदि ग्रहों की शुभ दृष्टि पड़ने से अच्छे व शुभ समाचार मिलेंगे। किसी प्रतिष्ठाजनक कार्य के बन जाने से मान-सम्मान में वृद्धि व हर्ष की प्राप्ति होगी।

कन्या—अत्यधिक संघर्ष के बावजूद धन लाभ अल्प रहे। अधिकांश समय व्यर्थ के कामों में व्यतीत होगा। ता. 14 से बुध नीच राशि में जाने से घरेलू उलझनें व तनाव बढ़ेगा। भाई-बन्धुओं का सहयोग कम होगा।

तुला—राशिस्वामी शुक्र उच्चस्थ होने से, शनि साढ़ेसति व मंगल की अशुभ दृष्टि के बावजूद किसी कार्य के बन जाने से मान-सम्मान में वृद्धि व हर्ष की प्राप्ति होगी। घर में सुख-साधनों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक—अति महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ होगी। व्यर्थ की चिन्ता और बनते कार्यों में विलम्ब होने के योग हैं। अकस्मात् स्वास्थ्य में विकार और बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न हों।

धनु—राशि स्वामी गुरु तृतीयस्थ होने से निकट-बन्धुओं के साथ मन-मुटाव एवं तनाव की स्थिति रहेगी, परन्तु स्त्री/पति का सहयोग मिलेगा। राहु के प्रभाव से घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों के कारण गुप्त चिन्ताएं रहेंगी।

मकर—राशि स्वामी शनि वक्री होने से शरीर कष्ट, कुछ घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों के कारण मन परेशान रहे। द्वादशस्थ राहु के कारण बनते कामों में विघ्न और स्वास्थ्य परेशानी रहेगी। श्रीगणेश चतुर्थी का व्रत रखना शुभ होगा।

कुम्भ—उलझनों एवं अड़चनों के बावजूद आय के साधनों में वृद्धि होगी। मंगल की अशुभ दृष्टि होने से क्रोध एवं उत्तेजना के कारण हानि होगी। किसी निकट बन्धु से धोखा मिलने के भी संकेत हैं।

मीन—शनि की वक्र दृष्टि तथा गुरु द्वादशस्थ होने से कार्य-व्यवसाय में दौड़-धूप अधिक रहेगी। धन लाभ अल्प परन्तु खर्च अधिक होंगे। धार्मिक कार्यों में भी खर्च होगा।

राशिफल—अप्रैल—सन् 2010 ई.

मेष—मासारम्भ से 20 अप्रै. तक शुक्र के संचार के कारण भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च बढ़ेंगे। ता. 14 से इस राशि पर सूर्य-बुध योग होने से मान-

वृष राशि (Taurus)

(इ, उ, ए, ओ, व, वि, वृ, वे, वो)

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ में राशि स्वामी शुक्र अस्त होकर अष्टम में होने से कार्यों में विलम्ब व हानि रहें। (2) मार्च से 26 मार्च तक शुक्र उच्चस्थ होने से सुख-सुविधाओं पर खर्च अधिक होंगे। 5 सितं. से 30 नवं. तक मंगल की दृष्टि पड़ने से तनाव एवं उलझनें अधिक रहेंगी। (1) सितं. से वर्षान्त तक राशिस्वामी शुक्र का छटे संचार करना भी अशुभ है।

मिथुन राशि (Gemini)

(क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह)

ग्रहगोचर : वर्षभर मिथुन राशि पर शनि की

मंगल के कारण समुचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। 10 मार्च से मंगल मार्गी होने | मिथुन राशि पर शनि की | सुविधाओं पर खर्च बढ़ेगा। ता. 14 से इस राशि पर सूर्य-बुध योग होने से मान-

सम्मान में वृद्धि, आय के साधनों में भी वृद्धि होगी। किसी नए काम में धन नियोजन करने की योजना बनेगी।

वृष—राशि स्वामी शुक्र द्वादशस्थ संचार करने से व्यर्थ की भाग-दौड़ और खर्च अधिक होगा। स्वास्थ्य में खराबी और गुस्सा अधिक आएगा। कार्य-व्यवसाय में संघर्ष और परिश्रम करने पर ही निर्वाह योग्य धन प्राप्त होगा।

मिथुन—धन लाभ के अवसर मिलेंगे। परन्तु निजी कारणों से उचित लाभ प्राप्त नहीं होगा। क्रोध एवं उत्तेजना से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ने के योग हैं। आर्थिक उलझनों के कारण तनाव व चिन्ताएं रहेगी। श्री आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना शुभ रहेगा।

कर्क—आय की स्थिति में कुछ सुधार होगा। विलासादि कार्यों पर धन का खर्च होगा। घर-परिवार की तरफ से चिन्ता उत्पन्न होगी। मंगल के कारण स्वास्थ्य परेशानी और खर्चों में वृद्धि होगी। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे।

सिंह—13 अप्रै. तक सूर्य अष्टमस्थ तथा शनि साढ़ेसति के कारण स्वास्थ्य परेशानी और उत्तरदायित्वों में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव, शत्रु भय और अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। ता. 14 से सूर्य भाग्यस्थ होने से गत किए प्रयासों में सफलता मिलेगी। धन लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

कन्या—विघ्न-बाधाओं के बावजूद गुज़ारे योग्य धन प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे। किसी उच्चाधिकारी से सम्पर्क स्थापित होगा। स्त्री सुख एवं घर-परिवार की ओर से खुशी का समाचार मिलेगा। धन का खर्च सोच-समझकर करें।

तुला—मासारम्भ में शुक्र की स्वगृही दृष्टि पड़ने से कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। परन्तु भाई-बन्धुओं का सहयोग कम होगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक—शनि की तृतीय दृष्टि होने से पारिवारिक एवं आर्थिक उलझनों के कारण मन परेशान रहे। ता. 14 से कठिन हालात के बावजूद धन प्राप्ति के कुछ साधन बनते रहेंगे। परिवार में मनमुटाव होगा। मासान्त में व्यवसायिक कार्यों में अड़चनों का सामना होगा।

धनु—राहु के कारण शारीरिक कष्ट, उदर विकार, सिर पीड़ा आदि परेशानियां होंगी। व्यर्थ के विवादों से बचें, अन्यथा हानि होगी। राशि स्वामी गुरु कुम्भस्थ होने से सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी। सरकारी कार्यों में कुछ प्रगति होगी।

मकर—यह मास व्यवसाय की दृष्टि से शुभ होगा। नई योजना को कार्य रूप देने में अत्यधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों में कुछ विघ्नों के उपरान्त सफलता मिलेगी। मासान्त में घरेलू एवं आर्थिक उलझनें और परेशानियां बढ़ेंगी।

कुम्भ—गुरु के कारण बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में रूचि एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा। किसी निकट सम्बन्धी से धोखा मिलने के संकेत हैं। सतर्क रहें।

मीन—पूर्वार्द्ध भाग में सूर्य संचार करने से मिश्रित फल प्राप्त होंगे। बनते कार्यों में अड़चनें पैदा होंगी। उत्तरार्द्ध भाग में निर्वाह योग्य धन प्राप्त होगा। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क स्थापित होंगे। कार्य-व्यवसाय में परिवर्तन व विस्तार सम्बन्धी योजना बनेगी।

ढैय्या का प्रभाव तथा केतु का संचार रहने से स्वास्थ्य में खराबी, घरेलू उलझनें तथा बनते कार्यों में अड़चनें व खर्च अधिक रहेगा। वर्षारम्भ से 1 मई तक तथा फिर पुनः 1 नवं. से 6 दिसं. तक गुरु की पंचम दृष्टि रहने से शुभ एवं धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति, धीरे-धीरे निर्वाह योग्य आय बनती रहेगी।

कर्क राशि
(Cancer)

(हि, हु, हे, हो, डा, डी, ड, डे, डो)

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ से 26 मई तक मंगल इस राशि पर नीचस्थ वक्री होकर संचार करेगा जिससे इस अवधि में घरेलू, व्यवसाय एवं धन सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। ता. 10 मार्च से मंगल मार्गी होने से परिस्थितियों में कुछ सुधार होगा। ता. 2 मई से 31 अक्तू. तक गुरु की शुभ पंचम उच्च दृष्टि रहने से बिगड़े कार्यों में सुधार होगा।

राशिफल–मई–सन् 2010 ई.

मेष—राशि स्वामी मंगल नीच राशिगत होने से दौड़-धूप अधिक, व्यवसाय में अत्यधिक परिश्रम के पश्चात् निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। घरेलू उलझनें भी रहेंगी। ता. 26 के बाद हालात में सुधार के योग हैं।

वृष—मासारम्भ से 15 मई तक राशि स्वामी शुक्र स्वराशिगत होने से पराक्रम एवं उत्साह से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। धनागमन के साधनों में वृद्धि होगी। ता. 15 के बाद शुक्र द्वितीयस्थ केतु के साथ संचार करने से आर्थिक झंझट रहेंगे। स्वास्थ्य भी ठीक न रहे।

मिथुन—राशिस्वामी बुध लाभ स्थान में होने के कारण विपरीत परिस्थितियों के बावजूद विशिष्ट व्यक्तियों और समृद्ध मित्रों के सहयोग से अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होगा। उत्तरार्द्ध में धर्म-कर्म में रूचि, शुभ कार्यों पर खर्च अधिक होंगे।

कर्क—इस मास में परिश्रम व दौड़-धूप अधिक रहेगी। फिर भी निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। कारोबार में कई उतार-चढ़ाव व आर्थिक परेशानियाँ रहेंगी। स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। मासान्त में आर्थिक क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। किसी उच्चाधिकारी के साथ सम्पर्क बनेंगे।

सिंह—मासारम्भ में खर्च अधिक होंगे, कार्य-व्यस्तताएँ भी रहेंगी परन्तु संघर्ष के बावजूद गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। कार्य-व्यवसाय में लाभ व पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु शनि साढ़ेसति के कारण मानसिक तनाव व घरेलू उलझनें भी रहेंगी।

कन्या—शनि साढ़ेसति के प्रभाव के कारण अत्यधिक संघर्ष व भाग-दौड़ रहेगी। परन्तु 2 मई से गुरु की दृष्टि के कारण निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। किसी मंगल कार्य को सम्पन्न करने की योजना भी बनेगी।

तुला—शनि साढ़ेसति तथा 26 मई तक मंगल की दृष्टि रहने से धन लाभ साधारण ही रहेगा। खर्चों की अधिकता से मानसिक तनाव व क्रोध की भावना अधिक रहेगी। भाई-बन्धु से मन-मुटाव रहेगा। परन्तु धर्म-कर्म के कार्यों में रूचि बढ़ेगी। शुभ कार्यों पर भी खर्च होगा।

वृश्चिक—मासारम्भ में मंगल भाग्य भाव में नीचस्थ होने से पुरुषार्थ से उन्नति और धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मासान्त ता. 26 से मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से पराक्रम और उत्साह में वृद्धि होगी। आय के साधनों में भी वृद्धि होगी।

धनु—मासारम्भ में सूर्य पंचमस्थ संचार करने से कुछ सोची हुई योजनाओं में कामयाबी प्राप्त होगी। पदोन्नति एवं धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विदेश यात्रा के भी योग बन सकते हैं। यद्यपि राहु संचार के कारण कुछ लोगों के मुख्य कार्यों में विघ्न-बाधाएं रहेंगी।

मकर—प्रयास करने पर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अनेक समस्याओं के

समाधान होने के अवसर बढ़ेंगे। परिवार में निकट बन्धुओं से मन-मुटाव होगा। किसी से धोखा मिलने के योग हैं। धन हानि होने का भय रहेगा।

कुम्भ—मंगल की दृष्टि होने से मिश्रित प्रभाव होंगे। स्वास्थ्य ढीला, दाम्पत्य जीवन में परेशानी परन्तु सुख-साधनों पर अधिक खर्च होगा। मासान्त से कुछ रुके हुए कार्यों में प्रगति होगी। व्यवसायिक क्षेत्रों में उन्नति और धन लाभ के अवसर मिलेंगे। श्रीसत्यनारायण का व्रत रखना शुभ होगा।

मीन—2 मई से गुरु इस राशि पर संचार करने से परिश्रम करने पर आशाऽनुकूल धन प्राप्ति के साधन उपलब्ध होंगे। विद्यार्थी वर्ग को उच्च विद्या में सफलता के योग हैं। भाग्य से धन प्राप्ति और मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

राशिफल–जून–सन् 2010 ई.

मेष—राशि स्वामी मंगल पंचम भाव में संचार करने से स्वास्थ्य परेशानी व चोटादि का भय रहेगा। गुज़ारे योग्य धन प्राप्ति व उन्नति के योग हैं। व्यर्थ की दौड़-धूप अधिक रहेगी। ता. 21 से कुछ परिवर्तनों के साथ नए-नए आयाम बनेंगे। परन्तु परिवार में कुछ मतान्तर और खर्च बढ़ेंगे।

वृष—मासारम्भ से शुक्र केतु के साथ होने से आर्थिक परेशानियां रहेंगी। 14 जून तक सूर्य का संचार होने से क्रोध एवं उत्तेजना अधिक रहेगी। ता. 9 के बाद शुक्र तृतीयस्थ होने से नए कार्यक्षेत्र में धन लगाने की योजना बनेगी। श्रीआदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना शुभ रहेगा।

मिथुन—परिश्रम से कोई विशेष रुका हुआ कार्य बनेगा। स्त्री व संतान की ओर से शुभ सूचना मिलेगी। नवीन कार्य की योजना को कार्यरूप देने के अवसर प्राप्त होंगे। ज़मीन, वाहनादि के क्रय-विक्रय की संभावना होगी। अकस्मात् यात्रा का भी प्रोग्राम बनेगा।

कर्क—गुरु की शुभ दृष्टि रहने से कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। धार्मिक कार्यों की ओर प्रवृत्ति रहेगी। विद्यार्थियों को विद्या में सफलता मिलेगी। मित्रों एवं सम्बन्धियों के सहयोग से नए कार्य की योजना बनेगी।

सिंह—मंगल सिंह राशिगत संचार करने से यद्यपि उत्साह एवं पराक्रम में वृद्धि होगी, परन्तु व्यर्थ की भाग-दौड़, उत्तेजना, क्रोध अधिक रहे। उत्साहपूर्ण कार्य करने से कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। मासान्त में स्वास्थ्य में खराबी, आँखों में कष्ट व चोटादि का भय रहे।

कन्या—बनते कामों में अड़चनें, परिवार सम्बन्धी चिन्ता और मानसिक तनाव रहेगा। गुज़ारे लायक धन की प्राप्ति होगी। शनि साढ़ेसति के कारण शरीर कष्ट, मानसिक तनाव व स्वास्थ्य हानि के योग हैं। विभिन्न उलझनों का सामना रहेगा।

तुला—शनि साढ़ेसति के कारण पूर्वार्द्ध भाग में अत्यन्त कठिन समस्याओं का सामना रहे, व्यर्थ की भाग-दौड़ अधिक रहे। चिन्ताओं में वृद्धि तथा फिजूलखर्ची बढ़ेगी। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। ता. 27 के बाद अकस्मात् ...

सिंह राशि (Leo)

(म, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे)

ग्रहगोचर : शनि-साढ़ेसति का प्रभाव इस राशि पर वर्षभर रहेगा। ता. 26 मई से 19 जुला. तक मंगल सिंह राशिस्थ होने से यद्यपि उत्साह में वृद्धि होगी, परन्तु व्यर्थ की भागदौड़, उत्तेजना, क्रोध अधिक रहे। ता. 17 अक्तू. से 15 नवं. के मध्य सूर्य नीचस्थ होकर संचार होने स्वास्थ्य हानि व खर्च हों।

कन्या राशि (Virgo)

(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

ग्रहगोचर : शनि साढ़ेसति का प्रभाव वर्षभर रहेगा। ता. 2 मई से 31

वृश्चिक—मंगल की इस राशि पर स्वगृही दृष्टि रहने से व्यवसायिक क्षेत्रों में विघ्नों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। भाई-बन्धु से मन-मुटाव और धन का अपव्यय होगा। वृथा भाग-दौड़ और मन अशान्त रहेगा।

धनु—धन एवं सुख की प्राप्ति, स्त्री व संतान सुख, विद्या में सफलता और आमोद-प्रमोद आदि साधनों में वृद्धि होगी। किसी नवीन कार्य की योजना बने, व्यवसाय में उन्नति व धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्त्री व संतान की ओर से प्रसन्नता मिले।

मकर—राशि स्वामी शनि मार्गी होने से मान-सम्मान में वृद्धि, धार्मिक कार्यों की ओर अभिरूचि बढ़ेगी। निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बढ़ेंगे, भूमि, सवारी आदि सुख-साधनों में वृद्धि होगी। महिलाओं को मानसिक तनाव और धन की चिन्ता रहेगी।

कुम्भ—मंगल की दृष्टि होने से अत्यधिक क्रोध, व्यर्थ के वाद-विवाद में समय नष्ट हो। पदोन्नति में विघ्न उत्पन्न होंगे। निकट सहयोगी से कपटपूर्ण धोखा मिले। मानसिक तनाव व आर्थिक परेशानी रहेगी।

मीन—अचानक धन प्राप्ति के साधन बढ़ेंगे और नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, परन्तु व्यक्तिगत कारणों से उचित लाभ नहीं होगा। मंगल और शनि दोनों की दृष्टि रहने से निकट बन्धुओं के साथ कलह-क्लेश एवं विवाद का भय।

राशिफल–जुलाई–सन् 2010 ई.

मेष—मासारम्भ में राशि स्वामी मंगल पंचम भाव में होने से अनिश्चितता के बावजूद कार्य व्यवसाय में कुछ नए मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। कुछ असमंजस के कारण लाभ मार्ग में व्यवधान और विलम्ब होगा। ता. 20 से इस राशि पर मंगल की स्वगृही दृष्टि होने से कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। परन्तु खर्च अधिक रहेंगे।

वृष—मासारम्भ में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 11 से मान-सम्मान में वृद्धि और यशस्वी कार्य करने का अवसर होगा। परन्तु ता. 20 के पश्चात् मानसिक तनाव, शत्रु भय, सांझेदारी के कार्यों में विशेष लाभ नहीं होगा।

मिथुन—ता. 5 तक बुध स्वराशिगत संचार करने से कुछ कार्यों में सफलता, लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। ता. 16 के पश्चात् उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि एवं विदेश सम्बन्धी कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। स्त्रियों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

कर्क—मासारम्भ से इस राशि पर गुरू की उच्चदृष्टि होने से किसी प्रतिष्ठित मित्र की सहायता से बिगड़े हुए कार्य बनेंगे। नए कार्य की योजना बनेगी। परन्तु ता. 16 से सूर्य का संचार होने से स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी, पेट विकार तथा निकट भाई-बन्धुओं से मन-मुटाव एवं विरोध बढ़ेंगे।

सिंह—ता. 19 तक मंगल सिंह राशिगत होने से यद्यपि उत्साह में वृद्धि परन्तु

कर्क राशि में होने से यात्राएँ अधिक, धन का खर्च व्यर्थ के कामों में होगा। आँखों में कष्ट एवं सिर-दर्द रहेगा।

कन्या—मासारम्भ में संघर्ष के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 20 से इस राशि पर मंगल-शनि का योग होने से मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। अत्यधिक परिश्रम करने पर ही धन लाभ के योग हैं। गुस्सा ज्यादा आएगा।

तुला—राशि स्वामी शुक्र नीच राशिगत एवं शनि की साढ़ेसति होने से स्वास्थ्य में विकार, घरेलू उलझनें, आकस्मिक खर्च में वृद्धि होगी। वृथा भाग-दौड़, मानसिक तनाव, यात्रादि में परेशानी और सुख साधनों एवं वाहनादि पर खर्च होगा।

वृश्चिक—ता. 20 तक इस राशि पर मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से व्यवसायिक क्षेत्रों में विघ्नों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। भाई बन्धु से मन-मुटाव एवं धन का खर्च अधिक होगा। मासान्त में धैर्य और साहस से करने पर लाभ के अवसर मिलेंगे।

धनु—मासारम्भ में मंगल की चतुर्थ दृष्टि एवं राशिस्वामी गुरू वक्री होने से स्वास्थ्य में विकार, मानसिक चिन्ताएं, गुस्सा ज्यादा एवं बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। परन्तु भूमि-जायदाद सम्बन्धी कार्यों से लाभ भी होने के योग हैं। खर्च अधिक रहेंगे।

मकर—मासारम्भ से ही परिश्रम और संघर्ष करने पर लाभ प्राप्त होगा। किन्तु किसी अति-आवश्यक कार्य पर धन का खर्च अधिक रहे। ता. 16 से सूर्य की सप्तम दृष्टि पड़ने से उलझनों के बावजूद पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी। परन्तु मानसिक तनाव व उत्तेजना अधिक रहे।

कुम्भ—मासारम्भ में हालात में सुधार व कुछ बिगड़े काम बनेंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से मेल-जोल होगा। परन्तु संतान सम्बन्धी चिन्ता रहे। ता. 20 के पश्चात् परिवार में शुभ एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा। परन्तु भूमि-जायदाद के मतभेद दूर होने में विलम्ब होगा।

मीन—मासारम्भ में इस राशि पर मंगल की दृष्टि रहने से क्रोध एवं उत्तेजना अधिक रहे। किसी प्रतिष्ठित मित्र की सहायता से बिगड़े हुए कार्य बनेंगे। परन्तु ता. 20 से मंगल-शनि की दृष्टि रहने से स्वास्थ्य में विकार, मानसिक तनाव एवं चोटादि का भय रहेगा।

राशिफल-अगस्त-सन् 2010 ई.

मेष—इस मास में मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए परिश्रम और संघर्ष का सामना रहेगा। परन्तु ता. 16 के पश्चात् कुछ रूके हुए कार्यों में प्रगति होगी। किन्तु स्वास्थ्य परेशानी और वाहनादि के क्रय-विक्रय में धन हानि होने के योग हैं।

वृष—इस मास में मिलाजुला प्रभाव ही होगा। संतान सम्बन्धी चिन्ता,

से वर्षान्त गुरु की विशेष सप्तम दृष्टि कुछ शुभ रहेंगी। ता. 20 जुला. से 5 सितं. तक इस राशि में मंगल-शनि योग अशुभ होगा। 1 अग. से 1 सितं. तक शुक्र नीचस्थ होने से सवारी, टी.वी. आदि अन्य मनोरंजन विषयों पर खर्च अधिक रहेंगे।

तुला राशि (Libra)

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तु, ते)

ग्रहगोचर : शनि साढ़ेसती का प्रभाव वर्षभर रहेगा। परन्तु वर्षारम्भ से 1 मई तक तथा फिर 1 नवं. से 5 दिसं. तक गुरु की दृष्टि पड़ने से मिश्रित फल प्राप्त होंगे। वर्षारम्भ से 26 मई तक मंगल की भी विशेष दृष्टि रहने से क्रोध एवं उत्तेजना अधिक रहेगी।

वृश्चिक राशि (Scorpio)

(तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

परिवार में कुछ मतान्तर भी रहेगा। ता. 20 के पश्चात् परिवार में शुभ मंगल कार्यों पर खर्च अधिक होगा। परन्तु धन सम्बन्धी कुछ समस्याएं भी उभरेंगी।

मिथुन—मासारम्भ में व्यवसाय के क्षेत्र में कुछ अनिश्चितता बनी रहेगी। आय कम व व्यय अधिक रहेगा। परन्तु ता. 20 से बुध वक्री होने से आकस्मिक घटना घटेगी। धन का खर्च भी अकस्मात् बढ़ेगा। स्वास्थ्य नर्म रहेगा।

कर्क—ता. 16 तक सूर्य का संचार होने से स्वास्थ्य परेशानी और परिवार में निकट बन्धुओं से तनाव की स्थिति रहेगी। परन्तु ता. 17 से पुरूषार्थ में वृद्धि, परिवारिक सहयोग से कुछ कार्यों में सिद्धि प्राप्त हो। व्यर्थ का खर्च अधिक होगा।

सिंह—मासारम्भ में किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी। विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति और धन प्राप्ति के साधन बढ़ेंगे। परन्तु ता. 17 से सूर्य सिंह राशिगत संचार करने से विघ्नों के बावजूद कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि परन्तु गुस्सा ज्यादा आयेगा।

कन्या—इस राशि पर शुक्र-मंगल-शनि का संचार एवं शनि की साढ़ेसति के कारण आय कम व खर्च अधिक होगा। स्वभाव में तेजी एवं उत्तेजना से बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। दुर्घटना में चोटादि का भय रहेगा। सावधानी बरतें।

तुला—राशि स्वामी शुक्र नीचराशिगत व शनि की साढ़ेसति के कारण स्वास्थ्य परेशानी रहे। व्यर्थ की भाग-दौड़, खर्च अधिक, संघर्ष और परिश्रम करने पर ही निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 19 के पश्चात् विदेशी सम्बन्धों से लाभ के अवसर मिलेंगे।

वृश्चिक—राशि स्वामी मंगल-शुक्र-शनि के साथ कन्या राशि में संचार कर रहा है जिससे आर्थिक हालात कुछ चिन्ताजनक रहेंगे। वृथा भाग-दौड़, घरेलू उलझनें, मानसिक तनाव रहेगा। परन्तु गुरू की दृष्टि इस राशि पर रहने से सुख के साधनों में वृद्धि एवं मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

धनु—मंगल की दृष्टि इस राशि पर रहने से मानसिक तनाव, घरेलू उलझनें, खर्च ज्यादा और अत्यधिक संघर्ष के बाद भी धन लाभ अल्प रहेगा। उत्तरार्द्ध भाग में कुछ रूके हुए कार्यों में प्रगति एवं सुधार होगा। आय के साधन भी बनते रहेंगे।

मकर—ता. 15 तक सूर्य की सप्तम दृष्टि पड़ने से उलझनों के बावजूद पराक्रम एवं पुरूषार्थ में वृद्धि, धन का खर्च विलास-मनोरंजन आदि कार्यों पर अधिक होगा। परन्तु शनि के कारण ता. 18 से आर्थिक एवं व्यवसायिक परेशानियां बढ़ेगी। सावधानी बरतें।

कुम्भ—मासारम्भ से उलझनों के बावजूद धन लाभ एवं उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। ता. 16 से सूर्य की दृष्टि रहने से क्रोध एवं उत्तेजना अधिक रहे। परिवारिक सदस्यों के साथ मतान्तर पैदा होने के संकेत हैं। श्री सुंदरकांड का पाठ करना शुभ रहेगा।

मीन—मास के आरम्भ से राशि स्वामी गुरू वक्री होने से विघ्न बाधाओं के बावजूद निर्वाह धन की प्राप्ति होगी। इस राशि पर मंगल-शनि की दृष्टि होने से मानसिक तनाव बढ़ेगा। गुप्त शत्रुओं से परेशानी एवं वाहनादि से चोटादि का भय रहे। सावधानी बरतें।

राशिफल–सितम्बर–सन् 2010 ई.

मेष—मासारम्भ में आय कम और खर्च अधिक रहेगा। ता. 5 से मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से वर्तमान परिस्थितियों में अचानक परिवर्तन आ सकता है। भूमि-वाहनादि का क्रयविक्रय होगा परन्तु अकारण क्रोध, उत्तेजना एवं व्यर्थ की भागदौड़ लगी रहेगी।

वृष—ता. 1 से राशि स्वामी शुक्र षष्ठं संचार करने से बनते कामों में विघ्न एवं विलम्ब, खर्च अधिक होंगे। स्वास्थ्य भी कुछ ढीला रहेगा। ता. 5 से मंगल की दृष्टि के कारण मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनें रहेंगी। यात्रादि पर खर्च हो।

मिथुन—ता. 12 तक बुध वक्री होने से अकस्मात् कुछ कार्यों में विघ्न, धन का खर्च अधिक और व्यर्थ की चिन्ता रहेगी। परन्तु उत्तरार्द्ध भाग में किसी नये कार्य की योजना बनेगी। परिवार में शुभ मंगल कार्य भी सम्पन्न होंगे।

कर्क—इस राशि पर गुरू की उच्च दृष्टि होने से उत्साह व पराक्रम शक्ति बनी रहेगी। कार्य क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं पर विचार होगा। धन लाभ के अवसर मिलेंगे। परन्तु संतान के कार्यों एवं सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा।

सिंह—ता. 16 तक सूर्य स्वराशिगत संचार करेगा। जिससे दैनिक कार्यों एवं सरकारी क्षेत्रों में कुछ रूके कार्यों में प्रगति होगी। यद्यपि आय के साधन सीमित रहेंगे। ता. 17 से राशि स्वामी सूर्य द्वितीयस्थ संचार करने से वृथा भ्रमण, व्यर्थ का खर्च एवं मुश्किल हालात में धन लाभ मध्यम रहेगा।

कन्या—शनि की साढ़ेसति एवं राशि स्वामी बुध द्वादश होने से अत्यन्त संघर्षपूर्ण हालात का सामना रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ एवं मानसिक तनाव रहेगा। परन्तु ता. 17 के पश्चात् निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी।

तुला—ता. 1 से राशि स्वामी शुक्र स्वराशिगत संचार करने से अपने पुरूषार्थ द्वारा धन लाभ के अवसर मिलेंगे। अधिकतर समय मनोरंजन के कार्यों में व्यतीत होगा। सुख-साधनों पर धन का खर्च हो। परन्तु शनि-साढ़ेसति के कारण मानसिक तनाव एवं स्वास्थ्य ढीला रहेगा।

वृश्चिक—ता. 5 से राशि स्वामी मंगल बाहरवें (द्वादश) संचार कर रहा है जिससे बनते कामों में विघ्न और विलम्ब होगा। आर्थिक उलझनों के कारण मानसिक तनाव रहे। नौकरी में किसी से धोखा मिलने के योग हैं। चोटादि का भय रहे। सावधानी बरतें।

धनु—इस मास में मिश्रित प्रभाव होगा। गत किए गए प्रयासों से किसी विशेष कार्य में सफलता मिले। विदेश सम्बन्धी कार्यों में विघ्नों का सामना रहेगा। ता. 17 के पश्चात् किसी नए कार्य में विनियोग का लाभ होने के योग हैं। परन्तु स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

मकर—ता. 5 से मंगल की उच्चदृष्टि रहने से पराक्रम एवं पुरूषार्थ में वृद्धि होगी। आय एवं खर्च दोनों में वृद्धि होगी। उत्तरार्द्ध भाग में शुभ एवं धार्मिक [illegible]

ग्रहगोचर : इस राशि पर वर्षभर शनि की तृतीय शत्रु दृष्टि रहेगी। राशि स्वामी मंगल वर्षारम्भ से 26 मई तक नीच राशिगत (कर्क) में संचार करने से आय कम व खर्च अधिक रहेगा। ता. 20 अक्टू. से 30 नवं. तक मंगल स्वराशिगत (वृश्चिक) संचार तथा सूर्य का 16 नवं. से 14 दिसं. तक इस राशि पर संचार करना शुभ रहेगा।

धनु राशि
(Sagittarius)

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे)

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ से राशि स्वामी गुरु तृतीयस्थ कुम्भ राशिगत संचार करेगा। ता. 2 मई से गुरु मीन राशि में संचार करना शुभ रहेगा। ता. 23 जुला. से 17 नवं. तक गुरु वक्री रहेगा। ता. 1 नवं. से 5 दिसं. तक गुरु पुनः [illegible]

कार्यों पर खर्च होगा। संघर्ष के बावजूद आय के साधन बनते रहेंगे। मंगल स्तोत्र का पाठ करना शुभ रहेगा।

कुम्भ—ता. 15 तक सूर्य की दृष्टि रहने से गुस्सा ज्यादा, मानसिक तनाव एवं परिवारिक सदस्यों के साथ मतान्तर पैदा होने के संकेत हैं। आय कम और खर्च अधिक रहेगा। उत्तरार्द्ध भाग में विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति होगी। कोई बिगड़ा हुआ कार्य बनेगा।

मीन—पूर्वार्द्ध भाग में राशि स्वामी गुरू वक्री होने से भाई-बन्धुओं से मेल-जोल परन्तु सर्विस आदि में अनेक उतार-चढ़ाव का सामना रहे। उत्तरार्द्ध में शनि की दृष्टि के कारण स्वास्थ्य परेशानी, उदर विकार और वृथा वाद-विवाद में परेशानी रहे।

राशिफल–अक्तूबर–सन् 2010 ई.

मेष—ता. 19 तक मंगल की सप्तम स्वगृही दृष्टि होने से अत्यधिक परिश्रम के बावजूद निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। कुछ योजनाओं को क्रियान्वित करने के संकेत मिलते हैं। परन्तु ता. 17 से सूर्य की भी दृष्टि रहने से क्रोध एवं उत्तेजना बढ़ेगी। आय से खर्च अधिक होंगे।

वृष—इस मास में मंगल की दृष्टि पड़ने से परिवारिक परेशानी, कलह एवं वृथा तनाव की स्थिति रहे। क्रोध व अशान्ति, दौड़-धूप करने पर भी आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। राशि स्वामी शुक्र भी छटे संचार करने से बनते कामों में विघ्न परन्तु यात्रादि पर खर्च अधिक हो।

मिथुन—मासारम्भ में मानसम्मान में वृद्धि किन्तु कार्यक्षेत्र व व्यवसाय में संघर्ष अधिक रहेगा। चोटादि का भय रहेगा। ता. 19 से मंगल की दृष्टि पड़ने से किसी नज़दीकी बन्धु से कलह, मानसिक तनाव, गुस्सा ज्यादा आएगा। निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

कर्क—इस मास में गुरू की पंचम उच्च दृष्टि रहने से किसी रूके हुए कार्य में सुधार एवं धन लाभ के योग हैं। धर्म-कर्म में रूचि रहेगी। परन्तु ता. 17 के पश्चात् व्यवसायिक क्षेत्रों में उतार-चढ़ाव एवं दूरस्थ यात्राएँ होने के संकेत हैं। स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

सिंह—पूर्वार्द्ध भाग में शनि की साढ़ेसति के कारण व्यर्थ की भाग-दौड़, आकस्मिक खर्च और क्रोध के कारण हानि होने की आशंका रहेगी। ता. 17 से सूर्य नीचराशिगत होने से उत्तरार्द्ध में बनते कामों में विघ्न, सुख-साधनों पर खर्च होगा। आँखों में कष्ट के योग हैं।

कन्या—मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य-शनि-बुध ग्रहों का संचार तथा गुरू की दृष्टि होने से विघ्न-बाधाओं के बावजूद गुज़ारे योग्य धन प्राप्ति के साधन बनते रहेंगे। परिवार में खुशी के अवसर भी मिलेंगे। ता. 17 से किसी बने हुए कार्य में स्थिति बिगड़ सकती है। स्वास्थ्य भी ढीला रहे। सावधनी बरतें।

तुला—राशि स्वामी शुक्र स्वराशिगत संचार करने से पराक्रम एवं उत्साह में [illegible] काम बनेंगे। ता. 17 से सूर्य भी [illegible]

परिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। शनि साढ़ेसति के कारण खर्च में वृद्धि, शरीर कष्ट, चोटादि का भय और मानसिक परेशानी रहे।

वृश्चिक—राशि स्वामी मंगल ता. 19 तक द्वादश संचार करने से व्यवसाय में अड़चनें, खर्च अधिक एवं घरेलू परेशानियों के कारण मन अशान्त रहे। ता. 20 से मंगल स्वराशिगत संचार करने से कुछ सोची योजनाओं में सफलता, परिवारिक सुखों में वृद्धि एवं धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे।

धनु—पूर्वार्द्ध भाग में धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे परन्तु खर्च अधिक, मानसिक तनाव और स्वभाव में क्रोध की भावना अधिक रहे। उत्तरार्द्ध में परिवार में विलासादि कार्यों पर खर्च परन्तु स्त्री एवं संतान सम्बन्धी कुछ परेशानी रहे।

मकर—ता. 19 तक इस राशि पर मंगल की उच्च दृष्टि रहने से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद व्यवसाय में धन लाभ एवं पदोन्नति के योग हैं। राशि स्वामी शनि भाग्य स्थान पर होने से यद्यपि आय के साधन बनते रहेंगे परन्तु धन का लेन-देन करते समय धोखे की संभावना रहेगी। सावधानी बरतें।

कुम्भ—राशि स्वामी शनि अष्टम भाव में है। जिससे बनते कामों में विघ्न, स्वास्थ्य ढीला और वृथा यात्रा में परेशानी रहेगी। ता. 20 से मंगल की विशेष दृष्टि रहने से कुछ मानसिक तनाव, घरेलू एवं व्यवसायिक कारणों से मन परेशान रहेगा। श्री सुन्दरकांड का पाठ करना शुभ रहेगा।

मीन—पूर्वार्द्ध भाग में ता. 16 तक सूर्य की दृष्टि पड़ने से बनते कामों में विघ्न, परिवारिक उलझनें और खर्च अधिक रहेंगे। परन्तु उत्तरार्द्ध में संतान सम्बन्धी किसी कार्य के बन जाने से खुशी एवं मानसम्मान में वृद्धि होगी। सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा।

राशिफल—नवम्बर—सन् 2010 ई.

मेष—ता. 16 तक सूर्य की दृष्टि रहने से आय के साधन कुछ ठीक रहेंगे परन्तु क्रोध एवं उत्तेजना बढ़ेगी। आकस्मिक खर्च भी अधिक होंगे। ता. 19 के पश्चात् भूमि-जायदाद सम्बन्धी कार्यों में कुछ लाभ एवं आय के साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु गुस्सा ज्यादा आएगा।

वृष—राशिस्वामी शुक्र छटे संचार करने से बनते कामों में विघ्न, वृथा यात्रा एवं पेटविकार आदि से परेशानी रहे। उत्तरार्द्ध में विलासादि कार्यों पर खर्च, स्त्री एवं संतान सुख, व्यवसाय में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी।

मिथुन—इस मास में मंगल की दृष्टि पड़ने से आर्थिक कार्यों में व्यवधान होने पर भी गुजारे योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु ता. 17 से संतान सम्बन्धी चिन्ता एवं व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। विदेशी सम्बन्धियों से लाभ के अवसर मिलेंगे।

कर्क—पूर्वार्द्ध भाग में कुछ सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी। शुभ मंगल कार्यों में खर्च होगा। उत्तरार्द्ध में आय व सुख साधनों में वृद्धि

मकर राशि
(Capricorn)

(भो, ज, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी)

बहगोचर : राशि स्वामी शनि वर्षभर कन्या राशि (नवमस्थ) में होने से भाग्योन्नति व धन लाभ के मार्ग में अड़चनें पैदा हों। ता. 13 जन. से 30 मई तक शनि वक्री रहने से घरेलू तनाव व कारोबारी उलझनें बढ़ेंगी।

कुम्भ राशि
(Aquarius)

(गु, गे, गो, स, सी, सू, से, सो, द)

बहगोचर : वर्षारम्भ से 30 अप्रै. तक गुरु का संचार इस राशि पर होने से शुभ फल प्राप्त होंगे। ता. 19 जुला. तक मंगल की दृष्टि तथा वर्षभर शनि की ढैय्या का प्रभाव रहेगा। ता. 16 अग. से 15 सितं. तक सूर्य की दृष्टि तथा 19 अक्तू. से 30 नवं. तक मंगल की दृष्टि रहेगी।

के साथ-साथ विदेशी कार्यों में प्रगति होगी। परन्तु स्वास्थ्य कुछ ढीला एवं वृथा मानसिक तनाव रहेगा।

सिंह—ता. 15 तक राशिस्वामी सूर्य नीच राशिस्थस्थ होने से स्वास्थ्य में गड़बड़, धन हानि, घरेलू व कारोबारी उलझनें पैदा होंगी। परन्तु इस मास में गुरू की दृष्टि पड़ने से अकस्मात् धन लाभ तथा कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। धर्म-कर्म में प्रवृत्ति रहेंगी।

कन्या—मासारम्भ में बनते कामों में विघ्न, परिश्रम व दौड़धूप अधिक रहेगी। दाम्पत्य जीवन में सुखद माहौल के बावजूद आर्थिक समस्या के कारण परेशानी हो। उत्तरार्द्ध में भूमि-सवारी आदि का क्रय-विक्रय और ता. 20 के पश्चात् अप्रत्याशित लाभ एवं नौकरी में उन्नति के योग हैं।

तुला—राशिस्वामी शुक्र तुला में संचार करने से कुछ बिगड़े कामों में सुधार, परिवार में अकस्मात् खुशी एवं नए मित्रों से मेल-जोल बढ़ेगा। परन्तु धन का खर्च अधिक, स्थानपरिवर्तन, यात्रा में चोटादि का भय रहेगा। सावधानी बरतें।

वृश्चिक—इस मास में मंगल स्वराशिगत संचार एवं ता. 16 से सूर्य भी इसी राशि में संचार करने से साहसिक कार्यों में रूझान, परिश्रम एवं पराक्रम से धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। स्वभाव में तेजी और गुस्सा ज्यादा आएगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी सावधानी बरतें।

धनु—राशि स्वामी गुरू ता. 1 से वक्री अवस्था में कुम्भ राशिगत संचार करने से परिस्थितियों में काफी उथल-पुथल होगी। प्रिय बन्धु से मेल-जोल, धन-लाभ एवं विदेश यात्रा के योग बनेंगे। ता. 18 से गुरू मार्गी होने से किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी। सांझेदारी में लाभ के अवसर मिलेंगे।

मकर—राशि स्वामी शनि भाग्य स्थान पर होने से निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। किसी विशेष कार्य में परिवारिक सहयोग से सफलता मिलेगी। परन्तु मासान्त में मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। आय से खर्च अधिक और वृथा वाद-विवाद में हानि होगी।

कुम्भ—ता. 1 से वक्री गुरु का संचार इसी राशि में होने से विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति होगी। गत हालात् में सुधार, आय के साधनों में वृद्धि और धर्म-कर्म में रूझान बढ़ेगा। परन्तु मंगल की विशेष दृष्टि रहने से स्वास्थ्य ढीला, स्वभाव में तेजी एवं व्यर्थ की भागदौड़ अधिक रहेगी।

मीन—ता. 1 से गुरू बाहरवें होने से धन का खर्च अधिक, उलझनों के बावजूद निर्वाह योग्य आय एवं विदेशी कार्यों में कुछ प्रगति होगी। परन्तु ता. 18 से गुरू मार्गी होने से परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार होगा। उत्साह से किए कार्यों में सफलता के आसार बढ़ेंगे। किन्तु स्वास्थ्य परेशानी रहेगी।

राशिफल—दिसम्बर—सन् 2010 ई.

मेष—गत किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। व्यवसाय व नौकरी में परिवर्तन के योग हैं। आय कम और खर्च अधिक होंगे। व्यर्थ की भागदौड़ और फिजूलखर्ची बढ़ेगी। मन में अशान्ति व क्रोध की मात्रा अधिक होगी। अधिकांश समय मनोरंजन एवं वृथा कार्यों में व्यतीत होगा।

वृष—शुक्र षष्ठस्थ स्वराशिगत संचार करने से बनते हुए कार्यों में विघ्न एवं देरी, खर्च अधिक होंगे, परन्तु शुभ यात्रा भी होगी। मासान्त में आय सीमित व आकस्मिक व्यय एवं उलझनें बढ़ेंगी। आय की अपेक्षा धन का खर्च अधिक होगा।

मिथुन—मंगल की दृष्टि रहने से किसी नज़दीकी बन्धु से कलह पैदा होने का भय होगा। मन में तनाव व उत्तेजना भी अधिक रहेगी। यद्यपि उत्साह और सौभाग्य में वृद्धि होगी। किसी नए कार्य की योजना भी बनेगी। अकस्मात् कार्य-व्यवसाय में व्यस्तताएँ बढ़ेंगी।

कर्क—विभिन्न प्रयास, भरपूर परिश्रम और हितचिन्तक का सहयोग लेकर ही वांछित सफलता सम्भव होगी। दाम्पत्य जीवन अनुकूल और आनन्दवर्द्धक रहेगा। ता. 6 से गुरू की उच्च-दृष्टि होने से संतान सुख में वृद्धि और धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। धार्मिक कार्यों की ओर प्रवृत्ति रहेगी।

सिंह—मासारम्भ में गुरू की दृष्टि रहने से अकस्मात् धन लाभ तथा कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। परन्तु ता. 6 से विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति, आर्थिक हालात में सुधार एवं खुशी के अवसर मिलेंगे। मासान्त में शनि साढ़ेसति के कारण चोटादि का भय और शरीर कष्ट के योग हैं।

कन्या—मासारम्भ में स्वास्थ्य ढीला एवं शत्रुभय बना रहेगा। ता. 6 से इस राशि पर गुरू की दृष्टि रहने से विघ्न-बाधाओं के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। घर-परिवार में खुशी के अवसर मिलेंगे। परन्तु ता. 25 के पश्चात् संतान सम्बन्धी चिन्ता एवं धन का खर्च अधिक होगा।

तुला—राशि स्वामी शुक्र स्वराशिगत संचार करने से कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्य व्यवस्था में व्यस्तताएँ बढ़ेंगी। परन्तु शनि साढ़ेसति के कारण शरीर कष्ट, दाम्पत्य सुख में विघ्न और मानसिक तनाव रहे। मासान्त में धन लाभ और शुभ कार्य पर खर्च होगा।

वृश्चिक—ता. 6 से गुरू की विशेष दृष्टि रहने से कुछ बिगड़े कामों में सफलता मिलेगी। पदोन्नति व मानसम्मान में वृद्धि होगी। गृह में कोई शुभ कार्य सम्पन्न होगा। परन्तु ता. 22 से स्वास्थ्य में विकार एवं उत्तेजना से किसी विशेष कार्य के बिगड़ने के योग हैं। सावधानी बरतें।

धनु—इस राशि पर मंगल का संचार होने से कुछ सोची हुई योजनाओं में विघ्न-बाधाएँ रहेंगी। ता. 16 से परिवार में संघर्ष के बावजूद धन लाभ के साधन बनते रहेंगे। शुभ कार्यों पर खर्च होगा। भूमि-वाहनादि का क्रयविक्रय करने की योजना भी बनेगी। स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

मकर—इस मास में विभिन्न आर्थिक योजनाओं को क्रियान्वित करने के संकेत मिलते हैं परन्तु आप दूसरों पर विश्वास करके चलेंगे तो काम बिगड़ सकते हैं। ता. 24 के पश्चात् परिवार में शुभ एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा। धन लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

कुम्भ—पूर्वार्द्ध भाग में आय कम और खर्च अधिक रहेगा। व्यर्थ के कार्यों में भागदौड़ और मन में अशान्ति रहे। उत्तरार्ध भाग में पराक्रम में वृद्धि, विदेशी सम्बन्धियों से लाभ एवं परिवार में शुभ मंगल कार्यों पर खर्च होगा। आँखों में कष्ट व सिर में पीड़ा रहे।

मीन—ता. 6 से गुरू इसी राशि में संचार करेगा। जिससे गत हालात में परिवर्तन एवं संघर्ष शक्ति प्रबल होगी। अकस्मात् किसी बिगड़े हुए कार्य के बन जाने से खुशी का माहौल रहेगा। मासान्त में अकस्मात् धन लाभ एवं खर्च की अधिकता रहेगी। परन्तु स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

मीन राशि (Pisces)

(दी, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ से 1 मई तक राशि स्वामी गुरु कुम्भ राशि (द्वादशस्थ) संचार करने से धन लाभ अल्प रहे। ता. 2 मई से राशि स्वामी गुरु का इसी राशि में संचार करना शुभ रहेगा। ता. 26 मई से 4 सितं. तक मंगल की दृष्टि रहेगी। ता. 23 जुला. से 18 नवं. तक गुरु वक्री भी रहेगा।

वि. संवत् २०६७ में सम्वत्सर, राजा-मन्त्री आदि का फल

ॐ स्वस्ति नः श्रीगणेशाय नमः। अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्त जगदाधार मूर्तये ब्रह्मणे नमः। आदौ गणपतिं नमस्कृत्य प्रणम्य च पूर्वजानहम्-चन्द्रमिश्रं तत्पुत्रं रामजी दत्तस्य सूनं विश्वविख्यातं पण्डित देवी दयालु ज्यो. स्व प्रपितामहम् स्मरन् भक्त्या लोकहितार्थाय सुख सम्पत्ति हेतवे। शोभन नामक नवविक्रमी सम्वत्सरे शुभे पञ्चत्रिंशत्योत्तर शत वर्षाणि (१३५) वर्ष प्रवेशे पं. पन्नालाल अहं प्रपौत्र पण्डित देवी दयालु मशहूर आलम ज्योतिषी, स्व-पुत्राभ्यां सहिताहं कुर्वे पंचांग दिवाकरम्॥

सृष्टि सम्वत् १९५,५८,८५,१११ के अन्तर्गत, श्रीविक्रमी संवत् २०६७, कलि (कल्कि) संवत् ५१११, श्रीकृष्ण सम्वत् ५२४६, सप्तर्षि संवत् ५०८६, श्रीबुद्ध संवत् २६३३/३४, श्रीमहावीर निर्वाण संवत् २५३५/३६, शक संवत् १९३१-३२-३३, हिजरी सन् १४३१-३२, इंगलिश सन् **२०१०-११** ई., खालसा संवत् ३११-३१२, नानकशाही सम्वत् ५४१-४२, सृष्टि संवत् के अन्तर्गत सतयुग प्रमाण १७२८०००, त्रेतायुग १२९६०००, द्वापर युग प्रमाण ८६४००० एवं कलियुग का प्रमाण ४३२००० वर्षों का होता है।

—"शोभन् नामक सम्वत्सर का फल"—

बार्हस्पत्यमान से ३७वाँ एवं विष्णुविंशती का १७वाँ शोभन नामक नया २०६७ विक्रमी सम्वत्सर, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, तदनुसार 16 मार्च (प्रविष्टे ३ चैत्र), मंगलवार, सन् 2010 ई. से प्रारम्भ होगा। यहाँ से शुभ संकल्प एवं धार्मिक अनुष्ठान आदि कर्मों के शुभारम्भ में 'शोभन' नामक सम्वत्सर का ही प्रयोग होगा। शास्त्रों में इस संवत् का फल इस प्रकार वर्णित है-

शोभनेवत्सरे धात्री प्रजानां रोगशोकदा। तथापि सुखिनो लोकाबहुसस्यार्घवृष्टयः॥

अर्थात् 'शोभन' नामक सम्वत्सर का आगमन होने से पृथ्वी पर लोगों में क्लिष्ट रोग, शोक एवं दुखों में वृद्धि हो। यद्यपि वर्षा अधिक होने से अनाजादि की पैदावार अच्छी हो तथा लोगों में सुख के साधनों में वृद्धि होगी, परन्तु कहीं राजनेताओं में परस्पर द्वेष, विग्रह एवं तालमेल की कमी रहेगी तथा वे एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगेंगे।

'नारदसंहिता' अनुसार भी 'शोभन' सम्वत्सर होने से राजनेताओं में परस्पर द्वेष भाव होने से अलग-अलग फैसले एवं नियम बनाने में प्रवृत्त होंगे और पृथ्वी पर धान्य के लहलहाने से उपज में वृद्धि होगी, परन्तु कृषि के अन्य उत्पादनों में कमी रहेगी।

शोभनाख्येहायनेतु शोभनं भूरिवर्तते। नृपाश्चैवात्र निर्वैराः सर्वसम्पद्युता धरा॥

● **रोहिणी का वास**—संवत् २०६७ में रोहिणी का वास 'पर्वत' में है,

फल—रोहिणी नामनक्षत्र पर्वतस्थं यदा भवेत्। वृष्टि हानिः तदा ज्ञेया सर्वसस्य विनाशनम्॥

अर्थात् जिस वर्ष रोहिणी का वास पर्वत पर होता है, उस वर्ष देश में उपयोगी वर्षा की कमी रहती है। अतिवृष्टि या अनावृष्टि के कारण फसलों को हानि पहुँचे। प्राकृतिक प्रकोपों से जन-धनादि की क्षति होने की सम्भावना रहे।

● **सम्वत् का वास**—रोहिणी का वास पर्वत में होने से सम्वत् का वास 'कुम्हार' के घर होगा।

फल—संवत् (समय) का वास रजक (कुम्हार) के गृह में होने से कुछ प्रान्तों में वर्षा की भारी कमी रहेगी, कहीं पेयजल की कमी, घास, तृण, वृक्षादि हरियाली, फल, अनाज, धान्यादि अनाज का उत्पादन कम होगा। हस्तशिल्प, खादी, लघु-उद्योग आदि क्षेत्रों में तथा दूरसंचार व यातायात के संसाधनों में विस्तार होगा।

● **सम्वत् का वाहन**—नव सम्वत् का राजा मंगल होने से संवत् का वाहन 'वृषभ' होगा। फलस्वरूप वर्षा अधिक हो, विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा की बहुलता रहे, नदियों में पानी का वेग (बहाव) तेज हो, बाढ़ादि का भी भय रहे। वृक्षों पर फल तथा घास, पुष्प, तृणादि की पैदावार अच्छी हो। कुछ राज्यों में राजनैतिक अस्थिरता बनी रहे।

(१) वर्ष के राजा मंगल का फल—

भौमे नृपे वह्निभयं जनक्षयं चौराकुलं पार्थिव विग्रहश्च।
दुखं प्रजा व्याधि-वियोग पीडा स्वल्पं पयो मुञ्चति वारिवाहः॥

अर्थात् वर्ष का राजा मंगल होने देश में चोरी, ठगी, बेईमानी एवं हिंसा की घटनाएं तथा विशेष रूप से अग्निकाण्ड से विशेष जन-धन हानि की घटनाएँ घटित हों। राजनेताओं में परस्पर विरोध एवं टकराव रहे, प्रजा में क्रोध, उपद्रव, कलह-क्लेश, रोग, अपहरणादि के कारण दुःख अधिक हों। कहीं उपयोगी वर्षा की कमी रहे। देश में चोरी, आगजनी, अतिवृष्टि या अनावृष्टि होने से कहीं सूखा एवं दुर्भिक्ष जैसी स्थिति बने। लोगों में धर्म-कर्म की ओर रूचि कम रहे।

(२) वर्ष के मन्त्री बुध का फल—

शशिसुते शुभ मन्त्रिपदं गते स्वपतिना रमते मदनक्रियाम्।
बहुधनं बहुवादि-समन्वितं यव-मसूर-चणान्न महर्घताम्॥

अर्थात् वर्ष का मन्त्री बुध हो तो अधिकांश लोग विशेषतया स्त्रियाँ अपने पतियों के साथ रमन, भोग-विलासादि विषयों में अधिक आसक्त रहेंगी। धन का प्रसार अधिक होने से अमीर लोग और अधिक धनाढ्य होंगे। वर्षा प्रचुर मात्रा में हो, जौं, चने, मसूर, तेल, गेहूँ, धान्यादि तथा गैस आदि के भाव तेज होंगे। शिल्प-कला सम्बन्धी, खाद्यान्न एवं भोग्य वस्तुओं से सम्बन्धित व्यापारी तथा बुद्धिजीवी लोग व्यवसाय द्वारा विशेष लाभान्वित होंगे। गर्मी-खुश्की एवं त्वचा सम्बन्धी रोग अधिक होंगे।

(३) सस्येश शुक्र का फल—

शुक्रो यदा धान्यपतिर्धरायां मेघो जलं वर्षति शोभनं प्रियम्।
गोधूम-शालीक्षुधनं प्रियंगु-वृक्षेषु पुष्पाणि सुखप्रदानि॥

अर्थात् कृषि (फसलों का स्वामी) शुक्र हो, तो उस वर्ष कुछ स्थानों पर वर्षा पर्याप्त, उपयोगी एवं समयानुसार होती है। गेहूँ, जौं, चावल, ईख (गन्ना) एवं फलदार वृक्षों पर फल व फूल बहुत लगें। मौसमी मेवों की पैदावार अच्छी हो। अनाज, सोना, चाँदी एवं घी, तैल, मजीठ, चावल, हल्दी, जौं, हरड़, मेंहदी का व्यापार करने वाले विशेष लाभान्वित होंगे।

(४) धान्येश गुरु का फल–

गुरौ धान्यपतौ याते यव–गोधूम–शालयः। पच्यन्ते सर्वदेशेषु यज्वानो ब्राह्मणादयः॥

यदि बृहस्पति धान्येश हो, तो ग्रीष्मकालीन फसलें–गेहूँ, जौं, बाजरा, चावल आदि धान्य की पैदावार अच्छी होगी। उत्तम विचारों वाले ब्राह्मण आदि विद्वान् एवं धर्मपरायण लोग यजन–याजन आदि धार्मिक व शुभ कृत्यों में प्रवृत्त होंगे।

(५) मेघेश मंगल का फल–

'अवनिजे' जलदस्य–पतौ भुविश्रुति विचार विहीन धरामराः।
क्वचिदपि प्रचुरं जलमल्पकं क्वचिदपि प्रशमं बहुतापदम्॥

अर्थात् मेघेश (वर्षा का स्वामी) मंगल हो, तो ब्राह्मणादि उच्च वर्ण के लोग वेदविचार से हीन, अपने धर्म–कर्म से च्युत अर्थात् शास्त्र मर्यादित कर्त्तव्यों से च्युत होंगे। असामयिक वर्षा, अर्थात् कहीं वर्षा बहुत कम और कहीं बहुत अधिक होगी। कहीं भूस्खलन एवं बाढ़ादि तथा कहीं वर्षा न होने से पेयजल की कमी, दुर्भिक्ष आदि का भय तथा तापमान में वृद्धि होगी।

(६) रसेश सूर्य का फल–

रसपतौ तरणी धरणो तदा विरस भागरताल्प पयोधरा।
वसन–तैल–घृत प्रियमानवाः सुखे रसंनभुनक्ति महीपतिः॥

अर्थात् रसाधिपति सूर्य होने से उपयोगी वर्षा की कमी रहे। दूध, रसादि वाले फलों का उत्पादन कम हो। घी, मक्खन, तेल, खाद्य–तेल, वस्त्रादि में भी न्यूनता हो अर्थात् महंगे होंगे। प्रजा एवं प्रशासक वर्ग में सुख की कमी रहे। सामान्य लोगों को विविध प्रकार की उलझनों, परेशानियों एवं गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

(७) नीरसेश शुक्र का दान–

कर्पूरागर गन्धानां हेम मौक्तिक वाससाम्। अर्घवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशो भृगुर्यदि॥

संवत् में नीरसेश (धातुओं का स्वामी) शुक्र हो, तो कपूर, अगर–तगर आदि तथा अन्य सुगन्धित इत्र (वस्तुएँ), सोना, चाँदी, मोती और सर्व प्रकार के वस्त्रों के भावों में विशेष तेजी हो।

(८) फलेश सूर्य का फल–

द्रुमवतीवर पुष्पवती धरा प्रमुदिता फलभोग विशेषता।
बहुजलं जलदोभुवि मुञ्चति क्वचिदपिप्रमितं फलपो रविः॥

–फलों का स्वामी सूर्य होने से पृथ्वी पर वर्षा कहीं बहुत अधिक और कहीं पर कम हो। पृथ्वी विभिन्न प्रकार के वृक्षों, फूलों (पुष्पों) एवं ... फल, फूल एवं वृक्षों की पैदावार कुछ स्थलों पर अच्छी होगी और कहीं कम होगी। विशेष सम्पन्न लोगों में सुख के साधन बढ़ेंगे।

(९) धनेश गुरु का फल–

सुमनसां च गुरुर्द्रविणाधिपो वणिज–वृत्तिपराः सुखभाजनाः।
फलित–पुष्पित भूमिरुहाः सदाविविध द्रव्ययुता भुविमानवाः॥

अर्थात् धन–दौलत (कोष) का स्वामी बृहस्पति होने से व्यापारी वर्ग एवं वणिक् वृत्ति से व्यापार करने वाले लोग विशेष लाभान्वित होकर सुखी एवं प्रसन्नचित्त रहें। वृक्षों पर फलों, फूलों आदि का उत्पादन अच्छा रहे। लोग विभिन्न प्रकार की धन–सम्पदाओं से सम्पन्न होंगे।

(१०) दुर्गेश चन्द्र का फल–

गढपतिः शशलांछनको यदा नृपसुराज्य विलासित पौरजाः।
बहु धनेक्षुज गोरसभोगिनो नखरा वरवर्णित विग्रहाः॥

दुर्गेश (सेना का स्वामी) चन्द्रमा हो, तो उस वर्ष राजनेता (प्रशासक) लोगों में सुचारुरूप से राज्य व्यवस्था करने और जनता को सुख–सुविधाएँ प्रदान करने की चेष्टा करते हैं। गुड़, चीनी, गन्ना, दूध आदि वस्तुओं का व्यवसाय (क्रय–विक्रय) करने वाले विशेष तौर पर लाभान्वित रहें। विश्व के अनेक राष्ट्र परस्पर युद्धोन्मुख होंगे। अर्थात् परस्पर तनाव एवं टकराव की स्थिति में होंगे।

नवमेघों में 'पुष्कर' नामक मेघ का फल—

नैव कंदफलमूलविवृद्धिर्जायते विविधपातकवृद्धिः।
रोगतोजन कृशत्वमनल्पं पुष्करे जलधरे जलमल्पम्॥

अर्थात् जिस वर्ष पुष्कर नामक मेघ हो, तो वृक्षों पर कंद, मूल, फल आदि कम होंगे अर्थात् इनके मूल्यों में ओर वृद्धि होगी। पाप कर्मों की वृद्धि होगी, लोग विचित्र प्रकार के रोगों से ग्रस्त रहेंगे। कहीं बाढ़ तथा कहीं सूखा रहे।

द्वादश नागों में 'नन्दसारी' नाम के नाग का फल—

तस्मिन् वर्षे महावृष्टिं कुरुते नन्दतेजनः॥

अर्थात् नन्दसारी नामक नाग राजा होने से कुछ स्थानों पर महावृष्टि अर्थात् अति वर्षा होगी। लोग अपनी स्वार्थपरता में मगन रहेंगे।

● शनि की दृष्टि–आगामी वि. संवत् २०६७ में शनि सम्पूर्ण संवत् कन्या राशि में संचारवश मिथुन, वृश्चिक एवं मीन राशियों पर दृष्टि तथा सिंह, कन्या एवं तुला राशि वाले जातकों, देशों एवं भारत के राज्यों पर साढ़ेसति का प्रभाव करेगा, अतएव इन राशियों से प्रभावित राज्यों, नगरों तथा देशों (पूर्व पंजाब, राजस्थान, जयपुर, महाराष्ट्र, मिस्र, लन्दन, बेल्जियम, इंग्लैण्ड, हरियाणा, दिल्ली, मुम्बई, उड़ीसा, हि.प्र., पंजाब, पानीपत, गुजरात, कश्मीर) में प्राकृतिक प्रकोपों, अग्निकाण्ड, आतंकवादी घटनाएँ एवं विस्फोट, भूकम्प, भुखमरी, ...

✻ जल आदि चार स्तम्भों का फल-संवत् २०६७ ✻

(१) जल स्तम्भ—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का अभाव है। फलस्वरूप आगामी वर्ष देश में कम वर्षा के योग हैं। कहीं खण्ड वर्षा एवं कहीं समयानुसार उपयोगी वर्षा की कमी रहेगी। बहुजलसिञ्चित धान्य (चावल) की फसल को हानि पहुँचेगी। कहीं पेयजल की समस्याएँ उत्पन्न होंगी, भूमिगत जलस्तर में भी गिरावट बनेगी। दुर्भिक्ष, अकाल की परिस्थितियां बनेंगी। रोहिणी का वास पर्वत पर होने से भी कम वर्षा के ही संकेत हैं।

(२) तृण स्तम्भ—वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का अभाव है। फलस्वरूप तिनके, बाँस, घास, पुष्पों, फलों, वनस्पतियों, जड़ी-बूटियों तथा वन्य औषधियों के उत्पादन में कमी रहेगी। पशुचारे का भी अभाव रहे। फलस्वरूप गौं, भैंस आदि चौपाय पशुओं द्वारा दुग्ध उत्पादन में भी कमी रहे। आयुर्वेदिक औषधियां, दुग्ध, डेयरी उत्पाद महंगे होंगे।

(३) वायु स्तम्भ—ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर का सम्पर्क 72.28 प्रतिशत है। फलतः कुछ प्रदेशों में वायु वेग एवं अनुकूल मेघ संचार से वर्षा का क्रम अच्छा रहेगा। कहीं भीषण वायु वेग, चक्रावात एवं तेज़ आँधियों से खड़ी फसलों, धनादि सम्पदा को हानि पहुँचेगी। कुछ क्षेत्रों में वायु का दबाव बढ़ेगा।

(४) अन्न स्तम्भ—आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का सम्पर्क 62 प्रतिशत है। फलस्वरूप जल व तृण स्तम्भ के अभाव एवं विपरीत जलवायु के बावजूद कुछ प्रदेशों में गेहूँ, चने, चावल, मक्का, ईख, धान्यादि की पैदावार गुज़ारेलायक होगी। सर्व प्रकार के अनाज, दालें आदि तेज भाव होंगे। सरकार को अन्न-भण्डारण एवं अनाज-वितरण सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। सरकार को इस सम्बन्ध में विशेष पग उठाने एवं निर्णय लेने पड़ेंगे।

≈ आर्षमान द्वारा रक्षा फल विचार ≈

आर्षमान को वर्ष में राष्ट्र की रक्षा के चार दुर्गों (किले) एवं समृद्धि का प्रतीक माना जाता है—

(१) प्रथम आर्ष—गतवर्ष की पौष अमावस्या को मूल नक्षत्र के स्पर्श से माना जाता है। मूल नक्षत्र का स्पर्श केवल 5% प्रतिशत है।

(२) द्वितीय आर्ष—वैशाख शुक्ल तृतीया को रोहिणी नक्षत्र का अभाव है।

(३) तृतीय आर्ष—श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र का अभाव है।

(४) चतुर्थ आर्ष—कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र लगभग 66 प्रतिशत है।

फल—इस वर्ष दो दुर्गों का अभाव, एक अत्यन्त अल्पबली तथा चतुर्थ दुर्ग मध्यमबली है। चारों दुर्गों का विचार चिन्ताजनक स्थिति का संकेत कर रहा है। सुरक्षा, समृद्धि एवं राजनैतिक दृष्टि से यह वर्ष विशेष उलझन एवं असमंजसपूर्ण रहेगा। कहीं आतंकवादी एवं विस्फोटक घटनाओं के कारण आन्तरिक सुरक्षा को खतरा रहेगा। सामान्य प्रजा में युद्धादि का भय बनेगा। प्राकृतिक आपदाओं से भी देश की आर्थिक-सामाजिक एवं सुरक्षा स्थिति चिन्तनीय हो सकती है। वर्षा-पानी की कमी एवं कहीं अकाल की स्थिति नबेगी। परन्तु चतुर्थ आर्ष (दुर्ग) के कारण अनेक अवरोधों के होने पर भी राष्ट्र आर्थिक एवं रक्षा की दृष्टि से प्रगतिपथ पर रहेगा। देश के सुरक्षा प्रबन्धों को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता होगी।

≈ वर्षादि के विश्वामान ≈

वर्षादि विश्वा का कुल मान २० विश्वे होते हैं। जिस पदार्थ (विषय) के विश्वा १ से २० अंकों के मध्य जितने अधिक (२० अथवा उसके समीपस्थ) होंगे, उस वस्तु के उत्पादन की मात्रा उतनी अधिक होगी। जैसे आगे सं. २०६७ में धान्य के विश्वे १७ लिखे हैं, इसका तात्पर्य यह हुआ कि आगामी वर्ष धान्य का उत्पादन अच्छा होगा।

वर्षा ५, धान्य १७, तृण १५, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ३, तृषा १५, निद्रा ३, आलस्य १३, उद्यम ५, शान्ति १५, क्रोध १३, दंभ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ९, उग्रता ७, पाप ५, पुण्य ९, व्याधि ७, व्याधिनाश ३, आचार १, अनाचार ५, मृत्यु १, जन्म ५, देश उपद्रव १५, देश-स्वास्थ्य ३, चोरभय ९, चोरनाश १, अग्नि १५, अग्निशान्त १, उद्भिज ३, जरायुज ३, अंडज ३, स्वेदज ३, टिड्डी १५, तोता ७, मूषक ११, सोना ७, तांबा ५, स्वचक्र ३, परचक्र ५, वृष्टि ७, अनावृष्टि १५॥

≈ गुर्रा फल विचार (सन् 2010-11 ई.) ≈

इस्लामी मतानुसार एक (यकम) मुहर्रम से ही नया हिजरी सन् प्रारम्भ होता है।

वि. संवत् २०६६ में पौष शुक्ल तृतीया तदनुसार 19 दिसंबर, सन् 2009 ई. शनिवार को 1 मुहर्रम (यकम) हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से हिजरी सन् का बादशाह शनि ही होगा।

इस्लामी नववर्ष कुण्डली (सन् 2009-10 ई.)

गुरु-शनि के मध्य नवपंचम तथा मंगल-गुरु के मध्य समसप्तक योग बना हुआ है। ग्रहस्थिति अनुसार पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईराक, ईराक, ईरान, सूडान आदि मुस्लिम बाहुल्य देशों में अत्यन्त गम्भीर, राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़गा पाक, ईराक, अफगानिस्तान आदि कुछ मुस्लिम बाहुल्य देशों में अनेक स्थलों पर विस्फोटक घटनाएँ घटित होंगी। अमरीकी दबाव एवं आक्रामक रुख के चलते पाकिस्तान की गठबन्धन सरकार को विशेष सुधारात्मक पग उठाने पड़ेंगे। किसी मुस्लिम राष्ट्र के प्रधान नेता के लिए विशेष संकट भरी स्थिति बन सकती है।

इस्लामी नववर्ष कुण्डली
(सन् 2010-11 ई.)

संवत् २०६७ वि. में मार्गशीर्ष शुक्ल तृतीया तद्नुसार 8 दिसम्बर, सन् 2010 ई., बुधवार को 1 मुहर्रम (यकम) को हिजरी सन् 1932 प्रारम्भ होगा। बुधवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से हिजरी वर्ष का बादशाह बुध ही होगा। मंगल-गुरु के मध्य समसप्तक योग तथा सूर्य पर शनि की शत्रु दृष्टि पड़ रही है।

हिजरी सन् 1432

फल—ग्रहस्थिति अनुसार पाकिस्तान, साऊदी अरब, मिस्र, बांगलादेश आदि मुस्लिम देशों के कट्टरवादी ग्रुप इस्लाम के नाम पर नया ध्रुवीकरण बनाने की कोशिश करेंगे। हुनरमन्द व व्यापारिक क्षेत्रों में व्यापारियों के लिए अच्छे मुनाफे के आसार बनेंगे। मुस्लिम राष्ट्र अत्याधुनिक हथियारों का संग्रह करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। खाद्यपदार्थ, अनाज, गुड़, चीनी, कपास महंगे हों। वर्षा समयानुसार नहीं होगी। अग्निकाण्ड, विस्फोट अधिक होंगे।

☆ वि. संवत् 2067 में लाभ-हानि चक्र ☆
(विंशोत्तरी मतानुसारेण)

आगामी वर्ष में आपको जिस राशि का लाभ-हानि का विवरण ज्ञात करना हो, तो आप निम्नलिखित चक्र में अपनी राशि के नीचे लिखे लाभ-हानि के अंकों को जमा कर दें, फिर कुल जमा जोड़ में से 1 कम करके जोड़ को 8 से भाग दे देवें। भाग करने के पश्चात् यदि 1 बचे तो आगामी वर्ष में धन लाभ अच्छा रहेगा। मनोवांछित योजनाएं सफल होंगी। मनोरंजक कार्यों की ओर रूचि बढ़ेगी। यदि शेष 2 बचे तो, धन लाभ मध्यम पर शुभ कार्यों पर खर्च अधिक होगा। यदि शेष 3 बचें तो लाभ कम, खर्च (अपव्यय) अधिक रहेगा। व्यर्थ भाग-दौड़ अधिक रहेगी और घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। यदि शेष 4 बचें तो, मानसिक तनाव, शरीर कष्ट और रोगादि पर खचे हो, आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हों। यदि शेष 5 बचें तो लाभ कम तथा फिजूलखर्ची अधिक रहेगी। बनते कार्यों में विघ्न पड़ेगा। यदि शेष 6 बचें तो, भाग्योन्नति और धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। यदि शेष 7 बचें तो, व्यापार, लॉटरी, सट्टे आदि द्वारा अकस्मात् धन लाभ होगा। जमीन-जायदाद आदि कार्यों पर खर्च भी रहेंगे। आय के साधनों में भी वृद्धि होगी। यदि 8 अर्थात् 0 बचे, तो उस वर्ष लाभ कम व खर्च अधिक रहेगा, मानसिक परेशानियाँ भी बढ़ने के संकेत हैं।

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	२	११	२	११	१४	२	११	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

≈सूर्य आर्द्रा प्रवेश फल-संवत् २०६७≈

आर्द्रा प्रवेश कुण्डली
22-06-2010 ई.

वि. संवत् २०६७ में सूर्यदेव ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, मंगलवार तद्नुसार 22 जून, सन् 2010 ई. को स्वाती नक्षत्र, शिव योग एवं तुला राशिस्थ चन्द्रमा कालीन प्रातः 9 बजकर 57 मिंट पर सिंह लग्न कालीन आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे।

सूर्यदेव का आर्द्रा प्रवेश अग्नि तत्त्व प्रधान सिंह लग्न तथा वायु तत्त्व प्रधान तुला राशि में हुआ है। अधिकतर ग्रह वायु, अग्नि व पृथ्वी तत्त्व प्रधान राशियों में हैं। गुरु-शुक्र जल तत्त्व प्रधान राशियों में है। लग्नेश सूर्य एकादश भाव में केतु युक्त तथा उस पर शनि की दृष्टि भी है। जलस्तम्भ भी बिल्कुल नगण्य है। फलस्वरूप आगामी वर्ष अनुकूल एवं उचित समय पर वर्षा की कमी रहेगी। सामयिक (उपयुक्त) वर्षा की कमी के कारण खड़ी फसलों को हानि हो। कहीं अतिवर्षा से बाढ़ादि का भय तो कहीं अल्प वर्षा से फसलों को क्षति पहुँचने के संकेत हैं। गुरु, शुक्र जल-तत्त्व राशियों में होने के बावजूद अष्टम, द्वादश भावों में जाने से अनुकूल, उपयोगी एवं समयानुसार वर्षा की कमी रहेगी। मेघेश मंगल भी लग्न भाव में होने से दुर्भिक्ष, खाद्यान्न संकट तथा तापमान में वृद्धि होगी। मौसम प्रायः अनिश्चित एवं अनियमित होंगे। अग्निकाण्ड, भूस्खलन, तेज आँधियां (वायु प्रकोप) अधिक रहे। लोगों में शारीरिक व मानसिक दौर्बल्य अधिक रहे तथा प्रशासकों में परस्पर विरोध उत्पन्न हो व किसी राजनेता की शस्त्रघात से मृत्यु हो।

भानोर्वेशः पृथ्वीसूनोर्वारे रौद्रेधिष्ण्येचेत्स्यात्।
शस्त्राघातात्पृथ्वीशानां निःसंदेहं मृत्युस्तर्हि॥

परन्तु स्वाती नक्षत्र में आर्द्रा प्रवेश होने से धनधान्य की तथा धर्म-कर्म आदि आयोजनों की वृद्धि होगी।

यथा-धनधान्यसमृद्धिः स्याद्धर्मवृद्धिर्दिनेदिने॥

सूर्य देव द्वारा आर्द्रा प्रवेश दो घड़ी दिन चढ़े होने के बाद हुआ है, अतएव इसके फलस्वरूप प्रजा में रोग, शोक एवं विग्रह अधिक रहें।

''सूर्योदये रोगकरी स्मृतार्द्राघटी द्वये विग्रह रोग योगः॥''

'लघु पंचांगदिवाकर'

गतवर्षों की भान्ति इस वर्ष भी 'पंचांगदिवाकर' का लघु रूप 'लघु दिवाकर पंचांग' छपकर तैयार है। जिसमें पंचांग की आवश्यक सामग्री जैसे—पक्ष-पृष्ठ, विवाह-मुण्डनादि मुहूर्त, [illegible] तिथ्यादि पंचांग आदि का विवरण दिया रहता है। अपने

ग्रहों के आधार पर आगामी वर्ष की प्रमुख भविष्यवाणियाँ संवत् २०६७ (सन् 2010-11 ई.)

- ☞ नया 'शोभन' नामक सम्वत् होने से पृथ्वी पर लोगों में क्लिष्ट प्रकार के रोग, शोक एवं दुःखों में वृद्धि, सुख-साधनों में वृद्धि के साथ-साथ लोगों में अशान्ति भी अधिक रहेगी। राजनेताओं में परस्पर विरोध एवं तालमेल की कमी रहेगी।
- ☞ राजा मंगल एवं मंत्री बुध होने से राष्ट्रीय नेताओं में परस्पर वैर-विरोध, द्वेष एवं टकराव रहे। देश में लड़ाई-झगड़े, जातीय दंगे-फसाद, चोरी-ठगी, बेईमानी, हिंसा, अग्निकाण्ड व उपद्रवी घटनाएं अधिक होंगी। दैनिक जीवनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यो में अत्यधिक तेजी से लोगों में आक्रोश, आवेश एवं उग्रता की भावना अधिक हो। भारत की सीमाओं पर चीन, पाकिस्तान व अन्य आतंकी हमलों के खतरे बढ़ेंगे, भारत सरकार के लिए अग्निपरीक्षा का समय।
- ☞ चीन पाकिस्तान आदि कुछ राष्ट्र कुटिल नीतियों का प्रयोग करते हुए बाह्य तौर पर शान्ति समझौतों के बावजूद आन्तरिक रूप में विश्व के अनेक राष्ट्रों को मध्य अत्याधुनिक प्रक्षेपास्त्र एवं परमाणु हथियारों की होड़ बढ़ेगी। भारत सरकार को अपने सुरक्षात्मक प्रबन्धों को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता होगी।
- ☞ वैशाख अधिक मास (15 अप्रै. से 14 मई तक) रहने से किसी प्रधाननेता की आकस्मिक मृत्यु, छत्रभंग (राज्य-परिवर्तन), दुर्भिक्ष के स्पष्ट संकेत हैं।
- ☞ 14 मई से 27 मई तक तेरह दिन का पक्ष (विश्वघस्र पक्ष) होने से भारत एवं विश्व में कहीं रेल या हवाई दुर्घटना अथवा भूकम्प, भूस्खलन, भारत के मुख्य प्रान्तों में गर्मी, क्लिष्ट रोगों, अग्निकाण्ड, असामयिक वर्षा आदि प्राकृतिक प्रकोपों से भारी जन-धन एवं कृषि हानि का भय है।
- ☞ वर्ष के उत्तरार्द्ध में केन्द्रीय मंत्रीमण्डल में विशेष परिवर्तन तथा राजनीतिक पटल पर श्रीराहुल गांधी तथा अन्य युवा नेताओं का आगमन होगा।
- ☞ कई राज्यों में सम्भावित विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को गत चुनावों की अपेक्षा अच्छी सफलता प्राप्त होगी। कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व कई राज्यों में बढ़ेगा। कहीं हार का भी सामना होगा। भाजपा को भीतरी अन्तर्कलह के कारण अपेक्षाकृत कम सफलता प्राप्त होगी।
- ☞ वर्ष के पूर्वार्द्ध भाग में भारत की पूर्वी पश्चिमी एवं उत्तरी सीमाओं के पार्श्ववर्ती देशों-चीन, पाकिस्तान, बंगलादेश आदि देशों के प्रशिक्षित आतंकवादी तथा नक्सली एवं माओवादी आतंकी देश के लिए गम्भीर व कठिन चुनौतियाँ बनेंगे। इस बीच सैन्य हस्तक्षेप एवं अतिक्रमण बढ़ेंगे। सैनिक मुठभेड़ों के भी योग हैं।

एव सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते।
दृश्यते तु अग्रयया बुद्धयासूक्ष्मया सूक्ष्म दर्शिभिः ॥ कठोपनिषद् ॥

ज्योतिष अध्यात्म विद्या का ही महत्त्वपूर्ण अंग है। परन्तु ज्योतिष जैसे सूक्ष्म ज्ञान की अभिव्यक्ति सभी प्राणियों में समान रूप से नहीं होती, बल्कि आत्मोन्नत एवं सूक्ष्म तथा दिव्य दृष्टि प्राप्त तत्त्वदर्शी मनीषियों ने ही अपने तपोबल के द्वारा मानव कल्याण की भावना से प्रेरित होकर ज्योतिष विद्या का प्रणयन किया था। आज से सहस्त्रों वर्ष पूर्व, जब आधुनिक वैज्ञानिक संयन्त्रों का आविष्कार भी नहीं हुआ था, तभी हमारे ऋषियों ने **'या ब्रह्माण्डे सा पिण्डे, या पिण्डे सा ब्रह्माण्डे'** के सूत्र के आधार पर अपनी अन्तःदृष्टि द्वारा विश्व एवं सौरमण्डल की संरचना ग्रहों की मार्गी, वक्रातिचार आदि गति तथा समस्त प्राणियों पर ग्रह रश्मियों के शुभाशुभ प्रभाव का अनुशीलन कर लिया था। उनके अनुसार सभी ग्रह अपनी प्रकृति के अनुरूप ही शुभाशुभ फल प्रदान करते हैं—सत्त्वगुणी ग्रहों के प्रभाव से जातक उदार, दयालु, सत्यनिष्ठ एवं धर्मपरायण होता है, रजोगुणी ग्रहों के प्रभाव से जातक विषयासक्त, कामी, उच्चाकांक्षी, भोग-लोलुप तथा शनि, मंगल आदि तामसिक ग्रहों के प्रभाव से जातक क्रोधी, नास्तिक, व्यसनी एवं दुराचारी प्रकृति का होता है।

गुरु रवि शशिनः सत्त्वं रज्जारिसतज्ञौ तमोऽर्कसुत भौमो।
एते ही आत्म समानाः प्रकृतिस्तेभ्यः फलानि प्रयच्छन्ति॥

ज्योतिष विज्ञान हमें ग्रह-नक्षत्रों सम्बन्धी कुछ शास्त्रीय सिद्धान्त प्रदान करता है, जिनके द्वारा हमें पूर्व कर्मों के प्रतिफल को जानकर भविष्य में अपने जीवन को उच्चतर दिशा की ओर ले जाना है। ज्योतिष ज्ञान पर आधारित बनी एक जन्मपत्री अथवा जन्म कुण्डली अपने गर्भ में अनेक रहस्य संजोए रहती है। एक कुशल एवं अनुभवी ज्योतिषी की सहायता से

मनुष्य अपने जीवन सम्बन्धी अज्ञात रहस्यों को जानकर निश्चय ही भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति को प्राप्त कर सकता है। जातक की जन्मकुण्डली मनुष्य के पूर्वजन्मों के संचित एवं प्रारब्ध कर्मों की प्रतिमूर्ति होती है। अनेक जन्मों के पाप-पुण्य, शुभाशुभ कर्मों का फल कब प्रकट होगा ? और भविष्य में जातक को कैसी परिस्थितियों की सम्भावना है ? ऐसे महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर ज्योतिष शास्त्र अन्धेरे में दीप की भान्ति देता है—

''यदुपचितमन्यजन्मनि शुभाशुभं तस्य कर्मणः पक्तिम्।
व्यंजति शास्त्रमेतत् तमसि द्रव्याणि दीप इव॥''

ईश्वर की अपार कृपा से उत्तरी भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं सर्वप्राचीन प्रकाशन **''पंचांगदिवाकर'', 'मुफीद आलम जन्त्री' (उर्दू-हिन्दी-पंजाबी) एवं तिथ पत्रिका** (पंजाबी भाषा) को प्रकाशित होते हुए प्रस्तुत संवत् २०६७ (2010-11 ई.) में गौरवशाली 135 वर्ष हो जाएंगे। इस पंचांग समूह के प्रवर्त्तक एवं संस्थापक हमारे पूज्य पितामह विश्व विख्यात मशहूर आलम पण्डित देवी दयालु जी (लाहौर) से लेकर आज तक की दीर्घावधि में हमारे प्रकाशनों को जो राष्ट्रीय एवं विश्वव्यापी स्तर पर ख्याति एवं प्रशंसा प्राप्त हुई—वह सुविज्ञ पाठकगणों से छिपी नहीं है। उत्तरी भारत में शताब्दि से भी अधिक वर्षों पर्यन्त ज्योतिष के क्षेत्र में हमारी पंचांग, जन्त्री एवं अन्य प्रकाशनों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। हमारे प्रकाशनों की निरन्तर अग्रसर ख्याति को देखकर कुछ दुष्ट प्रकृति के धन लोलुप एवं लालची प्रकाशक हमारे टाईटल से मिलता जुलता टाईटल—नाम रखकर विषय-सामग्री को तोड़-मरोड़ कर छापते हैं। इस प्रकार लोगों को गुमराह व धोखा देने की कुचेष्टा करते रहे हैं। सुविज्ञ पाठकों को सूचित किया जाता है कि वह असली व प्रामाणिक पंचांगदिवाकर, तिथ पत्रिका, मुफीद आलम जन्त्री तथा हमारी नव प्रकाशित 'अर्द्धशताब्दि पंचांग' (संवत् २००१ से २०६० तक) खरीदते समय प्रथम पृष्ठ पर गणितकर्त्ता पं. पन्ना लाल ज्योतिषी एम. ए., पं. विवेक शर्मा व पंकज शर्मा, जालन्धर के नाम अवश्य पढ़ लिया करें।

गतवर्षीय दिवाकर पंचांगों की चामत्कारिक भविष्यवाणियां

ईश्वर की कृपा से हमारी गत वर्षों की पंचांगों एवं जन्त्रियों से उल्लिखित **अनेकशः भविष्यवाणियां** ठीक निकलती आ रही हैं। **उदाहरणस्वरूप** जैसे-भारत का स्वतन्त्र होना (सं. 1947 ई.), बंगलादेश के रूप में पाकिस्तान का विभाजन, कांग्रेस (ई) की पराजय, पुनः सत्ता में आना, ईरान-ईराक युद्ध (2039), पूर्व प्रधानमन्त्री इन्दिरा गांधी की आकस्मिक मृत्यु (संवत् 2041), पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गांधी की आकस्मिक मृत्यु (संवत् 2048), सन् 1998 में मोर्चा सरकार (गुजराल सरकार) का पतन (2055) तथा लोकसभा चुनावों प्रमुख भविष्यवाणियां ही उद्धृत हैं, जो ईश्वर कृपावश चामत्कारिक रूप से सत्य निकली हैं। **उदाहरणार्थ—**

संवत् २०५७ के पंचांगदिवाकर-पाकिस्तान में शरीफ सरकार का तख्ता पलट तथा आपात् स्थिति का लगना एवं शासन परिवर्तन, छत्रभंग, राजनीतिक टकराव व हिंसक घटनाएं होना (पृष्ठ 51-कालम I व II)

सं. २०५८ के पंचागदिवाकर पृष्ठ 56 (कालम II) पर जगत लग्न में कालसर्प योग के कारण मिथुन व धनु राशि वाले देशों में विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी। जैसा कि **अमरीका में दुखद त्रासदी घटी**। सं. २०५९ (2002-03) में पृष्ठ 56 (कालम I) में पढ़ें—तालिबान अमरीकी युद्ध शक्ति के सामने अधिक देर तक टिक नहीं पाएंगे।'' पृष्ठ 60 (का. I) पर पंजाब के शीर्षक के अन्तर्गत स्पष्ट पढ़ें—''आगामी विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ बादल सरकार को काफ़ी कम सीटें तथा कांग्रेस पार्टी का मुख्य पार्टी के रूप में उभकर आना।''

संवत् २०६० में **ईराक में सत्ता परिवर्तन** के योग के बारे में स्पष्टतः पढ़ें पृष्ठ 63.।

संवत् २०६१ की पंचांग में स्पष्टतः पढ़ें—**आगामी लोकसभा चुनावों में श्रीमती सोनिया गांधी तथा कांग्रेस पार्टी भाजपा की अपेक्षा अधिक सीटों पर कामयाब होकर निकलेगी।** पृष्ठ 67 कालम I.

संवत् २०६२ (2005-06) ''पाकिस्तान और भारत के मध्य दोस्ती और शान्तिवार्ताओं के नए आयाम जुड़ना (पृष्ठ 56 का II, पृष्ठ 60-I)—

संवत् २०६३ (2006-07) की पंचांग में डीज़ल-पैट्रोल के मूल्यों में अत्यधिक तेज़ी के कारण मुद्रा-स्फीति दर में वृद्धि होगी (पृष्ठ 55), पंजाब, बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की प्रबल सम्भावना (पृष्ठ 55) **7 फरवरी, 2007 ई० तक यू.पी.ए. सरकार के वर्चस्व को कोई खतरा नहीं** (पृष्ठ 55) 24 मई से 12 जुलाई के मध्य मंगल-शनि योग के कारण काश्मीर, महाराष्ट्र, आदि प्रदेशों में उपद्रव, हिंसा एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के योग हैं (जैसा कि मुम्बई में 11 जुलाई को बम विस्फोट हुए) पृ. 59 का. II)

संवत् २०६४ (2007-08) में पृष्ठ 56 पर मुख्य बाक्स पर स्पष्टतः पढ़ें—''उ.प्र., उत्तराखण्ड, पंजाब प्रदेशों में नेतृत्व परिवर्तन के योग होंगे।'' नतीजे आपके सामने थे।

संवत् २०६५ (2008-09) के पृष्ठ 59 पर मुख्य बाक्स में आप स्पष्टतः पढ़ें—**''यू.पी.ए. के घटक दलों में आपसी समन्वय का अभाव रहेगा तथा परमाणु करार मुद्दे पर लेफ्ट व कांग्रेस के सम्बन्ध विच्छेद किसी भी समय सम्भव जैसा कि 20 जुलाई, 2008 ई० को लेफ्ट सरकार से अलग हो गई।** इसी 59 पृष्ठ पर स्पष्ट पढ़ें—**'गुजरात में अनेक आन्तरिक एवं कांग्रेसी विरोध के बावजूद भाजपा विजयी होगी'** दिसम्बर, 07 में ही **मोदी सरकार** का बनना इस तत्य को सत्य प्रामाणिक किया। पृष्ठ

पृष्ठ 64 पर कालम I पर पढ़ें—'21 जून से 9 अग. तक शनि-मंग. योग तथा 29 अग. से 12 सितं. मध्य कालसर्प योग बनने से उ.प्र., म.प्र., बिहार, उड़ीसा, बंगाल आदि पूर्वी प्रदेशों में अनाज की कमी अथवा उपद्रव, बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोप घटित होंगे।' संयोगवश यह दुखद भविष्यवाणी सत्य साबित हुई। कोसी नदी में आई बाढ़ के कारण व्यापक जन-धन की हानि हुई। पृष्ठ 64 कालम II पर हिमाचल प्रदेश शीर्षक के नीचे स्पष्ट पढ़ें—'**भाजपा का प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा तथा भाजपा शक्तिशाली पार्टी के रूप में उभरकर सामने आएगी।**' वामदलों का गठबन्धन तोड़ना तथा डॉ० मनमोहन सिंह का अस्थिरता के बाद पुनः सशक्त रूप में उभरना तथा अपना कार्यकाल पूरा करना (देखें पृष्ठ 66-67)

गतवर्ष संवत् २०६६ (2009-10 ई०) के पृष्ठ 67 पर मुख्य बाक्स में स्पष्टतः पढ़ें—"**अत्यधिक महंगाई, भ्रष्टाचार, पेयजल एवं विद्युत् संकट और राज्यों में खाद्यान्न व आवश्यक वस्तुओं में कमी होने की ज्वलन्त समस्याओं का सामना रहेगा एवं सामान्य जनपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में जबरदस्त तेज़ी होने से लोगों में गहरा आक्रोश एवं असन्तोष व्याप्त होगा।** —जैसा कि देश में व्याप्त महंगाई, सूखे द्वारा उत्पन्न खाद्यान्न संकट सर्वविदित है। पृष्ठ 69 पर प्रथम कालम में पढ़ें—"धान्येश मंगल होने से गेहूं, धान्य, चावल, तैलादि की पैदावार में कमी एवं मूल्यों में अत्यधिक तेज़ी होगी एवं रसाधिपति शनि होने से अनुकूल एवं उपयोगी वर्षा की कमी होगी।" पृष्ठ 70 कालम I पर .... परन्तु बाह्य तौर पर विश्व के प्रमुख देशों के सामने आतंकवाद प्रमुख मुद्दा बनकर उभरेगा।" पृष्ठ 70, कालम II पर भी पढ़ें—"30 जुला. से 16 नवं. के मध्य गुरु-राहु (मकरस्थ) योग होने से अनुपयोगी वर्षा के योग बनते हैं। कहीं बाढ़, भूस्खलन आदि प्राकृतिक आपदाओं से जन व धन हानि के संकेत हैं। पृष्ठ 71 पर कालम-I में अमेरिका शीर्षक के अन्तर्गत स्पष्टतः पढ़ें—"**डेमोक्रेट प्रत्याशी बराक ओबामा को संघर्षपूर्ण हालात के बाद सफलता प्राप्ति की सम्भावना बनती है।** पृष्ठ 72, कालम I पर देखें—"बेमौसमी एवं अत्याधिक वर्षा से आई प्रलयंकारी बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों से अनेक प्रदेशों में करोड़ों की फसलों, धन-सम्पदा एवं लोगों की क्षति का होना", पृष्ठ 75 पर जम्मू-कश्मीर शीर्षक के अन्तर्गत "**आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में श्री फारुख अब्दुल्ला के नैशनल कांफ्रेंस गठबन्धन का प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा**"—जैसा कि नैकां एवं कांग्रेस गठबन्धन होकर सत्तारूढ़ हुए। यही नहीं राजस्थान शीर्षक के अन्तर्गत पढ़ें—"प्रभावराशि पर केतु का संचार प्रधाननेता श्रीमती सिंधिया जी के लिए समय शुभ नहीं है। **भाजपा को चुनावों में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस के प्रभाव में वृद्धि होगी।**

सं. २०६७ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल और भविष्यफल

वि. संवत २०६७ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल (ग्रह परिषद्) के दश अधिकारों में से केवल चार अधिकार क्रूर ग्रहों को और छः अधिकार सौम्य ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। राजा का मुख्य अधिकार क्रूर, युद्ध-प्रिय एवं हिंसक ग्रह **मंगल** को प्राप्त हुआ है, जबकि **मन्त्री का अधिकार सौम्य एवं नीतिज्ञ ग्रह बुध** को मिला है। वर्षा का पद भी मंगल को ही मिला है। कृषि एवं धन के अधिकार देव-गुरु ग्रह बृहस्पति को प्राप्त हुआ है। राजा का पद युद्धप्रिय ग्रह मंगल को मिलने से विश्व के अनेक राष्ट्र प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से विद्वहिंसक एवं विनाशक परमाणु हथियारों की दौड़ में शामिल होंगे। मंत्री बुध के कारण विश्व के कुछ राष्ट्र कुटिल नीतियों का प्रयोग करते हुए बाह्य तौर पर शान्ति वार्ताओं का ढिंढोरा करते हुए भी आन्तरिक तौर पर संहारक ऐटमिक हथियारों में वृद्धि करने में संलग्न रहेंगे। दक्षिणी एशिया के बहुत से देशों के प्रमुख राजनेताओं में परस्पर विरोध एवं टकराव रहे। लोगों में क्रोध, आवेश एवं उग्रता की भावनाएं अधिक हों। **लड़ाई, झगड़े, जातीय दंगे-फसाद, चोरी-ठगी, बेईमानी, हिंसा व अग्निकाण्ड की वारदातें अधिक हों।** नया **शोभन** नामक सम्वत्सर होने से पृथ्वी पर लोगों में क्लिष्ट प्रकार के रोग, शोक एवं दुखों में वृद्धि होगी। सुख-साधनों में वृद्धि के साथ-साथ लोगों में अशान्ति भी अधिक रहेगी।

स्त्रीग्रह बुध मन्त्री होने से राजनेताओं एवं लोगों में भी सरलता व सादगी की अपेक्षा कुटिलता एवं चालाकी के व्यवहार अधिक रहेंगे। धन का प्रसार अधिक होने से धनाढ्य लोग और अधिक अमीर होंगे। अधिकांश लोग शृंगार-प्रिय और भोगों में अधिक आसक्त रहेंगे। बुद्धिजीवी लोग, हस्त कला व शिल्प कला सम्बन्धी विज्ञान तथा खाद्यान्न एवं माल पंसारी की वस्तुओं से सम्बन्धित व्यापारी-वर्ग व्यवसाय द्वारा विशेष लाभान्वित रहेंगे। गर्मी-खुश्की, त्वचा एवं विचित्र प्रकार के रोगों की बहुलता रहेगी।

रसों का एवं फलादि उत्पत्ति का स्वामी उग्र ग्रह सूर्य देव को मिला है, जिससे वैश्विक ऊष्णता के कारण देश में कहीं बहुत न्यून वर्षा तथा कहीं बहुत अधिक वर्षा के कारण बाढ़ आदि प्रकोप हो। कहीं दुर्भिक्ष या सूखे आदि के कारण खड़ी फसलों को हानि पहुँचे। कहीं असामयिक वर्षा के कारण कृषि में कमी एवं पेयजल व दूध, मक्खन, घी, तेल, सेब आदि फल, सब्जियों, गुड़, चीनी एवं सर्वप्रकार की दालों के उत्पादन में कमी एवं मूल्यों में जबरदस्त तेज़ी हो। उच्चवर्ग के अधिकांश लोग वेद-शास्त्रादि निर्दिष्ट मर्यादाओं एवं कर्त्तव्यों से च्युत होंगे। गरीब और अमीर के बीच अन्तर और अधिक बढ़ेगा। **नीरसेश शुक्र** के कारण कपूर, अगर-तगर, इत्र, लौंग-इलाचयी (छोटी-बड़ी) आदि सुगन्धित वस्तुएं तथा लोहा, ताम्बा, पीतल, सोना, चांदी, मोती, पुखराज आदि सर्वप्रकार रत्न और अधिक महंगे होंगे। **दुर्गेश चन्द्र** के कारण विश्व के अनेक राष्ट्र स्वायत्तता एवं सुरक्षा की दृष्टि से परमाणु हथियारों में वृद्धि करने में प्रयासशील होंगे। लोगों में पापकर्मों की वृद्धि होगी तथा विचित्र एवं क्लिष्ट प्रकार के रोगों की भी वृद्धि होगी।

नव वर्ष प्रवेश एवं जगत् लग्न कुण्डली अनुसार भविष्यफल-सं० २०६७.

नववर्ष प्रवेश कुं. ४९/३५

जगत् लग्न कुण्डली २/०८

शोभन नामक नए सम्वत् २०६७ का प्रवेश 15 मार्च (प्रविष्टे २ चैत्र) सोमवार को चैत्र अमावस की समाप्ति पर अर्द्ध-रात्रि के बाद रात्रि 2 बजकर 31 मिनट पर पूर्वाभाद्रपद नक्षकालीन धनु लग्न में प्रविष्ट होगा। वर्ष लग्न भाव में राहु नीच राशि का होकर पड़ा है, जबकि लग्न का स्वामी, गुरु तृतीय भाव में है, तथा उस पर वर्ष के राजा उग्र एवं नीचस्थ मंगल की विशेष अष्टम दृष्टि पड़ रही है। भारत की प्रभावराशि (मकर) पर भी मंगल की सप्तम उच्च दृष्टि है जबकि राशिस्वामी शनि की सूर्य व चन्द्र पर सातवीं तथा सप्तम भाव (वैदेशिक सम्बन्धों का भाव) में स्थित केतु पर शनि की विशेष दशम दृष्टि पड़ रही है। ग्रहस्थिति के अनुसार आगामी वर्ष विश्व की राजनीति के मंच विशेष घटनाप्रद होगा। विश्व के अनेक विकसित एवं विकासशील देश अपनी सामरिक शक्ति बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक हथियार बनाने में प्रयत्नशील होंगे। राजनैतिक एवं व्यापारिक दृष्टि से विश्व के प्रमुख देशों, जैसे भारत, अमरीका, ब्रिटेन, जापान, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, जर्मनी आदि देशों के मध्य नए समीकरण बनेंगे। सूर्य व शनि के मध्य सम-सप्तक दृष्टियां होने से पाकिस्तान अमरीका से प्राप्त आर्थिक सहायता का दुरुपयोग भारत के विरुद्ध करेगा। आतंकवाद का दानव स्वयं पाकिस्तान के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति की सुरक्षा के लिए एवं चुनौती बनकर उभरेगा। आतंकवादी हिंसक एवं विस्फोटों के कारण दक्षिणी एशिया के कुछ देश विशेष रूप से प्रभावित होंगे। इनमें से कुछ देश जैसे—भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, बंगलादेश आदि देश विशेष रूप से प्रभावित होंगे। इसके अतिरिक्त भारत में उत्तर-प्रदेश, उत्तरांचल, हिमाचल, आसाम, जम्मू-कमीर, अरुणाचल, बिहार, उड़ीसा, पश्चिमी बंगाल, महाराष्ट्र आदि प्रदेश विशेष रूप से आर्थिक एवं आतंकी गतिविधियों से आक्रान्त रहेंगे। शास्त्र में धनु लग्न में वर्ष प्रवेश का फल इस प्रकार से कहा गया है—

धनुर्लग्ने तु उत्तरस्यां पूर्वस्यां च सुखं नृणाम्। दुर्भिक्षं प्रबला वृष्टिः मध्य देशे सरोगता॥

अर्थात् धनु लग्न का वर्ष लग्न होने से उत्तर पूर्व के प्रदेशों में सुख के साधनों में वृद्धि हो। मध्यगंत प्रदेशों में प्रबल वर्षा से दुर्भिक्ष, फसलों की हानि तथा लोगों में क्लिष्ट रोगों की उत्पत्ति और चौपायों में विशेष रोग होने से चौपाय व दुग्धादि वस्तुओं में तेज़ी होगी।

जगत् लग्न—की कुण्डली के अनुसार 14 अप्रैल बुधवार को प्रातः 6 बजकर 57 मिनट पर **मेष लग्न में** जगत् लग्न का प्रवेश होगा। लग्न का स्वामी मंगल (जो इस वर्ष का राजा भी है) चतुर्थ भाव में कर्क राशि का होने से नीच अवस्था में है। कर्क राशि का स्वामी चन्द्रमा (जो देश की सामान्य प्रजा एवं स्त्री वर्ग का भी कारक होता है) द्वादश भाव में शत्रुग्रह शनि द्वारा वीक्षित है। ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व के अधिकांश देशों के आन्तरिक, सामाजिक व राजनीतिक हालात विक्षुब्ध एवं परेशानीकारक होंगे। विशेषकर अमेरिका, चीन, अफगानिस्तान, भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बंगलादेश आदि देशों में आन्तरिक परिस्थितियां अस्थिर एवं अशान्तिपूर्ण होंगी। भारत, ब्रिटेन एवं अमरीका सहित कुछ देश शान्ति के लिए प्रयत्नशील रहेंगे।

विश्व राजनीतिक मंच का केन्द्रीय ध्रुवीकरण—चीन व पाकिस्तान की बढ़ती सामरिक एवं परमाणु शक्ति तथा विस्तारवाद की प्रवृत्ति के कारण विश्व के गुट निरपेक्ष देशों को विश्व शान्ति हेतु नए सिरे से विचार करना पड़ेगा। परमाणु-हथियारों के निर्माण एवं प्रयोगों के सम्बन्ध में एवं गुप्त समझौता विश्व राजनीति के लिए केन्द्रीय ध्रुवीकरण के लिए चिन्ता का विषय बनेगा।

मुस्लिम देशों की नववर्ष कुं.

सन् 2010 ईसवी में हिजरी सन् **1431** का प्रचलन रहेगा। इस्लामी देशों की वर्ष प्रवेश जोकि 1 मुहर्रम शनिवार, को शुरू हुआ था, तदनुसार सन् 2010 में (इस्लामी मतानुसार) बादशाह शनिश्चर होगा। इस्लामी वर्ष कुण्डली में मिथुन लग्न उदित हुआ है। लग्न भाव में केतु और सप्तम भाव में सूर्य, चन्द्र, बुध व राहु ग्रह होने से पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि मुस्लिम बाहुल्य देशों में राजनीतिक हालात अस्थिर एवं डांवाडोल रहेंगे। प्रमुख नेतृत्व को तालिबान आतंकवाद गुटों से गम्भीर चुनौतियों का सामना रहेगा। पाकिस्तान मुल्क के भीतर तथा भारतवर्ती क्षेत्रों में तालिबान और कट्टर आतंकवादी ग्रुपों द्वारा **हिंसक व विस्फोटक वारदातें** करते हुए मानवता के विरुद्ध आचरण करते रहेंगे। द्वितीय भाव में मंगल नीच राशिस्थ होने से पाकिस्तान की मौजूदा सत्तारूढ़ हकूमत के लिए गम्भीर स्यासी (राजनीतिक) एवं आर्थिक चुनौतियां रहेंगी। प्राकृतिक आपदाओं तथा आतंकवादी विस्फोटों के कारण निरीह बेकसूर सामान्य जनता जुल्म का शिकार होगी।

2010 ई. में ग्रहगोचर और विश्व के हालात

वर्ष के आरम्भ में **माघ मास** (जनवरी) में पाँच शुक्र और पाँच शनिवार पड़ने से

बढ़ेगा। पाँच शनिवार होने से कहीं जातीय हिंसा एवं साम्प्रदायिक दंगे फिसाद बढ़ेंगे। जनोपयोगी आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वैश्विक स्तर (सम्पूर्ण विश्व में) पर तेजी होगी। पूर्वोत्तर दिशा में कहीं राज्य भंग व अग्निकाण्ड, युद्धादि का भय हो।

शनिवारा यदा पंचपाताले कम्पते फणीः। ईशान देश भंगश्च वह्णि दाहो महर्घता॥

सामान्य प्रजा में रोगों, दुखों की वृद्धि होगी **फाल्गुण मास** (31 जन. से 28 फर.) के मध्य **पाँच रविवार** होने से बंगलादेश, पाकिस्तान सहित कुछ देशों में अनाज की कमी, सूखा व कहीं दुर्भिक्ष का भय हो, उपद्रव, जातीय हिंसा एवं आकस्मिक विस्फोटों के कारण अग्निकाण्ड व हिंसक घटनाएँ घटित होने के योग हैं, कहीं छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन) होने के भी संकेत हैं।

आगे **चैत्र मास** (1 मार्च से 30 मार्च) तक **पांच मंगलवार** होने से कहीं हिंसक घटनाएं, **उपद्रव व पूर्वीय देशों के मध्य युद्ध** भय होगा। किसी प्रमुख नेता की आकस्मिक मृत्यु या अपदस्थ होने के भी योग हैं—

यत्र मासे महीसूने जायन्ते पंचवासराः। रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्र भंगस्तदा भवेत्॥

खप्पर योग—1 जनवरी से 30 मार्च 2010 ई. के मध्य क्रमानुसार पांच शनि, पांच रवि और पांच मंगलवार होने से **खप्पर योग** बना है, जिसका फल शास्त्रकारों ने अशुभ एवं कष्टकारी बताया है। आगे 14 अप्रैल को **वैशाख** संक्रान्ति के दिन भी अमावस का योग होने को भी शास्त्रकारों ने **खप्पर योग** माना है।

15 अप्रैल से 14 मई तक **वैशाख अधिक मास** तथा **14 मई से 27 मई** तक **तेरह दिन का पक्ष** होने से **विश्वघस्र** पक्ष बना है। शास्त्रों में तेरह दिन के पक्ष का फल अत्यन्त अशुभ कहा गया है—

अनेक युग साहस्रयां दैवयोगात् प्रजायते। त्रयोदश दिनैः पक्षः तदा संहरते जगत्॥

अर्थात् दैवयोग से यदि तेरह दिन का पक्ष आ जाए, तो वह लोगों में क्लिष्ट रोगकारक कहीं महंगाई, सूखा, दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक उपद्रव कारक, कहीं हिंसा, अग्निकाण्ड एवं विस्फोटक घटनाएं होने के संकेत हैं। अन्यत्र भी लिखा गया है—

यदा च जायते पक्षस्त्रयोदश दिनात्मकः।
भवेत् लोक क्षयो घोरो खण्डमुण्डमाला युतामही॥

इस अवधि में किन्हीं देशों के मध्य युद्ध, सत्ता परिवर्तन (छत्रभंग), आतंकवादी एवं हिंसक घटनाएं घटित होने के संकेत हैं।

ज्येष्ठ मास (28 मई से 26 जून) के मध्य पांच शनिवार होने से दैनिक उपयोग की वस्तुओं के मूल्यों में तेज़ी तथा विश्व में क्लिष्ट प्रकार के रोगों की व्याप्ति होगी।

आगे आषाढ़ (27 जून से 26 जुला.) के मध्य मूल्यों में वृद्धि, कहीं सत्ता परिवर्तन व पाक आदि मुस्लिम राष्ट्र में राजनैतिक संकट पैदा होंगे। वहां गृह-युद्ध जैसे हालात बनेंगे।

31 जुलाई को **कन्या राशि** पर मंगल-शनि का योग मुस्लिम राष्ट्रों विशेषकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि के लिए अनिष्टकारी होगा।

10 अग. को भौमवासरी अमावस का होना तथा 21 अग. को मंगल-शुक्र का योग तदनन्तर 1 अक्तूबर को कन्या राशि पर **सूर्य-शनि** का योग होने से पाक आदि मुस्लिम देशों के लिए अनिष्टकारी होगा। कहीं सत्ता परिवर्तन एवं कहीं अग्निकाण्ड विस्फोट या कुदरती आपदाओं के कारण हानि पहुंचने के संकेत हैं।

1 नवं से 5 दिसं. के मध्य शनि-गुरु के बीच षडाष्टक योग पाक आदि मुस्लि. राष्ट्रों के लिए अशुभफलकारी होगा।

विश्व के कुछ अन्य देश

अमेरिका (America)—इसकी प्रभावराशि मिथुन है। जगत् लग्न कुण्डली में मिथुन राशि पर केतु का अशुभ संचार है, उस पर गुरु व शनि दोनों ग्रहों की शुभाशुभ दृष्टियां पड़ रही हैं। फलस्वरूप पाकिस्तान, इराक, ईरान, अफगानिस्तान आदि मुस्लिम बहुल्य देशों के सम्बन्ध में अपनी विदेश नीतियों का पुनरावलोकन करने की आवश्यकता होगी। (**ध्यान रहे,** वर्तमान राष्ट्रपति बराक ओबामा के सम्बन्ध में गतवर्ष इस कॉलम में पृष्ठ 71 पर की गई **हमारी भविष्यवाणी अक्षरशः सत्य प्रमाणित हुई है।**) चूंकि राष्ट्रपति बराक ओबामा की तुला लग्न की कुण्डली में मिथुन राशि नवम (भाग्य) स्थान में शुक्र युक्त होकर पड़ी है, अतएव राष्ट्रपति ओबामा भारत एवं पाकिस्तान के सम्बन्धों के विषय में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाएंगे। पाक को दी जाने वाली आर्थिक एवं सैन्य सहायता का दुरुपयोग भारत के विरुद्ध किया जा रहा है—इस तथ्य की जानकारी होने पर भी यद्यपि पाक पर दबाव बनाएगा परन्तु भारत के हितों की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से अनदेखी करते हुए पाक को सहायता जारी रखेगा।

पाकिस्तान (Pakistan)—जगत्-लग्न कुण्डली में इसकी प्रभावराशि कन्या छठे भाव में है, तथा उस पर शनि-साढ़साती का प्रभाव भी है। नववर्ष प्रवेश कुण्डली में स्वामी ग्रह बुध चौथे भाव में नीच राशि का होकर सूर्य, चंद्र आदि ग्रहों के साथ चतुर्ग्रही योग बना रहा है। ग्रहों के प्रभावस्वरूप पाकिस्तान के वर्तमान राष्ट्रपति जिरदारी साहब की सत्तारूढ़ सरकार को ज़बरदस्त चुनौतियों का सामना रहेगा। सुरक्षा की दृष्टि से पाकिस्तान के अन्दरूनी हालात बड़े नाजुक एवं कशमकशपूर्ण रहेंगे। पाकिस्तानी सरकार द्वारा संरक्षित जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तोयबा जैसै कट्टरवादी गुट तथा विभिन्न तालिबान-आतंकवादी ग्रुप अब स्वयं पाकिस्तानी हकूमत के लिए नासूर बन जाएंगे। पाक के भीतरी भागों में अनेक स्थलों पर अग्निकाण्ड, बम-विस्फोट एवं हिंसक वारदातें करते हुए हकूमत के वजूद को गम्भीर चुनौतियां देंगे। भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशिक्षित आतंकवादियों द्वारा विस्फोट एवं **घुसपैठ कराने का क्रम जारी रखेगा।** आतंकवाद की समाप्ति के नाम पर अमरीका से आर्थिक एवं सैन्य सहायता प्राप्त करता रहेगा।

सम्वत् २०६७ में ग्रह स्थिति और भारत का भविष्यफल

कुं. स्वतंत्र भारत
15 अग. 1947

कुं. स्व. भारत 63वाँ वर्ष
14-08-2009 (21 घं. 27 मिं.)

कुं. स्व. भारत 64वाँ वर्ष
15-08-2010 (3 घं. 36 मिं.)

कुं. गणतंत्रदिवस
26 जन., 1950 ई.

कुं. गणतंत्र दिन 61वाँ वर्ष
26-01-2010 ई. (19 घं. 29 मिं.)

गणतन्त्र दिवस के 61वें साल की वर्ष कुण्डली में भारतवर्ष 26 जनवरी, सन् 2010 ई०, मंगलवार को, एकादशी तिथि, रोहिणी नक्षत्र कालीन सिंह लग्न में प्रवेश करेगा। लग्न का स्वामी सूर्य छटे मकर राशि (भारत की प्रभाव राशि) पर शुक्र युक्त होकर बैठा है, उनपर नीच राशिस्थ मंगल की विशेष दृष्टि पड़ रही है। अष्टम भाव में मुंथा का होना एक व्यक्ति और देश दोनों के लिए अनिष्टकारी होती है। पंचमेश मुंथा पर शनि की अशुभ दृष्टि पड़ रही है, फलस्वरूप भारत की विभिन्न विकास योजनाओं पर आशातीत खर्चों के बावजूद वांछित लाभ नहीं हो पाएंगे। लघु एवं वृहद् विकास योजनाओं में आकस्मिक अड़चनों एवं अनावश्यक खर्चों में वृद्धि के कारण विकास की गति धीमी रहेगी। सत्तारूढ़ नेताओं में संकल्प एवं पराक्रम की कमी रहेगी। सरकार की ढिलमुल नीतियों के कारण ही पाकिस्तान, चीन आदि विदेशी शक्तियां भारत की सीमाओं पर भारी सैनिक जमाव कर रहे हैं तथा भारत सरकार द्वारा प्रोटेस्ट करने के बावजूद सीमाओं का अतिक्रमण करते रहेंगे। चतुर्थ भाव का स्वामी, मंगल द्वादश भाव में नीच राशिस्थ होकर पड़ा है, फलस्वरूप दैनिक उपयोग की वस्तुओं के मूल्यों में आशातीत वृद्धि के कारण बढ़ी हुई महंगाई एवं भ्रष्टाचार से सामान्य लोग अत्यन्त परेशान व दुखी होंगे। साईंस व टैक्नोलाजी, सूचना व संचार (Information & Technology), सड़क व परिवहन क्षेत्रों, शिक्षा, परमाणु क्षेत्र, जहाज़रानी, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर्ज आदि क्षेत्रों, उच्च-तकनीकि शिक्षा आदि क्षेत्रों में भारत यद्यपि विशेष उन्नति करेगा, परन्तु पाकिस्तान, चीन, बंगलादेश आदि सीमावर्ती शत्रुओं के बढ़ते अतिक्रमणों की चुनौतियों के कारण भारत में विकास की दर को ठेस पहुंचेगा।

भारत सरकार एवं भारतीयों के लिए अग्नि परीक्षा व चुनौतियों से भरा वर्ष—स्वतन्त्र भारत के 63वें वर्ष की वर्ष कुण्डली में भारत वर्ष 15 अग., 2009 ई. शनिवार को मीन लग्न में प्रविष्ट हो चुका है। संवत् के नववर्ष की प्रवेश कुण्डली में यह [illegible] हुआ है। इस योग पर शनि की विशेष सप्तम दृष्टि भी है। दोनों कुण्डलियों में स्थित ग्रहों के अनुशीलन से पता चलता है कि आगामी वर्ष भारत सरकार एवं भारतीयों दोनों के लिए चुनौतियों से भरा वर्ष होगा। देश के चहुँ ओर विशेषकर पूर्वी, उत्तरी एवं पश्चिमी सीमाओं पर पूर्वी व उत्तरी सीमाओं से नक्सलवादी गुटों सहित चीनी सेना का अतिक्रमण तथा पश्चिमी सीमाओं पर तालिबानी संगठनों व पाक-प्रशिक्षित आंतकवादी गुटों द्वारा सीमाओं पर घुसपैठ एवं गोलाबारी करके भारत की अस्मिता को हानि पहुँचाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इसके अतिरिक्त देश के भीतर परिव्याप्त भ्रष्टाचार, बेईमानी, बेरोज़गारी, नेताओं में नैतिक व चारित्रिक मूल्यों की कमी, देशभक्ति के प्रति प्रतिबद्धता की कमी, तीव्रगति से बढ़ती जनसंख्या, सामान्य एवं उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि होने से सामान्य लोगों को दैनिक जीवन यापन करना दूभर होगा। वर्तमान सत्तारूढ़ डॉ. मनमोहन व सोनिया सरकार से आम लोगों का विश्वास भंग होता दिखाई देगा।

सन् 2010 ई. में गोचर ग्रह और भारत का भविष्यफल

वर्ष 2010 के प्रारम्भ में माघ मास (1 से 30 जन.) में पाँच शुक्रवार तथा पाँच शनिवार पड़ने से क्रमशः धन-सम्पदा का प्रसार व अपव्यय बढ़ेगा—प्रजा वृद्धिस्तु भार्गवे। तथा पाँच शनिवार होने से देश के कुछ भागों में उपद्रव, हिंसक घटनाएं एवं जातीय दंगे फिसाद हों। उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में विशेष तेज़ी हो। आगे चान्द्र फाल्गुन मास (31 जन. से 28 फर.) के मध्य 5 रविवार होने से कहीं अनाज, दालें, चावल आदि में कमी, अत्यधिक महँगाई। देश में अस्थिरता, कहीं छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन) के योग हों—

शनिवाराः यदा पंचजायन्ते रविपंचकम्। महार्घ जायते धान्यं रोग शोक, छत्रभंगश्च॥

फरवरी के प्रारम्भ से 28 मार्च तक शनि कन्या राशि में तथा मंगल कर्क में वक्री चल [illegible]

किसी क्लिष्ट रोग की व्याप्ति, अनाज में कमी, दुर्भिक्ष, कीमतों में आशातीत वृद्धि तथा सीमाओं पर युद्ध की सम्भावनाएँ बढ़ें—

यदा क्रूर ग्रहो वक्री हि अतिचारी तु सौम्यकः।
पीड़ा–व्याधि–भयं तत्र दुर्भिक्षं राज्य विग्रहम्॥

आगे चान्द्र चैत्र मास (1 से 30 मार्च) की मध्यावधि में पाँच सोमवार एवं पाँच मंगलवार होने से देश में कही छत्रभंग, उपद्रव, हिंसक घटनाएँ होने के योग हैं अकस्मात् युद्ध की भी सम्भावना है। किसी प्रमुख नेता की अकस्मात् मृत्यु या अपदस्थ होने के भी संकेत हैं—

यत्र मासे महीसूने जायन्ते पंचवासराः। रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्रभङ्गस्तदा भवेत्॥

उपरोक्त विवरणानुसार माघ, फागुन व चैत्र मासों में क्रमानुसार पाँच शनि, पाँच रविवार एवं फिर पाँच मंगलवार होने से खप्पर योग बना है। इसका फल शास्त्र में अशुभ एवं भयकारक लिखा है व अति कष्टकारी घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं—

शनिः स्यादाद्यसंक्रान्तौ द्वितीयायां प्रभाकरः।
तृतीयायां कुजो योगः खर्पराखयोति कष्ट कृत॥

30 मार्च से 28 अप्रैल मध्ये—चांद्र वैशाख मास में पुनः पाँच मंगलवार होने से किसी मूर्धन्य नेता के लिए अशुभ एवं अनिष्टकारी होगा। सीमावर्ती इलाकों में सैनिक टकराव होने के योग हैं।

वैशाख अधिकमास (15 अप्रैल से 14 मई के मध्य)

इस अवधि में सूर्य व शनि के मध्य षडाष्टक योग होना अशुभकारक होगा। पड़ोसी देश चीन, पाकिस्तान आदि भारत की सीमाओं पर टकराव होने के संकेत हैं। अत्यधिक महँगाई व भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर सरकार का विपक्षी दलों के साथ भी टकराव होगा। गेहूँ, धान्य व अन्य खाद्यान्न के उत्पादन में कमी रहेगी।

त्रयोदश दिनात्मक पक्ष (14 मई से 27 मई तक) **द्वि. वैशाख शुक्ल पक्ष** तेरह दिनात्मक होने से इसका फल शास्त्रों में अत्यन्त अशुभ कहा गया है—

अनेक युग साहस्रयां दैवयोगात् प्रजायते।
त्रयोदश दिने पक्षस्तदा संहरते जगत्॥
यदा च जायते पक्षस्त्रयोदश दिनात्मकः।
भवेत् लोक क्षयो घोरो रूण्ड मुण्ड माला युतामही॥

फलस्वरूप उपरोक्त अवधियों में सीमावर्ती प्रदेशों में सैनिक टकराव, हिंसा व विस्फोट की घटनाएँ, कहीं अत्यधिक गर्मी के कारण लोगों में रोग, कष्ट व अपघात होने के संकेत हैं। दैनिक उपयोग की वस्तुओं ने अत्यधिक तेजी होने से सामान्य लोगों में बेचैनी, विक्षोभ, उपद्रव व जनांदोलन बढ़ेंगे।

आगे ज्येष्ठ, आषाढ़ व भाद्रपद मास (28 मई से 24 अगस्त के मध्य) पुनः पाँच शनि, रवि एवं मंगलवारों की पुनरावृत्ति होने से पुनः **खप्पर योग** का अशुभ एवं अनिष्टकारी प्रभाव रहेगा। कहीं **छत्रभंग या किसी मूर्धन्य** नेता के अपदस्थ होने के संकेत हैं।

15 जून को मंगलवार की संक्रान्ति होना तथा आषाढ़ को रविवार की अमावस होने से देश में कहीं राजनीतिक संकट, महंगाई, आन्तरिक उपद्रव, छत्रभंग एवं युद्धादि का भय हो—

''भौमस्यवारे यदि संक्रमश्च करोति पृथव्यां असुखं महर्घता वा।''

पाक व चीनी अतिक्रमणों से सावधान !

23 जुलाई से गुरू (वृहस्पति) मीन राशि में वक्री हो रहा है। मंगल व शनि दोनों क्रूर ग्रहों की उस पर पहले से दृष्टियाँ पड़ रही हैं। जिससे अधिकांश नेता तथा भ्रष्ट प्रवृत्ति के लोग प्रजा के धन का नाश करेंगे। ग्रह, भूत-पिशाच आदि प्राकृतिक एवं आकस्मिक प्रकोपों से लोगों को अत्यधिक कष्ट, पीड़ा व दुःख हों। गुड़, चीनी, रूई, कपास व सर्व प्रकार के धान्यादि के व्यापारी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे—

मीन राशिगतो जीवो वक्रतामुपयाति चेत्। धन क्षयः तदालोके चौरात् राजाऽषि रोषितः॥
निराधारा प्रजा पीडाग्रहभूतादि दोषतः (तुलाभांड गुडः खंडअर्घ—ददाति वांछितम्॥
लवणंघृत तैलादि सर्वधान्य महर्घता॥

श्रावणमास (27 जुला. से 24 अग.) में पुनः **मंगलवारी अमावस** होना तथा इस मास में **पाँच मंगलवारों** का होना तथा **20 जुलाई** से 5 सितम्बर के बीच **शनि-मंगल** का योग, और 1 अग. से 31 अग. के मध्य **गुरू-शुक्र** ग्रहों में **सम-सप्तक योग** का अशुभ प्रभाव रहेगा। भौमवारी अमावस तथा पाँच मंगलवारों का फल इस प्रकार से लिखा गया है—

राज्य भ्रंशों राजयुद्धं क्लेशानां च प्रवर्द्धनम्।
उपघातोऽल्प वृष्टिश्च क्षयश्चार्थस्य भूमिजे॥
अपरंच— यत्रमासे महीसूने जायन्ते पंचवासरा।
रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्रभंगस्तदाभवेत्॥

सीमावर्ती प्रदेशों में सैनिक टकराव, हिंसक व विस्फोटक घटनाएं घटित होने के योग हैं। कहीं अति वर्षा से बाढ़ एवं कहीं अल्प वर्षा के कारण खड़ी फसलों को नुक्सान व सूखा दुर्भिक्ष का भय हो। आवश्यक वस्तुओं में अत्यधिक महँगाई होने से सामान्य जन त्राहि त्राहि कर उठेगा।

पुनः खप्पर योग—24 सितंबर से 21 दिसंबर के मध्य चान्द्र **आश्विन, कार्तिक** व **मार्गशीर्ष** मासों में क्रमानुसार 5 शनिवार, 5 रविवार और 5 मंगलवारों का समावेश होने से वर्ष में तीसरी बार खप्पर योग बना है। इसी बीच **16 सितं. से 16 अक्तू.** तक **सूर्य शनि** का योग होना। तथा **16 दिसं. से 22 दिसंबर** तक सू. मं. बु. व राहु सहित चारग्रही योग बनेगा। ऊपरलिखित काल अवधियों में चीन व पाकिस्तान अपने प्रशिक्षित आतंकवादियों को भारत की सीमाओं में घुसपैठ कराने तथा भारत में कोई बड़ी वारदात करवाने के कुटिल प्रयास करते रहेंगे। सत्तारूढ़ केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों तथा भारत के देशवासियों को पूरी तरह चौकसी बरतनी होगी।

कांग्रेस गठित यू. पी. ए. सरकार की दूसरी पारी

कुं. वर्तमान प्रधानमन्त्री
डॉ. मनमोहन सिंह
26 सितं. 1932, 2-00 PM Pak.

नवगठित यू. पी. ए. सरकार
द्वारा शपथ कालीन कुण्डली
22 मई, 2009 ई. 6.30 P.M.

वर्तमान यू.पी.ए (U.P.A.) गठबन्धन कांग्रेस सरकार ने डा० मनमोहन सिंह के नेतृत्व में दूसरी बार 22 मई को ही सन् 2009 ई० शुक्रवार को सायं 6 बजकर 00 मिनट पर, अश्विनी नक्षत्र एवं सौभाग्य योगकालीन वृश्चिक लग्न में उन्नीस कैबिनेट मन्त्रियों सहित शपथ ग्रहण की थी। लग्नेश मंगल यद्यपि पंचम भाव में शुक्र युक्त है, परन्तु अन्तिम अंशों पर होने से स्वराशि गामी है। शपथकालीन स्थिर लग्न था, तथा सू, बु, गुरू, शनि आदि महत्त्वपूर्ण ग्रह स्थिर राशियों में है जबकि राशिस्वामी मंगल द्वि-स्वभाव परन्तु मित्र राशि में शुक्र के साथ है। भाग्येश चन्द्र षष्ठ भाव में होने से नव-गठित यू.पी.ए. सरकार देश की आन्तरिक व बाहरी समस्याओं के सम्बन्ध में गम्भीर चुनौतियों का सामना रहेगा। अतिशीघ्र गति से बढ़ती महंगाई, बेमौसमी बारिश, भ्रष्टाचार, पेयजल-बिजली व अन्य उपभोग्य, खाद्यान्न आदि वस्तुओं की कमी के कारण यू.पी.ए. सरकार की लोकप्रियता में कमी आने के योग हैं।

प्रधानमन्त्री डा. मनमोहन सिंह जी की जन्म कुण्डली में धनु लग्न उदित है। लग्नेश गुरु त्रिकोण भाव में बैठ कर लग्न भाव को स्वराशि दृष्टि से देख रहा है। डा. मनमोहन जी की नवांश कुण्डली में अधिकांश ग्रहों की स्थिति बहुत अच्छी है। जन्म कुण्डली का भाग्येश ग्रह सूर्य नवांश कुण्डली के नवम (भाग्य) स्थान में उच्च राशिस्थ है तथा शनि सप्तम भाव में स्वराशि होकर मित्र ग्रह शुक्र के साथ है। ग्रहस्थिति अनुसार डा. मनमोहन सिंह जी प्रधानमन्त्री का पद अभी सफलतापूर्वक निर्वाह करेंगे। वर्तमान काल में उनको राहु की महादशा के मध्य शुक्र की अन्तरदशा चल रही है, जो कि 25 फरवरी, 2011 ई. तक रहेगी। जन्म कुण्डली में शुक्र उच्च राशि का होकर पंचम भावस्थ है। परन्तु आगामी वर्षारम्भ से 1 मई, 2010 ई. तक लग्नपति गुरू कुम्भ राशि में संचरण काल में डा० मनमोहन सिंह जी को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता होगी। देश की क्लिष्ट आन्तरिक समस्याओं तथा विकट बाहरी समस्याओं के कारण इनका स्वास्थ्य प्रभावित रहेगा।

सम्वत् २०६७ में भारतीय जनता पार्टी

भारतीय जनता पार्टी की कुं.

भाजपा की स्थापना कुण्डली में मिथुन लग्न उदित है। लग्नाधिपति भाग्य स्थान में केतु युक्त है, उस पर शनि, मंगल, राहु, गुरु—सभी ग्रहों की दृष्टि है। फलस्वरूप भाजपा पार्टी के लिए आगामी वर्ष कठिन चुनौतियों एवं विषम परिस्थितियों से भरा होगा। भाजपा का आपसी अन्तर्कलह के कारण कुछ मुख्य भाजपा नेता पार्टी का प्रमुख पद छोड़ने को बाध्य हो जाएंगे तथा ऐसा प्रतीत होगा कि देश की मुख्य विपक्षी पाटी बिखराव की ओर जा रही है, परन्तु नए युवा कार्यकर्त्ताओं के शामिल होने से 2 मई, 2010 से 31 अक्तू. तक गुरू मीन राशि में संचार करने पर भाजपा के संगठन में मज़बूती का संचार होगा। कुछ प्रान्तों में भाजपा की गिरती साख में वृद्धि होगी तथा ईश्वर की कृपा से पुनर्गठित होकर सशक्त विपक्षी पार्टी के रूप में उभरेगी।

कांग्रेस पार्टी के महासचिव—श्री राहुल गाँधी

यथोपलब्ध सूचना के अनुसार राहुल गाँधी का जन्म वृष लग्न में हुआ है। पंचमेश बुध लग्न राशि में वर्गोत्तम होकर बैठा है। जिसके कारण यह जातक स्वाभिमानी, साहसी, स्फूर्तिवान एवं तेजस्वी और तीव्र बुद्धिमान नेता के रूप में उभर कर आए हैं। 1 मई, 2010 ई. तक जब गुरू कुम्भ राशि में संचार कर रहा होगा तथा श्रीराहुल गाँधी को चन्द्र मध्ये राहु की अन्तर्दशा होगी। इस कालावधि तक श्री गाँधी को अत्यन्त कठिन एवं संघषपूर्ण परिस्थितियों में से गुज़रना पड़ेगा। वर्ष के पूर्वार्द्ध भाग में राहु भी अष्टम भाव में नीचराशि का होगा। सुरक्षा की दृष्टि से उपरोक्त कालावधि अशुभफल कारक लक्षित होती है। इसलिए आगामी वर्ष इनको अपनी सुरक्षा कवच का विशेष ध्यान रखना होगा। वर्ष के उत्तरार्ध भाग में श्री राहुल गांधी भारतीय राजनीति के क्षेत्र में उदीयमान, सशक्त एवं सक्रिय नेता के रूप में उभरेंगे, परन्तु सन् 2011 में ही केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल में भागीदारी की सम्भावना बनेगी।

श्रीराहुल गाँधी 19-06-1970

भारत के कुछ मुख्य प्रान्त

हिमाचल प्रदेश--प्रभावराशि मीन तथा नामराशि कर्क है। 61वें वर्ष के गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी, 2010 ई.) की कुण्डली में राशिस्वामी गुरू कुम्भ राशिगत है। कर्क राशि पर मंगल नीचावस्था में संचार कर रहा है। मुख्यमन्त्री प्रो. श्री प्रेमकुमार धूमल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अनेक विकासोन्मुखी एवं उपयोगी योजनाओं को पूरा करने में शीघ्रता दिखाएगी तथा औद्योगिक, पर्यटन, बिजली-क्षेत्र, कृषि, जल एवं पेयजल, अनाज-कृषि मण्डी बनाना, आयुर्वेद से सम्बन्धित जड़ी-बूटियों के विकासार्थ पौधों सम्बन्धी अनुसन्धानात्मक कार्य, सड़क निर्माण क्षेत्र सम्बन्धी विकास के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे, परन्तु विपरीत ग्रहस्थिति के कारण प्राकृतिक आपदाओं, भू-स्खलन, अतिवृष्टि, वायु एवं विद्युत् विस्फोट, असामयिक वर्षा के कारण कृषि, धन व जन हानि होने के योग हैं। सेब आदि मुख्य फसलों की हानि, जलवायु में प्रदूषण के कारण आरम्भिक छः महीने विशेष रूप से गर्म रहेंगे। यान-वाहनादि सड़क दुर्घटनाओं की भी संभावनाएं हैं। प्रभावराशि मीन गणतन्त्र कुं. अष्टम भाव में होने से विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ साधारण लोगों तक पहुँचाने के लिए विशेष प्रयास आपेक्षित होंगे। परन्तु 25 मई तक कई तरह के घटनाक्रमों से धूमल सरकार की यश-प्रतिष्ठा पर आक्षेप लगेंगे। तथा परेशानी बन सकती है। परन्तु गुरू 1 मई से मीन राशि में रहने से प्रदेश भाजपा सरकार की प्रतिष्ठा व यश में वृद्धि होगी।

पंजाब—इसकी प्रभावराशि मीन तथा नाम राशि कन्या है। नववर्ष प्रवेश कुं. में मीन राशि पर चतुर्ग्रही योग बना हुआ है तथा कन्या राशि पर शनि का संचार है। यद्यपि प्रदेश बादल सरकार द्वारा बिजली, सड़क-निर्माण, निर्माणाधीन पुलों, कृषि विकास के लिए यथासम्भव प्रयास करेगी, परन्तु टैक्सों में वृद्धि, बिजली तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि आदि समस्याओं के कारण वर्तमान बादल सरकार की प्रतिष्ठा एवं साख को गहरी ठेस पहुँचेगी। भ्रष्टाचार, सड़क व परिवहन की दुर्दशा, व्यापार एवं अनेक उद्योगों की बिगड़ती परिस्थितियां राज्य सरकार के लिए गम्भीर चुनौतियां प्रस्तुत करेंगी।

जम्मू-काश्मीर—प्रभावराशि तुला तथा नामराशि मकर है। वर्षभर प्रभावराशि पर शनि-साढ़ेसति का प्रभाव रहेगा। राज्य के युवा मुख्यमन्त्री उमर उब्दुल्ला राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में विकास योजनाओं को पहुँचाने का प्रयास करेंगे परन्तु क्षेत्रीय असन्तुलन के कारण कुछ क्षेत्रों में असन्तोष उत्पन्न होगा। विपक्षी दल क्षेत्रवाद एवं जातिवाद को बढ़ावा देकर तथा स्थानीय मुद्दों को राजनीतिक रंग देकर राज्य सरकार के समक्ष गम्भीर कानून अव्यवस्था का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास करेंगे। गतवर्ष इसी कॉलम में नैशनल कांफ्रेस के प्रभावक्षेत्र बढ़ने की बात स्पष्ट लिख दी गई थी। सरकार काश्मीर में पर्यटन, सेब, कृषि उद्योगों, विद्युत्, यातायात, शिक्षा व रोज़गार के क्षेत्रों को विशेष बढ़ावा व प्रगति करने में प्रयासरत रहेगी, परन्तु छिटपुट आतंकवादी घटनाओं के कारण विकास पथ में व्यवधान रहेगा। प्रान्तीय सरकार को आर्थिक व सामाजिक अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। केन्द्र द्वारा आर्थिक पैकेज मिलने के कारण विभिन्न विकासोन्मुखी योजनाओं की घोषणा भी की जाएगी।

राजस्थान—प्रभावराशि कर्क तथा नामराशि तुला है। 61वें गणतन्त्र कुं. (26-01-2010 ई.) में कर्क राशि द्वादशस्थ मंगल द्वारा अधिष्ठित तथा तुला राशि पर साढ़ेसति का प्रभाव है। प्रदेश कांग्रेस सरकार को विपरीत जलवायु (ग्रीष्म), कम वर्षा तथा कम कृषि उत्पादन के कारण कठिन एवं विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। लोगों में महँगाई एवं सरकारी नीतियों के विरुद्ध असन्तोष एवं विक्षोभ की भावना रहेगी। भाजपा अन्तर्कलह के कारण कुछ क्षेत्रों में कमज़ोर होगी।

हरियाणा—प्रभावराशि मीन तथा नाम राशि मिथुन है। मिथुन राशि पर केतु का संचार वर्षभर रहेगा। विपरीत हालात तथा महंगाई के विरुद्ध जनता के आक्रोश के बावजूद कांग्रेस इनैलो तथा भाजपा-भजनलाल (प्रस्तावित) गठबन्धन को पछाड़कर पुनः सत्ता में आएगी। मुख्यमन्त्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पुनः एक ओर जीत हासिल करेंगे। परन्तु कांग्रेस को सत्ता के आधिपत्य की भावना से ग्रस्त होने से बचकर साधारण जनता तक विकास योजनाओं को पहुँचाने का प्रयास करना होगा। राज्य सरकार को बिजली, पेयजल आपूर्ति एवं बेरोज़गारी आदि समस्याओं की ओर विशेष ध्यान देना होगा, अन्यथा परिस्थितियाँ विकट होंगी। असमय वर्षा, खण्ड वर्षा तथा कहीं-कहीं वर्षा के अभाव से दुर्भिक्ष, अकाल जैसी स्थिति रहेगी। आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में आशातीत वृद्धि से जनता में आक्रोश रहेगा।

दिल्ली—नव-गणतन्त्र दिवस कुं. (26-01-2010 ई.) में इसकी प्रभाव राशि मकर सू.-बु. का शुभ योग तथा मंगल की उच्च दृष्टि पड़ रही है। फलस्वरूप प्रदेश कांग्रेस सरकार आगामी वर्ष परिवहन, सड़क, फ्लाई-ओवर, शिक्षा तथा खेल के क्षेत्रों में विकास हेतु अनेक सुधारात्मक पग उठाएगी तथा कुछ क्षेत्रों में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मापतण्ड इस्तेमाल होंगे। परन्तु अव्यवस्थित वितरण प्रणाली एवं बढ़ती मंहगाई के कारण शीला सरकार की साख एवं प्रतिष्ठा के लिए अत्यधिक क्षतिकारक सिद्ध होगी।

उत्तर प्रदेश—प्रभावराशि धुन तथा नाम राशि वृष है। गणतन्त्र दिवस कुं. में (26-01-2010 ई.) तथा सारा वर्ष धनु राशि पर राहु का संचार है। ग्रहस्थिति अनुसार प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, महंगाई, राजनीतिक पार्टियों के मध्य टकराव आदि के कारण आन्तरिक अशान्ति होगी, सामान्य प्रजा में आक्रोश व असन्तोष रहे। सत्तारूप बसपा एवं केन्द्र सरकार के मध्य टकराव की स्थिति रहे। कांग्रेस पार्टी का आधार इस प्रदेश में सुदृढ़ होगा।

उपरोक्त भविष्यवाणियां गोचर ग्रहों के संचार संकेतों के आधार पर अपनी अल्पबुद्धि के अनुसार लिपिबद्ध की गई हैं। वास्तव में सर्वश्रेष्ठ भविष्यवेत्ता एवं सर्वज्ञ स्वयं विधाता ही है।

फलानि ग्रहसंचारेण सूचयन्ति मनीषिणः। को वक्तः तारतम्यस्य वेधसं विना॥

शुभचिन्तकः

लेख लिपिबद्धम्

आश्विन कृष्ण अष्टमी, तदनुसार
12 सितम्बर, सन् 2009 ई., शनिवार

पं. पन्ना लाल ज्योतिषी एवं
पं. विवेक शर्मा, जालन्धर।

सूर्यादि ग्रहों का राशि प्रवेश, वक्री-मार्गी एवं उदयास्त (घं. मिं.) (सन् 2010-11 ई.)

सूर्य राशि प्रवेश (वर्षारम्भ में धनु में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.
14 जन.	मकर	12/38
12 फर.	कुम्भ	25/38
14 मार्च	मीन	22/30
14 अप्रै.	मेष	6/57
14 मई	वृष	27/47
15 जून	मिथुन	10/21
16 जुला.	कर्क	21/11
16 अग.	सिंह	29/34
16 सितं.	कन्या	29/29
17 अक्तू.	तुला	17/27
16 नवं.	वृश्चिक	17/18
16 दिसं.	धनु	7/59
14 जन.(2011)	मकर	18/44
13 फर.	कुम्भ	7/43
14 मार्च	मीन	28/33

मंगल राशि प्रवेश (संवतारम्भ में कर्क में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.
26 मई	सिंह	15/53
20 जुला.	कन्या	6/33
5 सितं.	तुला	27/03
19 अक्तू.	वृश्चिक	26/20
30 नवं.	धनु	6/25
8 जन.(2011)	मकर	12/01
15 फर.	कुम्भ	16/46
25 मार्च	मीन	18/37

बुध राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मीन में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.
29 मार्च	मेष	28/38
18 अप्रै.	वक्री	9/35
11 मई	मार्गी	27/57
6 जून	वृष	16/58
22 जून	मिथुन	21/28
6 जुला.	कर्क	21/29
23 जुला.	सिंह	22/09
20 अग.	वक्री	25/28
12 सितं.	मार्गी	28/39
30 सितं.	कन्या	10/52
17 अक्तू.	तुला	12/58
5 नवं.	वृश्चिक	6/16
25 नवं.	धनु	28/00
10 दिसं.	वक्री	17/33
23 दिसं.	व. वृश्चिक	8/10
30 दिसं.	मार्गी	12/51
7 जन.(2011)	धनु	24/23
30 जन.	मकर	29/54
18 फर.	कुम्भ	17/32
6 मार्च	मीन	20/18
28 मार्च	मेष	19/39
30 मार्च	वक्री	26/18
2 अप्रैल	व. मीन	10/53

गुरु राशि प्रवेश (संवतारम्भ में कुम्भ में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.
2 मई	मीन	8/07
23 जुला.	वक्री	17/33
1 नवं.	व. कुम्भ	12/54
18 नवं.	मार्गी	22/23
6 दिसं.	मीन	9/09

संवतान्त तक मीन में रहेगा।

शुक्र राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मीन में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.
26 मार्च	मेष	26/27
20 अप्रै.	वृष	12/34
15 मई	मिथुन	6/44
9 जून	कर्क	11/46
5 जुला.	सिंह	9/45
1 अग.	कन्या	15/48
1 सितं.	तुला	12/02
8 अक्तू.	वक्री	12/35
18 नवं.	मार्गी	26/48
(सन् 2011 ई.)		
1 जन.	वृश्चिक	16/45
29 जन.	धनु	28/00
25 फर.	मकर	6/13
22 मार्च	कुम्भ	12/40

—शनि—

सम्पूर्ण संवत् कन्या राशि में संचार करेगा।

—राहु—

सम्पूर्ण संवत् धनु राशि में संचार करेगा।

—केतु—

सम्पूर्ण संवत् मिथुन राशि में संचार करेगा।

—यूरेनस—

सारा संवत् मीन राशि में ही संचार करेगा।

—नैपच्यून—

सम्पूर्ण संवत् कुम्भ राशि में ही संचार करेगा।

—प्लूटो—

सारा संवत् धनु राशि में [illegible]

ग्रहों का वक्री-मार्गी

—मंगल—

सारा संवत् मार्गी रहेगा।

बुध

ता. मास		घं. मिं.
18 अप्रै.	वक्री	9/35
11 मई	मार्गी	27/57
20 अग.	वक्री	25/28
12 सितं.	मार्गी	28/39
10 दिसं.	वक्री	17/33
30 दिसं.	मार्गी	12/51
(सन् 2011 ई.)		
30 मार्च	वक्री	26/18

गुरु

ता. मास		घं. मिं.
23 जुला.	वक्री	17/33
18 नवं.	मार्गी	22/23

शुक्र

ता. मास		घं. मिं.
8 अक्तू.	वक्री	12/35
18 नवं.	मार्गी	26/48

शनि

(संवतारम्भ में वक्री)

ता. मास		घं. मिं.
30 मई	मार्गी	23/38
26 जन.(2011)	वक्री	11/40

—यूरेनस—

ता. मास		घं. मिं.
5 जुला.	वक्री	22/18
6 दिसं.	मार्गी	7/24

—नैपच्यून—

ता. मास		घं. मिं.
31 मई	वक्री	24/21
7 नवं.	मार्गी	11/32

—प्लूटो—

ता. मास		घं. मिं.
7 अप्रै.	वक्री	8/0[illegible]
14 सितं.	मार्गी	10/02

ग्रहों का उदय-अस्त—2010-11

मंगल

27 नवं. पश्चिमाऽस्त 13/27

संवतान्त तक अस्त रहेगा।

बुध

ता. मास		घं. मिं.
27 मार्च	पश्चिमोदय	26/17
20 अप्रै.	व. पश्चिमास्त	21/10
6 मई	व. पूर्वोदय	16/08
17 जून	पूर्वेऽस्त	14/56
10 जुला.	पश्चिमोदय	8/17
27 अग.	व. पश्चिमास्त	29/16
10 सितं.	व. पूर्वोदय	27/19
30 सितं.	पूर्वेऽस्त	9/47
7 नवं.	पश्चिमोदय	27/31
14 दिसं.	व. पश्चिमास्त	15/52
25 दिसं.	व. पूर्वोदय	19/47
(सन् 2011 ई.)		
7 फर.	पूर्वेऽस्त	7/23
11 मार्च	पश्चिमोदय	25/29
2 अप्रै.	व. पश्चिमाऽस्त	7/11

गुरु

ता. मास		घं. मिं.
20 मार्च	पूर्वोदय	17/26
(सन् 2011 ई.)		
25 मार्च	पश्चिम. अस्त	16/49

शुक्र

ता. मास		घं. मिं.
20 अक्तू.	पश्चिमास्त	6/50
2 नवं.	पूर्वोदय	14/29

शनि

ता. मास		घं. मिं.
13 सितं.	पश्चि. अस्त	17/23
18 अक्तू.	पूर्वोदय	15/24

समसप्तक योग (सं. २०६७)

- सूर्य–शनि ➡ 14 मार्च से 13 अप्रै.
- शुक्र–शनि ➡ 2 मार्च से 26 मार्च
- गुरु–शनि ➡ 2 मई से 31 अक्तू.
- मंगल–गुरु ➡ 20 जुला. से 5 सितं.
- शुक्र–गुरु ➡ 1 अग. से 31 अग.
- सूर्य–गुरु ➡ 16 सितं. से 16 अक्तू.
- गुरु–शनि ➡ 6 दिसं. से संवतान्त
- सूर्य–शनि ➡ 14 मार्च से 13 अप्रै. (2011)
- मंगल–शनि ➡ 25 मार्च से संवतान्त

15 मई मिथुन 6/44 | 1 अग. कन्या 15/48 | ही संचार करेगा। | 7 अप्रै. वक्री 8/01 ... 18/02 ... सनि ➡25 मार्च से संवतान्त

❖ ग्रहों का नक्षत्र–चरण प्रवेश–संवत् २०६७ वि. (सं. 2010–11 ई.) ❖

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

2010 ई.	नक्षत्र	चरण
18 मार्च	उ.भा.(1)	6/46
21 मार्च	उ.भा.(2)	15/14
24 मार्च	उ.भा.(3)	23/52
28 मार्च	उ.भा.(4)	8/40
31 मार्च	रेव. (1)	17/39
3 अप्रै.	रेव. (2)	26/47
7 अप्रै.	रेव. (3)	12/00
10 अप्रै.	रेव. (4)	21/24
14 अप्रै.	अश्वि 1 मेष	6/57
17 अप्रै.	अश्वि (2)	
20 अप्रै.	अश्वि (3)	
24 अप्रै.	अश्वि (4)	
27 अप्रै.	भर. (1)	22/45
1 मई	भर. (2)	
4 मई	भर. (3)	
8 मई	भर. (4)	
11 मई	कृति (1)	16/56
14 मई	कृति (2) वृष	27/47
18 मई	कृति (3)	
21 मई	कृति (4)	
25 मई	रोहि (1)	13/06
28 मई	रोहि. (2)	
1 जून	रोहि (3)	
4 जून	रोहि (4)	
8 जून	मृग (1)	11/01
11 जून	मृग (2)	
15 जून	मृग 3 मिथुन	10/21
18 जून	मृग (4)	
22 जून	आर्द्रा (1)	9/57
25 जून	आर्द्रा (2)	
29 जून	आर्द्रा (3)	
2 जुला.	आर्द्रा (4)	
6 जुला.	पुर्न (1)	9/35
9 जुला.	पुर्न (2)	

2010 ई.	नक्षत्र	चरण
13 जुला.	पुर्न (3)	
16 जुला.	पुर्न 4 कर्क	21/11
20 जुला.	पुष्य (1)	9/02
23 जुला.	पुष्य (2)	
27 जुला.	पुष्य (3)	
30 जुला.	पुष्य (4)	
3 अग.	आश्ले. (1)	8/00
6 अग.	आश्ले. (2)	
10 अग.	आश्ले. (3)	
13 अग.	आश्ले. (4)	
16 अग.	मघा 1 सिंह	29/34
20 अग.	मघा (2)	
23 अग.	मघा (3)	
27 अग.	मघा (4)	
30 अग.	पू.फा. (1)	25/37
3 सितं.	पू.फा. (2)	
6 सितं.	पू.फा. (3)	
10 सितं.	पू.फा. (4)	
13 सितं.	उ.फा. (1)	19/23
16 सितं.	उफा 2 कन्या	29/29
20 सितं.	उ.फा. (3)	
23 सितं.	उ.फा. (4)	
27 सितं.	हस्त (1)	10/57
30 सितं.	हस्त (2)	
4 अक्तू.	हस्त (3)	
7 अक्तू.	हस्त (4)	
10 अक्तू.	चित्रा (1)	23/54
14 अक्तू.	चित्रा (2)	
17 अक्तू.	चित्रा 3 तुला	17/27
20 अक्तू.	चित्रा (4)	
24 अक्तू.	स्वा. (1)	10/27
27 अक्तू.	स्वा. (2)	
30 अक्तू.	स्वा. (3)	

2010-11 ई.	नक्षत्र	चरण
3 नवं.	स्वा. (4)	
6 नवं.	विशा. (1)	18/36
9 नवं.	विशा. (2)	
13 नवं.	विशा. (3)	
16 नवं.	विशा 4 वृश्चिक	17/18
19 नवं.	अनु. (1)	24/39
23 नवं.	अनु. (2)	
26 नवं.	अनु. (3)	
29 नवं.	अनु. (4)	
2 दिसं.	ज्ये. (1)	29/01
6 दिसं.	ज्ये. (2)	
9 दिसं.	ज्ये. (3)	
12 दिसं.	ज्ये. (4)	
16 दिसं.	मूल 1 धनु	7/59
19 दिसं.	मूल (2)	
22 दिसं.	मूल (3)	
25 दिसं.	मूल (4)	
29 दिसं.	पू.षा. (1)	10/18
(सन 2011 ई.)		
1 जन.	पू.षा.(2)	
4 जन.	पू.षा. (3)	
8 जन.	पू.षा. (4)	
11 जन.	उ.षा. (1)	12/13
14 जन.	उ.षा. 2 मक.	18/44
17 जन.	उषा. (3)	
21 जन.	उषा. (4)	
24 जन.	श्रव. (1)	14/35
27 जन.	श्रव. (2)	
30 जन.	श्रव. (3)	
3 फर.	श्रव. (4)	
6 फर.	धनि. (1)	17/40
9 फर.	धनि. (2)	
13 फर.	धनि.(3) कुंभे	7/43
16 फर.	धनि. (4)	
19 फर.	शत. (1)	22/13

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

2010-11 ई.	नक्षत्र	चरण
23 फर.	शत. (2)	
26 फर.	शत. (3)	
1 मार्च	शत. (4)	
4 मार्च	पू.भा. (1)	28/29
8 मार्च	पू.भा. (2)	
11 मार्च	पू.भा. (3)	
14 मार्च	पू.भा. 4 मीन	28/33
18 मार्च	उ.भा. (1)	12/54
21 मार्च	उ.भा. (2)	
25 मार्च	उ.भा. (3)	
28 मार्च	उ.भा. (4)	
31 मार्च	रेव. (1)	23/44
4 अप्रै.	रेव. (2)	

मंगल नक्षत्र प्रवेश

(संवत् के आरंभ में पुष्य (1) में)

2010-11 ई.	नक्षत्र	चरण
18 मार्च	पुष्य (2)	
5 अप्रै.	पुष्य (3)	
17 अप्रै.	पुष्य (4)	
26 अप्रै.	आश्ले. (1)	14/07
4 मई	आश्ले. (2)	
12 मई	आश्ले. (3)	
19 मई	आश्ले. (4)	
26 मई	मघा (1) सिंह	15/53
2 जून	मघा (2)	
8 जून	मघा (3)	
14 जून	मघा (4)	
20 जून	पू.फा. (1)	28/40
27 जून	पू.फा. (2)	
2 जुला.	पू.फा. (3)	
8 जुला.	पू.फा. (4)	
14 जुला.	उ.फा. (1)	15/21
20 जुला.	उ.फा. 2 कन्या	6/33
25 जुला.	उ.फा. (3)	
31 जुला.	उ.फा. (4)	

मंगल नक्षत्र प्रवेश

2010-11 ई.	नक्षत्र	चरण
5 अग.	हस्त (1)	18/06
10 अग.	हस्त (2)	
16 अग.	हस्त (3)	
21 अग.	हस्त (4)	
26 अग.	चित्रा (1)	21/02
31 अग.	चित्रा (2)	
5 सितं.	चित्रा 3 तुला	27/03
10 सितं.	चित्रा (4)	
15 सितं.	स्वा. (1)	28/27
20 सितं.	स्वा. (2)	
25 सितं.	स्वा. (3)	
30 सितं.	स्वा. (4)	
5 अक्तू.	विशा. (1)	19/08
10 अक्तू.	विशा. (2)	
15 अक्तू.	विशा. (3)	
19 अक्तू.	विशा.4वृश्चिक	26/20
24 अक्तू.	अनु. (1)	19/06
29 अक्तू.	अनु. (2)	
2 नवं.	अनु. (3)	
7 नवं.	अनु. (4)	
12 नवं.	ज्ये. (1)	6/13
16 नवं.	ज्ये. (2)	
21 नवं.	ज्ये. (3)	
25 नवं.	ज्ये. (4)	
29 नवं.	मूल 1 धनु.	30/25
4 दिसं.	मूल (2)	
8 दिसं.	मूल (3)	
13 दिसं.	मूल (4)	
17 दिसं.	पू.षा. (1)	21/21
22 दिसं.	पू.षा. (2)	
26 दिसं.	पू.षा. (3)	
30 दिसं.	पू.षा. (4)	
(सन 2011 ई.)		
3 जन.	उ.षा. (1)	29/02
8 जन.	उ.षा. 2 मकर	12/01
12 जन.	उ.षा. (3)	

मंगल नक्षत्र प्रवेश

2011 ई.	नक्षत्र	चरण
16 जन.	उ.षा. (4)	
21 जन.	श्रव. (1)	7/19
25 जन.	श्रव. (2)	
29 जन.	श्रव. (3)	
2 फर.	श्रव. (4)	
7 फर.	धनि. (1)	6/05
11 फर.	धनि. (2)	
15 फर.	धनि. 3 कुंभ	16/46
19 फर.	धनि. (4)	
23 फर.	शत. (1)	27/21
28 फर.	शत. (2)	
4 मार्च	शत. (3)	
8 मार्च	शत. (4)	
12 मार्च	पू.भा. (1)	24/56
17 मार्च	पू.भा. (2)	
21 मार्च	पू.भा. (3)	
25 मार्च	पू.भा. 4 मीन	18/37
29 मार्च	उ.भा. (1)	24/54
3 अप्रै.	उ.भा. (2)	

बुध नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में पू.भा. (4) में)

2011 ई.	नक्षत्र	चरण
16 मार्च	उ.भा. (1)	13/26
18 मार्च	उ.भा. (2)	
19 मार्च	उ.भा. (3)	
21 मार्च	उ.भा. (4)	
23 मार्च	रेव. (1)	5/39
24 मार्च	रेव. (2)	
26 मार्च	रेव. (3)	
28 मार्च	रेव. (4)	
29 मार्च	अश्वि 1 मेष	28/38
31 मार्च	अश्वि (2)	
3 अप्रै.	अश्वि (3)	
5 अप्रै.	अश्वि (4)	

बुध नक्षत्र प्रवेश

2010 ई.	नक्षत्र	चरण
8 अप्रै.	भर. (1)	8/59
12 अप्रै.	भर. (2)	
18 अप्रै.	वक्री	9/35
24 अप्रै.	व. भर. (1)	24/46
30 अप्रै.	व. अश्वि (4)	8/43
5 मई	व. अश्वि (3)	
11 मई	मार्गी	27/57
17 मई	अश्वि (4)	
23 मई	भर. (1)	10/44
26 मई	भर. (2)	
30 मई	भर. (3)	
1 जून	भर. (4)	
4 जून	कृति (1)	10/11
6 जून	कृति 2 वृष	16/58
8 जून	कृति (3)	
10 जून	कृति (4)	
12 जून	रोहि (1)	18/42
14 जून	रोहि (2)	
16 जून	रोहि (3)	
17 जून	रोहि (4)	
19 जून	मृग (1)	17/11
21 जून	मृग (2)	
22 जून	मृग 3 मिथुन	21/28
24 जून	मृग (4)	
25 जून	आर्द्रा (1)	23/26
27 जून	आर्द्रा (2)	
28 जून	आर्द्रा (3)	
30 जून	आर्द्रा (4)	
1 जुला.	पुर्न (1)	26/33
3 जुला.	पुर्न (2)	
5 जुला.	पुर्न (3)	
6 जुला.	पुर्न 4 कर्क	21/29
8 जुला.	पुष्य (1)	13/25
10 जुला.	पुष्य (2)	
11 जुला.	पुष्य (3)	
13 जुला.	पुष्य (4)	

2010 ई.	नक्षत्र	चरण
15 जुला.	आश्ले. (1)	16/53
17 जुला.	आश्ले. (2)	
19 जुला.	आश्ले. (3)	
21 जुला.	आश्ले. (4)	
23 जुला.	मघा 1 सिंह	22/09
25 जुला.	मघा (2)	
28 जुला.	मघा (3)	
31 जुला.	मघा (4)	
2 अग.	पू.फा. (1)	24/44
5 अग.	पू.फा. (2)	
9 अग.	पू.फा. (3)	
14 अग.	पू.फा. (4)	
20 अग.	वक्री	25/28
26 अग.	व. पू.फा. (3)	
31 अग.	व. पू.फा. (2)	
3 सितं.	व. पू.फा. (1)	
7 सितं.	व. मघा (4)	22/22
12 सितं.	मार्गी	28/39
18 सितं.	पू.फा. (1)	6/34
21 सितं.	पू.फा. (2)	
24 सितं.	पू.फा. (3)	
26 सितं.	पू.फा. (4)	
28 सितं.	उ.फा. (1)	11/49
30 सितं.	उफा 2 कन्या	10/52
2 अक्तू.	उ.फा. (3)	
4 अक्तू.	उ.फा. (4)	
5 अक्तू.	हस्त (1)	26/29
7 अक्तू.	हस्त (2)	
9 अक्तू.	हस्त (3)	
11 अक्तू.	हस्त (4)	
13 अक्तू.	चित्रा (1)	15/36
15 अक्तू.	चित्रा (2)	
17 अक्तू.	चित्रा 3 तुला	12/58
19 अक्तू.	चित्रा (4)	

2010-11 ई.	नक्षत्र	चरण
21 अक्तू.	स्वा. (1)	12/41
23 अक्तू.	स्वा. (2)	
25 अक्तू.	स्वा. (3)	
27 अक्तू.	स्वा. (4)	
29 अक्तू.	विशा (1)	19/23
31 अक्तू.	विशा (2)	
2 नवं.	विशा (3)	
5 नवं.	विशा 4 वृश्चिक	6/16
7 नवं.	अनु. (1)	10/56
9 नवं.	अनु. (2)	
11 नवं.	अनु. (3)	
13 नवं.	अनु. (4)	
16 नवं.	ज्ये. (1)	11/15
18 नवं.	ज्ये. (2)	
20 नवं.	ज्ये. (3)	
23 नवं.	ज्ये. (4)	
25 नवं.	मूल 1 धनु	28/00
28 नवं.	मूल (2)	
1 दिसं.	मूल (3)	
5 दिसं.	मूल (4)	
10 दिसं.	वक्री	17/33
15 दिसं.	व. मूल (3)	
18 दिसं.	व. मूल (2)	
20 दिसं.	व. मूल (1)	
23 दिसं.	व. ज्ये. 4 वृश्चि.	8/10
26 दिसं.	व. ज्ये. (3)	
30 दिसं.	मार्गी	12/51
(सन 2011 ई.)		
3 जन.	ज्ये. (4)	
7 जन.	मूल 1 धनु	24/23
11 जन.	मूल (2)	
14 जन.	मूल (3)	
16 जन.	मूल (4)	
19 जन.	पू.षा. (1)	13/00
21 जन.	पू.षा. (2)	

2011 ई.	नक्षत्र	चरण
24 जन.	पू.षा. (3)	
26 जन.	पू.षा. (4)	
28 जन.	उ.षा. (1)	24/12
30 जन.	उषा 2 मकर	29/54
2 फर.	उ.षा. (3)	
4 फर.	उ.षा. (4)	
6 फर.	श्रव. (1)	17/14
8 फर.	श्रव. (2)	
10 फर.	श्रव. (3)	
12 फर.	श्रव. (4)	
14 फर.	धनि. (1)	20/36
16 फर.	धनि. (2)	
18 फर.	धनि. 3 कुंभ	17/32
20 फर.	धनि. (4)	
22 फर.	शत. (1)	11/27
24 फर.	शत. (2)	7/23
25 फर.	शत. (3)	
27 फर.	शत. (4)	
1 मार्च	पू.भा. (1)	15/30
3 मार्च	पू.भा. (2)	
4 मार्च	पू.भा. (3)	
6 मार्च	पूभा 4 मीन	20/18
8 मार्च	उ.भा. (1)	13/54
10 मार्च	उ.भा. (2)	
11 मार्च	उ.भा. (3)	
13 मार्च	उ.भा. (4)	
15 मार्च	रेव. (1)	22/25
17 मार्च	रेव. (2)	
20 मार्च	रेव. (3)	
23 मार्च	रेव. (4)	10/47
28 मार्च	अश्वि 1 मेष	19/39
30 मार्च	वक्री	26/18
2 अप्रै.	व. रेव 4 मीन	10/53

गुरु नक्षत्र प्रवेश

(संवत् के आरम्भ में शत. (4) में)

2010 ई.	नक्षत्र	चरण
18 मार्च	पू.भा. (1)	10/11
1 अप्रै.	पू.भा. (2)	14/42
16 अप्रै.	पू.भा. (3)	10/17
2 मई	पू.भा. 4 मीन	8/07
20 मई	उ.भा. (1)	5/52
11 जून	उ.भा. (2)	16/36
23 जुला.	वक्री	17/33
3 सितं.	व. उ.भा. (1)	21/30
29 सितं.	व. पू.भा. (4)	14/03
1 नवं.	व. पू.भा.3 कुंभ	12/54
18 नवं.	मार्गी	22/23
6 दिसं.	पूभा 4 मीन	9/09
(सन 2011 ई.)		
6 जन.	उ.भा. (1)	21/11
26 जन.	उ.भा. (2)	15/46
12 फर.	उ.भा. (3)	7/11
27 फर.	उ.भा. (4)	11/10
13 मार्च	रेव. (1)	19/32
27 मार्च	रेव. (2)	18/10

शुक्र नक्षत्र चरण प्रवेश

(संवत् के आरम्भ में उ.भा. (4) में)

दिनांक	नक्षत्र	चरण
16 मार्च	रेव. (1)	8/03
18 मार्च	रेव. (2)	
21 मार्च	रेव. (3)	
24 मार्च	रेव. (4)	
26 मार्च	अश्वि 1 मेष	26/27
29 मार्च	अश्वि. (2)	
1 अप्रै.	अश्वि. (3)	
3 अप्रै.	अश्वि. (4)	
6 अप्रै.	भर. (1)	22/08
9 अप्रै.	भर. (2)	
12 अप्रै.	भर. (3)	
14 अप्रै.	भर. (4)	
17 अप्रै.	कृति (1)	[illegible]

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2011 ई.	नक्षत्र	चरण
20 अप्रै.	कृति 2 वृष	12/34
23 अप्रै.	कृति (3)	
25 अप्रै.	कृति (4)	
28 अप्रै.	रोहि. (1)	17/37
1 मई	रोहि. (2)	
4 मई	रोहि. (3)	
6 मई	रोहि. (4)	
9 मई	मृग. (1)	17/53
12 मई	मृग. (2)	
15 मई	मृग 3 मिथुन	6/44
17 मई	मृग (4)	
20 मई	आर्द्रा (1)	20/04
23 मई	आर्द्रा (2)	
26 मई	आर्द्रा (3)	
29 मई	आर्द्रा (4)	
31 मई	पुर्न (1)	24/34
3 जून	पुर्न (2)	
6 जून	पुर्न (3)	
9 जून	पुर्न 4 कर्क	11/46
12 जून	पुष्य (1)	7/51
14 जून	पुष्य (2)	
17 जून	पुष्य (3)	
20 जून	पुष्य (4)	
23 जून	आश्ले (1)	18/30
26 जून	आश्ले (2)	
29 जून	आश्ले (3)	
2 जुला.	आश्ले (4)	
5 जुला.	मघा 1 सिंह	9/45
8 जुला.	मघा (2)	
11 जुला.	मघा (3)	
14 जुला.	मघा (4)	
17 जुला.	पू.फा. (1)	6/52
20 जुला.	पू.फा. (2)	
23 जुला.	पू.फा. (3)	

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2010-11 ई.	नक्षत्र	चरण
29 जुला.	उ.फा. (1)	12/34
1 अग.	उ.फा. 2 कन्या	15/48
4 अग.	उ.फा. (3)	
7 अग.	उ.फा. (4)	
11 अग.	हस्त (1)	7/17
14 अग.	हस्त (2)	
17 अग.	हस्त (3)	
21 अग.	हस्त (4)	
24 अग.	चित्रा (1)	24/19
28 अग.	चित्रा (2)	
1 सितं.	चित्रा 3 तुला	12/02
5 सितं.	चित्रा (4)	
9 सितं.	स्वा. (1)	18/46
14 सितं.	स्वा. (2)	
19 सितं.	स्वा. (3)	
26 सितं.	स्वा. (4)	
8 अक्तू.	वक्री	12/35
19 अक्तू.	व. स्वा. (3)	
26 अक्तू.	व. स्वा. (2)	5/32
31 अक्तू.	व. स्वा. (1)	
6 नवं.	व. चित्रा (4)	20/21
18 नवं.	मार्गी	26/48
1 दिसं.	स्वा. (1)	20/19
7 दिसं.	स्वा. (2)	
12 दिसं.	स्वा. (3)	
17 दिसं.	स्वा. (4)	
21 दिसं.	विशा. (1)	16/41
25 दिसं.	विशा. (2)	
28 दिसं.	विशा. (3)	
(सन 2011 ई.)		
1 जन.	विशा. 4 वृश्चि.	16/45
4 जन.	अनु. (1)	26/27
8 जन.	अनु. (2)	
11 जन.	अनु. (3)	

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2011 ई.	नक्षत्र	चरण
14 जन.	अनु. (4)	
17 जन.	ज्ये. (1)	23/59
20 जन.	ज्ये. (2)	
23 जन.	ज्ये. (3)	
26 जन.	ज्ये. (4)	
29 जन.	मूल (1) धनु	28/00
1 फर.	मूल (2)	
4 फर.	मूल (3)	
7 फर.	मूल (4)	
10 फर.	पू.षा. (1)	22/00
13 फर.	पू.षा. (2)	
16 फर.	पू.षा. (3)	
19 फर.	पू.षा. (4)	
22 फर.	उ.षा. (1)	9/56
25 फर.	उषा 2 मकर	6/13
27 फर.	उ.षा. (3)	
2 मार्च	उ.षा. (4)	
5 मार्च	श्रव. (1)	17/42
8 मार्च	श्रव. (2)	
11 मार्च	श्रव. (3)	
13 मार्च	श्रव. (4)	
16 मार्च	धनि. (1)	22/50
19 मार्च	धनि. (2)	
22 मार्च	धनि 3 कुम्भ	12/40
25 मार्च	धनि. (4)	
27 मार्च	शत. (1)	26/04
30 मार्च	शत. (2)	
2 अप्रै.	शत. (3)	
5 अप्रै.	शत. (4)	

शनि नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ से व. उ.फा. (4) में)

2010 ई.	नक्षत्र	चरण
29 मार्च	व. उफा (3)	25/39
30 मई	मार्गी	23/38
29 जुला.	उ.फा. (4)	22/07

शनि नक्षत्र प्रवेश

2010-11 ई.	नक्षत्र	चरण
31 अग.	हस्त (1)	6/54
27 सितं.	हस्त (2)	24/24
25 अक्तू.	हस्त (3)	9/13
25 नवं.	हस्त (4)	5/32
(सन 2011 ई.)		
26 जन.	वक्री	11/40
2 अप्रै.	व. हस्त (3)	10/23

राहु नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में पू.षा. (4) में)

तिथि	नक्षत्र	समय
23 मार्च	पू.षा. (3)	7/50
24 मई	पू.षा. (2)	29/25
26 जुला.	पू.षा. (1)	27/01
27 सितं.	मूल (4)	24/29
29 नवं.	मूल (3)	22/08
(सन 2011 ई.)		
31 जन.	मूल (2)	20/02
4 अप्रै.	मूल (1)	18/16

केतु नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में पुनं (2) में)

तिथि	नक्षत्र	समय
23 मार्च	पुनं (1)	7/50
24 मई	आर्द्रा (4)	29/25
26 जुला.	आर्द्रा (3)	27/01
27 सितं.	आर्द्रा (2)	24/29
29 नवं.	आर्द्रा (1)	22/08
(सन 2011 ई.)		
31 जन.	मृग (4)	20/02
4 अप्रै.	मृग. (3)	18/16

यूरेनस नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में पू.भा. (4) में)

तिथि	नक्षत्र	समय
30 मार्च	उ.भा.(1)	23/59
5 जुला.	वक्री	22/18
25 अक्तू.	व पूभा (4)	26/50
6 दिसं.	मार्गी	07/24

यूरेनस नक्षत्र प्रवेश

2010-11 ई.	नक्षत्र	चरण
15 जन.	उ.भा.(1)	11/07
24 मार्च	उ.भा. (2)	12/19

नैपच्यून नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में धनि. 3 में)

तिथि	नक्षत्र	समय
19 मार्च	धनि. (4)	12/00
31 मई	वक्री	24/21
18 अग.	व. धनि. (3)	22/17
7 नवं.	मार्गी	11/32
(सन 2011 ई.)		
20 जन.	धनि. (4)	12/10

प्लूटो नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में मूल (4) में)

तिथि	नक्षत्र	समय
7 अप्रै.	वक्री	8/01
28 जून	व. मूल (3)	25/17
14 सितं.	मार्गी	10/02
23 नवं.	मूल (4)	9/50
(सन 2011 ई.)		
15 मार्च	पू.षा.(1)	7/42

ग्रहों की अंशात्मक युतियां

(सन् 2010-11 ई.)

- 28 अप्रै. ➤ सूर्य-बुध (मेष)
- 28 जून ➤ सूर्य-बुध (मिथुन)
- 31 जुला. ➤ मंगल-शनि (कन्या)
- 8 अग. ➤ शुक्र-शनि (कन्या)
- 21 अग. ➤ मंग.-शुक्र (कन्या)
- 3 सितं. ➤ सूर्य-बुध (सिंह)
- 1 अक्तू. ➤ सूर्य-शनि (कन्या)
- 4 अक्तू. ➤ मंग.-शुक्र (तुला)
- 8 अक्तू. ➤ बुध-शनि (कन्या)
- 29 अक्तू. ➤ सूर्य-शुक्र (तुला)
- 21 नवं. ➤ मंग.-बुध (वृश्चिक)
- 12 दिसं. ➤ मंग.-राहु (धनु)
- 14 दिसं. ➤ मंग.-बुध (धनु)
- 24 दिसं. ➤ सूर्य-राहु (धनु)

(सन 2011 ई.)

- 14 जन. ➤ बुध-राहु (धनु)
- 4 फर. ➤ सूर्य-मंग. (मकर)
- 4 फर. ➤ शुक्र-राहु (धनु)

ग्रहों की अंशात्मक युतियां

- 21 फर. ➤ मंग.-बुध (कुम्भ)
- 25 फर. ➤ सूर्य-बुध (कुम्भ)
- 16 मार्च ➤ बुध-गुरु (मीन)

—षडाष्टक योग—

- गुरु-शनि ➤ 16 मार्च से 1 मई
- शुक्र-शनि ➤ 26 मार्च से 20 अप्रै.
- सूर्य-शनि ➤ 14 अप्रै. से 13 मई
- मंग.-गुरु ➤ 26 मई से 20 जुला.
- गुरु-शुक्र ➤ 5 जुला. से 31 जुला.
- सूर्य-गुरु ➤ 17 अग. से 15 सितं.
- शुक्र-गुरु ➤ 1 सितं. से 31 अक्तू.
- मंग.-गुरु ➤ 5 सितं. से 18 अक्तू.
- सूर्य-गुरु ➤ 17 अक्तू. से 31 अक्तू.
- शनि-गुरु ➤ 1 नवं. से 5 दिसं.
- शुक्र-गुरु ➤ 6 दिसं. से 31 दिसं.

(सन 2011 ई.)

- सूर्य-शनि ➤ 13 फर. से 13 मार्च
- मंग.-शनि ➤ 15 फर. से 25 मार्च
- शुक्र-शनि ➤ 22 मार्च से संवतान्त

चतुर्ग्रही योग—सन् 2010-11

- 16 दिसं. से 22 दिसं. ➤ सू + मं. + बु. + रा. (धनु)
- 25 मार्च से 28 मार्च ➤ सू. + मं. + बु. + गु. (मीन)

मुख्य द्विग्रही योग (2010-11 ई.)

- सूर्य + बुध ➤ 16 मार्च से 29 मार्च (मीन)
- सूर्य + शुक्र ➤ 16 मार्च से 26 मार्च (मीन)
- बुध + शुक्र ➤ 29 मार्च से 20 अप्रैल (मेष)
- सूर्य + बुध ➤ 14 अप्रैल से 13 मई (मेष)
- शुक्र + केतु ➤ 15 मई से 8 जून (मिथुन)
- सूर्य + केतु ➤ 15 जून से 15 जुलाई (मिथुन)
- मंग. + शुक्र ➤ 5 जुलाई से 19 जुला. (सिंह)
- बुध + शुक्र ➤ 23 जुला. से 31 जुलाई (सिंह)
- मंग. + शनि ➤ 20 जुलाई से 5 सितं. (कन्या)
- शुक्र + शनि ➤ 1 अगस्त से 31 अगस्त (कन्या)

मुख्य द्विग्रही योग (2010-11 ई.)

- मंग. + शुक्र ➤ 5 सितम्बर से 19 अक्तू. (तुला)
- सूर्य + शनि ➤ 16 सितं. से 16 अक्तू. (कन्या)
- सूर्य + शुक्र ➤ 17 अक्तू. से 15 नवम्बर (तुला)
- मंग. + बुध ➤ 4 नवं. से 25 नवं. (वृश्चिक)
- बुध + राहु ➤ 25 नवं. से 23 दिसं. (धनु)
- मंग. + राहु ➤ 29 नवं. से 7 जन. (धनु)
- मंग. + बुध ➤ 29 नवं. से 23 दिसं. (धनु)
- सूर्य + राहु ➤ 16 दिसं. से 13 जन. (धनु)
- सूर्य + मंग. ➤ 16 दिसं. से 7 जन. (धनु)
- सूर्य + मंग. ➤ 14 जन. से 13 फर. (मकर) 2011 ई.
- शुक्र + राहु ➤ 29 जन. से 23 फर. (धनु) 2011 ई.
- सूर्य + मंग. ➤ 13 फर. से 13 मार्च (कुम्भ)
- सूर्य + गुरु ➤ 14 मार्च से 13 अप्रै. (कुम्भ)

≈सम्वत्सर का फल और माहात्म्य≈

चैत्रशुक्ल प्रतिपदा को नवीन सम्वत्सर का प्रारम्भ होता है। इस दिन धर्मपरायण लोगों द्वारा श्रीगणेश जी के मंगल चिन्ह से अंकित ध्वज को अपने-अपने घरों पर लगाना चाहिए। तोरणादि से अपने घरों को सजावें। उस दिन मंगल स्नान कर अपने इष्टदेवता, ब्राह्मण, गुरु की पूजा करें। पुरुष, स्त्रियाँ, शिशु आदि वस्त्राभूषणादि परिधान धारण कर उत्सव मनावें तथा ज्योतिषी जी अथवा विद्वान ब्राह्मण का सत्कार करके उनसे पंचांगदिवाकर में से सम्वत् का नाम, सम्वत् का वास, सवारी, राजा, मन्त्री आदि का फल श्रवण करना चाहिए। चैत्र प्रतिपदा से लेकर नवमी तक भगवान् विष्णु, शिव एवं श्रीदुर्गा के समक्ष नित्य ज्योति जलाकर श्रद्धानुसार श्रीदुर्गासप्तशती का पाठ करने का विधान है। नए संवत्सर का फल श्रवण करें। पंचागस्थ श्री गणेश जी और ब्राह्मण, ज्योतिषी आदि की पूजा कर उन्हें मिष्टान्न युक्त भोजन करवाकर उन्हें नववर्ष का पंचांग, वस्त्र, फल मिठाई आदि दक्षिण सहित यथाशक्ति देकर उनका आशीर्वाद ग्रहण करके सारा दिन भजन-कीर्तन, कथा श्रवणादि सत्कर्मों एवं मंगल कार्यों में व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष सुखपूर्वक एवं आनन्दमय बीतता है।

इसी दिन प्रात: कालीन कटु नीम की कोमल पत्तियाँ और पुष्प लेकर, उनमें काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, अजवायन, जीरा और शक्करया चीनी बराबर मात्रा में मिलाकर चूर्ण बनावें कुछ इमली भी मिलाकर भक्षण करने से वर्ष पर्यन्त अनेक रक्त विकारादि गुप्त रोगों का भय नहीं रहता है।

≈सृष्टिक्रम और चतुर्युगों का वर्णन≈

श्रीमद्भागवत के अनुसार सृष्टि (समस्त जगत) की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय के कारण ब्रह्मा ही हैं। एक सृष्टि की समयावधि को कल्प कहते हैं। ब्रह्मा के एक दिन के बराबर एक कल्प तथा ३६० कल्पों में ब्रह्मा का एक वर्ष होता है। ऐसे ही ३६००० कल्पों में ब्रह्मा की आयु का प्रमाण होता है। भारतीय परम्परानुसार सतयुग आदि चार युगों का १महायुग और एक हज़ार महायुगों का एक कल्प होता है। तथा ७१ महायुगों का एक मन्वन्तर कहलाता है। ब्रह्मा के एक दिन में १४ मन्वंतर होते हैं। उन में से १ स्वयांभुव, २ स्वरोचिष, ३ उत्तम, ४ तामसे, ५ रैवत, ६ चाक्षुस, ये छ: मन्वंतर बीत चुके हैं। अब सातवां वैवस्वत नामक मन्वन्तर चल रहा है, उसमें भी २७ महायुग गत होकर २८वें महायुग के तीन युग सतयुग, त्रेता, द्वापर व्यतीत हो गए हैं और अब यह कलियुग प्रारम्भ हो चुका है।

ज्यतिष सिद्धान्तानुसार ४३, २०,०००००० सौर वर्षों का १ कल्प ४३, २०,००० सौर वर्षों का एक महायुग होता है। तथा प्रत्येक महायुग में सतयुग, त्रेता, द्वापर एवं कलियुग-इन चारों युगों का अनुक्रम चलता है। अधिक विस्तृत जानकारी हेतु हमारे कार्यालय से 'ज्योतिष तत्त्व' पुस्तक मंगवाकर अध्ययन करें।

≈सुतभाव प्रकाश≈

सन्तान का सुख कब प्राप्त होगा ?लड़का होगा या लड़की ?सन्तान की संख्या व सन्तान कैसी मिलेगी ? कष्ट से पुत्र-प्राप्ति योग, गर्भपात के योग व लक्षण, पंचम भाव पर सूर्यादि ग्रहों का दृष्टि-फल इत्यादि का सूक्ष्म वर्णन किया गया है। नवीन संशोधित संस्करण (मूल्य 100 रुपए)।

मंगवाने का [illegible]

≈चतुर्युगों की व्यवस्था का वर्णन≈

सतयुग—इसकी उत्पत्ति कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार को हुई। इसकी आयु १७२८००० वर्ष की है। इसमें मत्स्य, कूर्म्म, वाराह, नृसिंह—ये चार अवतार हुए, मत्स्य जी ने वेदों का उद्धार किया, वाराह जी ने जलोद्धार किया, कूर्म जी ने पृथ्वी की रक्षा की और उद्धार किया, नृसिंह जी ने हिरण्यकश्यप का वध किया। इस युग में हर जाति अपने-अपने धर्म पर स्थिर थी, ब्राह्मण लोग वेदों के ज्ञाता और सत्य बोलने वाले तथा त्यागी होते थे, शाप और वरदान देने में समर्थ थे। क्षत्रिय अपने बाहुबल से संसार की मर्यादा को बांधे हुए थे। वैश्य व्यापार में तत्पर, सत्यवक्ता थे। शूद्र सेवा करते हुए अपने धर्म में तत्पर थे। समय पर वर्षा थी, फसलें अच्छी होती थी। स्त्रियां पद्मिनी थीं, गौवें दूध अधिक देती थीं। मनुष्य की परमायु : १००००० वर्ष, बाल्यावस्था १०००० वर्ष, देह की लम्बाई २१ हाथ थी। पुण्य २० विश्वे पाप का नाम तक भी न था। सुवर्ण और रत्नादि का व्यवहार था और पुष्कर तीर्थ प्रधान था। सूर्य ग्रहण २०००० चन्द्र ग्रहण २००० थे।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया, सोमवार को त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२९६००० वर्ष थी। इस युग से तीन अवतार वामन, परशुराम, श्री रामचन्द्र हुए। श्री वामन जी ने राजा बली से तीन पैर पृथ्वी दान लेकर बाद में समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप कर राजा बली को पाताल का राज्य दिया। श्री परशुराम जी ने अभिमानी क्षत्रियों का २१ बार नाश करके ब्राह्मण राज्य स्थापित किया था। श्री रामचन्द्र जी ने रावणादि राक्षसों का वध किया। मनुष्य की परमायु : १०,००० वर्ष, बाल्यावस्था १००० थी। पुण्य १५ विश्वे, पाप ५ विश्वे था। पुरुष का देहमान १४ हाथ था, ब्राह्मण वेदों के ज्ञाता थे और किंचिन्न्यून तपोनिष्ट त्यागी थे। वे शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां चित्रणी पतिव्रता थीं। सुवर्ण का सिक्का था। सूर्य ग्रहण २०००० और चन्द्र ग्रहण ३०००० थे। तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था।

द्वापर युग—माघ कृष्ण ३० शुक्रवार को द्वापर युग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु ७६,४००० वर्ष थी। इसमें २ अवतार श्री कृष्ण जी ने कंस शिशुपालादि का वध किया और बलराम ने धर्म का उद्धार किया। पुरुष की परमायु १००० वर्ष थी, बाल्यावस्था १०० वर्ष थी। पुरुष का देहमान ७ हाथ था। ब्राह्मण कुछ धर्म में तत्पर कुछ सत्यवक्ता, कुछ झूठ भी बोलते थे। अपने धर्म कर्म पर स्थित परन्तु लोभयुक्त थे। चांदी के सिक्के का व्यवहार अधिक था। कुरुक्षेत्र तीर्थ प्रधान था। पुण्य १० विश्वे था। सूर्य ग्रहण २४०००, चन्द्र ग्रहण ३६००० थे। स्त्रियां शांखिनी एवं शीलयुक्ता होती थी।

कलियुग—भाद्र कृष्ण १३, रविवार आधी रात को कलियुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु ४३२००० वर्ष है, इसमें बुद्ध व कल्कि अवतार है, उनका काम धर्मका उद्धार करना है। मनुष्य की परमायु १२० वर्ष, बाल्यावस्था १० वर्ष है। पुरुष का देहमान ३११ हाथ है। पुण्य ५ विश्वे, पाप १५ विश्वे हैं, गंगा तीर्थ प्रधान है। इस युग में मिट्टी के पात्र और पत्र व ताम्र का सिक्का व्यवहार में लाया जाएगा। सब जाति के लोग अपने धर्म से गिर जायेंगे। ब्राह्मण लोग वेदों से विमुख, तप, यज्ञादि धर्म कर्म से विमुख, शाप देने में असमर्थ होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म को छोड़ देंगे। वैश्य लोग व्यवहार में खोटे होंगे। धूर्त विद्या की पूजा होगी। सूर्य और चन्द्र ग्रहण ४६००० होंगे। सं. २०६७ में कलियुग के ५१११ वर्ष व्यतीत हो चुके हैं और शेष कलियुग के ४२६८८९ वर्ष रहे हैं। कलियुग के अन्त में सम्भल ग्राम में विष्णुयश नामक ब्राह्मण के घर में कल्कि अवतार होगा। कलियुग में नीच लोगों की पूजा होगी। अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। व्यभिचारिणी स्त्रियां अपने को सति कहेंगी। पुरुष स्त्रियों के वश में चलेंगे। पिता कन्या को बेचेंगे। स्त्रियों को छोटी आयु में गर्भ होने लगेंगे। लोग गौ ब्राह्मण की हत्या से भी भय नहीं करेंगे। [illegible] स्वार्थ के कारण ही प्रेम रहेगा। धर्म गौण व अर्थ प्रधान रहेगा। श्रीगंगा मुख्य तीर्थ होगी। शासन प्रबन्ध में धर्म का स्थान [illegible]

संदिग्ध व्रत-पर्वों का शास्त्रीय निर्णय—वि.सं. २०६७

(1) गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा (25 जुलाई, रविवार)

गुरु पूर्णिमा एवं व्यास पूजादि पर्व आषाढ़ पूर्णिमा को सम्पादित किए जाते हैं। परन्तु शास्त्र नियमानुसार सूर्योदय के पश्चात् **आषाढ़ पूर्णिमा** कम-से-कम तीन मुहूर्त्त (६ घड़ी) अवश्य व्याप्त रहनी चाहिए। यदि आषाढ़ पूर्णिमा तीन मुहूर्त्त से कम हो, तो गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा आदि पर्व पहले दिन अर्थात् पूर्णिमा में मनाएं जाने चाहिएं, यथा—

व्यास पूजा निर्णय—''अत्रैव व्यास पूजोक्ता।

तत्रा त्रिमुहूर्त्ता चेत्परैवेति सन्यास पद्धतौ। त्रिमुहूर्त्ताधिकं ग्राह्यं पर्वक्षौर-प्रणामयोः॥''

—निर्णयसिन्धुः

अर्थात्—व्यास पूजा निर्णय के सम्बन्ध में सन्यास पद्धति में कहा गया है कि पूर्णिमा तीन मुहूर्त्त होय, तो अगली लेनी चाहिए। कारण यह है कि पर्व, क्षौर और प्रणाम (अर्थात् पूजार्चना) में तीन मुहूर्त्त से अधिक तिथि ग्रहण करनी चाहिए।

कोकिला व्रत एवं शिवशयनोत्सव पर्व तो पहले ही आषाढ़ पूर्णिमा की संध्या एवं सायंकाल में करने का निर्देश है—

''अस्यामेव पौर्णमास्यां प्रदोष व्यापिन्यां श्री शिवस्य शयनोत्सवः॥''—धर्मसिन्धु

उपरोक्त शास्त्र वचनानुसार, व्यास पूजा, गुरु पूर्णिमा, कोकिला व्रत (गौरी पूजन), शिव शयनोत्सव आदि पर्वोत्सव 25 जुलाई, रविवार को मनाने ही शास्त्र सम्मत एवं उचित होंगे। ता. 26 जुलाई, सोमवार को पूर्णिमा प्रातः ३ घड़ी ०३ पल अर्थात् 7 बजकर 07 मिंट तक व्याप्त रहेगी। उसके पश्चात् श्रावण कृष्ण प्रतिपदा का आरम्भ हो जाएगा। जबकि 25 जुलाई, रविवार को पूरा दिन और पूरी रात तक व्याप्त रहेगी। ता. 25 जुलाई को ही गुरु पूर्णिमा उत्सवादित मनाना शास्त्र सम्मत एवं उचित होगा।

(2) रक्षा-बन्धन (24 अगस्त, मंगलवार)

रक्षा बन्धन का पवित्र कार्य भद्रा रहित अपराह्ण काल में करने का शास्त्र विधान है—

भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा श्रावणी नृपतिं हन्ति ग्रामं हन्ति च फाल्गुनीति॥

प्रस्तुत वर्ष 24 अगस्त, 2010 ई., मंगलवार को श्रावण पूर्णिमा के दिन रक्षा-बन्धन का पवित्र कार्य होगा, परन्तु इस दिन प्रातः 9 घं. 22 मिं. तक भद्रा व्याप्ति (भूलोक पर) रहेगी। अतएव प्रातः 9 घं. 22 मिं. तक के समय का बिल्कुल त्याग कर ही यह पर्व अपराहण काल में मनाना चाहिए। यद्यपि यह पर्व अपराह्ण काल में मनाने का शास्त्र-विधान है। (अपराह्ण काल के लिए देखें गतवर्षीय पंचांग) परन्तु आजकल ही व्यवस्थाओं के दृष्टिगत यदि सम्भव न हो तो भी भद्रा का त्याग तो आवश्यक ही है। 24 अग. को अपराह्ण काल लगभग 13 घं. 48 मिं. से 16 घं. 24 मिं. के मध्य रहेगा।

(3) श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत

1 सितम्बर—बुधवार-अर्द्धरात्रि व्यापिनी, रोहिणी योग
2 सितम्बर—गुरुवार-उदय व्यापिनी

श्रीमद्भागवत, भविष्यपुराण, अग्नि आदि पुराणों के अनुसार भगवान् श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण अष्टमी, बुधवार, रोहिणी नक्षत्र एवं वृष के चन्द्रमा कालीन अर्द्धरात्रि के समय हुआ था—

''सिंहराशिगते सूर्ये गगने जलदाकुले।
मासि भाद्रपदे-अष्टम्यां कृष्ण पक्षेऽर्ध रात्रके।
वृष राशि-स्थिते चन्द्रे नक्षत्रे रोहिणी युते।'' —भविष्यपुराण, उत्तरपर्व॥

सिद्धान्त ग्रन्थ धर्मसिन्धु में भी पूर्व विद्धा (सप्तमी युता) अर्द्धरात्रि कालीन भाद्र अष्टमी को ग्रहण करने की आज्ञा दी है—

''कृष्ण जन्माष्टमीऽयं निशीथ व्यापिनी ग्राह्या।''
पूर्व दिन एव निशीथ योगे पूर्वा॥ (धर्मसिन्धु)

पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली, राज. आदि के स्मार्त धर्मावलम्बी गृहस्थी लोग गत सहस्रों वर्षों से इसी परम्परा का अनुसरण करते हुए सप्तमी युक्ता अर्द्धरात्रिकालीन वाली अष्टमी को व्रत, जयोपासना आदि कृत्य करते आ रहे हैं, यथा-धर्मसिन्धु अनुसार—

''स्मार्तानां गृहिणी पूर्वा पोष्या, यतिर्भि निष्काम वनस्थे विधवाभिः वैष्णवैश्च परै वो पोष्या।''

ऋषि व्यास, नारद आदि ऋषियों के मतानुसार सप्तमी युक्त अष्टमी ही व्रत, पूजन आदि हेतु ग्रहण करनी चाहिए—

कार्या विद्धाऽपि सप्तम्यां रोहिणी सहिताष्टमी। तत्रोपवासं कुर्वीत तिथिमान्ते पारणम्॥

(नारद)

जबकि मथुरा, वृन्दावन सहित उ.प्र., बिहार, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में उदयकालिक अष्टमी के दिन ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाते आ रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्म-स्थली मथुरा को आधार मानकर मनाई जाने वाली श्रीकृष्ण अष्टमी के दिन ही अधिकांशतः केन्द्रीय सरकार छुट्टी की घोषणा करती है। साधारण गृहस्थी लोग भी छुट्टी एवं उत्सव के दिन ही व्रत रख लेते हैं जोकि शास्त्रविरुद्ध हो जाता है। वैष्णव सम्प्रदाय के अधिकांश लोग उदयकालिक नवमी युता श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को ग्रहण करते हैं—

वैष्णवास्तु अर्धरात्रि व्यापिनीमपि रोहिणी युतामपि सप्तमी विद्धां परित्यज्य नवमी युतैव ग्राह्या।

(तिथिनिर्णय)

प्रस्तुत वर्ष 1 सितम्बर, 2010 ई., बुधवार को प्रातः 10 घं. 50 मिं. से लेकर अगले दिन 2 सितम्बर, गुरुवार की प्रातः 10 घं. 42 मिं. तक अष्टमी तिथि व्याप्त रहेगी तथा 1 सितं. को

दोपहर 13 घं. 19 मिं. के बाद रोहिणी नक्षत्र का भी संयोग हो जाएगा जोकि अगले दिन दोपहर तक रहेगा। इस प्रकार 1 सितंबर, बुधवार की अर्द्धरात्रि के समय अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र, वृष का चन्द्रमा तथा चन्द्रोदय काल (23/12 घं. मिं.) इसी दिन होने से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत, पूजा, चन्द्रमा को अर्घ्य दान, झूला-झुलाना, श्रीकृष्ण कीर्तन आदि करने विशेष प्रशस्त होंगे। रोहिणी नक्षत्र एवं बुधवार को होने से इस दिन जयन्ती योग भी रहेगा।

2 सितं. को अष्टमी एवं रोहिणी नक्षत्र का संयोग केवल प्रातः सूर्योदय से 10 घं. 42 मिं. तक रहेगा। इसके बाद अर्द्धरात्रि में नवमी तिथि तथा मृगशिर नक्षत्र व्याप्त होने से जन्माष्टमी के व्रत, पूजन, अर्घ्यदान का विशेष अधिक पुण्य लाभ नहीं होगा।

सिद्धान्त ग्रन्थों में अधिकांशतः व्रत, पर्व, त्यौहारों को कर्मकाल विद्यमान तिथि के दिन ही करने के निर्देश दिए गए हैं। यथा—

तत्र सर्वातिथिः यदहः कर्मकाल व्यापिनी सैव ग्राह्या॥ (निर्णयसिन्धु)

अर्थात् जो तिथि कर्म के समय तक जिस दिन रहे, वही ग्रहण करनी चाहिए।

'गौतमी तन्त्र' में तो अर्ध रात्रिकालीन अष्टमी, यदि रोहिणी नक्षत्र युक्त हो, तो उस तिथि में किया गया व्रतोपवास, जप करोड़ों यज्ञों का फल देने वाला होता है। भाद्र. कृष्णाष्टमी रोहिणी नक्षत्र काल में यदि बुधवार का संयोग हो जाए तो वह जयन्ती नाम से विख्यात होती है। जन्म-जन्मान्तरों के पुण्यों से ऐसा योग प्राप्त होता है, जिसको जयन्ती उपवास का सौभाग्य मिलता है, उसके कोटि जन्मकृत पाप नष्ट हो जाते हैं।

''अष्टमी रोहिणी युक्ता चार्धरात्रे यदा भवेत्।
उपोष्य तां तिथिं विद्वान् कोटियज्ञ फलं लभेत्॥
सोमाह्नि बुधवासरे वा अष्टमी रोहिणी युता।
जयन्ती सा समाख्यता सा लभ्या पुण्य सञ्चयैः।
तस्यामुपोष्य यत्पापं लोकः कोटिभवोद् भवम्।
विमुच्य निवसेद् विप्र वैकुण्ठे विरजे पुरे॥'' (गौतमी तन्त्र)

इस प्रकार 1 सितम्बर, बुधवार को ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का कर्मकाल, अर्द्धरात्रि अष्टमी, वृषस्थ चन्द्र, चन्द्रोदय काल, रोहिणी नक्षत्र एवं च बुधवार का संयोग है, क्योंकि उसी समय से पूर्व श्रीकृष्ण के निमित्त व्रत, जन्म कालान्तर बालरूप पूजा, झूला-झुलाना, चन्द्र को अर्घ्यदान, जागरण-कीर्तन का विधान होगा।

अगले दिन 2 सितम्बर, गुरुवार की अर्द्धरात्रि के समय अष्टमी तिथि का अभाव है, अतः 1 सितम्बर को छोड़कर इस दिन व्रत, उत्सव करना किसी भी प्रकार न्याय संगत नहीं लगता। हमारे मतानुसार 2 सितं. को भी श्रीकृष्ण स्तोत्र पाठ, ध्यान, कीर्तनादि करके इन पुण्य सुअवसरों का लाभ उठाना चाहिए। व्रत एवं उत्सव तो 1 सितम्बर, बुधवार को ही ... [illegible]

(4) दूर्वाष्टमी (2 सितम्बर, गुरुवार)

भविष्य-पुराणानुसार यह व्रत भाद्र. शुक्लाष्टमी को धन-सम्पत्ति, सौभाग्य, दाम्पत्य एवं पुत्र सन्तान सुख की कामना से किया जाता है। शास्त्र-वचनानुसार भा. शु. अष्टमी के समय यदि अगस्त्य तारा उदय हो चुका हो अथवा कन्या का सूर्य हो, तो शास्त्रानुसार दूर्वाष्टमी पूर्ववर्ती किसी अन्य मास की अष्टमी (भाद्र. कृष्ण या श्रावण शुक्लाष्टमी) में यह व्रत करना चाहिए, जबकि अगस्त्य तारा अदृश्य (अस्तंगत) हो—

सिंहार्के एव कर्त्तव्या न कन्याऽर्के कदाचन।
सिंहस्थे सोत्तमा सूर्येऽनुदिते मुनिसत्तम्॥ —स्कंद पुराण
''इदं दूर्वा पूजनं व्रतं कन्याऽर्केऽगस्त्योदये च वर्ज्यम्॥'' (धर्मसिन्धु)

संवत् २०६७ में ता. 4 सितम्बर को भाद्र. शुक्लाष्टमी से पूर्व ही अगस्त्य तारा उदित हो चुका है। इस स्थिति में भाद्रपद कृष्णाष्टमी अर्थात् 2 सितं., गुरुवार, 2010 ई० को दूर्वाष्टमी का व्रतादि करें। भाद्रपद मास (सिंह के सूर्य) में करना प्रशस्त होता है।

(5) आश्विन कृष्ण एकादशी/द्वादशी के श्राद्ध

आश्विन कृष्ण पक्ष (पितृ-पक्ष) में मृत व्यक्ति की जो तिथि आए, उस तिथि में पार्वण श्राद्ध करने का विधान है। पार्वण श्राद्ध में पिता, पितामह, प्रपितामह, सपत्नीक अर्थात् माता, दादी और परदादी सहित छः जनों का श्राद्ध होता है। इन्हें अपराह्ण व्यापिनी मृत्युतिथि के दिन करने का निर्देश है।

यथा—पूर्वाह्ने मातृकं श्राद्धमपराह्ने तु पैतृकम्।
एकोदिदिष्टं तु मध्याह्ने प्रातर्वृद्धि निमित्तकम्॥

इस वर्ष एकादशी एवं द्वादशी का श्राद्ध-दोनों तिथियां 4 अक्तूबर को ही अपराह्ण—व्यापिनी है। द्वादशी तिथि 4 अक्तू. को 14 घं. 10 मिं. से प्रारम्भ होगी। जबकि अपराह्ण काल 13 घं. 26 मिं. से 15 घं. 45 मिं. तक रहेगा। ता. 5 अक्तू. को द्वादशी तिथि अपराह्ण व्यापिनी नहीं रहेगी। अतएव इस वर्ष एकादशी एवं द्वादशी-दोनों का महालय श्राद्ध 4 अक्तूबर को ही होगा।

(6) प्रदोष व्रत (कार्तिक कृष्ण पक्ष)

कार्तिक कृष्ण पक्ष में प्रदोषव्यापिनी त्रयोदशी वाले दिन प्रदोषव्रत किया जाता है। जिस दिन प्रदोष काल को व्याप्त करे, उस दिन यह व्रत ग्रहण करना चाहिए—

वैषम्येण एकदेश स्पर्शे तदाधिक्यवती पूर्वाऽपि ग्राह्या॥ (धर्मसिन्धु)

इस वर्ष कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी 3 नवं. को 19 घं. 00 मिं. से 4 नवं. को 15 घं. 58 मिं. तक व्याप्त है। ता. 3 नवं. को प्रदोष काल सूर्योस्त (17 घं. 35 मिं.) से 20 घं. 14 मिं. तक ... 19 घं. 00 मिं. से 20 घं. 14 मिं. तक त्रयोदशी प्रदोष, काल से युक्त रहेगी। अतः इसी दिन (3 नवंबर) को ही प्रदोष ... [illegible]

(7) धन त्रयोदशी (3 नवबंर, बुधवार)

धन त्रयोदश (धनतेरस) कार्तिक कृष्ण त्र्योदशी को मनाई जाती है। इस दिन चाँदी, पीतल आदि का बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। इस दिन सायंकाल के समय घर के मुख्य दरवाज़े पर यमराज के निमित्त दक्षिणाभिमुख करके एक दीपक तेल से भरकर प्रज्वलित करे और गन्धाक्षतादि से पूजन करके एक पात्र में अनाज रखकर उस पर प्रज्वलित दीप रख देवे।

कार्तिकस्यासिते पक्षे त्रयोदश्यां निशामुखे।
यम दीपं वह्णिर्दद्यात् अपमृत्यु विनश्यति॥

यह पर्व सूर्यास्त मान के पीछे तीन मुहूर्त्त (छः घड़ी) प्रदोष व्यापिनी त्र्योदशी ग्रहण करनी चाहिए—

तत्र सूर्यस्तमानोत्तर त्रिमुहूर्त्तात्मक प्रदोष-व्यापिनी त्रयोदशी ग्राह्या॥ (धर्मसिन्धु)

3 नवंबर को सायं 7 बजे के बाद प्रदोष काल व्याप्त है। अतएव सायं 7 बजे के बाद यमायदीप दानादि कृत्य करने शुभ होंगे।

दूसरे 4 नवंबर, गुरूवार को त्रयोदशी यद्यपि दुपैहर 3 बजकर 58 मिनट तक विद्यमान है, परन्तु इस दिन प्रदोषकाल का अभाव है। तथापि इस दिन दुपैहर (3/58) से पहले 2 चांदी, पीतल आदि बर्तनों का क्रय कर सकते हैं।

(8) श्रीहुनमान जयन्ती (उ. भारत)

व्रत रत्नाकर अनुसार आश्विन (कार्तिक) कृष्ण चतुर्दशी, भौमवार की महानिशा (अर्धरात्रि) में अञ्जना देवी के उदर से श्रीहनुमान जी का जन्म हुआ था।

आश्विनस्यासिते पक्षे भूतायां च महानिशि।
भौमवारेऽञ्जनादेवी हनूमन्तमजीजनत्॥

प्रस्तुत वर्ष 4 नवंबर, 2010 ई. को कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी निशीथव्यापिनी है, अतएव हनुमान जयन्ती पर्व इसी दिन मनाना शुभ होगा। यह हनुमान जयन्ती अधिकांश उपासक उत्तर भारत में परम्परा अनुसार मनाते हैं और व्रत करते हैं, परन्तु शास्त्रान्तर में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को हनुमज्जन्म का उल्लेख किया है, जोकि दक्षिण भारत में मनाई जाती है।

(9) बली पूजा, गोवर्धन—अन्नकूट पूजा (6 नवम्बर)

सामान्यतः कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाने का विधान है।
अस्यां प्रतिपदि बलि पूजा दीपोत्सवो ग्रोक्रीडनं गोवर्धन पूजा॥— धर्मसिन्धु

परन्तु शास्त्र वचनानुसार जिस प्रतिपदा तिथि में चन्द्रदर्शन हो अथवा चन्द्रदर्शन होने की सम्भावना हो, तो उस द्वितीया युक्त प्रतिपदा में गोक्रीडन, गोवर्धन पूजा एवं बली पूजा आदि कृत्य नहीं करने चाहिएं। ऐसा करने से सभी पुत्रादि का क्षय, धन हानि एवं राजा का क्षय होने का भय होता है। उस स्थिति में पूर्व विद्धा अर्थात् **अमा. युक्ता प्रतिपदा** को ही बली पूजा, गोपूजा, गोवर्धन पूजा आदि कृत्य करने होंगे।

अपरंच—गवां क्रीड़ादिने यत्र रात्रौ दृश्येत् चन्द्रमाः।
सोमो राजा पशून् हन्ति सुरभिः पूजा कांस्तथा॥ —पुराण समुच्चय।

उपरोक्त शास्त्र वचनानुसार गोवर्धन पूजा, बली पूजा, अन्नकूटादि कृत्य ता. **6 नवम्बर, शनिवार** को ही **प्रशस्त** होंगे। ता. 7 नवं. रविवार को चन्द्रदर्शन होने के कारण उपरोक्त कृत्यों का निषेध रहेगा। परन्तु ता. **6 नवं. को प्रातः 10 बजकर 22 मिंट अमावस के उपरान्त** शुरु होने वाली प्रतिपदा को ही अन्नकूट, गोवर्धन पूजा का पर्व होगा। आवश्यक परिस्थितिवश,श्री मद्भागवत के अनुसार, सूर्योदय कालिक कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा. 7 नवं. रविवार के दिन विविध पकवान बनाने एवं वितरण का उत्सव मना सकते हैं, परन्तु पूजनादि कृत्य 6 नवं. को ही प्रशस्त होंगे।

(10) यम द्वितीया/भ्रातृदूज (7 नवम्बर, रविवार)

मध्याह्न व्यापिनी कार्तिक द्वितीया तिथि को भाई-दूज (यम द्वितीया) का पर्व मनाया जाता है।

कार्तिक शुक्ल द्वितीया यमद्वितीया/भातृ द्वितीया सा पूर्वविद्धा अपराह्न व्यापिनी ग्राह्या॥
—(व्रतराज)

द्वितीया तिथि का क्षय हुआ है। अतः 7 नवं. रविवार को ही 8 बजकर 07 मिंट के बाद (प्रतिपदा के बाद) अभिजित् अथवा मकर लग्न में (बहिन द्वारा भाई को तिलक करना शुभप्रद) पर्व मनाना प्रशस्त होगा।

(11) तुलसी विवाह

यह पर्व कार्तिक शुक्ल एकादशी या द्वादशी तिथि में विवाह नक्षत्र काल में करने का विधान है—

एकादश्यादि पूर्णिमान्ते यत्र क्वापि दिने कार्तिक शुक्लान्तर्गतविवाह
नक्षत्रेषु वा विधानादनेक कालत्वं तथापि पारणाहे
प्रबोधोत्सव कर्मणा सह...............॥ (धर्म सिन्धु)

तुलसी विवाह एका. व्रत के पारणा वाले दिन रात्रि के प्रथम भाग में करने का निर्देश है, (रात्रि प्रथम भागे प्रशस्तः)

तद्नुसार 18 नवं. गुरुवार को विवाह नक्षत्र रेवती में तुलसी विवाह करना प्रशस्त होगा। इसी दिन श्री हरि का प्रबोध उत्सव भी मनाने की परम्परा है।

नोट—इन दिन गए त्यौहारों-पर्वों के निर्णय के अतिरिक्त यदि किसी को किसी पर्व सम्बन्धी शंका हो, तो पत्र भेजकर हमसे निर्णय ले सकते हैं

—पं. विवेक शर्मा, जालन्धर (पं.)

करवाचौथ के दिन मुख्य नगरों का चन्द्र-उदय

(26 अक्तूबर, 2010 ई., मंगलवार)

पंचांगदिवाकर के पाठक सम्पूर्ण भारत में है। ग्रह-स्पष्ट तथा पक्ष वाले पृष्ठों पर केवल जालन्धर के चन्द्रोदयास्त दिए रहते हैं। 'पंचांगदिवाकर' के पाठकों लाभार्थ भारत के प्रमुख नगरों के करवा-चौथ (26 अक्तू.) वाले दिन का चन्द्रोदय दे रहे हैं। —पं. पंकज शर्मा (एम.कॉम)

नगर	चंद्रोदय घं. मिं.	नगर	चंद्रोदय घं. मिं.	नगर	चंद्रोदय घं. मिं.
अमृतसर	19-59	जीन्द (हरि.)	20-02	बिलासपुर (हि.प्र.)	19-54
अम्बाला	19-56	जोधपुर	20-24	भठिण्डा	20-04
अर्की (हि.प्र.)	19-52	जगाधरी (हरि.)	19-55	भुवनेश्वर	19-47
अहमदाबाद (गु.)	20-33	टोहाना (हरि.)	20-00	भिवानी (हरि.)	20-03
अगरतला	19-16	डोडा (का.)	19-53	मण्डी (हि.प्र.)	19-50
आगरा	20-00	डलहौज़ी (हि.प्र.)	19-52	मलेरकोटला	19-58
अबोहर (पं.)	20-07	दार्जिलिंग (बं.)	19-20	मुम्बई	20-42
इलाहाबाद	19-51	दिल्ली	19-58	मुगलसराय (उ.प्र.)	19-51
इटावा (उ.प्र.)	19-57	देहरादून	19-52	मेरठ	19-56
इन्दौर (म.प्र.)	20-20	दुर्ग (छत्ती.)	20-04	मोगा (पं.)	20-00
अखनूर (का.)	19-55	दीनानगर (पं.)	19-56	मुक्तसर	20-06
उज्जैन	20-20	धर्मशाला (हि.प्र.)	19-52	मोहाली	19-53
उधमपुर (का.)	19-54	धूरी (पं.)	19-59	रामपुरबुशैहर	19-49
ऊना (हि.प्र.)	19-54	नागपुर (महा.)	20-12	रायपुर (छत्ती.)	20-02
कठुआ (का.)	19-56	नाभा (पं.)	19-59	रिवाड़ी (हरि.)	20-03
कपूरथला	19-58	नाहन (हि.प्र.)	19-53	रोपड़ (पं.)	19-55
करतारपुर	19-58	नारनौल (हरि.)	20-05	रोहतक	20-00
कलकत्ता	19-26	नालागढ़ (हि.प्र.)	19-56	लखनऊ	19-49
कांगड़ा	19-53	नैनीताल (उत्तरा.)	19-49	लुधियाना	19-57
कालका (हरि.)	19-53	नवांशहर (पं.)	19-56	लाडवा (हरि.)	19-56
किश्तवाड़ का.)	19-52	नंगल (पं.)	19-55	वाराणसी	19-47
कुराली	19-55	पठानकोट	19-55	शिमला	19-52
कुरुक्षेत्र (हरि.)	19-57	पटियाला	19-58	श्रीनगर	19-53
कुल्लू (हि.प्र.)	19-49	पंचकूला (हरि.)	19-53	संगरूर	20-00
कैथल (हरि.)	19-58	पानीपत	19-59	सहारनपुर	19-54
कोटखाई (हि.प्र.)	19-50	पिहोवा (हरि.)	19-58	सोलन (हि.प्र.)	19-52
खन्ना (पं.)	19-55	पटना	19-35	सुनाम (पं.)	20-01
गाज़ियाबाद	19-56	पालमपुर (हि.प्र.)	19-52	सोनीपत	19-59
गुड़गांव (हरि.)	20-00	पुँछ (का.)	19-55	सरकाघाट (हि.प्र.)	19-53
गुरदासपुर	19-55	फगवाड़ा	19-58	सुन्दरनगर	19-51
गुवाहाटी	19-08	फरीदकोट	20-02	हमीरपुर (हि.प्र.)	19-52
चण्डीगढ़	19-54	फिरोज़पुर	20-02	हरिद्वार	19-51
चम्बा (हि.प्र.)	19-51	फाज़िल्का	20-08	हैदराबाद	20-29
चमौली (उत्तरां.)	19-47	फरीदाबाद	20-10	होशियारपुर	19-55
चेन्नई	20-21	बटाला	19-57	हिसार	20-04
जम्मू	19-55	बरेली (उ.प्र.)	[illegible]	हाथरस	19-58

दीपावली (श्रीमहालक्ष्मी पूजन)

(5 नवम्बर, शुक्रवार)

श्रीमहालक्ष्मी पूजन एवं दीपावली का महापर्व कार्तिक कृष्ण अमावस में प्रदोष काल एवं अर्द्धरात्रि व्यापिनी हो, तो विशेष रूप से शुभ होती है।

कार्तिकस्यासिते पक्षे लक्ष्मीर्निदां विमुञ्चति।
स च दीपावली प्रोक्ता: सर्वकल्याणरूपिणी॥ ज्योतिर्निबन्ध

लक्ष्मी पूजन, दीपदानादि के लिए प्रदोषकाल ही विशेषतया प्रशस्त माना गया है—

कार्तिके प्रदोषे तु विशेषेण अमावस्या निशावर्धके।
तस्यां सम्पूज्येत् देवीं भोगमोक्षं प्रदायिनीम्॥

प्रस्तुत वर्ष कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस का संयोग दो दिन हो रहा है। ता. 5 नवं., शुक्रवार को चतुर्दशी दुपैहर 13 घं. 02 मिं. तक है, तत्पश्चात् अमावस उपराह्न, सायं एवं प्रदोष व्यापिनी होगी। अर्द्धरात्रि व्यापिनी अमावस भी इसी दिन होने से दीपावली पर्व 5 नवं., शुक्रवार को होगा। 6 नवं., शनिवार को अमावस प्रात: 10 घं. 22 मिं. तक रहेगी। उसके पश्चात् प्रतिपदा (रात्रि पर्यन्त) होने से अन्नकूट व गोवर्धन पूजा का पर्व 6 नवं. को प्रशस्त होगा।

दीपावली की शाम (प्रदोषकाल) में स्नानादि के उपरान्त, स्वच्छ वस्त्राभूषण धारण करके धर्मस्थल पर मन्त्रपूर्वक दीपदान करके अपने निवास स्थान पर श्रीगणेश सहित महालक्ष्मी, कुबेर, महाकाली पूजन आदि करके अल्पाहार करना चाहिए। तदुपरान्त यथा उपलब्ध निशीथ आदि शुभ मुहूर्तों में मन्त्र-जप, यन्त्र सिद्धि आदि अनुष्ठान सम्पादित करने चाहिएं। दीपावली पूजन के पश्चात् गृह में चौमुखा दीपक रात्रिभर प्रज्वलित रहना सौभाग्य एवं लक्ष्मी वृद्धि का द्योतक माना जाता है।

प्रस्तुत वर्ष दीपावली का पर्व 5 नवम्बर, शुक्रवार की अमावस, स्वाती नक्षत्र, प्रीति योग व रात्रि को आयुष्मान योग कालीन घटित होगी। दीपावली पूजन में अमावस तिथि, प्रदोष, निशीथ एवं महानिशीथ काल तथा तुला का सूर्य व तुला राशि का चन्द्रमा विशेष महत्त्वपूर्ण माने जाते हैं। यह सब काल महालक्ष्मी, श्रीगणेश, कुबेर, महाकाली पूजन एवं जपादि अनुष्ठान की दृष्टि से विशेष प्रशस्त एवं शुभ माने जाते हैं। दीपावली को रात्रि-जागरण करते हुए श्रीविष्णुसहस्रनाम, श्री लक्ष्मीसूक्त, श्रीसूक्त, पुरुषसूक्त आदि एवं श्रीरामरक्षास्तोत्र का पाठ करना प्रशस्त होता है।

● **प्रदोष काल**—5 नवम्बर को जालन्धर में सूर्यास्त से लेकर 2 घण्टे 39 मिनट पर्यन्त प्रदोषकाल रहेगा। (प्रत्येक नगर के रात्रिमान के अनुसार इसका समय निर्धारण करें—देखें गतवर्षीय पंचांगदिवाकर २०६५ या २०६६) जालन्धर में प्रदोषकाल सायं 17 घं. 33 मिं. से रात्रि 20 घं. 12 मिं. तक रहेगा।

सायं 18 घं. 07 मिं. तक मेष लग्न, तदुपरान्त 18 घं. 07 मिं. से 20 घं. 01 मिं. तक वृष लग्न विशेषत: प्रशस्त होगा।

[illegible] वृष लग्न, स्वाती नक्षत्र, आयुष्मान योग, तुला के सूर्य-चन्द्र होने से अत्यन्त शुभ काल रहेगा।

अतएव रात्रि 18 घं. 07 मिं. से 20 घं. 01 मिं. के मध्य मन्दिर में दीप प्रज्वलित करना तथा श्रीमहालक्ष्मी पूजन प्रारम्भ करना शुभ रहेगा। क्योंकि आगे रात्रि 20 घं. 51 मिं. से रात्रि 22 घं. 32 मिं. के मध्य लाभ की चौघड़ियां भी रहेंगी। इसलिए इस योग में दीपदान, श्रीमहालक्ष्मी पूजन, कुबेर पूजन, बही-खाता पूजन, धर्म एवं गृह स्थलों पर दीप प्रज्वलित करना, ब्राह्मणों तथा अपने आश्रितों को भेंट, मिष्ठान्नादि बांटना शुभ होगा।

✤ **निशीथ काल**—5 नवं., शुक्रवार को जालन्धर में निशीथ काल रात्रि 20 घं. 12 मिं. से 22 घं. 51 मिं. तक रहेगा।

इस दौरान 20 घं. 01 से 20 घं. 12 मिं. तक वृष लग्न, तदुपरान्त 22 घं. 15 मिं. तक मिथुन तथा फिर 22 घं. 15 मिं. से कर्क लग्न रहेगा। ध्यान रखें, 20 घं. 51 से 22 घं. 32 मिं. तक लाभ की चौघड़ियां रहने से निशीथ काल ओर अधिक प्रशस्त हो जाएगा।

अतएव जिन्होंने प्रदोष एवं वृष लग्न में पूजन प्रारम्भ न किया हो, उनके लिए लाभ-चौघड़ियां तथा निषीथ काल का संयोग भी अत्यन्त शुभ रहेगा। (20 घं. 51 मिं. से 22 घं. 32 मिं. तक)। इस अवधि में श्रीमहालक्ष्मी पूजन, महाकाली पूजन, लेखनी, कुबेरादि पूजन, श्रीसूक्त, लक्ष्मीसूक्त, पुरुषसूक्त तथा अन्य मन्त्रों का जपानुष्ठान करना चाहिए।

✤ **महानिशीथकाल**—रात्रि 22 घं. 51 मिं. से 25 घं. 30 मिं. तक महानिशीथकाल रहेगा। इस समयावधि में कर्क लग्न 24 घं. 38 मिं. तक रहेगा, जोकि विशेष रूप से प्रशस्त रहेगा। सिंह लग्न भी महानिशीथ काल व्याप्त होने से ग्राह्य रहेगा। महानिशीथ काल में 24 घं. 11 मिं. से 25 घं. 52 मिं. तक शुभ-चौघड़ियां भी रहेंगी। महानिशीथ काल में श्रीलक्ष्मी, महाशक्ति काली उपासना, यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रादि क्रियाएं, विशेष काम्य प्रयोग, तन्त्र अनुष्ठान व यज्ञादि किए जाते हैं।

नोट—अपने स्थानीय नगर में चौघड़ियां मुहूर्त्त (समय) जानने के लिए पृष्ठ 235 देखें तथा महालक्ष्मी पूजन एवं साधना के लिए प्रशस्त वृष एवं कर्क लग्न के लिए पृष्ठ 249, 250, का अवलोकन कर निकालें।

ज्वालामुखी योग

ज्वालामुखी योग अत्यन्त अनिष्ट-कारी योगों में से एक माना गया है। इसमें आरम्भ किए कार्य में बार-बार विघ्न पड़ते है। इसके सम्बन्ध में निम्नलिखित लोकोक्ति का प्रचलन है—

जन्मे तो जीवे नहीं, बसे तो उजड़े गांव, नारी पहने चूड़ियाँ, पुरुष विहीनी होय।
बोवे तो काटे नहीं, कूएँ उपजे न नीर॥

यद्यपि यह लोकोक्ति अतिशयाक्तपूर्ण हो सकती है परन्तु इसके अशुभ प्रभाव के सम्बन्ध का उल्लेख कई ग्रन्थों में मिलता है। **ज्वालामुखी योगानुसार यदि बालक इस योग में पैदा हो तो उसे अरिष्ट योग** होता है। यदि इस योग में विवाह किया जाए तो वैधव्य का भय होता है। यदि बीजवपन किया जाए तो फसल अच्छी नहीं होती तथा जल आदि हेतु कुआँ खोदा जावे तो जलाशय (कूआँ) शीघ्र सूख जाए- यदि कोई रोग ग्रस्त हो जल्दी ठीक न हो—इत्यादि अशुभ फल घटित होते हैं।

20 मार्च	५	भर.	प्रात: 6/32 से 12/47
23 अप्रै.	१०	अश्ले.	प्रात: 8/37 से 13/52 तक
1 सितं.	८	कृति	प्रात: 10/51 से 13/19 तक
2 सितं.	९	रोहि.	प्रात: 10/43 से 13/47 तक
6 दिसं.	१	मूला	सायं 17/56 से 22/20 तक
11 फर. 2011	८	कृति.	प्रात: 9/50 से रात्रि 25/26 तक
12 फर.	९	रोहि.	प्रात: 11/30 से 26/07 तक
9 मार्च	५	भर.	दोप. 14/09 से 10 मार्च 14/13 तक

होमादि में अग्निवास जानना

किसी भी प्रकार के हवन या यज्ञारम्भ करने से पूर्व अथवा नव-वधू द्वारा पहली बार भोजन बनाने के समय अग्नि का वास अवश्य देखा जाता है।

शुक्ल प्रतिपदा से गिनकर वर्तमान तिथि में 1 जोड़ें, इसमें वर्तमान वार की संख्या (रविवार से प्रारम्भ करके) को जोड़े और फिर उस संख्या को 4 द्वारा भाग देवें—

यदि शेष 3 या 0 बचे, तो अग्नि का वास पृथ्वी पर होता है, उस दिन होम करना शुभ होता है, उससे सुख, लाभ मिलता है। यदि शेष 2 बचें तो अग्नि का वास पाताल में होता है, इस दिन होम करने से धन का अपव्यय होता है। यदि भाग देने के बाद 1 शेष बचे तो अग्नि का वास आकाश में होता है। इसमें होम करना अशुभ होता है।

अग्निवास का परिहार—

विवाहयात्रा व्रत गोचरेषु चूड़ोपनीति ग्रहणे युगादौ।
दुर्गा विधाने सुत प्रसूते नैवाग्नि चक्रं परिचिन्तनीयम्॥

अर्थात् नित्य नैमित्तिक कार्य, जन्म व मृत्यु के समय, विवाह मेंऽ, यात्रा आरम्भ या यात्राकाल में, व्रतोद्यापन में ग्रहों की अनिष्ट गोचर स्थिति में मुण्डन, उपनयादि संस्कार में, ग्रहण शान्ति, रोग-पीड़ा की शान्ति, नवरात्र-दुर्गा-पूजा, पुत्रादि सन्तान जन्म काल में अग्निवास का विचार नहीं किया जाता।

—वार अनुसार शुभ कार्य—

✦ **गर्गाचार्य अनुसार**

सोने के आभूषणों के कार्यों में **रविवार** एवं **मंगलवार** शुभ फलकारी होते हैं। तथा **शनिवार** के दिन लोहे का कार्य करने पर शुभफल की प्राप्ति होती है—

काञ्चनाभूषणे प्रशस्तौ भौम मार्तण्डौ, रविजो लोह कर्माणि॥ १५॥ गंगाचार्य

✦ क्षीणचन्द्र का दिन और **शनि व मंगल** के वक्री होने के दिन शुभ नहीं होते हैं।

तारा अस्त और विकार से युक्त वार के दिन भी अभीष्ट (अच्छे) नहीं होते अर्थात् अशुभ होते हैं—

क्षीणेन्दु सौरि कुज वक्रि दिने न शस्तं शस्तं च कर्म यदि चोपचयस्थिताः स्युः।

✦ **अस्तङ्गतस्य विकृतस्य च नेष्टमह्नि**
सर्वं प्रशस्तमिह शेषदिनेशवराणाम् ॥ १७॥

तथा अस्त व विकार युक्त वार के दिन अभीष्ट नहीं होते—अर्थात् अशुभ होते हैं, शेष शुभ होते हैं।

✦ मंगलवार को कर्ज लेने से बचना चाहिए। तथा बुधवार के दिन कर्जा देना नहीं चाहिए। मंगलवार के दिन ऋण वापिस करना और बुधवार के दिन संग्रह करना चाहिए यथा—

ऋणं भौमे न गृह्णीयात् न देयं बुधवासरे।
ऋणच्छेदं कुजे कुर्यात् सञ्चयं सोमनन्दने॥ (ज्योतिः सार)

वि. संवत् २०६७ में वैशाख अधिक मास का फल (15 अप्रैल से 14 मई, 2010 ई. तक)

विक्रमी सम्वत् २०६७ (सन् २०१०-११ ई.) में एक चान्द्र मास की वृद्धि हो रही है, जिससे प्रस्तुत सम्वत् १२ मास की अपेक्षा १३ मास का होगा। **'सिद्धान्तशिरोमणि'** नामक ग्रंथ के रचयिता श्री भास्कराचार्य के अनुसार जिस चान्द्र मास में सूर्य की संक्रान्ति नहीं होती, उसी मास को **अधिक मास** कहा जाता है। सिद्धान्त शिरोमणि के अनुसार—

असंक्रान्तिमासोऽधिमासः स्फुटः स्यात्, द्विसंक्रान्ति मासः क्षयाख्यः कदाचित्॥

संक्रान्ति रहित मास को अधिक मास के अतिरिक्त मलमास या **पुरुषोत्तम मास** भी कहा जाता है। **सम्वत् २०६७ में चान्द्र वैशाख मास** के दोनों पक्षों (कृष्ण एवं शुक्ल) में सूर्य संक्रान्ति का अभाव होने से वैशाख को ही अधिक या मलमास के नाम से जाना जाएगा। **वैशाख अधि. मास की विद्यमानता 15 अप्रैल से 14 मई सन् 2010 ई. तक रहेगी।**

मलमास का मतलब निन्दित एवं वर्जनीय मास नहीं, बल्कि मनुष्य के निन्दनीय पाप कर्मों को प्रवाहित गंगाधारा में धो डालने वाला मास ही **'मलमास'** कहलाता है, क्योंकि इस मास को भगवान् विष्णु ने स्वयं अपना नाम **'पुरुषोत्तम'** देकर कहा है कि अब मैं इस मास का स्वामी हो गया हूँ, और इसके नाम समस्त जगत् पवित्र होगा तथा मेरी सादृश्यता को प्राप्त करके यह मास अन्य सब मासों का अधिपति होगा। यह जगत्पूज्य और जगत् में वन्दनीय होगा। पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन स्नान, दान, जपादि करने से लोगों के दुःख-शोक, पाप और दारिद्रय का निवारण हो जाता है तथा नियमपूर्वक संयमित रहकर भगवान् की विधिपूर्वक पूजार्चन करने से आलौकिक आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है, तथा मृत्यु के बाद किसी प्रकार की अधोगति का भय नहीं रहता।

श्री पुरूषोत्तम मास में भगवान् के तैंतीस स्वरूपों (श्रीविष्णु, नारायण, पुरूषोत्तम, श्रीकान्त, श्रीपति, वासुदेव, गिविक्रम आदि) की प्रसन्नता के लिए कांसे के पात्र में घृत, गुड़, सुवर्ण, ताम्रादि बर्तन, वस्त्र, दक्षिणा के साथ तैंतीस मालपूओं का दान धर्मस्थान पर स्थित ब्राह्मण को देने चाहिएँ। इसके अतिरिक्त श्रीपुरुषोत्तम माहात्म्य का कथा-श्रवण, श्री रामायण, श्रीमद्भगवत् गीता, या रूद्राभिषेक का पाठ या भगवान् श्री विष्णु स्तोत्र पाठ करना शुभ होता है। महर्षि वाल्मीकि ने अधिक पुरुषोत्तम मास के व्रत-नियमों के सम्बन्ध में कहा है कि इस मास में बथुआ, ककड़ी, केला, कटहल, जीरा, सोंठ, इमली, सुपारी, आँवला, सेंधा नमक आदि हविष्यान्न का भोजन करना चाहिए। सब प्रकार के अभक्ष्य वस्तुओं एवं तामसिक अन्न का त्याग करना चाहिए। परान्न एवं परस्त्री का सेवन भूलकर भी नहीं करना चाहिए। ताम्बे के बर्तन में गाय का दूध, चमड़े में रखा हुआ पानी और केवल अपने लिए पकाया हुआ अन्न दूषित माना गया है। अतएव इनका त्याग करना चाहिए। सम्पूर्ण मास भूमि पर शयन और एक ही समय (एकभुक्त) सादा एवं सात्विक भोजन करना चाहिए। इस मास में नित्यकर्म के पश्चात् भगवान् पुरुषोत्तम (श्रीविष्णु) का श्रद्धापूर्वक पूजन व मंत्र जाप, कीर्तन व स्तोत्र पाठ करना चाहिए। इस मास में गीता, पुराण एवं प्रामाणिक ग्रंथों का दान, वस्त्रदान, अन्नदान, भूमिदान आदि का विशेष महत्त्व होता है।

ज्योतिष शास्त्राचार्यों द्वारा वैशाख आदि अधिमास में चूड़ाकर्म, गृहप्रवेश, विवाह आदि शुभ कार्यों का निषेध कहा गया है। गर्गाचार्य के मत अनुसार—

अग्न्याधेयं प्रतिष्ठां च यज्ञो दानव्रतानि च। वेदव्रतवृषोत्सर्ग चूडाकरण मेखलाः।
गमनं देवतीर्थानां विवाहमभिषेचनम्। यानं च गृहकर्माणि मलमासे विवर्जयेत्॥

धर्मसिन्धु अनुसार भी अधिक मास (मलमास) में विवाह आदि कार्यों के सम्पादन का निषेध कहा गया है—

गृहप्रवेशश्चूडामौंजीबन्ध विवाहस्तीर्थादि यात्रा वास्तु कर्म [illegible]

उपरोक्त शास्त्र वचनों को ध्यान में रखते हुए हमने पंचाँग दिवाकर २०६७ में वैशाख अधि मास 15 अप्रैल से 14 मई, 2010 के मध्य तथा तदनन्तर 14 मई से 27 मई तक द्वितीय **वैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदश दिनात्मक** (अर्थात् 13 दिन का) पक्ष होने से विवाह आदि शुभ मुहूर्त्त नहीं लगाए गए हैं।

संवत् २०६७ में त्रयोदश (१३) दिनात्मक पक्ष का फल

विक्रमी सम्वत् २०६७ में तिथियों की प्रत्यक्षगणित की गणना के कारण **द्वितीय (शुद्ध) वैशाख शुक्ल पक्ष** (15 मई से 27 मई, 2010 ई.) के मध्य तेरह दिन का पक्ष आ रहा है। इसका फल अशुभ माना गया है।

सामान्यतः सूर्य और चन्द्रमा की स्पष्ट गणित प्रक्रिया के कारण भारतीय पंचांगों में कृष्ण अथवा शुक्ल पक्षों के अन्तर्गत प्रतिवर्ष पक्ष के दिन १४, १५ अथवा १६ दिन आ जाते हैं—अर्थात् पक्ष में कोई तिथि क्षय हो जाने की स्थिति में १४ दिन, तिथि वृद्धि होने पर १६ दिन तथा तिथि क्षय या वृद्धि न होने की स्थिति में १५ दिन ही होते हैं। कई बार चन्द्र और सूर्य **की स्पष्ट गणित प्रक्रिया के कारण** किसी पक्ष में दो बार तिथि का क्षय हो जाने से १३ दिन का पक्ष भी आ जाता है। इसको **विश्वघस्र** पक्ष भी कहते हैं। **महाभारत में भी तेरह दिन के** पक्ष के अशुभत्व के सम्बन्ध में वर्णन मिलता है। अन्य शास्त्रकारों ने भी त्रयोदश दिनात्मक पक्ष के अशुभत्व के विषय में अनेकत्र प्रमाण मिलते हैं, यथा—

अनेक युग साहस्रयां दैवयोगात् प्रजायते। त्रयोदश दिने पक्षः तदा संहरते जगत्॥

अर्थात् कई एक युगों में प्रजा का नाश करने के निमित्त तेरह दिन का पक्ष आता है, अर्थात् जिस पक्ष में तेरह दिन हों, वह पक्ष लोगों में क्लिष्ट रोग उत्पादक, महँगाई, विग्रह, उपद्रव एवं हिंसा आदि अशुभ फलकारक होता है। समाज में सर्वत्र अशान्ति का वातावरण फैलता है। अन्यत्र भी इसके सम्बन्ध में अशुभ फल कहे गए हैं—

यदा च जायते पक्षस्त्रयोदश दिनात्मकः। भवेल्लोक क्षयो–घोरो रूण्डमुण्डमाला युतामही।
त्रयोदश दिनः पक्षस्तदा संहरते जगत्। अपि वर्ष सहस्रेण कालयोगः प्रकीर्तितः॥

इस त्रयोदश दिनात्मक पक्ष के प्रभावस्वरूप भारत की राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियाँ अस्थिर होंगी। राजनीतिक पार्टियों के मध्य विग्रह, टकराव एवं बिखराव पैदा होंगे। कहीं तोड़-फोड़, हिंसा, विस्फोटक घटनाएँ एवं छत्रभंग की आशंका होगी। कहीं भूस्खलन, दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक प्रकोप घटित होंगे। दैनिक उपभोग्य की वस्तुओं में जबरदस्त तेज़ी होने के योग बनेंगे। तेरह दिन के पक्ष में शास्त्र में विवाह, मुण्डन, गृह प्रवेश, उपनयन आदि शुभ कार्यों का निषेध माना गया है। ज्योतिर्निबन्धानुसार—

उपनयनं परिणयनं तुवेश्मारम्भादि कर्माणि। यात्रा द्विक्षयपक्षे कुर्यात् न जिजीविषु पुरुषः॥

इसी कारण शास्त्र वचनानुसार संवत् २०६७ के अन्तर्गत शु. वैशाख शुक्ल पक्ष तेरह दिन का होने से विवाह, मुण्डन, गृह-प्रवेश, विपणि आदि शुभ मुहूर्त्त नहीं लगाए गए हैं।—पं. पन्ना लाल

परन्तु मुहूर्त्त चिन्तामणि अनुसार अत्यन्त आवश्यक परिस्थिति में विवाह लग्न में यदि शुभ ग्रह केन्द्र या त्रिकोण में होने पर विवाह कार्य किया जा सकता है। यद्यपि इसे विशेष स्थिति में ही ग्रहण करना

वि. संवत् २०६७, चैत्र शुक्ल पक्ष शाक: १९३१-३२

सन् 2010 ई. (ता. 16 मार्च से 30 मार्च तक)

सूर्य उत्तरायण, दक्षिण-उत्तर गोलार्ध, वसन्त ऋतु: — भा.स्टैं.टा. जालन्धर

ग्रह दर्शन—इस पक्ष में 20 मार्च को गुरू पूर्व से उदय एवं बुध 27 मार्च को पश्चिम से उदय, शनि प्रातः पश्चिम में, मंगल पूर्व और शुक्र सायं पश्चिम में दिखाई देगा। शनि वक्री है।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	फाल्गु.	रबि उ.	मार्च	चैत्र प्र.	चंद्र राशि प्रवेश घण्टे-मिन्ट	व्रत-पर्व	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मि.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मि.
२९:४०	१	मंग	५३	४०	पू.भा.	०	२०	शुभ	९	२३	किं	२१	३८	२५	२९	16	३	मीन	नव संवत्सर २०६७ वि. प्रारंभ, चैत्र (वासन्त) नवरात्रे प्रारम्भ (A)	११	०१	२०	१३	६	४०	१८	३२
२९:४५	२	बुध	५६	४३	उ.भा.	५	३३	शुक्ल	९	३८	बा	२५	१२	२६	३०	17	४	मीन	चंद्रदर्शन, मु. ३०, गण्डमूलादि (8/52 से)	११	०२	१९	५६	६	३९	१८	३३
२९:४८	३	गुरु	५८	४८	रेव	९	५०	ब्रह्म	९	८	तै	२७	४६	२७	रबि	18	५	मे. ९/५०	गणगौरी तृतीया, पंचक समा. ९/५० (10/34 घं.मिं.), मत्स्य जयं. B	११	०३	१९	३६	६	३८	१८	३३
२९:५३	४	शुक्र	५९	५०	अश्वि	१३	८	ऐंद्र	७	५३	व	२९	११	२८	२	19	६	मेष	भ. २९/२० से ५९/५० तक, गंडमूलादि (11/52 तक)	११	०४	१९	१६	६	३७	१८	३४
२९:५५	५	शनि	५९	५०	भर	१५	२८	वैधृ	५	५०	बव	२९	५०	२९	३	20	७	वृ. ३०/५३	श्री (लक्ष्मी) पंचमी, सूर्य सायन मेष में ४१/०५, उत्तर गोल प्रारंभ C	११	०५	१८	५१	६	३६	१८	३४
३०:००	६	रवि	५८	४५	कृति	१६	४५	विष्क. प्रीति	२ ५१	५८ १०	कौ	२९	१८	३०	४	21	८	वृष	स्कन्द षष्ठी व्रत	११	०६	१८	२८	६	३५	१८	३५
३०:०५	७	चंद्र	५६	२८	रोहि	१६	५८	आयु	५४	३३	गर	२७	३७	चैत्र	५	22	९	मि. ४६/३५	भ. ५६/२८ से, बुध रेव. में ५७/४३, शक चैत्र (१९३२) प्रा., स.सि.यो.	११	०७	१८	०२	६	३४	१८	३६
३०:१०	८	मंग	५३	००	मृग	१६	००	सौभा	४८	५८	वि	२४	४४	२	६	23	१०	मिथुन	भ. २४/५० तक, श्रीदुर्गाष्टमी, भवान्युत्पत्ति, अशोकाष्टमी, राहु D	११	०८	१७	३०	६	३२	१८	३७
३०:१५	९	बुध	४८	१५	आर्द्रा	१३	५०	शोभ	४२	२०	बा	२०	३८	३	७	24	११	क. ५६/२३	श्रीरामनवमी, नवरात्रे समाप्त	११	०९	१६	५८	६	३१	१८	३८
३०:२५	१०	गुरु	४२	२५	पुनं	१०	३०	अति	३४	५०	तै	१५	२०	४	८	25	१२	कर्क	सर्वार्थ सिद्ध योगः	११	१०	१६	२३	६	२९	१८	३९
३०:२९	११	शुक्र	३५	३३	पुष्य	६	३	सुक	२६	२८	व	८	५९	५	९	26	१३	कर्क	भ. ९/०० से ३५/३३ तक, कामदा एकादशी व्रत, शुक्र अश्वि (1) E	११	११	१५	४८	६	२८	१८	३९
३०:३२	१२	शनि	२७	५५	श्ले. मघा	० ५४	४० ४०	धृति	१७	२५	बव	१	४४	६	१०	27	१४	सिं. ०/४०	शनि प्रदोष व्रत, बुध पश्चिम से उदय ४९/३५, गंडमूलादि विचार	११	१२	१५	०९	६	२७	१८	४०
३०:३५	१३	रवि	१९	५०	पू.फा.	४८	२५	शूल गंड	८ ५८	०० ३०	तै	१९	५०	७	११	28	१५	सिंह	अनंग त्रयोदशी, श्रीमहावीर जयन्ती (जैन),	११	१३	१४	२८	६	२६	१८	४०
३०:४१	१४	चंद्र	११	४३	उ.फा.	४२	२०	वृद्धि	४८	५८	व	११	४३	८	१२	29	१६	कं. १/५५	भ. ११/४३ से ३७/४५ तक, बुध अश्वि (1) मेष में ५५/३५, F	११	१४	१३	४२	६	२४	१८	४१
३०:४५	१५	मंग	३	५०	हस्त	३६	५०	ध्रुव	४०	५	बव	३	५०	९	१३	30	१७	कन्या	चैत्र पूर्णिमा (स्नानदानादि), वैशाखस्नान प्रारंभ, हनुमान जयं. (द. भारत)	११	१५	१२	५७	६	२३	१८	४१

गुरु उदय 20 मार्च

(A) घटस्थापन, वर्षफल श्रवण, बुध उ.भा. में १६/५५, शुक्र रेव. में ३/२८ ध्वजारोहण, स.सि.यो. **B** सूर्य उ.भा. में ०/२०, गुरु पू.भा. (1) में ८/५३, रबि-उल्सानी (मु.) मास प्रा. गण्डमूलादि **C** महाविषुव दिवस, गुरु पूर्व से उदय 17/26 **(D)** पू.षा. (३) केतु पुनं (1) में ३/१५ **E** मेष में ४९/५८, गंडमूलादि (8.53 से) **F** श्रीसत्यनारायण व्रत, वक्री शनि उ.फा. (3) में ४८/०८

भौमे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 23 मार्च

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	२	३	११	१०	११	५	८	२
८	२	७	१६	२१	२५	७	२३	२३
१४	२६	१०	३९	८	१२	१२	२०	२०
५८	७	१५	१३	२५	३६	२०	१८	१८
59 31	825 36	8 38	119 28	14 10	74 15	4 44	3 11	3 11
उभा २	मृग ३	पुष्य २	उभा ४	पूभा १	रेव ३	उफा ४	पूषा ४	पुनं २
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	उ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

१ गुरू ११ १२ सू. बु. शु. १० २ ३ केतु चंद्र ९ राहु ४ मं. ६ शनि ८ ५ ७

भौमे पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 30 मार्च

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	५	३	०	१०	०	५	८	२
१५	१३	८	०	२२	३	६	२२	२२
१०	४७	२२	३	४६	५१	३९	५८	५८
४७	३५	३८	५३	५०	३४	२८	१	१
59 16	876 45	12 31	105 15	13 56	74 00	4 38	3 10	3 10
उभा ४	हस्त २	पुष्य २	अश्वि १	पूभा १	अश्वि २	उफा ३	पूषा ३	पुनं १
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30

बु. १ शु. गुरू ११ १२ सूर्य १० २ ३ केतु ९ राहु ४ मं. ६ चं. श. ८ ५ ७

चैत्र शुक्ल पक्षफल—

चैत्र प्रतिपदा (16 मार्च) मंगलवार से **शोभन नामक** नया संवत्सर प्रारम्भ होगा। प्रस्तुत वर्ष-संवत् में व्रत, अनुष्ठान एवं संकल्पादि शुभ कार्यों में इसी का प्रयोग होगा। नए सम्वत् का राजा मंगल और मन्त्री बुध होगा। प्रतिपदा को नए सम्वत् का पूजन, नाम आदि के फल का श्रवण किसी प्रतिष्ठित ब्राह्मण या किसी श्रेष्ठ/पूज्य व्यक्ति के मुख द्वारा श्रवण करना शुभ होता है। **चैत्र शु. प्रतिपदा** से नवमी तक प्रतिदिन श्रीदुर्गा माता की प्रतिमा के सम्मुख नारियल सहित घटस्थापन करके ज्योत जगाना, श्री दुर्गा पूजन व श्रीदुर्गा सप्तशती का पाठ करना शुभ होता है। इसी दिन ताम्र या मिट्टी के पात्र में रेत डालकर जौं या गेहूँ के बीज बोकर ॐकार सहित श्री गणेश, विष्णु, शिव-पार्वती एवं सूर्यादि देवों की पूजार्चना करना शुभ होता है। पूजन के पश्चात् ब्राह्मण भोजन, धर्म-ग्रंथ, पंचाँग, फल-वस्त्र, मिष्ठान्नादि का दान (दक्षिणा सहित) करना कल्याणकारी होता है। **शोभन** नामक संवत्सर होने से कुछ स्थलों पर वर्षा अच्छी होगी तथा कृषि की पैदावार भी अच्छी हो परन्तु सामान्य लोगों में रोगों एवं शोक में वृद्धि हो तथा सुख के साधनों में विस्तार हो। **राजा मंगल** के प्रभावस्वरूप नेताओं में द्वेष एवं टकराव रहे तथा परस्पर तालमेल की कमी रहे। लोगों में कलह-क्लेश, बेईमानी, चोरी-ठगी व लूटमार की वारदातें अधिक हों। **चैत्रमास में पाँच** मंगलवार होने से देश में कहीं हिंसक-घटनाएँ अथवा युद्धभय होता है। कहीं साम्प्रदायिक दंगे व उपद्रव का भय या छत्रभङ्ग (सत्ता परिवर्तन) के योग बनते हैं। चैत्र पूर्णिमा (30 मार्च) से वैशाख स्नानादि प्रारम्भ होगा।

आकाश लक्षण—मंगलवार को अष्टमी तिथि के दिन मृगशिर नक्षत्र होने से हि.प्र., जम्मू-कश्मीर, पंजाब व हरियाणा के उत्तरी क्षेत्रों में अल्प एवं खण्ड वर्षा के योग हैं।

वि. संवत् २०६७, प्रथम (शुद्ध) वैशाख कृष्ण पक्ष शाकः १९३२, हिजरी 1431

सन् 2010 ई. (ता. 30 मार्च से 14 अप्रैल तक)

सूर्य उत्तरायण में, उत्तर गोलार्ध, वसन्त ऋतुः

भा. स्टैं. टा. — जालन्धर

ग्रह दर्शन—प्रातः गुरु पूर्व में तथा शनि पश्चिम क्षितिज में डूबने को होगा। सायं बुध, शुक्र पश्चिम में तथा मंगल पूर्व कपाल में होगा।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	तारीखें: चैत्र शक	रवि मं.	मार्च	चैत्र प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घण्टे-मिन्ट		दे. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
अवम्	१	मंग	५६	४५	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	30	०	००	प्रतिपदा तिथि का क्षय ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
३०:५०	२	बुध	५०	५३	चित्रा	३२	२३	व्या	३२	५	तै	२३	४९	१०	१४	31	१८	तु. ४/२८	सूर्य रेव. में २८/१३,	११	१६	१२	११	६	२२	१८	४२
३०:५७	३	गुरु	४६	३८	स्वा	२९	२५	हर्ष	२५	२०	व	१८	४६	११	१५	अप्रै	१९	तुला	भ. १८/४८, से ४६/३८ तक, गुरु पू.भा. (2) में २०/५५, अप्रैल मास प्रारम्भ	११	१७	११	२२	६	२०	१८	४३
३१:०३	४	शुक्र	४४	१५	विशा	२८	१३	वज्र	२०	००	बव	१५	२७	१२	१६	2	२०	वृ. १३/१८	**श्रीगणेश चतुर्थी व्रत,** चन्द्रोदय 22/36 (जालं.), अनुसूया जयन्ती	११	१८	१०	२९	६	१९	१८	४३
३१:०५	५	शनि	४४	००	अनु	२९	००	सिद्धि	१६	१५	कौ	१४	८	१३	१७	3	२१	वृश्चिक	गण्डमूल 17/54 घं.मिं. से,	११	१९	०९	३५	६	१८	१८	४४
३१:१०	६	रवि	४५	५०	ज्ये.	३१	५५	व्य.	१४	१३	गर	१४	५५	१४	१८	4	२२	ध. ३१/५५	भ. ४५/५० से, **गण्डमूल विचार**	११	२०	०८	४०	६	१७	१८	४५
३१:१३	७	चंद्र	४९	३८	मूल	३६	४५	वरी	१३	४५	वि	१७	४४	१५	१९	5	२३	धनु	भ. १७/४५ तक, **गण्डमूल** (20/58 घं.मिं. तक),	११	२१	०७	४३	६	१६	१८	४५
३१:१८	८	मंग	५४	५८	पू.षा.	४३	१०	परि	१४	४३	बा	२२	१८	१६	२०	6	२४	म. ५९/५५	शुक्र भर. में ३९/४३,	११	२२	०६	४४	६	१५	१८	४६
३१:२३	९	बुध	६०	००	उ.षा.	५०	३८	शिव	१६	३८	तै	२८	९	१७	२१	7	२५	मकर	प्लूटो वक्री ४/२८	११	२३	०५	४३	६	१४	१८	४७
३१:२८	९	गुरु	१	२०	श्रव	५८	२८	सिद्ध	१९	१०	गर	१	२०	१८	२२	8	२६	मकर	भ. ३४/३८ से, बुध भर. में ६/५५,	११	२४	०४	४१	६	१३	१८	४८
३१:३०	१०	शुक्र	७	५८	धनि	६०	००	साध्य	२१	४८	वि	७	५८	१९	२३	9	२७	कुं. ३२/२३	भ. ७/५८ तक, **पंचक प्रारम्भ** ३२/२३ (19/09 घं.मिं.)	११	२५	०३	३७	६	१२	१८	४८
३१:३७	११	शनि	१४	२०	धनि	६	१३	शुभ	२४	१०	बा	१४	२०	२०	२४	10	२८	कुम्भ	**वरूथिनी एकादशी व्रत**	११	२६	०२	३१	६	१०	१८	४९
३१:४३	१२	रवि	१९	५५	शत	१३	१३	शुक्ल	२५	५५	तै	१९	५५	२१	२५	11	२९	कुम्भ	प्रदोष व्रत	११	२७	०१	२५	६	९	१८	५०
३१:४५	१३	चंद्र	२४	२५	पू.भा.	१९	१०	ब्रह्म	२६	४८	व	२४	२५	२२	२६	12	३०	मी. २/४८	भ. २४/२५ से ५६/०३ तक, मास शिवरात्रि व्रत	११	२८	००	१६	६	८	१८	५०
३१:५०	१४	मंग	२७	४३	उ.भा.	२४	००	ऐंद्र	२६	४५	श	२७	४३	२३	२७	13	३१	मीन	सर्वार्थ सिद्ध योग (15/43 तक), गण्डमूल (15/43 बाद)	११	२८	५९	०५	६	७	१८	५१
३१:५३	३०	बुध	२९	४३	रेव	२७	३५	वैधृ	२५	४५	ना	२९	४३	२४	२८	14	वैशा	मे. २७/३५	**वैशाख अमावस, कुम्भ महापर्व (हरिद्वार),** सूर्य अश्वि (1) A	११	२९	५७	५३	६	६	१८	५१

कुम्भ महापर्व हरिद्वार 14 अप्रैल

A मेष में २/०८, **वैशाख संक्रान्ति,** मु. ३०, पुण्यकाल सं. दोपहर 13/21 तक, **पंचक समाप्त** २७/३५, डॉ. अम्बेदकर जयन्ती, अमावस-स्नानदानादि, मुख्य शाही स्नान (हरिद्वार) देखें पृष्ठ 9-11

भौमे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 6 अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	८	३	०	१०	०	५	८	२
२२	१७	१०	१०	२४	१२	६	२२	२२
४	३९	०	५१	२३	२८	७	३५	३५
५६	१०	३१	३९	२६	५२	३५	४७	४७
59 3	719 31	15 51	72 38	13 38	73 46	4 26	3 11	3 31
रेव २	पू.षा २	पुष्य ३	अश्वि ४	पू.भा २	अश्वि ४	उ.फा ३	पू.षा ३	पुन १
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

१२ सूर्य; बु. १ शु.; गु. ११; २; १०; ३ के.; ९ चं. रा.; ४ मं.; ६ शनि; ८; ५; ७

बुधे अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 14 अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	११	३	०	१०	०	५	८	२
२९	२३	१२	१७	२६	२२	५	२२	२२
५६	५२	१९	४३	११	१८	३३	१०	१०
२७	१८	११	२४	३	३	२४	२१	२१
58 48	762 21	19 8	23 4	13 13	73 29	4 3	3 11	3 11
रेव ४	रेव ३	पुष्य ३	भर २	पू.भा २	भर ३	उ.फा ३	पू.षा ३	पुन १
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	अ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अमावस्या, प्रातः 5.30

१२ सू. चं.; बु. शु. १; गु. ११; २; १०; ३ केतु; ९ राहु; ४ मं.; ६ श.; ८; ५; ७

प्रथम (शुद्ध) वैशाख कृष्ण पक्षफल—

वैशाख मास में (चैत्र पूर्णिमा से द्वि. शुद्ध वैशाख पूर्णिमा तक) प्रातः गंगा आदि तीर्थ स्थान पर अथवा अपने ही निवास स्थान पर गंगाजल मिश्रित जल में स्नान करके तुलसी दल सहित भगवान् विष्णु की नित्य पूजार्चना करके विष्णु सहस्रणाम एवं **वैशाख माहात्म्य** का नियमपूर्वक पाठ करना तथा **"ॐ नमो भगवते वासुदेवाय"** मन्त्र का जप करना शुभ होता है। पाठोपरान्त उद्यापन में ब्राह्मणों को भोजन करवाकर यथाशक्ति वस्त्र, मिष्ठान्न, फल, दक्षिणा सहित दान करने से सुख-शान्ति एवं आरोग्य की प्राप्ति होती ह। ता. **14 अप्रैल, बुधवार** को वैशाख संक्रान्ति 30 मुहूर्त्ति है। वै. संक्रान्ति अमावस तिथि को होगी, तथा इसी दिन **कुम्भ महापर्व** ...ी हरिद्वार के गङ्गातट पर घटित होगा। स्नान, दान, जप-पाठ, देव-ऋषि तर्पण आदि का माहात्म्य सूर्योदय से हो जाएगा। पितृ-तर्पण का समय मध्याह्न काल होगा। **संक्रान्ति कुण्डली** ...क समय अमावस तिथि है, तथा सू., बु. व शुक्र ग्रहों का सम्बन्ध लग्न में हुआ है। लग्नेश मंगल चतुर्थ भाव में मंगल पापाक्रान्त होने से भारत का पड़ोसी देशों तथा पाक एवं चीन आदि के साथ सीमा-विवाद एवं टकराव होने के संकेत हैं। महँगाई, आरक्षण एवं साम्प्रदायिक विवादों को लेकर सत्तारूढ़ एवं विपक्षी दलों के बीच टकराव पैदा होंगे।

संक्रान्ति राशिफल—मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु व कुम्भ राशि वाले [illegible] शेष राशि वालों को मिश्रित फली हैं।

आकाश लक्षण—इस पक्ष की 1, 3, 7, 8, 12, [illegible]

चैत्र शु. ९, बुध	24 मार्च	११ चैत्र	आर्द्रा	ल. वृष, अभि.
शु.वै.कृ.१३, चंद्र	12 अप्रै.	३० वैशा.	पूभा	ल. वृष, अभि.
शु.वै.शु. ३, रवि	16 मई	३ ज्ये.	मृग.	अभिजित, स्वयं सिद्ध
शु.वै.शु.१३, मंग	25 मई	१३ ज्ये.	चित्रा	ल. कर्क, गुरू दृष्टि शुभ
ज्ये. कृ. ३, रवि	30 मई	१७ ज्ये.	मूल	अभिजित
ज्ये. कृ. ८, शनि	5 जून	२३ ज्ये.	पूभा	अभिजित
ज्ये. शु. २, चंद्र	14 जून	३२ ज्ये.	आर्द्रा	ल. कर्क, अभि.
ज्ये. शु. ८, शनि	19 जून	५ आषा	उफा	कर्क, अभि.
ज्ये. शु. १३, गु.	24 जून	१० आषा	अनु.	ल. कर्क, अभि.
ज्ये.शु. १४, शुक्र	25 जून	११ आषा	ज्ये.	ल. कर्क, तुला
ज्ये.शु. १५, शनि	26 जून	१२ आषा	मूल	अभि.
ज्ये. शु. २, चंद्र	28 जून	१४ आषा	उषा.	ल. कर्क, अभि.
आषा.शु.१३, शु.	23 जुला	८ श्राव	मूल	ल. ५, ७, अभि.
आ. शु. १५, चंद्र	26 जुला	११ श्राव	उ./श्र	ल. ७, अभि.
श्रा. कृ. १४, चंद्र	9 अग.	२५ श्राव	पुष्य	ल. ५, ७ (तुला 12.15 तक)
श्रा. शु. ८, मंग	17 अग.	२ भादों	अनु.	ल. ७, अभि.
श्रा.शु. १३, रवि	22 अग.	७ भादों	उषा.	ल. ७, ८, अभि.
भा. कृ. १४ मंग	7 सितं.	२३ भादों	मघा	ल. वृश्चिक, अभि.
भा.शु.१२/१३, चं.	20 सितं.	५ अश्वि	धनि.	ल. वृश्चिक
मार्ग. कृ. ८, चंद्र	29 नवं.	१४ मार्ग	पूफा.	मकर, कुम्भ
मार्ग.कृ. १३, शु.	3 दिसं.	१८ मार्ग	स्वा.	मकर, कुम्भ

विवाहादि शुभ कार्यों में दोषपूर्ण, अशुद्ध एवं त्याज्य मुहूर्त्त–संवत् २०६७ वि.

नीचे वि. संवत् २०६७ में उन विशेष दोषपूर्ण एवं अशुद्ध विवाह मुहूर्तों का विवरण दिया जा रहा है, जिनके अन्तर्गत विवाह नक्षत्र होते हुए भी उनको शुद्ध विवाह मुहूर्तों में सम्मिलित नहीं किया गया। जिज्ञासु पाठकों की शंका समाधान के लिए आगे कुछ अशुद्ध एवं त्याज्य विवाह मुहूर्तों का विवरण लिख रहें हैं जिनका प्रत्यक्षतः कोई शास्त्रीय परिहार नहीं मिलता है। अति आवश्यक परिस्थितिवश यदि निम्न मुहूर्तों में से कोई विवाह आदि शुभ कार्य करना हो, तो विवाह नक्षत्र व योग स्वामी एवं देवता की विशिष्ट संख्या में संकल्पपूर्वक पूजा–पाठ व दानादि करके शुभ कार्य सम्पादित करने चाहिएँ॥ हमारे मतानुसार निम्न दोषपूर्ण एवं अशुद्ध मुहूर्त्त काल में शुभ कार्य के आरम्भ का त्याग ही उचित होगा। (निवेदक—पं. पन्ना लाल ज्योतिषी॥)

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
✚15 अप्रैल से 14 मई तक वैशाख-अधि मास			
✚14 मई से 27 मई तक त्रयोदश दिन का पक्ष			
30 मई	रवि	मूल	लग्नाभाव
1 जून	मंग	श्रवण	भौम वेध
2 जून	बुध	श्रवण	मंगल का वेध
7 जून	चंद्र	उ.भा.	लग्नाभाव
7 जून	चंद्र	रेव	शनि का वेध
8 जून	मंग	रेव	शनि का वेध
13 जून	रवि	मृग	सूर्य-युति, मृत्युबाण दो.
18 जून	शुक्र	उ.फा.	शनियुति, व्यतिपात
19 जून	शनि	उ.फा.	व्यतिपात, शनि युति
25 जून	शुक्र	मूल	मृत्युबाण
26 जून	शनि	मूल	मृत्युबाण, चंद्रग्रहण
28 जून	चंद्र	श्रवण	वैधृति
1 जुला.	गुरु	धनि.	लग्नाभाव
4 जुला.	रवि	रेव	शनि का वेध
5 जुला.	चंद्र	रेव	शनि-वेध, मृत्युबाण
5 जुला.	चंद्र	अश्वि	मंगल का वेध
6 जुला.	मंग	अश्वि	मंगल का वेध
7 जुला.	शनि	चित्रा	मृत्युबाण
2 जुला.	गुरु	मूल	लग्नऽभाव, चंद्र ८
6 जुला.	चंद्र	उ.षा.	लग्नऽभाव:
7 जुला.	मंग	श्रवण	मृत्युबाण दोष
1 जुला.	शनि	रेव	शनि का वेध
1 अग.	रवि	रेव	शनि-वेध, दग्धा तिथि
13 अग.	शुक्र	उ.फा.	लग्नाभाव
14 अग.	शनि	हस्त	लग्नाभाव
15 अग.	रवि	स्वा.	मासान्त, मृत्युबाण

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
18 अग.	बुध	अनु.	मृत्युबाण दोष
20 अग.	शुक्र	मूल	लग्नाभाव
22 अग.	रवि	श्रवण	सूर्य का वेध
23 अग.	चंद्र	श्रवण	सूर्य का वेध
28 अग.	शनि	रेव	शनि का वेध
29 अग.	रवि	रेव	शनि का वेध
7 सितं.	मंग.	मघा	कृष्ण त्रयोदशी
11 सितं.	शनि	चित्रा	मंगल-युति
15 सितं.	बुध	मूल	मासान्त दोष
16 सितं.	गुरु	मूल	संक्रान्ति दोष
18 सितं.	शनि	उ.षा.	मृत्युबाण दोष (6/05 से 18/25)
8 अक्तू.	बुध	स्वा.	वैधृति दोष
12 अक्तू.	मंग	मूल	राहु की युति
13 अक्तू.	बुध	मूल	राहु की युति
14 अक्तू.	गुरु	उ.षा.	लग्नऽभाव:
15 अक्तू.	शुक्र	उ.षा.	16/56 के बाद मृत्युबाण
15 अक्तू.	शुक्र	श्रवण	मृत्युबाण

(17 से 19 अक्तू. तक शुक्र वार्धक्य दोष)
(3 से 5 नवं. तक शुक्र बाल्यत्व दोष)

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
7 नवं.	रवि	अनु	मंगल की युति
8 नवं.	चंद्र	अनु	लग्नाभाव
9 नवं.	मंग	मूल	राहु की युति
10 नवं.	बुध	मूल	राहु की युति
11 नवं.	गुरु	उ.षा.	भुजंगपात, लग्नऽभाव
12 नवं.	शुक्र	उ.षा.	लग्नाभाव:
13 नवं.	शनि	श्रवण	लग्नाभाव:
17 नवं.	बुध	उ.भा.	शनि-वेध, मृत्युबाण
17 नवं.	बुध	रेव.	मृत्युबाणदोष

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
19 नवं.	शुक्र	अश्वि	व्यतीपात दोष
23 नवं.	मंग.	रोहि.	लग्नाभाव:
24 नवं.	बुध	मृग	नक्षत्रान्त दोष
28 नवं.	रवि	मघा	रा. लग्नाभाव
3 दिसं.	शुक्र	स्वा.	कृष्ण त्रयोदशी
6 दिसं.	चंद्र	मूल	मंगल-राहु की युति
7 दिसं.	मंग.	मूल	मंगल-राहु की युति
14 दिसं.	मंग.	उ.भा.	शनि-वेध, मृत्युबाण
(सन् 2011 ई.)			
15 जन.	शनि	रोहि	मृत्युबाण दोष
16 जन.	रवि	मृग	सूर्य-मंग का वेध
17 जन.	चंद्र	मृग	सूर्य-मंग का वेध
21 जन.	शुक्र	मघा	मंगल का वेध
22 जन.	शनि	मघा	मंगल का वेध
24 जन.	चंद्र	उ.फा.	दिवसे लग्नाभाव:
24 जन.	चंद्र	हस्त	मृत्युबाण, शनि-युति
25 जन.	मंग	हस्त	लग्नाभाव:
26 जन.	बुध	चित्रा	लग्नऽभाव, भुजंगपात
26 जन.	बुध	स्वा	भुजंगपात (शूल योग)
27 जन.	गुरु	स्वा	लग्नऽभाव
29 जन.	शनि	अनु	नक्षत्रान्त
30 जन.	रवि	मूल	राहु-युति
31 जन.	चंद्र	मूल	कृष्ण-त्रयोदशी
6 फर.	रवि	उ.भा.	शनि का वेध
7 फर.	चंद्र	उ.भा.	शनि का वेध
8 फर.	मंग	अश्वि	लग्नाभाव:
10 फर.	गुरु	अश्वि	नक्षत्रान्त
12 फर.	शनि	रोहि	मासान्त, वैधृति

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
13 फर.	रवि	रोहि.	संक्रान्ति दोष, वैधृति
14 फर.	चंद्र	मृग	केतु युति, मृत्युबाण
20 फर.	रवि	उ.फा.	लग्नाभाव
21 फर.	चंद्र	हस्त	भुजंगपात, शनि-युति
22 फर.	मंग.	स्वा.	सूर्य का वेध
23 फर.	बुध	स्वा.	मृत्युबाण दोष, सूर्य वेध
26 फर.	शनि	मूल	राहु की युति
27 फर.	रवि	मूल	राहु की युति
28 फर.	चंद्र	उ.षा.	केतु का वेध
1 मार्च	मंग	उ.षा.	केतु का वेध
1 मार्च	मंग	श्रवण	लग्नाभाव
5 मार्च	शनि	उ.भा.	शनि का वेध
6 मार्च	रवि	उ.भा.	शनि का वेध
7 मार्च	चंद्र	उ.भा.	शनि का वेध
13 मार्च	रवि	मृग	मासान्त, होलाष्टक प्रा.

तदुपरान्त 13 मार्च से होलाष्टक, 14 मार्च से चैत्र मास (मीनस्थ सूर्य) रहने तथा 25 मार्च से गुरु भी अस्त रहेगा।

स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, श्रीरामनवमी, अक्षया तृतीया, विजयादशमी, दीपावली तिथियां स्वयं सिद्ध (अणपुच्छ) मुहूर्त्त कहलाती हैं। आवश्यक परिस्थितिवश गृहारंभादि मुहूर्त्तों में कोई मुहूर्त्त न बन पड़े तो इन स्वयं सिद्ध मुहूर्त्तों में से शुभ कार्य का सम्पादन कर सकते हैं।

विवाहादि शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि विचार

विवाह, मुण्डन, गृहारम्भादि शुभ कार्यों में मास, तिथि, नक्षत्र, योगादि की शुद्धि के साथ विवाह लग्न की शुद्धि को विशेष महत्त्व एवं प्रधानता दी गई है। तिथि को शरीर, चन्द्रमा को मन, योग–नक्षत्रों आदि को शरीर के अंग तथा लग्न को आत्मा माना गया है। यथा–

तिथिः शरीरं मन इन्दुवीर्यं विलग्नमात्माऽवयवास्तु-भाद्याः –ज्योर्तिनिबंध

लग्न बल के बिना जो कुछ भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका फल वैसे ही व्यर्थ हो जाता है, जैसे ग्रीष्मकाल में बिना जल के नदी।

लग्नवीर्यं विना यत्र यत्कर्म क्रियते बुधैः।
तत्फलं विलयं याति ग्रीष्मे कुसरिता यथा॥ –ज्योति. विदरणे

सभी शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि का विशेष महत्त्व है।

विवाह लग्न का निश्चय करना हो, तो त्रिविक्रम–संहितानुसार, लग्न स्थान में चन्द्र तथा सूर्य, शनि, मंगल, राहु, केतु आदि क्रूर ग्रह न हों, लग्न से छठे स्थान में शुक्र, चन्द्र, व लग्नेश न हो तथा आठवें स्थान में चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र व लग्नेश नहीं होने चाहिएं तथा सप्तम स्थान में कोई भी ग्रह नहीं होना चाहिए। सातवें चन्द्र और गुरु समफल करते हैं। अर्थात् चन्द्र, गुरु का दानादि करने से शान्ति हो जाती है।

विवाह लग्न में अशुभ एवं पूज्य ग्रह

× × | चंद्र | शनि
शुक्र | विवाह सभी पाप ग्रह | × ×
राहु | मंगल
× × | सभी ग्रह [चं.-गु.] (परिहार) | × ×
लग्नेश शुक्र, चंद्र | चं. मं. लग्नेश शुभ ग्रह

"त्याज्या लग्नेऽब्दयो मंदः षष्ठे शुक्रेन्दुलग्नपाः।
रन्ध्रे-चन्द्रादयः पंच, सर्वेऽब्जगुरु समौ॥"

परिहारस्वरूप १२वें शनि, तीसरे शुक्र, चतुर्थ में राहु, दशम भाव में मंगल का दोष यथोचित दानादि करने से शान्ति हो जाती है। 'पंचांगदिवाकर' में लगाए गए लग्न मुहूर्तों में इन तीनों भावों में शनि, शुक्र व मंगल ग्रहों की स्थिति हो वहां उचित दानादि करवा लें।

आगे षष्ठाष्टम एवं द्वादश चन्द्र, शुक्र, अष्टम भौम, लग्नस्थ एवं सप्तमस्थ चन्द्र गुरु आदि के अपवाद (परिहार) लिखे गए हैं।

विवाह में ग्राह्य शुभ लग्न–मुहूर्त ग्रन्थों के अनुसार विवाह लग्न काल में ३, ६, ८, ११वें सूर्य तथा इन्हीं स्थानों (३, ६, ११) में राहु, केतु और शनि भी शुभ होते हैं। ३, ६ और ११वें मंगल, २, ३, ११वें चंद्रमा, ३, ६, ७ शुभ और ८वें स्थानों को छोड़कर अन्य भावों में स्थित शुक्र शुभ होता है। ग्यारहवें भाव में सूर्य तथा केन्द्र त्रिकोण में गुरु लग्नगत अनेक दोषों का परिहार करते हैं– **लग्ने वर्गोत्तमे वेन्दौ धूनाथे लाभगेऽथवा।**
केन्द्र कोणे गुरौ दोषा नश्यन्ति सकलाऽपि॥ मु. गणपति॥

विवाह लग्न सम्बन्धी परिहार वाक्य

जन्म राशि से अष्टमस्थ लग्न–वर कन्या की जन्म राशि या लग्न से चतुर्थ, अष्टम तथा बारहवी राशिस्थ लग्न अशुभ कहे गए हैं। यथोक्तम्–

सुखघ्नं तुर्यमुद्वाहे द्वादश वित्तनाश कृत्। जन्म भात् जन्म लग्नाच्च मृत्युदंलग्नमष्टमम्॥

परन्तु परिहार स्वरूप जन्म राशि या लग्न राशि का स्वामी तथा विवाह लग्न का स्वामी ग्रह समान हो, अथवा मित्र क्षेत्री हो, अथवा अष्टमस्थ लग्न राशि का स्वामी, केन्द्र स्थित हो अथवा गुर्वादि शुभ ग्रह से वीक्षित हो तो अष्टम लग्न का दोष दूर होता है।

कर्तृरि दोष–लग्न में पापी ग्रह मार्गी होकर १२ भाव में तथा क्रूर (पापी) ग्रह वक्री गत होकर दूसरे भाव में हो, तो कर्तृरि दोष होता है। यह योग दारिद्रय, शोक व मृत्यु तुल्य कष्टकारी होता है।

परिहार–कर्तृरि दोष कारक ग्रह नीच, शत्रु क्षेत्री, अथवा अस्तगत हो, तो इस दोष का परिहार हो जाता है। इसके अतिरिक्त गुरु, शुक्र, बुध इनमें से कोई शुभ ग्रह केन्द्र त्रिकोण में अथवा २रे या १२वें भावस्थ गुरु हो तो भी कृर्तरि दोष निवार्य हो जाता है।

अष्टम भौम का परिहार–मंगल अस्तंगत, नीच राशि का (कर्क) या शत्रु राशि (मिथुन एवं कन्या) का होकर अष्टम स्थान में हो, तो दोषकारक नहीं, परन्तु लग्नेश होकर अष्टमगत नहीं होना चाहिए। **अस्तगे नीचगे भौमे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा।**
कुजाष्टमोद्भवो दोषो न किंचिदपि विद्यते॥ कश्यप॥

छठे, बारहवें चन्द्र का परिहार–नीच राशि, शत्रु राशि या नीच–राशिगत चन्द्रमा ६ या १२वें स्थानस्थ होना दोषपूर्ण नहीं माना गया। जैसे–वृश्चिक, मिथुन, कन्या राशि ३, ६

नीचराशिगते चन्द्रे नीचांशगतेऽपि वा, चन्द्रे षष्ठारि–रिः फस्ये दोषो नास्ति न संशयः।

परन्तु लग्नेश होकर चन्द्र षष्ठाष्टम नहीं होना चाहिए।

लग्नस्थ चन्द्र का परिहार–"कर्किगोस्थः पूर्णो विधुस्तनौ"

व्रतबन्धोक्त अनुसार वृष, कर्क एवं पूर्ण चन्द्रमा या शुभग्रह से दृष्ट हो लग्न में दोषकारक नहीं होता। मु. मार्त्तंड

षष्ठाष्टमस्थ शुक्रापवाद–नीच एवं शत्रु राशिगत शुक्र छठे, आठवें हो तो दोषकारक नहीं परन्तु लग्नेश होकर इन भावों में न हो। जैसे–

नीच राशिगते शुक्रे शत्रु क्षेत्रगतेऽपि वा।
भृगु षट्कोत्थितो दोषो नास्ति तत्र न संशयः॥ मुहूर्त चिं. पीयूषधारा

सप्तम भावस्थ चन्द्र–गुरु–सप्तम भाव में यद्यपि सभी ग्रह वर्जित कहे हैं, परन्तु चन्द्र गुरु का परिहार है। **"चन्द्र चान्द्री शुक्रजीवा यामित्रे शुभकारकाः।"**

'मुहूर्त्तगणपति' अनुसार विवाहादि शुभ कार्य के लग्न में, केन्द्र–त्रिकोण में गुरु, शुक्र एवं बुध एवं ग्यारहवें भाव में चन्द्र या सूर्य अथवा सप्तमेश हो, तो अनेक दोषों का नाश हो जाता है।

वेध दोष परिहार–पंचशलाका चक्रानुसार विवाह नक्षत्र का क्रूर ग्रह द्वारा वेध हो जाने पर विवाहित नक्षत्र सर्वथा त्याज्य माना जाता है। परन्तु गुरु, बुध आदि सौम्य ग्रहों का चरण वेध (१ एवं ४थे चरण के मध्य तथा २ रे व ३ रे चरण ही अशुभ माना है। –ज्योर्तिनिबन्ध

युतिदोष परिहार—पाप एवं क्रूर ग्रह की युति त्याज्य मानी जाती है। परन्तु यदि चन्द्रमा उच्चस्थ, स्वक्षेत्री या मित्रक्षेत्री (वृष, कर्क, मिथुन, सिंह एवं कन्या) राशि का हो तो युतिदोष अविचारणीय होता है।

यथा—

स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो व मित्रक्षेत्रगतो विधुः।
युति दोषाय न भवेत् दम्पत्योः श्रेयसेतदा॥ (नारदः)

(१०) दग्धा तिथि परिहार—विवाह लग्न समय केन्द्र–त्रिकोण गत गुरु हो एवं एकादश (११वां) भाव शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो दग्धातिथि का दोष नहीं रहता।—मु० गणपति

पंचांगदिवाकर में शुभ विवाह मुहूर्त्तों में जहाँ कहीं अशुभ योग का स्पर्श हुआ है, वहां विशेष दोषपूर्ण घड़ियों को विचार करके ही वि. मुहूर्त्त लगाए गए हैं।

कश्यपर्वि अनुसार लग्न से केन्द्र, त्रिकोण में गुरू, शुक्र या बुधादि सौम्य ग्रह हो, तो समस्त दोषों का ऐसे परिहार हो जाता है, जैसे भगवान् विष्णु को मात्र स्मरण करने से पापों का नाश हो जाता है

काव्यो गुरु र्वा सौम्यो वा यदा केन्द्र त्रिकोणगाः।
नाशयन्ति अखिलान् दोषान् पापानि व हरिस्मृतिः॥ (कश्यप)

भद्रा का शुभाशुभ विचार

भद्राकाल में विवाह, मुण्डन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, रक्षा बन्धन आदि मांगलिक कृत्यों का निषेध माना जाता है, परन्तु भद्रा काल में शत्रु का उच्चाटन करना, स्त्री प्रसंग में, यज्ञ करना, स्नान करना, अस्त्र–शस्त्र का प्रयोग, आप्रेशन करना, मुकद्दमा करना, अग्नि लगाना, किसी वस्तु को काटना, भैंस, घोड़ा, ऊँट सम्बन्धी कर्म प्रशस्त माने जाते हैं।

भद्रा परिहार विचार—सामान्य परिस्थितियों में विवाह आदि शुभ मुहूर्त्तों में भद्रा का त्याग ही करना चाहिए, परन्तु आवश्यक परिस्थितिवश **भूलोक की भद्रा**, तथा **भद्रा मुख** छोड़कर भद्रा पुच्छ में शुभ कृत्य किए जा सकते हैं।

कार्येत्वाश्यके विष्टेर्मुख, कण्ठहृदि मात्रं परित्येत्।

एक अन्य मतानुसार अत्यावश्यक स्थिति में रात्रि में तिथि के पूर्वार्द्ध की भद्रा, दिन में परार्ध की भद्रा ग्रहण कर सकते हैं।

तिथेः पूर्वार्धजा रात्रौ दिने भद्रा परार्धजा। भद्रा दोषो न तत्र स्यात् कार्येऽत्यावश्यके सति॥

भद्रा परिहार

कुछ आवश्यक स्थितियों में भद्रा दोष का परिहार हो जाता है। यथा—

तिथि पूर्वार्धजा भद्रा दिवा भद्रा प्रकीर्तिता। तिथिरुत्तरजा भद्रा रात्रिभद्रेति कथ्यते॥
दिवा भद्रा रात्रौ रात्रिभद्रा यदा दिवा। तदाविष्टिकृतो—दोषो न, भवेत्सर्व सौख्यदः॥

अर्थात् तिथि के पूर्वार्द्ध भाग में प्रारम्भ भद्रा अर्थात् तिथि दिवस के पूर्वार्ध भाग में प्रारम्भ भद्रापादि तिथ्यन्त में रात्रिव्यापिनी हो जाए, तो दोषकारक न होकर सुखदायिनी हो जाती है।

(ii) **पीयूषधारानुसार—दिन की भद्रा रात्रि को और रात्रि की भद्रा दिन को आ जाए, तो भद्रा दोषरहित हो जाती है।**

रात्रिभद्रा यदह्नि स्याद् दिवा भद्रा यदा निशि। न तत्र भद्रादोषः, सा भद्रा–भद्र दायिनी॥

(iii) **'दिवा परार्द्धजा विष्टिः, पूर्वार्द्धोत्था निशि। तदा विष्टिः शुभायेति कमलासनभाषितम्॥'**

उत्तरार्ध की भद्रा दिन में, तथा पूर्वार्द्ध की रात्रि में शुभ होती है।

भद्रा लोक वास

मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक का चन्द्रमा होने से भद्रा **स्वर्ग लोक** में, कन्या, तुला, धनु, मकर का चन्द्रमा होने से पाताल में, कर्क, सिंह, कुम्भ व मीन राशि के चन्द्रमा में भद्रा **मर्त्यलोक (भू लोक) में—अर्थात् सम्मुख रहती है।** जब भद्रा भू–लोक में (सम्मुख) रहती है, **अशुभफल दायिनी** एवं वर्जित मानी जाती है, अन्य लोकों में हो, तो शुभ है—

स्थिताभूर्लोस्था भद्रा सदा त्याज्या स्वर्गपातालगा शुभा —(मु. मार्त्तण्ड)

लोकवास	स्वर्ग	पाताल	भू–लोक
चन्द्रराशि	१, २, ३, ८	६, ७, ९, १०	४, ५, ११, १२
भद्रा–मुख	ऊर्ध्वमुखी	अधोमुख	सम्मुख

स्वर्गे भद्रा धनं धान्यं पाताले च धनागमः। मृत्युलोके यदा भद्रा कार्य सिद्धिस्तदानहि॥

(iv) शुक्ल पक्ष की भद्रा का नाम **बृश्चिकी** है। कृष्ण पक्ष की भद्रा का नाम **सर्पिणी** है। **मतान्तर से, दिन की भद्रा सर्पिणी,** रात्रि की भद्रा **बृश्चिकी** है। बिच्छू का विष डंक में तथा सर्प का विष मुख में होने के कारण **बृश्चिकी** भद्रा की पुच्छ और **सर्पिणी** भद्रा का मुख विशेषतः त्याज्य है।

(v) भद्रा दोष, मंगल–शनिवार जनित दोष, व्यतीपात, अष्टम भावस्थ एवं जन्म नक्षत्र दोष, मध्याह्न के पश्चात् शुभकारक मानी जाती है।

गोधूलि काल

विवाह मुहूर्त्तों में क्रूर ग्रह युति, वेध, मृत्युबाण आदि दोषों की शुद्धि उपरान्त यदि अभिवांछित मुहूर्त्त में शुद्ध विवाह–लग्न न निकलता हो, तो मुहूर्त्त ग्रन्थाचार्यों ने गोधूलि का लग्न ग्रहण करने की सम्मति प्रदान की है।

गोधूलि काल—जब सूर्यास्त न हुआ हो (अर्थात् सूर्यास्त होने वाला हो) और गाय आदि चौपाय अपने–अपने गृहों को लौटते हुए अपने खुरों से पथ की धूलि को आकाश में उड़ाकर जाने लगें, तो उस काल को मुहूर्त्तकारों ने **गोधूलि काल** का नाम प्रदान करते हुए, इसे विवाहादि सब मांगलिक कार्यों में प्रशस्त कहा है। यह लग्न, मुहूर्त्त, पात, अष्टम भाव, जामित्रादि दोषों को नष्ट प्राय कर देता है।

नो वा योगो न मृतिभवनं नैव जामित्र दोषो,
गोधूलिः सा मुनिभिरुदिता सर्वकार्येषु शस्ता॥ —मुहूर्त्त चिन्तामणि

जब कोई अन्य शुभ लग्न न बनता हो, और कन्या विवाह योग्य हो गई हो तो गोधूलि में विवाह शुभ होता है। ज्योतिनिर्बन्धानुसार–

लग्न शुद्धिर्यदा न स्याद् यौवने समुपास्थिते, तदा वै सर्ववर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम्॥

गोधूलि लग्न काल के सम्बन्ध में विद्वानों ने मतान्तर पाए जाते हैं–

(i) पीयूषधारा के मतानुसार सूर्य के अर्ध–अस्त होने के अनन्तर २ घड़ी (४८ मिनट) का समय गोधूलि काल है।

(ii) मुहूर्त गणपति के अनुसार सूर्यार्ध बिम्ब के अस्त हो जाने के पूर्व एवं पश्चात् १५–१५ पल अर्थात् १२ मिनट का मध्यान्तर गोधूलि संज्ञक है।

(iii) आचार्य नारदानुसार सूर्योदय से सप्तम लग्न गोधूलि लग्न काल होता है।

चतुर्थमभिजित लग्नमुदयार्कातु सप्तमम्॥ –नारद

(iv) कुछ विद्वानों के अनुसार लग्न, सप्तम तथा अष्टम भाव में मंगल को भी वर्ज्य माना गया है। शेष भावों में अन्य किसी ग्रह का विचार गोधूलि लग्न में नहीं किया जाता।

(v) गुरुवार को सूर्यास्त के बाद तथा शनिवार को सूर्यास्त होने से पूर्व (पहले) की ही आधी घड़ी (12 मिनट) को गोधूलिकाल माना गया है, अन्यथा नहीं. (मुहूर्त चिन्तामणि)

——क्षौरकर्म (हजामत) के लिए शुभाशुभ दिन——

गर्गादि आचार्यों के अनुसार रविवार, मंगलवार एवं शनिवार को क्षौर (हजामत) कर्म करवाने से आयु का क्षय होता है। सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को क्षौर कर्म (हजामत) करवाना शुभ होता है। मतान्तर से एक पुत्र सन्तान वाले गृहस्थी को सोमवार के दिन, तथा विद्या एवं धनाकांक्षी गृहस्थी को गुरुवार के दिन क्षौर नहीं करवाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त पर्व वाले दिन, जन्मदिन, चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी (१४) आदि रिक्ता तिथियों में, व्रत के दिन, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रान्ति, श्राद्ध के दिन, भद्रा और व्यातिपात योग में तथा भोजन करने के बाद, देश-प्रदेश जाने के समय में शुभाकांक्षी क्षौर कर्म न करावें।

——तैलाभ्यंग—अर्थात् तैल मालिश करना——

रविवार, मंगलवार, गुरुवार तथा शुक्रवार को तैल लगाना शुभ नहीं माना जाता है। निर्णय सिन्धु के अनुसार रविवार तैल लगाने से ताप, मंगलवार को आयु क्षीणता, गुरुवार से धन-हानि, शुक्रवार को तैल लगाने से दुःख होता है। सोमवार, बुधवार तथा शनिवारों को तैल लगाना शुभ होता है। प्रतिदिन तेल लगाने वालों को भी दोष नहीं लगता—(—अभ्यङ्गके चैव वासिते नैव दूषणम्॥)

चतुर्कोणों दिशाशूल विचार

आग्नेय (पूर्व-दक्षिण) में सोम व गुरुवार, नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम) दिशा में रविवार व शुक्रवार, वायव्य (उत्तर-पश्चिम) में मंगलवार तथा ईशान (पूर्व-उत्तर) में बुध एवं शनिवार के दिन दिशाशूल होता है (मुहूर्त गणपति)

दिशापति के वार अनुसार उसी दिशा की यात्रा शुभदायिनी तथा उससे पीछे (सामनेवाली) दिशा की यात्रा अनिष्टप्रदा होती है—

दिगीशाहे शुभा यात्रा पृष्ठा हे मरणं ध्रुवम् (ज्योतिस्तत्व)

परन्तु बधवार उत्तर दिशा का स्वामी होते हुए, बुध की उत्तर में निषिद्ध माना गया है (गर्ग)

विशेष—यदि एक जगह से रवाना होकर, उसी दिन गन्तव्य स्थान पर पहुँच जाना निश्चित हो, तो ऐसी यात्रा में तिथि-वार-नक्षत्र, दिशा-शूल, प्रतिशुक, योगिनी आदि जनित दोषों का विचार नहीं करना चाहिए—यथा "एकस्मिन्नपि दिवसे यदि चेद् गमनं प्रवेशश्च।
प्रतिशुक्रवार शूलं न चिन्तयेत् योगिनी पूर्वम्॥।"—(पीयूषधारा)

यात्रादि मुहूर्त्त विचार

किसी कार्य के उद्देश्य से देशान्तर गमन को यात्रा कहते हैं। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और.२, ३, ५, ७, १०, ११, १३—इन तिथियों में अश्वि., मृग. पुर्न, पुष्य, अनु, हस्त, श्रव., धनि, रेव.—इन नक्षत्रों में तथा चौर, वाण, भद्रा, वैधृति, व्यतियात और मासांत दिनादि दोष रहित समय में यात्रा करें। यात्रा करने से पूर्व क्रोध और मैथुन कर्म का त्याग करना चाहिए।

दिशाशूल

सोमवार, शनिवार को पूर्व, रविवार और शुक्रवार को पश्चिम, मंगलवार, बुधवार को उत्तर तथा गुरुवार को दक्षिण दिशा का दिशाशूल होता है, अत: उक्त वारों को उस दिशा की यात्रा नहीं करनी चाहिए। अत्यावश्यक होने पर रविवार को दलिया एवं घी खाकर, सोमवार को दर्पण देखकर या दूध पीकर, मंगलवार को गुड़ खाकर, बुधवार को धनिया या तिल खाकर, गुरुवार को दही खाकर, शुक्रवार को जौं खाकर दूध पीकर और शनिवार को अदरक या उड़द खाकर प्रस्थान किया जा सकता है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पाँव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, यात्रा सफल होगी।

चन्द्रवास ज्ञान चक्र

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	बृश्चिक
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

चन्द्रवास विचार

जाने वाली दिशा में चन्द्रमा का वास सम्मुख और दाहिनी ओर को हो तो धन का लाभ और सुख होता है। यदि पीठ की ओर अथवा बाईं तरफ चन्द्रवास हो तो कष्ट और धन की हानि होती है।

सम्मुख चन्द्रमा का विशेष फल

करणदोष, नक्षत्रदोष, वारदोष, संक्रान्ति दोष, अशुभतिथिदोष, कुलिक दोष, प्रहार्द्ध वारवेला दोष, मंगल, शनि, रवि, राहु-केतु के दोष को सम्मुख चन्द्रमा दूर करता है।

'यात्रा के समय शुभ शकुन'

यात्रा के समय श्वेत पुष्पों का दर्शन श्रेष्ठ माना गया है। भरे हुए घड़े का दिखाई देना तो बहुत ही उत्तम है। दूर का कोलाहल, अकेला वृद्ध पुरुष, पशुओं में बकरे, गौ, घोड़े तथा हाथी, देवप्रतिमा, प्रज्वलित अग्नि, दूर्वा, ताजा गोबर, सोना, चांदी, रत्न, बच, सरसों आदि औषधियां, मूँग, छाता, पीढ़ा, राजचिह्न, जिसके पास कोई रोता न हो ऐसा शव, फल, घी, दही, दूध, अक्षत, दर्पण, मधु, शंख, ईख, शुभ सूचक वचन, भक्त पुरुषों का गाना-बजाना, मेघ की गम्भीर गर्जना, बिजली की चमक तथा मन का सन्तोष—ये सब शुभ शकुन हैं। 'चले आओ'—यह शब्द यदि सामने की ओर से सुनाई पड़े तो उत्तम है। 'जाओ'—यह शब्द यदि पीछे की ओर से हो तो उत्तम है।

विवाहादि शुभ कार्यों में शास्त्रीय विचार

विवाह में जन्म मास, नक्षत्रादि का विचार—

आद्य गर्भ, अर्थात् बड़े लड़के या बड़ी लड़की का विवाह जन्म मास, जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म लग्न में न करें। "**आद्य गर्भ सुत कन्ययो र्द्वयो जन्म मास भतिथौ कर ग्रहः। नोचितोऽथ विबुधैः प्रशस्यते चेद् द्वितीय जनुषोः सुतप्रदः॥ मु. चिंतामणि॥**"

परन्तु ज्येष्ठ पुत्र के बाद उत्पन्न पुत्र या कन्या का विवाह जन्म मास, नक्षत्रादि में करना प्रशस्त है। ज्येष्ठ पुत्र-कन्या के अतिरिक्त अन्य स्थितियों में जन्म-मास, जन्म राशि, नक्षत्र एवं जन्म लग्न विशेष शुभ माना है।

जन्ममासे च पुत्राढया धनाढया च धनोदये। जन्म मे जन्मराशौ च कन्या हि ध्रुव सन्तति॥

आचार्य भृगु जी के अनुसार जन्म मास, जन्म नक्षत्र एवं जन्म लग्न में विवाह होने पर दम्पत्ति के सुख एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है तथा वह धन सम्पत्ति तथा सन्तान सुख से सौभाग्यशालिनी होती है।

जन्ममासेऽथ जन्मर्क्षे जन्मलग्नेऽथ जन्मनि।
उद्‌वाहेषु च नारीणां प्रतिष्ठा महती भवेत्। भृगुः
जन्ममासेऽथ पुत्राद्या धनादया जन्मभोदये।
जन्मभे वा भवेदूढा वृद्धा संतति वर्धिनी॥ (यवनाचार्य)

ज्येष्ठ मास में विवाह का विचार

ज्येष्ठ मास, ज्येष्ठ पुत्र और ज्येष्ठ कन्या यह तीन ज्येष्ठ विवाह संस्कार में विशेषतया वर्जित माने जाते हैं। परन्तु यदि दो ज्येष्ठ वर्तमान हों अर्थात् लड़का-लड़की दोनों ज्येष्ठ (बड़े) हों, परन्तु महीना ज्येष्ठ के अतिरिक्त हो अथवा लड़का-लड़की में से एक ज्येष्ठ हो और दूसरा अनुज हो, तो ज्येष्ठ मास में भी विवाह करना सामान्य एवं मध्यम फल होता है—

द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोत्तत्रवेक ज्येष्ठः शुभावहः।
ज्येष्ठ त्रयं न कर्वीत् विवाहे सर्वसम्मतम् —**वाराहमिहिर॥**

तथापि आवश्यक परिस्थितिवश ज्येष्ठ मास में कृतिका से सूर्य निकल जाने पर सूर्य दानादि करके विवाह करने में कोई हानि नहीं। **मुनि भारद्वाज** के मतानुसार ज्येष्ठ के महीने की भान्ति मार्गशीर्ष मास में भी अग्रज लड़का-लड़की एवं मार्ग मास-तीनों का यथासम्भव त्याग करें।

(३) सगे भाई-बहन के विवाह छः मास के भीतर नहीं करने चाहिएं। यदि इस बीच संवत् परिवर्तन हो जाए, तो कोई दोष नहीं **(मु. मार्तण्ड)**। पुत्र के विवाह के उपरान्त अपनी कन्या का विवाह ६ महीने तक न करें। इसी तरह विवाह के बाद ६ महीने तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि शुभ कार्य न करें। **(नारद)**, परन्तु कन्या-विवाह के प्रश्चात् पुत्र विवाह ६ मास के भीतर शुभ है। दो सगे भाईयों का विवाह दो सगी बहनों से न करें अथवा एक वर के साथ दो सगी बहनों का विवाह न करें **(वसिष्ठ)** तथा जिस वर को अपनी कन्या देवे, उसकी बहन के साथ अपने लड़के का विवाह न करे **(नारदः)**।

दो सगे भाईयों या दो सगी बहनों का एक संस्कार ६ महीने के भीतर करना सम्भव है **(वृन्द्धमनुः)**। दो सहोदर (भाई-बहन) के संस्कार आवश्यक स्थिति उत्पन्न होने पर नदी, पर्वत, स्थान एवं पुरोहित भेद (भिन्न) से एक ही दिन अथवा ६ महीने के भीतर शुभ होंगे **(शार्गधर)** जुड़वें भाई-बहन के मांगलिक कार्य एक ही मण्डप में भी शुभ हैं। विवाहादि मंगल कार्य से ६ मास तक लघु मंगल कार्य न करें। यह ६ महीने का निषेध केवल तीन पीढ़ि तक के मनुष्यों के लिए कहा है।

मंगल संस्कार से ६ महीने तक पितृकर्म, श्राद्धादि न करे। वाग्दान अर्थात विवाह सम्बन्ध का निश्चय हो जाने के बाद वर-कन्या के कुल में माता-पिता भाई आदि निकटस्थ बन्धु की दुःखद मृत्यु हो जाने पर एक वर्ष के पश्चात् विवाह आदि शुभ कार्य करना चाहिए (निर्णय सिंधु) परन्तु **अपवाद स्वरूप** संकट काल में अथवा अत्यावश्यक परिस्थितिवश एक मास के बाद अथवा सूतक निवृत्ति के बाद जप, पाठ, होम शान्ति एवं यथाशक्ति द्रव्य, वस्त्र, गोदानादि के बाद शुभ कार्य ग्राह्य होंगे—

प्रतिकूलेऽपि कर्तव्यो विवाहो मासमन्तरात्।
शान्ति विधाय गां दत्वा वाग्दानादि चरेत् पुनः॥

जन्म नक्षत्र विचार

जातक का जन्म नक्षत्र अन्न प्राशन, उपनयन, मुंडन (चूड़ाकरण), राज्याभिषेक, जन्मदिनादि कृत्यों में प्रशस्त माना गया है, परन्तु यात्रा, सीमान्तोन्नयन तथा विवाहादि कार्यों में जन्म नक्षत्र अनिष्टकर होता है—

बालान्नभुक्तौ व्रतबन्धनेऽपि राज्याभिषेके खलुजन्मधिष्ण्यम्।
शुभं तु अनिष्टं सततं विवाह सीमन्त यात्रादिषु मंगलेषु॥ —**वसिष्ठ**

मतान्तर से ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्त्त दीपिकानुसार केवल चूड़ाकरण (मुण्डन), औषध सेवन, विवाद, यात्रा और कर्णवेध में ही **जन्म-नक्षत्र** का निषेध कहते है, अन्य सभी कार्यों में जन्म नक्षत्र शुभ कहा है—

जन्म नक्षत्रगश्चन्दः प्रशस्तः सर्वकर्मसु।
क्षौर भैषजविवादध्वकर्त्तनेषु विवर्जयेत्॥ (मुहूर्त्त दीपिका)

परन्तु जन्म नक्षत्र से २५वां तथा २७वां नक्षत्र शुभ कार्यों में त्याज्य माना जाता है।

जन्म मास अग्रज (बड़े) लड़के या लड़की का विवाह **जन्म नक्षत्र** एवं **जन्म मास** में करने का निर्विवादेन निषेध माना गया है—

न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा। आद्य गर्भ सुतस्याथ दुहितुर्वा करग्रहः॥ —**नारद**

परन्तु अनुज लड़के या लड़की का विवाह **जन्म मास** में ग्रहणीय माना गया है—

विवुधैः प्रशस्यते चेत् द्वितीयजनुषोः सुतप्रदः —**मुहूर्त्त चिंतामणि**

वर—वरण एवं सगाई मुहूर्त्त

वर-कन्या की जन्मपत्रियों में परस्पर सम्यक् मिलान हो जाने के पश्चात् दोनों के माता-पिता विवाह के संकल्प (वाग्दान) को सम्पुष्ट करने के लिए वर-कन्या का वरण (सगाई) करते हैं। इसके लिए निम्नलिखित शुभ मुहूर्त्त में कन्या का भाई, कुल पुरोहित (ब्राह्मण) एवं परिवार के सन्निकट सगे सम्बन्धियों के साथ यज्ञोपवीत, नारियल, साबित सुपारी, हल्दी, अक्षत, छुहारे, गुड़, वस्त्र, अंगूठी, मिष्टान्न, फल, फूलादि अर्पण करके वर का शास्त्र प्रशस्त मांगलिक मन्त्रों के साथ वरण करें। (पूर्ण विधि जानने के लिए हमारी नवीन प्रकाशित '**विवाह पद्धति**' का अवलोकन करें।

विवाह में प्रतिपादित शुभ मासों **वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन मासों** में, रिक्ता (४, ९, १४) तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में (विशेषकर शुक्ल पक्ष प्रशस्त है), चन्द्र, बुध, गुरु एवं शुक्रवारों में तथा कृतिका, रोहिणी, तीनों पूर्वा, मृग, हस्त, श्रवण, चित्रा नक्षत्रों में शुभ लग्न कालीन वर का वरण करें।

कन्या वरण मुहूर्त्त—

उपरोक्त शुभ मासों, तिथियों में तथा कृतिका, तीनों पूर्वा, उत्तराषाढ़ा, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा अनुराधादि विवाहोक्त नक्षत्रों में सुपारी, नारियल, मौसमी फल, सुगन्धित द्रव्य, वस्त्र, आभूषण मिष्टान्न, फल, फूलों आदि के साथ वर परिवार के किसी श्रेष्ठ अग्रज अथवा वृद्धजन के कर कमलों के द्वारा कन्या का विधिवत् वरण करें।

आवश्यक मुहूर्त्त विचार

नाम मुहूर्त्त	शुभ ग्राह्य तिथियां	शुभ वार मास	शुभ नक्षत्र
बच्चे का नाम रखना	१ (कृष्ण), तथा दोनों पक्ष की २, ३, ७, १०, ११, १३ (शुक्ल) तिथियाँ ॥	सूतकान्त (सप्ताह के बाद) १०, १२, १३, १६ आदि दिनों में एवं चंद्र, बुध, गुरु एवं शुक्र वारों में ॥	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, श्रव, धनि, शत, रेवती।
बच्चे को स्कूल डालना (विद्यारम्भ)	२,३,५,७,१०,११,१२, १३ (शु.), १४, बुध एवं पूर्णिमा तिथि	उत्तरायण मासों में (२१ दिसं. से २० जून तक) ५वें ७वें वर्ष, रवि, चंद्र, बुध, गुरु व शुक्र वार।	अश्वि, मृग, रोह, पुन, पुष्य, श्ले, पूर्वा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, श्रव, धनि, शत, उत्तरा—तीनों।
मुंडन संस्कार	१ (कृष्ण), २,३,५,६,७, १०, ११, १३ (शुक्ल, १५ शुभ तिथियाँ।	जन्म से १, ३, ५ इत्यादि वर्षों में, वैशा, ज्ये., आषा. (२० जून तक), माघ, फागु. (उत्तरायणे), चं. बु. गु. शु.।	अश्वि, मृग, पुन, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., ज्ये., श्रव, धनि, शत, रेव एवं जन्म नक्षत्र ग्राह्य ॥
दुकान/बही खाता शुरु करना	१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १० १२, १३(शुक्ल) तिथियां।	रवि, चंद्र, बुध, वीर, शुक्र, शनि। वैशा, ज्ये, आषा, श्रा, भा., मार्ग, माघ, फा।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा-३, हस्त, चित्रा, अनु, मूल, श्रव, धनि, पूभा, रेवती।
नौकरी करना	२, ३, ५, ६, ७, १०, ११ १२, १५ तिथियां।	रवि, चन्द्र, बुध, वीर, शुक्र, उत्तरायण महीने प्रशस्त हैं।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, अनु, ज्ये, श्रव-रेव।
स्कूटर, कारादि सवारी खरीदना	१ (कृ.), २,३,५,६,७,१० ११, १२, १३ (शु.), १५।	चंद्र, बुध, गुरु व शुक्रवारों में।	अश्वि, उत्तरा-३, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा-३, पूर्वा-३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, धनि, रेवती।
गृहारम्भ (मकान बनाना)	१ (कृ), २,३,५,६,७,१०, ११, १२, १३ (शु.)प १५।	चन्द्र, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, वैशा, ज्ये, श्रव, भादर, माघ, फागु. प्रशस्त हैं।	रोह, मृग, जुन, पुष्य, उत्तरी, ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, धनि, शत, रेव।
शिलान्यास (नींव खोदना)	गृहारम्भ वाली तिथियां ग्राह्य।	गृहारम्भ वाले वार एवं मास ग्राह्य। सुप्त भूमि के प्रविष्टे (५,७,९,१५,२१,२४ त्याज्य)	उपरोक्त नक्षत्रों के अतिरिक्त अश्विनी व श्रवण नक्षत्र सुप्त भूमि के प्रविष्ट।
नए घर में प्रवेश	१(कृ), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शुक्ल) १५ तिथियां।	वैशा, ज्ये, मार्ग, माघ एवं फाल्गु. ॥ पुराने गृह में श्राव, भाद्र भी ग्राह्य, चंद्र, बुध, शुक्र व शनि।	अश्वि, रोह, मृग, उत्तरा, ३, हस्त, चित्रा, स्वा, पुष्य, अनु, धनि, रेव।

नाम मुहूर्त्त	शुभ ग्राह्य तिथियां	शुभ वार मास	शुभ नक्षत्र
सगाई मुहूर्त्त	१ (कृ), २,३,५,७,८,१०, ११, १२, १३ (शु.), १५ शुभ तिथियां ॥	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, वैशा, ज्ये, आ, श्रा, भा., आश्वि, मार्ग, माघ, फागु.।	अश्वि, कृति, रोह, मृग, मघा, पूर्वा ३, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु, मू, श्रव, धनि, रेवती।
विवाह मुहूर्त्त	१(कृ.),२,३,५,७,८,९,१० ११, १२, १३ (शुक्ल), १५।	वै., ज्ये, आषा, श्रा., भा, अश्वि, मार्ग, माघ, फागु. तथा कार्तिक (पर्वतीये केवल)। रवि, चंद्र बुध, गुरु, शुक्र प्रशस्त। मं. श. (मध्यम)।	रोह, मृग, मघा, उत्तरा ३ (तीनों), हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, मूला, रेव।
मुहूर्त्त मुकलावा	२, ३, ५, ६, ७, १०, ११ १२, १३ (शुक्ल) १५ तिथियां।	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, वैशा., मार्ग, माघ व फाल्गुन मास।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु., मूल, श्रव, धनि, रेव।
बीज बोना (हल चलाना)	१ (कृ) २, ३, ५, ७, १० ११, १२, १३ (शु.) १५ तिथियां।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, मघा, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, विशा, अनु, मूला, रेवती।
अनाज संग्रह (भरने का मुहूर्त्त)	२, ३, ५, ७, ८, ११, १२, १३, (शुक्ल), १५।	चन्द्र, बुध, गुरु व शुक्र।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, मूल, श्रव, धनि, शत, रेवती।
आप्रेशन कराने का मुहूर्त्त	२, ३, ५, ६, ७, १०, १२, १३	रवि, मंगल, गुरु	अश्वि, रोहि, मृग, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, अभि, श्रव
मन्त्र सिद्ध करने का मुहूर्त्त	२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) १५ तिथि।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र वारों में।	अश्वि, मृग, उफा, हस्त, श्रवण, विशाखा।
भूमि खरीदने का मुहूर्त्त	१(कृष्ण) तथा ५, ६, १०, ११, १५।	मंगल, गुरु, शुक्र।	मृग, पुन, श्ले, मघा, विशाखा, अनु, पूर्वा ३, मूला, रेवती।
मुकद्दमा दायर करना	३, ५, ८,१०,१३ (शुक्ल) १५, चंद्र व मंग. दोनों बलान्वित होने चाहिएं।	रवि, मंग, बुध, गुरु, वार प्रशस्त हैं।	भर, आर्द्रा, श्ले, मघा, पूर्वा-३, ज्ये., मूला, नक्षत्र।
पशु खरीदने का मुहूर्त्त	१(कृ)२,३,५,६,७,८,१०, ११,१२,१३(शुक्ल) १५।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु शनि।	अश्वि, पुन, पुष्य, हस्त, विशा, ज्ये, धनि, शत, रेवती।
औषधि सेवन का मुहूर्त्त	१, (कृ),२, ३, ५, ७, १० ११, १२, १३ (शु.)।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र, जन्म नक्षत्र त्याज्य हैं।	अश्वि, मृग, पुष्य, चित्रा, पुर्न, हस्त, अनु, स्वा, अभि, श्रवण, धनिष्ठा हैं।

आपको किस दिन क्या कार्य करना शुभ है ?

नाम वार	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	वीरवार	शुक्रवार	शनिवार
यात्रा में शुभ ग्राह्य-दिशाएँ	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षिण पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण वायव्य (उत्तर-पश्चिम)	दक्षिण-पूर्व आग्नेय (दक्षिण-पूर्व)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)	पूर्व, उत्तर ईशान (उत्तर-पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)
यात्रा में त्याज्य (दिशाशूले)	पश्चिम, वायव्य (उ. पश्चि. कोण)	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षि.-पूर्व)	उत्तर, पश्चिम वायव्य (उत्तर पश्चि.)	उत्तर, पश्चिम ईशान (पूर्व-उत्तर)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षि. पश्चि.)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य कोण (द. पश्चि.)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)
विद्या एवं शिक्षा सम्बन्धी	विज्ञान, इंजीनियरिंग, सेना, उद्योग, बिजली, मैडिकल, एवं प्रशासनिक शिक्षा सम्बन्धी।	लेखनादि कार्य, मैडीकल शिक्षा, सौंदर्य प्रसाधन, औषधि निर्माण व योजना सम्बन्धी।	बिजली (इलैक्ट्रानिक), सर्जरी की शिक्षा, शस्त्र विद्या सीखना, अग्नि, स्पोर्टस, भूगर्भ विज्ञान, दंत चिकित्सा आदि।	गणित, लेखनादि, बौद्धिक कार्य, बैंक वकालत, तकनीकि हुनर, ज्योतिष, विज्ञान, वाहनादि चलाना सीखना।	दर्शन-शास्त्र, धर्म मंत्र ज्योतिष, वकालत, उच्च पद प्रशासनिक शिक्षा वैद्यक आदि।	नृत्य, वाद्य, गायन, कला, संगीत, ऐक्टिंग, गीत-काव्य, रचना, स्त्रियों एवं सौंदर्य सम्बन्धी शिक्षा।	तकनीकी शिल्प, कला, मशीनरी सम्बन्धी ज्ञान (Engineering) अंग्रेजी, उर्दू, फारसी का ज्ञान शुरु करना।
व्यापार सम्बन्धी कार्य	राज्य प्रशासनिक कार्य सेनाधिकारी, ज्यूलर्ज, औषधि, शस्त्र, अग्नि, अनाज, सोना, तांबा, चाँदी, गाय, बैलादि का क्रय-विक्रय, मैडीकल, इलैक्ट्रीकल, मंत्रानुष्ठान यज्ञादि।	कृषि, गाय, भैंस, दूध, घी डेयरी, फार्म, औषधि, सोडादि तरल पदार्थ, शंख, मोती, स्त्री, धन सम्पदा, सौंदर्य प्रसाधन, सुगन्धि (Perfumes) सम्बन्धी वस्तुओं का क्रय-विक्रय, विदेशी पत्राचार आदि।	शक्ति, अग्नि एवं बिजली से सम्बिन्धत कार्य, बेकरी electronics, स्पोर्टस Goods, सोना, तांबा, मूंगा, पीतलादि का क्रय भूमि, सर्जरी एवं रक्षा सामग्री, सन्धि विच्छेद आदि कार्य।	कृषि एवं व्यापारिक वस्तुओं का क्रय-विक्रय, शेयरों का क्रय, पुस्तक, लेखन प्रशासन, लेखाकार्य (Accounts) शिक्षण, वकालत, शिल्प, एवं सम्पादन कार्य, वाहन क्रय-विक्रय।	धार्मिक अनुष्ठान, उच्च प्रशासनिक कार्य, उच्च शिक्षा के कार्य, आभूषण, औषधि, लकड़ी, भूमि, वाहनादि का लेन-देन, विदेश गमनादि कार्य।	संगीत, सिनेमा, विदेश बारे, टैलीविजन, स्त्रियों, एवं श्रृंगारिक वस्तुओं से संबन्धित कार्य, रूई, कपड़ा बैंकिंग, चाँदी, जवाहरात, रसायन, शराब, सोडा, सुगन्धित द्रव्य, वाहनादि क्रय-विक्रय, खुशबूदार वस्तु।	मशीनरी, लोहा, लकड़ी चमड़ा, सीमेंट, तेल, पैट्रोल, पत्थर, भूमि, ठेकेदारी, शस्त्रों का क्रय-विक्रय, अन्वेषण एवं आप्रेशण कार्य, अधीनस्थ कर्मचारी, वाहनादि प्रयोग विदेश-यात्रादि कार्य।

नाम वार	रवि	चन्द	मंगल	बुध	बृह	शुक्र	शनि
नवीन वस्त्र धारण करना	शुभ है	मध्यम	अशुभ	शुभ	शुभ	अति शुभ	अशुभ
नवीन आभूषण धारण	शुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ
तेल लगाना	अशुभ	शुभ	अशुभ	विशेष शुभ	अशुभ	शुभ	विशेष शुभ
हजामत करना	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम
नया जूता पहनना	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम
मुकद्दमा करना	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ

अनुष्ठान आरम्भ करने का मुहूर्त्त

मास—वैशाख, श्रावण, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन।

तिथि (शुक्ला)—२, ३, ५, ७, १०, ११, १३।

वार—सू. गु. शु. (सोम मध्यम)।

नक्षत्र—अशिव. रो. मृ. पुन. पु. उत्तरा. ३. ह. स्वा. वि. अनु. ज्ये. श्र. ध. श. रे।

लग्न—शिव की आराधना १, ४, ७, १० लग्नों में एवं विष्णु की २, ५, ८, ११ लग्नों में तथा देवी की ३, ६, ९, १२ लग्नों में कर्त्तव्य है।

अन्य देवताओं के अनुष्ठान में वह राशि लग्न ग्रहण करें, जब ३, ६, ११वें क्रूर ग्रह १, २, ४, ५, ७, ९, १०वें सौम्य ग्रह तथा ८, १२वें प्रहाभाव।

विशेष—आराध्य देवताओं के मास, तिथि, वार, नक्षत्र विशेष शुभ है। पुनश्च, गुरु-शुक्रास्त, बलहीन चन्द्र तथा कुयोग परित्याज्य हैं।

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

विवाह योग्य लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली में वर्ण, वश्य, तारा, ग्रहमैत्री, नाड़ी आदि अष्टकूट सम्बन्धी गुण मिलान के पश्चात् कुण्डली में मंगल एवं मंगलीक दोष पर विशेष रूप से विचार किया जाता है। मंगलीक दोष का आधार सामान्यतः निम्न श्लोक माना जाता है।

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तुविनाशाय भर्ता कन्या विनाशकः।

—मु. संग्रहदर्पण

अर्थात् जिस कन्या की कुण्डली में १, ४, ७, ८ या १२वें स्थान में मंगल हो, तो वह कन्या वर (पति) के लिए हानिकारक तथा इसी भान्ति जिस लड़के की कुण्डली में इन्हीं स्थानों में मंगल हो वह कन्या को हानिकारक होता है। इसी भांति लग्न, चन्द्र और कभी-कभी शुक्र की राशि से भी मंगल की उपर्युक्त स्थितियों का विचार किया जाता है।

अपवाद—(१) मंगल दोष वाली कन्या का विवाह मंगलीक दोष वाले वर के साथ करने से मंगल का अनिष्ट दोष नहीं होता तथा वर-वधू के मध्य दाम्पत्य सुख बढ़ता है—

कुज दोष वती देया कुजदोषवते किल। नास्ति दोषो न चानिष्टं दम्पत्योः सुखवर्धनम्॥

मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक के परिहार स्वरूप मुहूर्त्त ग्रन्थों में अनेकत्र परिहार वाक्य मिलते हैं। यथा—

(२) यदि लड़की की कुण्डली में जिस स्थान पर मंगल स्थित (मंगलीक कारक) हो, और लड़के की कुण्डली में उसी स्थान पर शनि, मंगल, सूर्य, राहु आदि कोई पाप ग्रह स्थित हों, तो भौमदोष भंग हो जाता है। इसी प्रकार लड़के की कुण्डली में भौम दोष होने पर कन्या की कुण्डली में उसी भाव में कोई पाप ग्रह होने से भी भौमदोष नहीं रहता—

शनि भौमोऽथवा कश्चित् पापो वा तादृशो भवेत्।
तेष्वेव भवनेष्वेव भौमदोष विनाश कृत्॥—फलित संग्रह अन्येऽपि—

भौमेन सदृशो भौमः पापो व तादृशो भवेत्। विवाहः शुभदः प्रोक्तश्चिरायुः पुत्रपौत्रदः॥

अर्थात् एक की कुण्डली में मंगल दोष हो, तो दूसरे की कुण्डली में भी उन्हीं स्थानों में शनि आदि पाप ग्रह होने से मंगलीक दोष भंग होकर विवाह में शुभ होता है।

यामित्रे च सदा सौरि लग्ने वा हिबुके तथा। अष्टमे द्वादशो चैव भौमदोषो न विद्यते॥

यह श्लोक भी लगभग इसी आशय का है।

(३) मेष राशि का मंगल लग्न में, वृश्चिक राशि का चौथे भाव में, मकर का सातवें, कर्क राशि का आठवें, एवं धनु राशि का मंगल १२वें हो, तो मंगल दोष नहीं होता।

यथोक्तम्—

अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके कुजे।
द्यूने मृगे कर्किचाष्टौ भौमदोषो न विद्यते॥ —मु. पारिजात

प्रकारान्तर से, मीन का मंगल ७वें भाव तथा कुम्भ राशि का मंगल अष्टम में हो, तो भौम दोष नहीं होता।

"द्यूने मीने घटे चाष्टौ भौम दोषो न विद्यते" —मु. चिंतामणि

(४) यदि द्वितीय भाव में चन्द्र-शुक्र का योग हो, या मंगल गुरु द्वारा दृष्ट हो, केन्द्र भावस्थ राहु हो, अथवा केन्द्र में राहु-मंगल का योग हो, तो मंगल दोष नहीं रहता—

न मंगली चन्द्र भृगु द्वितीये, न मंगली पश्यति यस्य जीवा।
न मंगली केन्द्रगते च राहुः, न मंगली मंगल-राहु योगे॥ —मुहूर्त्त दीपक

(५) बलान्वित गुरु वा शुक्र लग्न में हो, तो वक्री, नीचस्थ, अस्तंगत अथवा शत्रुक्षेत्री मंगल उपरोक्त दुष्ट स्थानों में होने पर भी भौम दोष नहीं होता—

सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽथवाभौमे।
वक्रे नीचारि गृहस्थे वाऽस्तेऽपि न कुज दोषः॥ —मुहूर्त्त दीपक

(६) इसी भांति केन्द्र व त्रिकोण में यदि शुभ ग्रह हों, तथा ३, ६, ११वें भावों में पाप-ग्रह हों तथा सप्तमेश ग्रह सप्तम में ही हो, तो मंगल दोष नहीं होता—

"केन्द्र कोणे शुभादये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः।
तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा॥" —मु. चिंतामणि

अपरं च—

(७) यद्यपि १, २, ४, ७, ८, ११ और १२वें भावों में स्थित मंगल वर-वधू के वैवाहिक जीवन में विघटन उत्पन्न करता है, परन्तु यदि मंगल अपने घर (१, ८) का हो, उच्चस्थ (मकर) का किंवा मित्र क्षेत्री मंगल दोष कारक नहीं होता—

तनु धन सुख मदनायुर्लाभ व्ययगः कुजस्तु दाम्पत्यम्।
विघट्यति तद् गृहेशो न विघटयति तुंगमित्रगेहेवा॥ —मु. चिंतामणि

(८) यदि वर-कन्या की कुण्डलियों में परस्पर राशिमैत्री हो, गणैक्य हो, २७ गुण या अधिक मिलान होता हो, तो भी भौम दोष अविचारणीय है।

राशिमैत्रं यदा याति गणैक्यं वा यदा भवेत्। अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते॥

—मुहूर्त्त दीपक

विवेचन—उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि मुहुर्त संग्रह दर्पण में दिए गए मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक ("लग्ने व्यये पाताले—") के परिहारस्वरूप कुछ अर्वाचीन ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं, जिनमें परस्पर विरोध वाक्यता भी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन सैद्धान्तिक एवं प्रतिष्ठित मुहूर्त ग्रंथों जैसे—विवाह वृन्दावन, मुहूर्त्त मार्तण्ड, सारावली, मु. चिन्तामणि (प्राचीन संस्करण), ज्योतिः निबन्ध आदि) में मंगलीक सम्बन्धी उपर्युक्त श्लोक एवं तत्सम्बन्ध विभिन्न परिहार वाक्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता।

वर-कन्या की कुण्डली में मंगलीक दोष एवं उसके परिहार का निर्णय अत्यन्त सावधानीपूर्वक करना चाहिए। केवल १, ४, ७, ८ आदि भावों में मंगल को देखकर दाम्पत्य जीवन के सुख-दुःख का निर्णय कर देना उपयुक्त नहीं। मंगलीक वाले स्थानों (भावों) में मंगल के अतिरिक्त कोई अन्य क्रूर ग्रह भी १, २, ७ एवं १२वें स्थानों में हो, तो वह भी परिवारिक एवं वैवाहिक जीवन के लिए अनिष्टकारी होता है। यथा—

लग्ने क्रूरा व्यये क्रूरा धने क्रूराः कुजस्तथा। —मु. संग्रह दर्पण
सप्तमे भवने क्रूराः परिवार क्षयंकराः॥

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

मंगल अथवा मंगलीक दोष का निर्णय कुण्डली विशेष में सभी ग्रहों के पारस्परिक अनुशीलन के पश्चात् ही करना चाहिए। सभी लग्न कुण्डलियों में मंगलीक दोष का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। इसमें कोई सन्देह नहीं कि कुछ लग्न कुण्डलियों में मंगल अथवा मंगलीक दोष का अशुभ एवं अनिष्ट प्रभाव वर-कन्या के वैवाहिक जीवन पर पड़ता है, परन्तु यदि किसी कुण्डली में मंगल अन्य ग्रहों के सहचर्य से योगकारक हो, उच्चस्थ या स्वराशिगत हो अथवा गुरु आदि शुभ ग्रह की दृष्टि से प्रभावित हो, तो मंगल अशुभ की अपेक्षा **शुभ प्रभाव कारक** होगा। जैसे—मकर, मेष, बृश्चिक, सिंह, धनु और मीन राशि के मंगल को शुभ माना जाता है तथा **कर्क** एवं **सिंह लग्नों** में मंगल **केन्द्र त्रिकोणपति** होने से मंगल अशुभ न होकर योगकारक माना जाएगा—

> **"सर्वे त्रिकोणनेतारो ग्रहा शुभफलप्रदाः।**
> **इसी भान्ति स्वोच्चस्थितः शुभफलं प्रकरोति पूर्णम्।**
> **नीचर्क्षगस्तु विपलं रिपु मन्दिरेऽल्पम्॥** (सारावली)
> **भाव सर्वे शुभपतियुता वीक्षितः वा शुभेशै—**
> **तत्तद्भावाः सकल फलदाः पापदृक्योगहीनाः॥"**

अतएव वर-कन्या की कुण्डलियों का मिलान करते समय उनके सुखी एवं सम्पन्न दाम्पत्य जीवन के लिए केवल मंगल या मंगलीक पर ही अत्यधिक बल न देते हुए मेलापक सम्बन्धी अन्य तत्त्वों का भी सर्वाङ्ग रूप से विवेचन करना चाहिए। जिनमें कुछ मुख्य तत्त्व निम्नलिखित हैं—

(१) चलित भाव कुण्डली—जो ग्रह भाव मध्य होते हैं, वह भाव सम्बन्धी पूर्ण फल प्रकट करते हैं, जो ग्रह भाव सन्धि में होते हैं, वह शून्य फल दिखाते हैं। तदनुसार वर-कन्या की कुण्डलियों का मिलान करते समय दोनों की कुण्डलियों के ग्रह स्पष्ट, भाव स्पष्ट एवं चलित भाव कुण्डली बनी होनी चाहिए, तभी मंगल अथवा मंगलीक दोष की वास्तविक स्थिति का पता चल पाएगा। यदि दोनों की कुण्डलियों में **मंगल** सन्धिगत होगा, तो मंगलीक दोष भंग माना जाएगा।

(२) सप्तम भाव में सप्तमेश या शुभ एवं योगकारक ग्रहों की स्थिति अथवा मंगल या सप्तम भाव पर गुरु, शुक्र की दृष्टि अथवा सप्तमेश ग्रह की स्वगृही दृष्टि होने से मंगलीक दोष क्षीण होगा।

(३) सप्तमेश ग्रह उच्चस्थ या स्व-मित्रादि राशिगत होकर केन्द्र त्रिकोणादि भावों में स्थित हो तो विवाह में मंगल का दोष निष्प्रभावी होगा।

(४) इसके विपरीत सप्तमेश त्रिक में हो, पापग्रह युक्त व पाप दृष्ट, नीच राशिगत अथवा अस्तंगत हो तो विवाह का **पूर्ण सुख नहीं होता**—

दुःस्थे कामपतौ तु पाप ग्रहगे पापेक्षिते-तद्युते। तज्जाया भवनस्य मध्यमफलं सर्वं शुभं चान्यथा॥

(५) इसके अतिरिक्त लग्नेश, कुटुम्बेश (द्वितीयेश), पंचमेश, अष्टमेश, सप्तमेश एवं चन्द्र, शुक्र, गुरु, मंगलादि ग्रहों के बलाबल का विचार करना भी नितान्त आवश्यक है।

(६) अष्टकूट नक्षत्र राशि मिलान पर यदि वर-कन्या में परस्पर राशिमैत्री उपलब्ध हो गुणाधिक्य (२७ या अधिक) गुण मिलते हों तो भी मंगलीक दोष अविचारणीय होगा।

इस प्रकार वर-कन्या की कुण्डली में मंगल के अतिरिक्त कुण्डलियों में अन्य सभी ग्रहों के शुभाशुभत्व का सम्यक् विचार करते हुए विद्वान् ज्योतिषी को मेलापक सम्बन्धी अपना अन्तिम निर्णय देना चाहिए।

वर-कन्या मिलान में वर्णादि अष्टकूटों का महत्त्व

वर-कन्या मिलान में वर्णादि अष्टकूटों का महत्त्व

विवाह गृहस्थाश्रम की आधारशिला है और उसी के मध्यम से मनुष्य, देव-ऋषि एवं पितरादि ऋण त्रय से उद्धृण होकर परम कल्याण को प्राप्त होता है। तद् हेतु उत्तम लक्षणों जैसे—सुन्दर, सुशीला, मधुरभाषिणी एवं पतिव्रता कन्या तथा कर्त्तव्यनिष्ठ, स्वस्थ, शिक्षित, सदाचारी एवं सुसंस्कृत लड़के के साथ विवाह सम्बन्ध शुभ होता है। विवाह सम्बन्ध करने से पूर्व लड़के-लड़की का कुल-गोत्र, सनाथता, विद्या, धन, स्वस्थ (शरीर) और आयु—इन सात गुणों की परीक्षा करने के पश्चात् ही कुण्डलियों में परस्पर **मंगलीक आदि अरिष्ट योगों** तथा वर्ग, **स्त्रीदूर, कर्तरि एवं वर्णादि अष्टकूटों** का विचार करना चाहिए।

मेलापक प्रक्रिया में मंगलीक और अष्टकूट तत्त्वों का विशेष महत्त्व है, क्योंकि वर-कन्या के दाम्पत्य जीवन को अधिकाधिक सुखी एवं मंगलमय बनाने के लिए उनके जन्म नक्षत्रों एवं जन्म कुण्डलियों के अनुसार मिलान करना अत्यन्त आवश्यक है। उपयुक्त मिलान न होने की स्थिति में पति-पत्नी के वैवाहिक जीवन में—विचार वैमनस्य, सन्तान कष्ट, वैधव्य, वैधुर्यादि दोष अथवा पारिवारिक कष्ट होने की सम्भावनाएं हो जाती है। **मंगलीक दोष** का विशेष विवरण इसी पंचाँग के अन्य पृष्ठों में दिया गया है। यहाँ पर नक्षत्र मिलान के मुख्य तत्त्व अष्टकूट का विवेचन किया जा रहा है। ध्यान रहे, अष्ट (आठ) कुंटों का निर्णय वर-कन्या के जन्म नक्षत्रों से ही किया जाता है। अष्टकूटों के आठ कूट (अंग) निम्नलिखित हैं :—

(१) वर्ण (२) वश्य (३) तारा (४) योनि (५) ग्रहमैत्री (६) गणमैत्री (७) भकूट तथा (८) नाड़ी —ये आठ कूट हैं।

प्रत्येक कूट की क्रम संख्या अपने श्रेष्ठ गुणों की सूचक है। वर्णादि अष्टकूटों में **गुणों का योग** ३६ होता है। इसमें क्रमानुसार वर्ण का १ गुण, वश्य के २, तारा के ३, योनि के ४, ग्रहमैत्री के ५, गण-मैत्री के ६, भकूट के ७ एवं नाड़ी के ८ (आठ) गुण जानने चाहिएं।

वर्णादि कुल ३६ गुणों के योग में से १ से १७ तक गुण मिलान तुच्छ एवं निन्दनीय (त्याज्य) माने जाते हैं, १८ से २१ तक मध्यम एवं ग्राह्य और २२ से २८ तक उत्तम तथा २९ से ३६ तक गुण सर्वोत्कृष्ट मिलान माना जाता है।

एकैकवृद्धितो ज्ञेया वर्णादीनां गुणाः क्रमात्।
विवाहः शुभदस्तेषां गुणे त्वष्टादशाधिके॥ —मु० गणपति

वर्णादि अष्टकूट

(१) वर्ण विचार—४, ५, १२ राशियों का **ब्राह्मण**, १, ५, ९ का **क्षत्रिय**, २, ६, १० **वैश्य** तथा ३, ७, ११ राशियों का **शूद्रवर्ण** होता है। वर का वर्ण कन्या के वर्ण से उच्च स्तरीय अथवा समान वर्ण होने पर **एक गुण** प्राप्त होता है। अन्यथा शून्य गुण होगा।

परिहार—यदि वर की राशि का वर्ण कन्या के राशि-वर्ण से हीन हो, परन्तु राशिपति उत्तम वर्ण हो, तो वर्ण मिलान शुभ हो जाता है।

(२) वश्य विचार—सिंह राशि के अतिरिक्त सभी राशियाँ नर (मनुष्य) राशि के वश में हैं। जल राशियाँ (४।१० उ.।१२) नर राशियों (३।६।७।९ पू.।११) का भक्ष्य है। वृश्चिक को छोड़कर शेष राशियाँ सिंह राशि के वश्य हैं। **समान वश्य होने पर** २ गुण, एक वश्य और दूसरा शत्रु होने पर एक गुण, एक वश्य और एक भक्ष्य होने पर आधा गुण तथा एक शत्रु और एक भक्ष्य होना शून्य अर्थात् गुणाभाव होगा।

(३) तारा विचार—कन्या के जन्म नक्षत्र से वर के जन्म नक्षत्र तक तथा वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनकर दोनों संख्याओं को अलग-अलग ९ द्वारा भाग देने पर यदि शेष ३, ५, ७ बचे तो अशुभ तारा होती है।

दोनों (वर-कन्या) ताराओं में अशुभ तारा हो तो शून्य गुण, एक में तारा शुभ और दूसरे में अशुभ हो तो डेढ़ गुण तथा दोनों में तारा शुभ हो तो ३ गुण होते हैं।

(४) योनि विचार—अश्विनी आदि नक्षत्रों के अनुसार जातक की योनि ज्ञात की जाती है। वर और कन्या की योनियों का आपसी वैर त्याज्य है। जैसे—गौ और व्याघ्र में, सिंह और गज, न्यौला और सर्प में, अश्व और महिष में, श्वान और हरिण में, वानर और मेष में, मूषक और मार्जार में, परस्पर महावैर है।

[**नोट**—योनि व महावैर योनि की तालिका चक्र गत पृष्ठों में दिया गया है।]

गुण—वर-कन्या की एक ही योनि होना शुभ है। योनियों में परस्पर अतिमित्र हो तो ४ गुण, मित्र हो तो ३, सहज प्रकृति समान हो तो २, सामान्य वैर हो तो १ गुण तथा योनियों में अतिशत्रुता हो तो शून्य-अर्थात् गुणाभाव होगा।

(५) ग्रह मैत्री—ग्रह मैत्री कूट के सन्दर्भ में वर-कन्या के राशि स्वामियों का एक्य अथवा मैत्री भावादि अभिप्रेत्य है। (राशि स्वामी का विवरण गत पृष्ठों में नक्षत्र, राशि, वर्णादि तालिका चक्र में दिया गया है।)

गुण विचार—वर-कन्या की राशियों में परस्पर अधि-मित्रता या राश्यैक होने पर ५ गुण, एक सम और दूसरा मित्र हो, तो ४ गुण, एक-दूसरे के सम हो, तो ३ गुण, एक मित्र दूसरा शत्रु हो, तो १ गुण, एक सम दूसरा शत्रु हो, तो आधा गुण, दोनों की राशियां परस्पर शत्रु हों, तो शून्य अर्थात् गुणाभाव होता है।

अष्टकूटों में राशि स्वामी की मैत्री को विशेष महत्त्व दिया गया है। मिलान में वर्ण, योनि, गण और षडाष्टक दोष होने पर भी यदि परस्पर राशि मैत्री पाई जाती हो तो अन्य किंचिद् दोषों का निवारण हो जाता है। यथा—

गणदोषो योनि दोषो वर्णदोषः षडाष्टकम्।
चत्वारि नैव दुष्यन्ति राशिमैत्री यदा भवेत्॥ —बृहज्जयोतिः सार

अपवाद—वर-कन्या के राशिपतियों में परस्पर वैर होने पर भी राशि नवांशपति परस्पर मित्र हो, तो विवाह शुभ माना जाता है। यथा—

राशिनाथे विरूद्धेऽपि सबल नवांशकाधिपौ।
तन्मैत्रेऽपि च कर्त्तव्य, दम्पज्योः शुभमिच्छता॥

(६) गण विचार—अश्वि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, स्वा., अनु., श्रव., रेवती नक्षत्रों का **देवता गण**, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, भर० और आर्द्रा इन नक्षत्रों का **मनुष्यगण**, कृति., अश्ले, मघा, चित्रा, विशा., ज्ये., मूला, धनि. और शत. का **राक्षसगण**।

वर-कन्या का **एक ही गण** होने पर विवाह **उत्तम**, देव-मनुष्य हो तो शुभ, किसी एक का राक्षसगण और दूसरा मनुष्यगण हो अथवा किसी एक का देवगण और दूसरा राक्षस गण हो तो अशुभ एवं त्याज्य होता है।

गुण विभाजन—वर-कन्या का एक ही गुण हो, तो ६ गुण, वर का देवगण एवं कन्या का मनुष्यगण हो तो भी ६ गुण, पर कन्या देवगण एवं वर का मनुष्य हो तो ५ गुण, एक का देवगण तथा दूसरा राक्षसगण अथवा एक का मनुष्यगण दूसरे का राक्षसगण हो, तो शून्य गुण होता है इत्यादि।

मनुष्यादि गणों का गुण बोधक चक्र

कन्या	गुण	देव	मनुष्य	राक्षस
	देव	६	५	१
	मनुष्य	६	६	०
	राक्षस	०	०	६

गुण दोष परिहार—

(क) राशिपतियों में परस्पर मित्रता या राशिनवांशपति में भिन्नता हो, तो गणदोष नहीं रहता।

ग्रहमैत्री च राशिश्च विद्यते नियतं यदि। न गणभाव जनितं दूषणंस्याद विरोधदम्॥

गर्ग—मु. चिन्तामणि च

(ख) ग्रहमैत्री तथा वर-कन्या के नक्षत्रों की नाड़ियों में भिन्नता हो, तो गणदोष होने पर भी दोष नहीं होता। **—पीयूषधारा**

(ग) इसी भान्ति तारा, वश्य, योनि ग्रहमैत्री तथा भकूट की शुद्धि होने पर कोई दोषपत्ति नहीं होती। **—मुहूर्त्त मार्त्तण्ड**

(७) भकूट विचार—इसे राशिकूट भी कहते हैं। वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर छठे एवं आठवें हो, तो **षडाष्टक दोष** होता है। यदि वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर पांचवीं-नौवीं हो, तो **नव पंचम दोष,** यदि दोनों की राशियाँ परस्पर दूसरी और बारहवीं हो, तो **द्विद्वादश दोष** कहलाता है। **षडाष्टक दोष** (विशेषकर शत्रु-षडाष्टक) होने की स्थिति में वर-कन्या, इनके माता-पिता अथवा उनके किसी निकटस्थ बन्धु को मृत्यु-तुल्य कष्ट होने की सम्भावना होती है। **नवपंचम दोष** की स्थिति में विवाहित दम्पत्ति को संतान सम्बन्धी दुःख होने का भय होता है तथा **द्विद्वादश दोष** (शत्रुकूट) होने पर वर कन्या को धन हानि एवं आर्थिक परेशानियों का सामना रहता है।

षडाष्टक परिहार—(i) मेष-वृश्चिक, वृष-तुला, मिथुन-मकर, कर्क-धनु, सिंह-मीन तथा कन्या-कुम्भ आदि मित्र राशियों का षडाष्टक शुभ होता है, जबकि वैर-षडाष्टक ही विशेषतया त्याज्य होता है। यथा—१-६, २-९, ३-८, ४-११, ५-१०, ७-१२ राशियों का शत्रुगत षडाष्टक होने से त्याज्य माना जाता है।

(ii) परन्तु परिहारस्वरूप **तारा-शुद्धि, राशीश-मैत्री, राशिवश्यैक्य,** अथवा **राशि स्वामी ग्रह समान** होने पर षडाष्टक दोष भी ग्राह्य होता है। यथा—

न वर्गवर्णौ न गणो: न योनिर्द्विद्वादशे चैव षडाष्टके वा।

नव पंचम परिहार—

(i) वर की राशि से कन्या की राशि पांचवीं हो और कन्या की राशि से वर की राशि ९वीं हो, तो यह नव-पंचम शुभ होता है—

वरस्य पंचमे कन्या, कन्यायां नवमेवर:। एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यं पुत्रपौत्र सुखावहम्॥

—बृहज्योतिष: सार:

(ii) मीन-कर्क, वृश्चिक-कर्क, मिथुन-कुम्भ और कन्या-मकर—ये चार नवपंचक विशेषतया त्याज्य माने जाते हैं।

मीनालिभ्यां युते कीटे कुम्भे मिथुन संगते। मकरे कन्यकायुक्ते न कुर्यान्नवजचमे॥ —शार्गंधर

(iii) वर-कन्या दोनों के चन्द्र राशि अधिपति अथवा राशि नवांशपति परस्पर मित्रक्षेत्री हों, तो नवपंचम अविचारणीय है।

द्वि-द्वादश दोष का परिहार—

(i) लड़के की राशि से कन्या की राशि दूसरी हो तो कन्या धन हानिकारक और १२वीं हो तो वह धनवती और पति प्रिया होती है।

(ii) १-२, ३-४, ५-६, ७-८, ९-१० एवं ११-१२ राशियों का द्वि-द्वादश शत्रु-द्विद्वादश एवं च अनिष्टकर मानते हैं।

(iii) मतान्तर में **सिंह और कन्या** द्वि-द्वादश ग्राह्य है। **—मुहूर्तमार्त्तण्ड**

इसके अतिरिक्त कुछ परिस्थितियों में वर-कन्या की परस्पर राशि-स्थिति विशेष शुभकारी होती है। जैसे—वर-कन्या, दोनों की एक ही राशि १०वें का होना, दोनों की राशियों का परस्पर ३-११वें (त्रिरेकादश) होना, दोनों की राशियों का आपस में ४-१०वें होना एवं च दोनों की राशियों का परस्पर सप्तम (**समसप्तक**) होना वर-कन्या के वैवाहिक जीवन के लिए शुभफल प्रद होता है। परन्तु अपवाद रूप में, कर्क-मकर का तथा सिंह-कुम्भ राशियों का समसप्तक योग वर-कन्या के विवाह में शुभ नहीं माना गया— **मकरे कर्कटे चैव कुम्भे सिंहे तथैव च।**

परस्परं सप्तमे च वैधव्यं तु विनिर्दिशेत्॥ **—ज्योतिनिबन्ध**

(८) नाड़ी दोष विचार—अष्टकूट निर्धारक तत्त्वों में नाड़ी का विशेष महत्त्व है। वर-कन्या की एक ही नाड़ी होना विवाह में अशुभ माना गया है। 36 गुणों में से इसके 8 गुण होते हैं। भिन्न नाड़ी के आठ गुण तथा नाड़ी समान होने पर गुणाभाव अर्थात् शून्य गुण होता है।

अश्वन्यादि २७ जन्म नक्षत्रों को तीन नाड़ियों (पंक्तियों) में विभाजित किया गया है—आदि, मध्य और अन्त्य। इनका विवरण निम्न चक्र में दिया गया है।

नाड़ी चक्र

आदि नाड़ी	अश्वि	आर्द्रा	पुन	उ.फा.	हस्त	ज्ये.	मूल	शत	पू.भा.
मध्य नाड़ी	भर	मृग	पुष्य	पू.फा.	चित्रा	अनु.	पूषा	धनि	उ.भा.
अन्त्य नाड़ी	कृति	रोह	श्ले.	मघा	स्वा	विशा	उ.षा.	श्रव	रेव

वर-कन्या का जन्म नक्षत्र एक ही नाड़ी में पड़ना विवाह में अशुभ माना जाता है। दोनों की आदि (प्रथम) नाड़ी हो, तो विवाह के पश्चात् उनका परस्पर वियोग आदि, **मध्य नाड़ी** हो, तो दोनों की

वर-कन्या के नक्षत्र एक ही नाड़ी वाले हों, तो [illegible] माना जाता है। एक समान नाड़ी वाले वर-कन्या को ज्योतिषाचार्यों ने बहुत अशुभ माना है।

विवाह में नाड़ी दोष का आचार्यों द्वारा विशेष महत्त्व दिया गया है। नारद ऋषि अनुसार—

एक नाडी विवाहश्च गुणैः सर्वे समन्वितः।
वर्जनीयः प्रयत्नेन दम्पत्योः निधनं यतः॥ (नारद)

अर्थात् विवाह मिलान में चाहे सब गुण मिल रहे हों, परन्तु वर-कन्या की एक ही नाड़ी का प्रयत्नपूर्वक त्याग करना चाहिए। यह दोष दम्पत्ति के लिए अनिष्टकर/घातक माना जाता है। नाड़ी दोष में एक ही नक्षत्र और समान नक्षत्र चरण होने पर भी सभी आचार्यों ने एकमत से अनिष्टकारी कहा है।

नाड़ी दोषापवाद एवं परिहार—

(i) वर-कन्या की एक ही राशि हो, परन्तु नक्षत्र अलग-अलग हों।

(ii) वर-कन्या दोनों का जन्म नक्षत्र एक हो, परन्तु राशियाँ भिन्न-भिन्न हों, तो नाड़ी दोष अविचारणीय है। (विवाह वृन्दावन)

(iii) वर-कन्या, दोनों का नक्षत्र एक हो, परन्तु चरण भिन्न-भिन्न हों।

(iv) नाड़ी दोष ब्राह्मणों के लिए, वर्णदोष क्षत्रियों के लिए, गण दोष वैश्यों के लिए तथा योनि दोष शूद्रों के लिए विशेष रूप से विचारणीय होता है—

नाड़ी दोषस्तु विप्राणां वर्णदोषश्च क्षत्रिये। गणदोषश्च वैश्येषु योनि दोषस्तु पादजान्॥

ध्यान रहे, ब्राह्मणेतर वर्ण जातियों के लिए नाड़ी दोष नितान्तः उपेक्षनीय नहीं होता॥

हमारे मतानुसार नाड़ी दोष का विचार सभी जाति के वर-कन्यओं के मिलान के सम्बन्ध में समान रूप से करना चाहिए। विशेष रूप से कर्क, वृश्चिक तथा मीन (४, ८, १२) राशियों के सन्दर्भ में।

(v) यदि वर-कन्या दोनों की एक राशि हो, परन्तु नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों अथवा यदि दोनों का नक्षत्र एक हो और राशि अलग-अलग हो, एवं च नक्षत्र चरण भिन्न (पाद भेद) हो, तो ऐसी स्थिति में नाड़ी एवं गण दोष नहीं होता—अर्थात् शुभ होता है।

राश्यैक्ये चेद् भिन्नमृक्षं द्वयोः स्यान्नक्षत्रैक्ये राशियुग्मं तथैव।
नाड़ी दोषों नो गणानां च दोषो नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभंस्यात्॥ —मुहूर्त संग्रह दर्पण

यद्यपि वर-कन्या का एक ही नक्षत्र अथवा एक ही राशि का होने से नाड़ी दोष का परिहार माना गया है, परन्तु यदि दोनों के नक्षत्र चरणों में समानता हो अथवा नक्षत्रों में पाद वेध* हो, तो विवाह सर्वदा त्याज्य एवं वर्जित होगा। यथा—

एक नक्षत्र जातानां नाड़ी दोषो न विद्यते। अन्यर्क्षनाड़ीवेधेषु विवाहो वर्जितः सदा॥
—ज्योतिष तत्त्व प्रकाश

अन्यत्र भी कहा गया है— **दम्पत्योरेक नक्षत्र भिन्नपादे शुभावहम्।**
दम्पत्योरेकपादे तु वर्षान्ते मरणं ध्रुवम्॥ (का. नि.)

पराशरानुसार भी यही अभिमत है—

पराशरः प्राह नवांशभेदाद एकनक्षत्र राशचोरपि सौमनस्यम्॥

*नोट— [illegible] पाद और चतुर्थ पाद तथा दूसरे एवं तीसरे पाद में परस्पर वेध होना भी पाद-वेध कहलाता है।

(vi) 'नरपतिजचर्या' अनुसार वर कन्या के नक्षत्र चरणों के I & IV, II & III तथा IV & I, III & II चरणों के मध्य ही पादवेध चरणों का विचार करना अनिवार्य होता है। इसके अतिरिक्त अन्य नक्षत्र चरणों के वेध जैसे I & III, II & IV नक्षत्र चरणों में वेधाभाव होने के कारण स्वल्पदोष रह जाता है।

आद्यांशेन चतुर्थांश चतुर्थांशेन यादिमम्। द्वितीयेन तृतीयं तु तृतीयेन द्वितीयकम्॥
ययो भांशव्यधश्चैवं जायते वर कन्ययोः। तयो मृत्युर्न सन्देहः शेषांशाः स्वल्प दोषदाः॥

(vii) 'ज्योतिष चिन्तामणि' अनुसार रोहिणी, मृगशिर, आर्द्रा, ज्येष्ठा, कृतिका, पुष्य, श्रवण, रेवती एवं उत्तराभाद्रपद—इन नक्षत्रों में उत्पन्न वर-कन्या को नाड़ी दोष नहीं लगता।

रोहिण्यार्द्रा मृगेन्द्राग्नी पुष्यश्रवणपौष्णभम्।
अहिर्बुध्न्यर्क्षमेतेषां नाड़ी दोषो न विद्यते॥ —ज्यो० चिन्तामणि

नाड़ी आदि दोषों का परिहार होने की स्थिति में उनसे सम्बन्धित आधे गुणों को जोड़ (जमा कर) देने का विधान है।

उपयुक्त उपायों से परिहार—

हमारे मतानुसार गण, योनि, षडाष्टक, द्विद्वादश, नाड़ी आदि अष्टकूटों में परिहार वाक्य उपलब्ध हो जाने पर भी अपनी शक्ति एवं सामर्थ्यानुसार यथोचित संख्या में जप, पाठ, दानादि करवा लेना चाहिए।

'बृहस्पति संहिता' के अनुसार नाड़ी दोष की शान्ति के लिए **श्रीमृत्युञ्जय मन्त्र** का जाप (यथोचित संख्या में) करके ब्राह्मणों को गौ, वस्त्र, अनाज, घृतादि सहित भोजन एवं सुवर्ण, चांदी, रत्नों की दक्षिणा आदि से सन्तुष्ट करने से नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है—

अन्यत्र भी लिखा है—श्री महामृत्युञ्जय के जप-पाठ के उपरान्त—

षडाष्टके गोमिथुनं प्रदेयं, कारयं सरूप्यं नवपंचमेच।
नाड्यां सुवर्णान्नमथो सुधेनुं द्विद्वादशे ब्राह्मणतपर्णं च॥

अर्थात् दुष्ट षडाष्टक दोष होने पर गोमिथुन (एक गाय, एक बैल), **नवपंचम** में चांदी-कांसे का बर्तन, **नाड़ी दोष** में गाय, अन्न, सुवर्ण-वस्त्र का दान तथा **द्विद्वादश** में ब्राह्मणों एवं सुपात्र जनों को यथाशक्ति भोजन, दान-दक्षिणादि द्वारा सन्तुष्ट करने से मिलान सम्बन्धी **अष्टकूट दोषों** की शान्ति हो जाती है।

वर-कन्या की कुण्डली में नाड़ी-देष हो, परन्तु अत्यन्त आवश्यक परिस्थितिवश विवाह करना आवश्यक हो, तो उस स्थिति में वर/कन्या का अर्क/कुम्भ विवाह, महामृत्युजंय जप, सुवर्ण, रत्न, चांदी, अनाजादि के दान, ब्राह्मण भोजन आदि के पश्चात् ही विवाह कार्य करना प्रशस्त होगा—

हेमाज्यरत्नगोदानं मृत्युञ्जयजपस्तथा।
कुर्यादवश्यमुद्वाहे नाडीदोषाऽपनुत्तये॥ (मुहूर्त गणपति)

शुद्ध वर-कन्या मैलापक सारिणी (भाग-१)

कन्या राशि	वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
		अश्वि 1 से 4	भर 1 से 4	कृति 1	कृति 2,3,4	रोह 1 से 4	मृग 1,2	मृग 3,4	आर्द्रा 1 से 4	पुर्न 1,2,3	पुर्न 4	पुष्य 1 से 4	श्ले 1 से 4	मघा 1 से 4	पू.फा. 1 से 4	उ.फा. 1	उ.फा. 2,3,4	हस्त 1 से 4	चित्रा 1,2
मेष	अश्वि 1 से 4	२८ / 8	३३ / 4	२८ / 3,6	१८॥ / 1236	२१॥ / 1,2,3	२२॥ / 1,2,3	२६ / 1,3,5	१७ / 1,5,8	१९ / 1358	२३॥ / 3,8	३१॥ / 3	२८ / 6	२१ / 6,9,व	२५ / 9,व	१५ / 389व	११ / 3578	९ / 1458	१३॥ / 1457
	भर 1 से 4	३४ / 4	२८ / 8	२९ / 6	१९ / 1,2,6	२३ / 1,2,3	१४॥ / 1238	१८ / 1358	२६॥ / 1,3,5	२७ / 1,3,5	३१॥ / 3	२३॥ / 3,8	२५ / 3,6	२० / 6,9,व	१८॥ / 8,9व	२६ / 9,व	२१॥ / 1,5,7	२० / 1357	५ / 13578
	कृति 1 चरण	२७॥ / 3,6	२९ / 6	२८ / 8	१८ / 1,2,8	१० / 1268	१६॥ / 1236	२० / 1356	२०॥ / 1356	२१ / 1356	२५॥ / 3,6	२६॥ / 3,6	२३॥ / 3,8	१७ / 389व	२० / 6,9व	२० / 6,9व	१५॥ / 1567	१६ / 1567	१८ / 1357
वृष	कृति 2,3,4	१९ / 2,3,6	२० / 2,6	१९ / 2,8	२८ / 8	२० / 6,8	२६॥ / 3,6	१७॥ / 2,3,6	१७॥ / 2,3,6	१८॥ / 2,3,6	२२ / 3,5,6	२३ / 3,5,6	२० / 3,5,8	१९ / 358व	२२ / 5,6व	२२ / 5,6व	२१ / 6,9	२१ / 6,9	२३॥ / 3,9
	रोह 1 से 4	२४ / 2,3	२३॥ / 2,3	११ / 2,6,8	२० / 6,8	२८ / 8	३६	२७ / 1,2	२४ / 1,2,3	२३ / 1234	२६ / 3,4,5	२७ / 3,5	१२॥ / 3468	१०॥ / 3568	२४॥ / 3,5व	२७ / 5,व	२६ / 4,9	२६ / 4,9	२० / 4,6,9
	मृग 1-2	२३॥ / 2,3	१५ / 2,3,8	१९ / 2,3,6	२७॥ / 3,6	३५ / -	२८ / 8	१९॥ / 1,2,8	२४॥ / 1,2,4	२३ / 1234	२६ / 3,4,5	१९ / 3,5,8	२१ / 3,5,6	१९॥ / 456व	१५ / 3458	२४॥ / 3,5व	२४ / 3,9	२६ / 4,9	१३ / 6,8,9
मिथुन	मृग 3-4	२७ / 3,5	१८ / 3,5,8	२२ / 3,5,6	२० / 2,3,6	२७॥ / 2,व	२० / 2,8,व	२८ / 8	३३ / 4	३१॥ / 3,4	१९॥ / 2,4,5	१२ / 2358	१४॥ / 2356	२४ / 3,4,6	२० / 348व	२८॥ / 3,व	३१॥ / 3	३४ / 4	२१ / 4,6,8
	आर्द्रा 1 से 4	१९॥ / 3,5,8	२७॥ / 3,5	२१॥ / 3,5,6	१९ / 2,3,6	२५ / 2,3,4	२६ / 2,4	३४ / -	२८ / 8	२५ / 4,8	१३ / 24568	२०॥ / 235व	१३ / 2356	२४ / 3,6,व	२९॥ / 3,4व	२१॥ / 3,4,8	२४॥ / 3,4,8	२५ / 3,4,8	२७॥ / 4,6
	पुन. 1,2,3	२० / 3,5,8	२७ / 3,5	२३॥ / 3,5,6	२०॥ / 2,3,6	२३ / 2,3,4	२४ / 2,3,4	३१॥ / 3,4	२४ / 4,8	२८ / 8	१६ / 258व	२३ / 2,5,व	१७ / 235व	२३ / 346व	२७ / 3,4व	२२ / 3,8व	२५ / 3,8	२६ / 3,8	२७॥ / 3,6
कर्क	पुन. 4	२३ / 1,3,8	२९॥ / 1,3	२५॥ / 1,3,6	२२ / 1356	२४ / 1345	२५ / 1345	१८ / 1245	१० / 12568	१५ / 1258	२८ / 8	३५ / -	२९॥ / 3,6	१६॥ / 1246	२०॥ / 1234	१५॥ / 1238	१८ / 1358	१९॥ / 1358	२१ / 1356
	पुष्य 1 से 4	३०॥ / 1,3	२१॥ / 1,3,8	२७ / 1,3,6	२३ / 1356	२५ / 1,3,5	१८ / 1358	११॥ / 12358	१८॥ / 1235	२२ / 125व	३५ / -	२८ / 8	३० / 6	२० / 1236	१५॥ / 1238	२३॥ / 1,2,3	२६ / 1,3,5	२७ / 1,3,5	१२॥ / 14568
	श्ले. 1 से 4	२६ / 1,6	२५ / 1,3,6	२३ / 1,3,8	१९ / 1358	११॥ / 14568	१९ / 1456	१३ / 12456	१२ / 12456	१५॥ / 1256	२८ / 3,6	२९ / 6	२८ / 8	१५ / 1248	१५॥ / 1246	१८॥ / 1236	२१॥ / 1356	२१ / 1356	२६ / 1,3,5
सिंह	मघा 1 से 4	२० / 6,9,व	२० / 6,9,व	१६॥ / 8,9,व	१७॥ / 158व	९॥ / 1568व	१७॥ / 156व	२१॥ / 146व	२२॥ / 136व	२१ / 1346व	१६॥ / 2,4,6	२० / 2,3,6	१६॥ / 2,4,8	२८ / 8	३० / 6	२७ / 3,6	१६ / 1236	१६॥ / 1236	२१॥ / 123व
	पू.फा. 1 से 4	२६ / 9,व	१८॥ / 8,9,व	२० / 6,9,व	२१ / 156व	२३॥ / 145व	१५॥ / 1458	२० / 146व	२८॥ / 1,3,व	२६ / 1,4,व	२२॥ / 2,3,4	१७॥ / 2,3,8	१६॥ / 2346	३० / 6	२८ / 8	३५	२४ / 1,2व	२३ / 123व	७॥ / 1268
	उ.फा. 1	१७ / 8,9,व	२६ / 9,व	२१ / 6,9,व	२१ / 156व	२६ / 1,5,व	२५ / 135व	२८॥ / 1,3व	२१ / 1,3,8	२१॥ / 1,3,8	१७॥ / 2,3,8	२५॥ / 2,3	२० / 2,3,6	२७॥ / 3,6	३५ / -	२८ / 8	१७ / 128व	१६॥ / 128व	१३॥ / 1236
कन्या	उ.फा. 2,3,4	१३ / 3578	२२॥ / 5,7	१६ / 5,6,7	२१ / 6,9	२६ / 4,9	२४॥ / 3,9	३१॥ / 1,3	२३॥ / 1,3,8	२४॥ / 1,3,8	२० / 3,5,8	२८ / 3,5	२२॥ / 3,5,6	१८ / 2,6,व	२५ / 2,व	१८ / 2,8व	२८ / 8	२७॥ / 8	२५ / 3,4,6
	हस्त 1 से 4	१० / 34578	२० / 3,5,7	१७॥ / 5,6,7	२२ / 6,9	२५ / 9	२६ / 9	३३ / 1,4	२२॥ / 1,3,8	२४ / 1,3,8	२० / 358व	२८ / 3,5व	२३ / 3,5,6	१८॥ / 236व	२२॥ / 2,3व	१६ / 2,8व	२६ / 8	२८ / 8	२८ / 4,6
	चित्रा 1,2	१३ / 3567	४॥ / 45678	१९ / 3,5,7	२४ / 3,4,9	२० / 6,9	१२॥ / 6,8,9	१९ / 1,6,8	२६ / 1,4,6	२५॥ / 1,3,6	२१॥ / 356व	१२॥ / 3568व	२७ / 35,व	२२॥ / 2,3,व	८॥ / 2368व	१४॥ / 2346व	२४॥ / 3,4,6	२७॥ / 4,6	२८ / 8

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1,2,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी — (भाग-२)

	वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
		अश्वि 1 से 4	भर 1 से 4	कृति 1	कृति 2,3,4	रोह 1 से 4	मृग 1,2	मृग 3,4	आर्द्रा 1 से 4	पुर्न 1,2,3	पुर्न 4	पुष्य 1 से 4	श्ले 1 से 4	मघा 1 से 4	पू.फा. 1 से 4	उ.फा. 1	उ.फा. 2,3,4	हस्त 1 से 4	चित्रा 1,2
[illegible]	चित्रा 3,4	२२॥ 3,4,6	१४ 3468	२८॥ 3,4	२४ 3,7	२०॥ 4,6,7	१२ 6,7,8	१३ 6,8,9	२१ 4,6,9	१९॥ 3,6,9	२०॥ 3,5,6	११ 3568	२६॥ 3,5,व	२५॥ 3,5,व	११॥ 3568	१७॥ 456व	१७॥ 2346	२० 2,4,6	२१ 2,8
	स्वा. 1 से 4	२७॥ 3,4	२९॥ 3	१७॥ 3,6,8	१३ 3678	१५॥ 3,7,8	२६ 4,7	२७ 9	२६॥ 4,9	२८ 9	२९ 5,व	२७ 3,5	१४ 3568	१३ 3568	२५॥ 3,5व	२५॥ 3,5व	२६ 2,3	२७॥ 2,3	२१ 2,4,6
	विशा 1,2,3	२२॥ 3,4,6	२३ 3,4,6	२०॥ 3,4,8	१५॥ 3478	१०॥ 3678	१८॥ 3,6,7	२० 3,6,9	२० 4,6,9	२१ 4,6,9	२२ 56,व	२१॥ 4,5,6	१८॥ 3,5,8	१७॥ 358,व	१९॥ 358व	१७॥ 2346	१७॥ 2346	१९ 2346	२७॥ 2,3
[illegible]	विशा 4	१७ 1467	१७ 1467	१४॥ 1478	१९॥ 1,4,8	१४॥ 1368	२२॥ 1,3,6	१२॥ 1567	१३ 1567	१३॥ 1567	१९॥ 4,6,9	१८॥ 4,6,9	१५॥ 3,8,9	२२ 1,3,8	२३॥ 136व	२१॥ 146व	१७॥ 1456	१८ 1456	२७ 135व
	अनु. 1 से 4	२५ 1,3,7	१५॥ 1378	२० 1367	२४॥ 1,3,6	२७॥ 1,3,4	२०॥ 1,3,8	१० 13578	१५ 13457	२०॥ 1,5,7	२६॥ 9	१८॥ 8,9	२१ 6,9	२५ 1,3,6	२१ 138व	२९॥ 1,3व	२५ 135व	२६ 135व	११॥ 1358
	ज्ये. 1 से 4	१२ 1678	१८॥ 1367	२५ 1,3,7	२९॥ 1,3	२२॥ 1,3,6	२२॥ 1,3,6	१३ 13567	३ 134578	५॥ 135678	१०॥ 3689	२० 8,9	२६ 9	३१ 1,4,व	२४ 136व	१७ 1368	१३ 13568	१३ 1568व	२४॥ 1345
[illegible]	मूल 1 से 4	१२ 4689	२१ 6,9	२५ 3,9	१९॥ 1,5,7	१३ 1567	१३॥ 1567	२१ 1356	१५ 1568	१२ 14568	७॥ 4678	१७॥ 3,6,7	२४ 4,7	२५ 9,व	२० 6,9व	९॥ 689व	१३ 1568	१३ 1568	२६ 1,4,5
	पू.षा. 1 से 4	२६ 9	१८॥ 8,9	१८॥ 4,6,9	१२॥ 14567	१८॥ 1457	११ 14578	१८॥ 1458	२७ 1,3,5	२७ 1,3,5	२३॥ 37,व	१३ 3478	१७॥ 3,6,7	१९ 6,9,व	१७॥ 8,9व	२५ 9,व	२८॥ 1,5	२७ 1,3,5	१३॥ 13568
	उ.षा. 1	२५ 3,9	२६ 4,9	१२ 4689	६ 15678	१० 14578	१७ 1457	२५ 1,4,5	२७ 1,3,5	२७॥ 1,3,5	२३॥ 37,व	२३॥ 3,7,व	८॥ 678व	८॥ 4689	२४ 4,9व	२५ 9,व	२८॥ 1,5	२८॥ 1,5	२१ 1,5,6
[illegible]	उ.षा. 2,3,4	२७ 3,4,5	२८॥ 4,5	१४॥ 4568	१२ 4689	१६ 4,8,9	२३ 3,4,9	२१ 1347	२२ 1,3,7	२२॥ 1,3,7	२८ 3,5	२८ 3,5	१४ 3568	४॥ 45678	२० 4,5,7	२१ 4,5,7	२४॥ 9,व	२५ 9,व	१७॥ 4,6,9
	श्रव 1234	२७ 3,4,5	२६॥ 3,4,5	१४ 4568	१२ 4689	१६ 4,8,9	२६ 4,9	२३ 147व	२१ 1,3,7	२२ 1,4,7	२८ 4,5	२६ 4,5	१५ 4568	६॥ 5678	१८॥ 4,5,7	२० 4,57	२४ 4,9व	२४॥ 4,9व	१९॥ 4,6,9
	धनि 1,2	२० 3456	११॥ 34568	२६ 3,4,5	२४ 3,4,9	२०॥ 4,6,9	१२ 4689	९ 1678	१६ 1467	१६ 1467	२२ 4,5,6	१३ 4568	२८ 4,5	१९॥ 4,5,7	५॥ 5678	१२॥ 4567	१६ 469व	१८ 469व	१५ 489व
[illegible]	धनि 3,4	२० 4,5,6	१०॥ 4568	२६ 3,4,5	३०॥ 3,4	२७ 4,6	१९॥ 4,6,8	१२ 4689	१९ 4,6,9	१८॥ 3469	१३ 4567	४॥ 45678	१९॥ 357व	२५॥ 3,5,व	११ 568व	१८॥ 456व	१८ 4,6,7	१९ 4,6,7	१७ 4,7,8
	शत 1 से 4	१५ 3568	२१ 3,5,6	२८ 3,5	३२॥ 3	२५॥ 3,4,6	२७ 4,6	२० 4,6,9	१२ 4698	१३ 6,9,8	८ 5678व	१४ 567व	२१ 5,7,व	२६॥ 3,5,व	२०॥ 356व	१२॥ 568व	११॥ 3678	९ 4678	२५ 4,7
	पू.भा. 1,2,3	१८ 4,5,8	२५ 3,4,5	२० 4,5,6	२५ 3,4,6	३१॥ 3,4	३१॥ 3,4	२५ 3,4,9	१७॥ 4,8,9	१८॥ 4,8,9	१३॥ 4578व	२० 457व	१३ 3567व	१९॥ 5,6,व	२५॥ 4,5व	१६॥ 458व	१५॥ 4,7,8	१५॥ 3478	१७॥ 3467
मीन	पू.भा. 4	१४॥ 1248	२२ 1234	१६॥ 1246	१९ 1456	२६ 1345	२६ 1345	२६ 145व	१८॥ 1458	१९ 1458	१८ 4,8,9	२५ 4,9	१९ 4,6,9	१८ 1467	२३॥ 1347	१४॥ 1478	१६ 1458व	१७ 1458	१८॥ 1456
	उ.भा. 1 से 4	२५ 1,2,3	१७ 1238	१९ 1236	२१ 1356	२६ 1345	१८ 1358	१७॥ 1358	२५ 135व	२८ 1,5,व	२७॥ 9	१९॥ 8,9	२१॥ 6,9	१९ 1367	१७ 1378	२६ 1,3,7	२७॥ 135व	२७ 135व	१० 14568
	रेव 1 से 4	२५ 1,2,4	२४॥ 1,2,3	११ 1268	१४ 1568	१७॥ 1358	२६ 1,3,5	२५ 135व	२४॥ 135व	२६ 1,3,5	२६ 3,9	२७॥ 9	१४ 6,8,9	१३ 1687	२३॥ 1,3,7	२४ 1,3,7	२६ 135व	२७ 135व	१९॥ 1456

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1, 2, 3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी — (भाग-३)

	वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓	तुला चित्रा 3,4	तुला स्वा. 1 से 4	तुला विशा 1,2,3	बृश्चिक विशा 4	बृश्चिक अनु 1 से 4	बृश्चिक ज्ये 1 से 4	धनु मूल 1 से 4	धनु पू.षा. 1 से 4	धनु उ.षा. 1 चरण	मकर उ.षा. 2,3,4	मकर श्रव 1 से 4	मकर धनि 1,2	कुम्भ धनि 3,4	कुम्भ शत 1 से 4	कुम्भ पू.भा. 1,2,3	मीन पू.भा. 4	मीन उ.भा. 1 से 4	मीन रेव 1 से 4
मेष	अश्वि 1 से 4	२२ ॥ 1346	२६ ॥ 1,3,4	२२ ॥ 1346	१८ ॥ 3467	२५ ॥ 3,7	१४ ॥ 6,7,8	१३ 6,8,9	२५ 4,9	२३ ॥ 1,3,9	२५ 1,3,5	२६ 1,3,5	२० 1456	२० ॥ 1456	१५ 1358	१६ 1358	१५ 2348	२५ 2,3	२६ 2,4
	भर 1 से 4	१३ ॥ 1368	२९ 1,3	२१ ॥ 1,3,6	१७ ॥ 3467	१७ ॥ 378	२० 3,6,7	२० 6,9	१८ ॥ 8,9	२६ 4,9	२७ ॥ 1,5	२६ 1,3,5	१० 14568	९ ॥ 14568	२० 1356	२४ 1345	२३ 2,3,4	१७ ॥ 2,3,8	२७ 2,3
	कृति 1 चरण	२७ ॥ 1,3,4	१५ 1368	१९ ॥ 1348	१५ ॥ 3478	१९ ॥ 3,6,7	२५ ॥ 3,7	२५ 3,9	१८ ॥ 4,6,9	१२ ॥ 6,8,9	१३ ॥ 1568	१२ 14568	२५ 1,3,5	२५ ॥ 1,3,5	२७ 1,3,5	१९ ॥ 1356	१७ ॥ 2346	१९ ॥ 2,3,6	१२ 2368
वृष	कृति 2,3,4	२३ 1347	११ 13678	१४ ॥ 1378	२० ॥ 3,4,8	२४ ॥ 3,6	३० ॥ 3	२० 3,5,7	१४ 4567	७ 5678	१२ 6,9,8	१० ॥ 4689	२४ 3,4,9	२९ ॥ 1,3,4	३१ ॥ 1,3	२३ ॥ 1346	२० 3456	२२ 3,5,6	१४ 3568
	रोह 1 से 4	१९ ॥ 1,6,7	१५ ॥ 1378	९ ॥ 1678	१५ 1368	२९ ॥ 3,4	२४ 3,6	१४ ॥ 3567	१९ ॥ 3,5,7	११ ॥ 4578	१६ 4,8,9	१७ ॥ 4,8,9	२० ॥ 4,6,9	२६ 1,4,6	२५ 1,3,6	३१ 1,3,4	२७ 3,4,5	२७ 3,4,5	१९ 3,5,8
	मृग 1-2	१२ 1678	२५ ॥ 1,7	१९ 1367	२५ 3,6	२१ ॥ 3,5,8	२४ ॥ 3,6	१५ 3567	१० ॥ 3578	१७ ॥ 3457	२२ 3,4,9	२५ ॥ 4,9	१३ 4689	१९ ॥ 1468	२७ 1,4,6	२९ ॥ 1,3,4	२६ 3,5	१८ 3,5,8	२७ 3,5
मिथुन	मृग 3-4	१४ 6,8,9	२७ 4,9	२१ 3,6,9	१४ 3567	११ 3578	१४ 3567	२३ 3,5,6	१८ ॥ 3458	२५ 3,4,5	२० ॥ 347व	२४ 4,7,व	११ 678व	१३ 6,8,9	२१ ॥ 6,9	२४ 3,9	२५ ॥ 3,5,व	१७ ॥ 3,5,8	२६ ॥ 3,5,व
	आर्द्रा 1 से 4	२१ 4,6,9	२७ 9	२० ॥ 4,6,9	१३ 4567	१७ ॥ 3457	३ 345678	१६ 3568	२८ 3,5	२८ 3,5	२३ ॥ 3,7व	२३ ॥ 3,7,व	१८ 467व	१९ ॥ 4,6,7	१२ ॥ 4689	१७ ॥ 4,8,9	१९ 5,8,व	२६ ॥ 3,5व	२७ 3,5,व
	पुन. 1,2,3	२१ 3,6,9	२८ 9	२२ 6,9	१५ 5,7व	२२ 5,7व	७ 35678	१४ 34568	२७ 3,5	२७ 3,5	२२ ॥ 3,7व	२३ ॥ 3,7,व	१७ ॥ 3467	१९ 3469	१४ 6,8,9	१६ 4689	१८ ॥ 4,8,9	२८ 5,व	२७ ॥ 3,5,व
कर्क	पुन. 4	२१ 1356	२८ 1,5व	२२ 156व	२० 6,9	२६ 9	१२ 3689	८ ॥ 14678	२१ 147व	२१ ॥ 147व	२६ 1,3,5	२७ 1,3,5	२१ 1456	१२ 14567	८ ॥ 1567	१० ॥ 14578	१६ ॥ 4,8,9	२६ ॥ 9	२६ 3,9
	पुष्य 1 से 4	११ 14568	२६ ॥ 1,3,5	२१ ॥ 1456	१९ ॥ 4,6,9	१८ ॥ 8,9	२१ 6,9	१७ ॥ 1367	११ ॥ 1478	२१ ॥ 1347	२६ 1,3,5	२५ 1345	१३ 13568	४ ॥ 145678	१४ 13567	१८ ॥ 1457	२४ 4,9	१८ ॥ 8,9	२७ 9
	श्ले. 1 से 4	२५ ॥ 1,3,5	१२ 1568	१७ ॥ 1,5,8	१५ 3,8,9	२० ॥ 6,9	२६ 9	२३ 1,4,7	१६ 1367	७ ॥ 3678	१३ 4568	१३ 4568	२६ 1,4,5	१७ ॥ 1457	२० 1357	११ 14567	१८ 4,6,9	२१ 6,9	१३ 6,8,9
सिंह	मघा 1 से 4	२४ ॥ 1,3,5	११ ॥ 13568	१६ ॥ 1358व	२२ ॥ 3,8व	२६ 3,6व	३३ व	२५ 9,व	१९ ॥ 6,9व	८ ॥ 689व	३ ॥ 15678	४ ॥ 15678	१८ ॥ 1,5,7	२४ ॥ 1,5,व	२५ ॥ 1,5,व	१८ ॥ 156व	१९ 3,6,7	२० 3,6,7	१३ ॥ 6,7,8
	पू.फा. 1 से 4	१० ॥ 1568	२५ ॥ 135व	१८ ॥ 156व	२४ 3,6व	२३ ॥ 3,8व	२५ ॥ 3,6व	२० 6,9व	१७ ॥ 8,9,व	२४ 4,9व	१९ 1,5,7	१८ ॥ 1,5,7	४ ॥ 15678	११ 1568	१९ ॥ 156व	२४ ॥ 135व	२५ 3,7	१७ ॥ 3,7,8	२६ 3,7
	उ.फा. 1	१७ 13456	२५ ॥ 1,3,5	१६ ॥ 13456	२२ ॥ 3,4,6	३१ ॥ 3,व	१७ ॥ 3,6,8	९ ॥ 3689	२५ 9,व	२५ ॥ 9,व	२० 1,5,7	२० 1,5,7	११ ॥ 1567	१७ ॥ 1356	११ 3568	१५ ॥ 358व	१६ 3478	२६ ॥ 3,7	२६ 3,7
कन्या	उ.फा. 2,3,4	१६ ॥ 1246	२५ ॥ 1,2,3	२७ 1246	१८ 456व	२७ ॥ 3,5व	१३ ॥ 568व	१४ 3568	२९ ॥ 5	२९ ॥ 5	२४ ॥ 9,व	२५ 9,व	१७ 3,6,9	१६ ॥ 1367	१० ॥ 3678	१४ ॥ 1378	१७ ॥ 3,5,8	२८ 3,5व	२७ ॥ 3,5,व
	हस्त 1 से 4	२० 1246	२६ ॥ 1,2,3	१८ ॥ 1236	२० 3456	२६ 3,5व	१३ ॥ 3568	१५ 3568	२७ 3,5	२८ ॥ 5	२४ 9,व	२४ 9,व	१९ 4,6,9	१९ 1467	८ ॥ 34678	१३ ॥ 1378	१६ ॥ 3458	२६ ॥ 3,5व	२७ ॥ 3,5,व
	चित्रा 1,2	२० 1,2,8	१९ 1246	२६ ॥ 1,2,3	२८ ॥ 3,5व	११ 3568	२५ 345व	२७ 3,4,5	१४ 3568	२२ 3,5,6	१७ ॥ 3,6,9	१९ 6,9,व	१५ ॥ 4,8,9	१६ 1478	२४ 1,4,7	१६ ॥ 1467	१९ ॥ 3456	१० 34568	१९ ॥ 3456

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1,2,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी — (भाग-४)

वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓	तुला			बृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
	चित्रा 3,4	स्वा. 1 से 4	विशा 1,2,3	विशा 4	अनु 1 से 4	ज्ये 1 से 4	मूला 1 से 4	पूषा 1 से 4	उषा 1 चरण	उषा 2,3,4	श्रव 1 से 4	धनि 1,2	धनि 3,4	शत 1 से 4	पूभा 1,2,3	पूभा 4	उभा 1 से 4	रेव 1 से 4
तुला चित्रा 3,4	२८ 8	२७ 4,6	३४ 3	२३ ॥ 2,3व	६ 2348व	२१ 234व	२७ ॥ 3,4,5	१४ 3568	२२ 3,5,6	२५ 3,6,व	२७ 6,व	२३ ॥ 4,8,व	१८ ॥ 4,8,9	२६ 4,9	१९ 3469	१२ 4567	३ 34578	१२ 34567
तुला स्वा. 1 से 4	२८ 4,6	२८ 8	२० 4,6,8	१० 248व	२१ ॥ 2,3व	१६ ॥ 236व	२३ 3,5,6	२७ 3,5	१९ 3,5,8	२२ 3,8,व	२३ 3,8,व	२७ 4,6	२१ 4,6,9	२० 4,6,9	२५ 4,9	१९ 457,व	१९ ॥ 3,7,व	१२ 3578
तुला विशा 1,2,3	३४ ॥ 3	१९ 4,6,8	२८ 8	१७ ॥ 2,8व	१६ 246व	२१ ॥ 234व	२७ ॥ 3,4,5	२२ 3,5,6	१४ 3568	१७ 368व	१७ ॥ 368व	३० ॥ 3,4,व	२५ 3,4,9	२६ 4,9	२० 4,6,9	१४ 4567	१३ ॥ 4567	४ 45678
बृश्चिक विशा 4	२३ 123व	७ 12468व	१६ ॥ 128व	२८ 8	२७ ॥ 4,6	३१ ॥ 3,4	२२ 1234	१७ ॥ 1362व	९ 12368	१२ ॥ 13568	१२ ॥ 13568	२५ 1345	२४ 1345	२६ 145,व	२० 1456	१९ ॥ 4,6,9	१८ ॥ 4,6,9	९ ॥ 4689
बृश्चिक अनु. 1 से 4	६ ॥ 12568	२२ 123व	१६ 1246	२८ 4,6	२८ 8	३१ 6	१५ 12346	१३ ॥ 1236व	२२ 123व	२५ 1,3,5	२६ 1,3,5	१२ 13568	११ 1358	२१ 1356	२४ ॥ 145व	२४ 4,9	१८ ॥ 8,9	२७ ॥ 9
बृश्चिक ज्ये. 1 से 4	१९ ॥ 1234	१५ 126व	१९ ॥ 1234	३१ ॥ 3,4	३० 6	२८ 8	१४ ॥ 1248	१७ ॥ 1236	१७ ॥ 1236	२० 1356	२० 1356	२५ 1,3,5	२४ 1345व	१८ 1358	१० 13568	९ ॥ 3689	२१ ॥ 6,9	२१ 6,9
धनु मूल 1 से 4	२६ 1,4,5	२१ 1356	२६ 1,4,5	२३ 124व	१५ ॥ 1246	१५ 1248	२८ 8	२८ 4,6	२६ ॥ 3,6	१५ ॥ 1236	१५ ॥ 1236	२० ॥ 1234	२८ ॥ 1,3,4	२१ ॥ 1,3,8	१४ ॥ 1468	१६ ॥ 3468	२५ 6,व	२७ 6,व
धनु पू.षा. 1 से 4	१३ 1568	२७ 1,3,5	२१ 1356	१८ 246व	१५ ॥ 238व	१८ 246व	२८ 4,6	२८ 8	३४ -	२३ 124व	२३ ॥ 1,2,व	५ ॥ 1268	१४ ॥ 1468	२३ ॥ 1,4,6	२८ ॥ 1,4	३० ॥ 4,व	२३ ॥ 8,व	३१ 3,व
धनु उ.षा. 1	२१ 1,5,6	१९ 1,5,8	१३ 1568	९ ॥ 268व	२४ 2,3व	१८ ॥ 2,3,6	२६ ॥ 3,4,6	३४ -	२८ 8	१६ ॥ 128व	१५ [illegible]	१५ ॥ [illegible]	२३ ॥ 1,3,6	२३ ॥ 1,3,6	२९ ॥ 1,3,4	३१ 3,व	३१ 3,व	२३ 3,8,व
मकर उ.षा. 2,3,4	२४ 1,3,6	२२ ॥ 1,3,8	१५ ॥ 1368	१३ 4568	२७ 4,5	२१ 4,5,6	१६ 246व	२४ 2,4व	१७ ॥ 2,8व	२८ 8	२६ 4,8	२६ ॥ 4,6	१७ ॥ 126व	१७ ॥ 126व	२३ ॥ 1234	३० ॥ 3,4	३१ 3,4	२२ ॥ 3,4,8
मकर श्रव 1234	२७ 146व	२२ ॥ 148व	१७ ॥ 1468	१४ 3568	२७ 3,4,5	२२ 3456	१७ ॥ 246व	२३ ॥ 2,3व	१५ 248व	२५ 4,8	२८ 8	२८ 4,6	१९ 1246	१८ 1246	२१ ॥ 124व	२८ ॥ 3,4	२९ ॥ 3,4	२२ ॥ 3,4,8
मकर धनि 1,2	२३ 148व	२४ ॥ 146व	२९ 1,4व	२६ 3,4,5	१२ 4568	२६ 3,4,5	२१ 234व	७ ॥ 2468व	१६ 2348	२७ 3,4,6	२७ ॥ 4,6	२८ 8	१८ ॥ 128व	२४ 124व	२० 126व	२६ ॥ 3,6	१५ ॥ 4,6,8	२२ ॥ 3,4,6
कुम्भ धनि 3,4	१८ ॥ 4,8,9	२० 4,6,9	२५ 3,4,9	२५ 4,5व	११ 4568	२५ 4,5व	२९ ॥ 3,4	१५ ॥ 3468	२४ ॥ 3,6	१८ 236व	१९ 246व	२० 2,8,व	२८ 8	३३ 4	२८ ॥ 3,6	१८ 236व	७ [illegible]	१४ ॥ 246व
कुम्भ शत 1 से 4	२६ 4,9	१९ ॥ 4,6,9	२६ 4,9	२६ ॥ 4,5व	२१ 356व	१९ 358व	२२ ॥ 3,4,8	२४ ॥ 3,4,6	२४ ॥ 3,4,6	१८ ॥ 236व	१८ ॥ 236व	२५ 2,4,व	३३ 4	२८ 8	१९ ॥ 4,6,8	८ ॥ 2468व	१७ ॥ 236व	१६ 236व
कुम्भ पू.भा. 1,2,3	१९ 3469	२६ 4,9	२० 4,6,9	२० ॥ 456व	२६ ॥ 4,5व	११ [illegible]	१५ 3468	२९ ॥ 3,4	३० ॥ 3,4	२४ ॥ 234व	२३ ॥ 234व	२० ॥ 236व	२९ 3,6	१९ 4,6,8	२८ 8	१७ ॥ 2,8,व	२२ ॥ 2,4,व	२० ॥ 234व
मीन पू.भा. 4	१२ 14567	१९ ॥ 1457	१३ ॥ 14567	१९ ॥ 4,6,9	२५ 4,9	९ 4689	१५ ॥ 1468	२९ 134व	३० 1,3व	२९ ॥ 1,3,4	२८ ॥ 1,3,4	२५ ॥ 1,3,6	१७ 1236व	८ 12468	१७ 128व	२८ 8	३३ 4	३० ॥ 3,4
मीन उ.भा. 1 से 4	३ 145678	१९ ॥ 1357	१२ ॥ 14567	१८ ॥ 4,6,9	१९ ॥ 8,9	२१ ॥ 6,9	२४ ॥ 136व	२२ ॥ 1,8व	३० 134व	२९ ॥ 1,3,4	२९ ॥ 1,3,4	१४ ॥ 1468	५ ॥ 12468	१६ ॥ 1236व	२२ 124व	३३ 4	२८ 8	३५ -
मीन रेव 1 से 4	१३ 14567	११ 1578व	४ ॥ 145678	१० ॥ 4689	२७ ॥ 9	२२ ॥ 6,9	२७ 146व	२९ ॥ 1,3व	२१ ॥ 138व	२१ 1348	२१ ॥ 1348	२३ 1346	१४ ॥ 1246व	१६ ॥ 1236व	१८ ॥ 124व	३० 3,4	३४ -	२८ 8

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1,2,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

अरिष्ट ग्रहों की शान्ति हेतु सप्तवारों के व्रत की विधि

यदि किसी जातक की जन्म कुण्डली में कोई अशुभ ग्रह अनिष्टकारक हो अथवा किसी विशेष कार्य सिद्धि में कोई अनिष्ट ग्रह बाधा एवं पीड़ा पहुंचा रहा हो, तो उससे सम्बन्धित वार में विधि अनुसार व्रत, पाठ-पूजा एवं ग्रह मंत्र के जप हवन दानादि करने से अरिष्ट ग्रह की शान्ति होने से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारे कार्यालय से **''व्रत और त्यौहार''** एवं **सप्तवार कथा** मंगवा कर पढ़ सकते हैं। मूल्य ३० रुपए। व्रत, जप, हवनादि अनुष्ठान करने से मानसिक व कायिक पापों का प्रायश्चित हो जाता है।

रविवार के व्रत की विधि—सर्व मनोकामना की पूर्ति विशेषकर शत्रु विजय, पुत्र प्राप्ति, नेत्र रोग, कुष्ठ (कोढ़) आदि चर्म रोगों के निवारण हेतु तथा आयु एवं सौभाग्य वृद्धि के लिए रविवार का व्रत किया जाता है। इस व्रत को सूर्यषष्ठी (विशेषकर रविवासरी), रथ सप्तमी अथवा शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) रविवार से प्रारम्भ करके प्रत्येक रविवार कम से कम बारह (१२) अथवा एक वर्ष पर्यन्त व्रत रखें। व्रत के दिन प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर सूर्य के बीज मंत्र **''ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः''** मंत्र का कम से कम तीन माला करके सूर्य भगवान् का ध्यान करें। **आदित्याय विध्महे भास्कराय धीमहि तन्नो भानुः प्रचोदयात्॥** अथवा गायत्री मंत्र की दो माला जाप करें। तदनन्तर ताम्र बर्तन में शुद्ध जल (गंगा जल सहित), गंगाक्षत, लाल पुष्प या लाल चन्दन एवं कुशा डालकर सूर्य देव को इस मंत्र द्वारा अर्घ्य देकर प्रदक्षिणा करें—**''एहि सूर्य सहस्त्राशों तेजो राशे जगतपते। अनुकम्पय मां गृहाण अर्घ्य दिवाकर''** स्वयं भी लाल चन्दन या केशरादि से तिलक लगाए। उस दिन नमक-तेलादि तामसिक भोजन से परहेज रखें। उद्यापन-कालीन अंतिम रविवार को सूर्य के बीज मंत्र तथा सूर्य गायत्री मंत्र द्वारा हवनादि के पश्चात् ब्राह्मण दम्पत्ति को मिष्ठान सहित भोजन करवा कर यथाशक्ति गेहूं, गुड़, ताम्र बर्तन, नारियल, लाल वस्त्र, मिष्ठानादि का दक्षिणा सहित दान करें। **सूर्य शान्ति** हेतु मानक (माणिक्य) रत्न सुवर्ण की अंगूठी में धारण करना तथा लाल वस्त्र दान करना शुभ रहता है।

सोमवार के व्रत की विधि—यह व्रत श्रावण, चैत्र, वैशाख, कार्तिक या मार्गशीर्ष के महीनों के शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार से प्रारम्भ करें। इस व्रत को पांच वर्ष अथवा सोलह सोमवार पर्यन्त श्रद्धा के साथ विधिपूर्वक धारण करें। चैत्र शुक्लाष्टमी तिथि, आर्द्रा नक्षत्र, सोमवार को अथवा श्रावण मास के प्रथम सोमवार को प्रारम्भ करने का विशेष माहात्म्य है। व्रतारम्भ करने वाले स्त्री-पुरुष को चाहिए कि प्रातःकाल जल में कुछ काले तिल डालकर स्नान करें। स्नानानन्तर **''ॐ नमः शिवाय''** आदि शिव मंत्रों द्वारा तथा श्वेत फूलों, सफेद चन्दन, चावल, पंचामृत, अक्षत, सुपारी, फल, गंगा, जल, बिल्व पत्रादि से शिव-पार्वती का पूजन करें और पूजनोपरान्त ब्राह्मण को दान-दक्षिणा देकर स्वयं भोजन करें। भोजन एक समय नमक रहित होना चाहिए। व्रत का उद्यापन भी उपर्युक्त महीनों में करना श्रेयकर होता है। उद्यापन में दशमांश जप का हवन करके सफेद वस्तुओं जैसे—चावल, श्वेत वस्त्र, बरफी, दूध-दही, क्षीर, चांदी, सफेद फलों का दान करना चाहिए। यह व्रत करने से मानसिक शान्ति होकर मनोरथ सिद्धि होती है। उद्यापन के दिन ब्राह्मणों तथा बच्चों को खीर, पूड़ी, मिष्ठान भोजन करवा कर यथाशक्ति दान करें।

चन्द्रमा की शान्ति हेतु चांदी की अंगूठी में चन्द्रकान्तमणि एवं मोती धारण करना, श्वेत वस्त्र दान करना, दूध, दही, बरफी, चावलों, बतासे आदि का दान करना कल्याणकारी होता है। व्रत के दिन इसके बीज मंत्र **''ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः''** की कम से कम तीन माला का जाप करना चाहिए।

मंगलवार के व्रत की विधि—सर्व प्रकार के सुखों, रक्त विकार, शत्रु दमन, स्वास्थ्य रक्षा, पुत्र प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ, हृदयमोचनादि के लिए मंगलवार का व्रत उत्तम है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ सप्ताह तक अथवा यथाशक्ति जीवन-पर्यन्त रखें। इस व्रत में गेहूं और गुड़ सहित भोजन करें। भोजन नमक रहित एक समय ही करना चाहिए। इस व्रत से मंगल ग्रह के अरिष्ट दोष भी शांत हो जाते हैं। व्रत में श्री हनुमान जी की लाल पुष्पों, फूलों, ताम्र बर्तन तथा नारियल द्वारा पूजा एवं दान करना चाहिए साथ ही श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। भौम ग्रह की शान्ति के लिए **''ॐ क्रां, क्रीं, क्रौं सः भौमाय नमः''** बीज मंत्र की कम से कम तीन माला जाप करनी चाहिए। मंगल की शुभता के लिए ताम्बे की अंगूठी में मूंगा धारण करना शुभ होता है। **मंगल देवता** का ध्यान निम्नलिखित मंत्र द्वारा करना चाहिए—

रक्त माल्य अम्बरधरः शक्ति शूल गदाधारः। चतुर्भुजः रक्तोमा वरदः स्याद धरासुतः॥

इसके अतिरिक्त श्री हनुमान चालीसा तथा श्री हनुमान उपासना करना भी कल्याणप्रद रहता है।

बुधवार के व्रत की विधि—इस व्रत का प्रारम्भ शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) बुधवार से करें। २१ व्रत रखें। बुधवार के व्रत से बुध ग्रह की शान्ति तथा धन, बुद्धि, विद्या और व्यापार में वृद्धि होती है। यह व्रत विशाखा नक्षत्रकालीन बुधवार को प्रारम्भ करके सात अथवा हर बुधवार तक करें। व्रत के दिन स्नानोपरान्त हरे वस्त्र पहिनकर श्री विष्णु सहस्रणाम का पाठ तथा ग्रह शान्ति के लिए हरा वस्त्र धारण करके, बीजमंत्र **''ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः''** का पाठ कम से कम तीन माला जाप करनी चाहिए। इस दिन एक समय नमक रहित जैसे—मूंगी से बना हुआ हलवा, मीठी पंजीरी व मूंग के लड्डुओं का दान करें और स्वयं भी सेवन करें। व्रत के अन्तिम बुधवार को मधुसर्पी, दधि तथा घृत के साथ बीज मंत्र का हवन करें। तदुपरांत सुपात्रव्यक्ति को मूंगी सहित भोजन, हरे फल, हरा-पीला वस्त्र दान करें। गौओं को हरा चारा भी डाल देवें।

बुध ग्रह की शान्ति के लिए हरा वस्त्र धारणा करना, छोटी इलाइची, तुलसी तथा कांसे के बर्तन में भोजन करना तथा पन्ना रत्न धारण करना शुभ एवं कल्याणकारी रहता है।

बृहस्पतिवार के व्रत की विधि—यह व्रत गुरु ग्रह की शान्ति तथा विद्या-बुद्धि, धन-धान्य, पुत्र-पौत्र विवाह आदि सुखों की प्राप्ति के लिए किया जाता है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (ज्येष्ठ) वीरवार से प्रारम्भ करके तीन वर्ष अथवा १६ वीरवार तक करना चाहिए। व्रत प्रारम्भ के दिन प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर पीले वस्त्र धारण करके पीले पुष्पों, चने की दाल, पीला यज्ञोपवीत, पीला चन्दन, बेसन की बरफी, हल्दी व पीले चावलों एवं केला आदि पीले फलों सहित भगवान् विष्णु तथा बृहस्पति (गुरू) की पूजा करनी चाहिए तथा गुरू के बीज मन्त्र की कम से कम तीन या पांच अथवा १६ माला करनी चाहिए। व्रती को बृहस्पति वार को शिर नहीं धोना चाहिए तथा एक समय ही नमक रहित भोजन करना चाहिए। व्रती को उस दिन भोग लगा कर किसी ब्राह्मण व बालक को चने की दाल, बेसन की बर्फी, बेसन का हलुवा, घी, लड्डु, पीले चावल, केलों आदि पीतल का बर्तन तथा पीले वस्त्र का दान दक्षिणा सहित करके स्वयं भी ऐसा ही भोजन करना चाहिए। इस दिन केले के वृक्ष की पूजा का भी विधान लिखा है। मन-वचन और कर्म द्वारा शुद्ध चित्त होकर गुरु गायत्री मंत्र अथवा गुरु के बीज मंत्र **''ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः''** का यथाशक्ति पाठ करें। उद्यापन में पाठ के दशमांश भाग का समिध,

मधु-सर्पी, घृत, दधि व हरिद्रा सहित सामग्री द्वारा हवन करना कल्याणकारी रहता है। बृहस्पति की शुभता के लिए सोने की अंगूठी में पुखराज पहिनना भी शुभ रहता है।

शुक्रवार व्रत कथा की विधि—यह व्रत धन, विवाह, संतानादि भौतिक सुखों में वृद्धिकारक होता है। यह व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से शुरु किया जाता है। श्रावण मास के प्रथम शुक्रवार को प्रारम्भ करने से विशेष रूप से लक्ष्मी की कृपा रहती है। व्रत के दिन स्नानोपरान्त सफेद वस्त्र धारण करके श्री लक्ष्मी देवी की धूप, दीप, श्वेत, चंदन, चावल, श्वेत पुष्प, चीनी, सुपारी से पूजा करके बच्चों में श्वेत मिठाई, क्षीर, फलादि बाँट दें। ग्रह शान्ति के लिए

"**ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः**" की ३ माला या दस माला का जाप करें। स्वयं भी एक समय क्षीरादि श्वेत वस्तुओं का सेवन करें। नमक का प्रयोग न करें। यही पदार्थ यथा-शक्ति संभव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दे। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो या उद्यापन उपरान्त हवनादि के पश्चात्, ब्राह्मणों एवं बालकों (बटुकों) को क्षीर चावलादि से युक्त भोजन कराने तथा श्वेत वस्त्र, खाण्ड, चावल, चाँदी फलादि सफेद पदार्थों का दान करें। यह व्रत शुक्र शान्ति का सरल उपचार है। यह व्रत २१ या ३१ अथवा यथा शक्ति मात्रा में करें—मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी, ऐसा शिवपुराण में लिखा है।

शनिवार व्रत कथा की विधि—यह व्रत शनिग्रह की अरिष्ट शान्ति तथा जीर्ण, शत्रुभय, आर्थिक संकट, मानसिक संताप का निवारण करता है और धन-धान्य और व्यापार में वृद्धि करता है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के शनिवार विशेषकर श्रावण मास शनिवार के दिन लौह निर्मित शनि की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान करा कर धूप-गंध, नीले पुष्प (विशेषकर काला गुलाब) फल, तिल, लौंग, सरसों का तेल, चावल, गंगाजल, दूध डालकर पश्चिम दिशा की ओर अभिमुख होकर पीपल वृक्ष की जड़ में डाल दें। १९ शनिवार करने के उपरान्त उद्यापन के समय पिप्लेश्वर महादेव का पूजन करें। पीपल के वृक्ष के चारों ओर कच्चे सूत को लपेट कर धूप दीप नैवेद्य से शनिदेव की पूजा करे। ७ बार धागे को लपेटने के साथ ही साथ शनिदेव की जय बोलते रहे और गाधि, कौशिक, पिप्लाद तीनों महामुनियों का स्मरण अवश्य करना चाहिए। इस दिन शनि स्तोत्र का पाठ, जूते, जुराब नीले रंग का वस्त्र काला छाता, काले माश, काले चने, चाकू, नारियल और तेल से निर्मित वस्तुओं का दान किसी वृद्ध ब्राह्मण को देवें और स्वयं भी उड़दादि तथा तेल निर्मित पदार्थों का सेवन करें और एक समय नमक रहित भोजन करना चाहिए। घोड़े की नाल (लोहे का) छल्ला पहनना चाहिए। हनुमान जी को भी तेल चढ़ाना चाहिए और संकटमोचन का पाठ करना चाहिए। शनिदेव की शान्ति के लिए महामृत्युञ्जय का जाप भी कल्याणकारी रहेगा।

राहु की शान्ति के लिए भी शनि का व्रत उपरोक्त विधि अनुसार करे और दान में नारियल, भूरा काबल, जौं आदि दे और पक्षियों को बाजरा डालना चाहिए। सतनाजा दान करना चाहिए। राहु के बीजमंत्र "**ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः॥**" का पाठ करना श्रेयकर होता है।

केतु ग्रह की शान्ति हेतु-केतु के बीज मंत्र "**ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः**" की पांच माला का जाप तथा पूजा मंगलवार के व्रत जैसे करनी चाहिए।

१२ राशियों का घाती चक्र

द्वादश राशि के प्रत्येक मनुष्य को घाती चक्र में दिए अनुसार प्रत्येक तिथि, वार नक्षत्र, लग्न, चंद्रमास घातक होते हैं। अतः मनुष्य को चाहिये कि वे अपना कोई भी इष्ट और शुभ कार्य घातक समय वा मुहूर्त्त पर आरंभ न करे। नीचे दिया हुआ घात चक्र युद्ध, विवाद (शास्त्रार्थ) राज सेवा, वाहन, यात्रा, रोगादि कार्यों में देखना चाहिए। अर्थात् इन राशि वालों के लिए इन कार्यों में घात चन्द्र, वारादि शुभ नहीं और तीर्थ यात्रा, विवाहादि में घात चन्द्रादि का विचार न करें। विशेष फलादेश जानने के लिये पत्र व्यवहार करें।

राशयः	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
घातमास	कार्तिक	मार्ग	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
घात तिथि	१-६-११	५-१०-१५	२-७-१२	२-७-१२	३-८-१३	५-१०-१५	४-९-१४	१-६-११	३-८-१३	४-९-१४	३-८-१३	५-१०-१५
घात वार	रवि	शनि	चन्द्र	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
घात नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूला	श्रवण	शत.	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
घात योग	विष्कुम्भ	सुकर्मा	परिघ	धृति	प्रीति	सुकर्मा	अतिगंड	ब्रह्म	वैधृति	गंड	व्याघात	वज्र
घात करण	बव	शकुनि	कौलव	नाग	बालव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुभ	चतुष्पाद
घात लग्न	१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५
घात प्रहर	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	प्रथम	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	चतुर्थ
पु. घा. चंद्र	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनु	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ
स्त्री घा. चंद्र	मेष	धनु	धनु	मिथुन	वृश्चिक	वृश्चिक	मीन	धनु	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	मेष

ग्रहों का नैसर्गिक मैत्री चक्र

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मित्र	चंद्र मंगल गुरु	सूर्य बुध	सूर्य चंद्र गुरु	सूर्य शुक्र	सूर्य चंद्र मंगल	बुध शनि	बुध शुक्र	शुक्र बुध शनि	बुध गुरु
सम	बुध	मंगल गुरु शुक्र शनि	शुक्र शनि	मंगल गुरु शनि	शनि	मंगल गुरु	गुरु	गुरु केतु	मंगल राहु शुक्र
शत्रु	शुक्र शनि	०० ००	बुध राहु	चंद्र	बुध शुक्र	सूर्य चंद्र	सूर्य मंगल चंद्र	सूर्य चंद्र मंगल	सूर्य चंद्र शनि
उच्चांश	मेष १०	वृषे ३	म. २८	कं. १५	कर्क ५	मी. २७	तु. २०	वृ. १५	
नीचांश	तु. १०	वृश्चि ३	क. २८	मी १५	म. ५	कं. २७	मे. २०°	वृ. १५°	

नक्षत्र, राशि, वर्ण, योनि आदि ज्ञान चक्र

नक्षत्र	चरणाक्षर	राशि	वश्य	योनि	महावैर योनि	राशि स्वामी	गण	नाड़ी	तत्त्व हंसका	नाम (संज्ञा)	नक्षत्र देवता	कितने तारे	पंचश्ला का वेध
अश्विनी	चू. चे. चो. ला.	मेष	चतुष्पद	अश्व	महिष	मंगल	देव	आदि	अग्नि	क्षिप्र	अश्वि कु.	३	पू. फा.
भरणी	ली. लू. ले. लो.	मेष	चतुष्पद	गज	सिंह	मंगल	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	यम	३	अनु
कृत्तिका	अ. इ. उ. ए.	मे.१ वृष ३	चतुष्द	मेढ़ा	वानर	मं.१ शु.३	राक्षस	अन्त्य	अ.१ पृ.३	मिश्र	अग्नि	६	विशा
रोहिणी	ओ. वा. वी. वू.	वृष	चतुष्पद	सर्प	न्योला	शुक्र	मनुष्य	अन्त्य	पृथ्वी	ध्रुव	ब्रह्मा	५	अभि
मृगशिर	वे. वो. का. की.	वृ.२ मि.२	च.२ नर२	सर्प	न्योला	शु.२ बु.२	देव	मध्य	पृ.२ वा.२	मृदु	चन्द्रमा	५	उषा
आर्द्रा	कु. घ. ङ. छ.	मिथुन	नर (मनुष्य)	श्वान	मृग	बुध	मनुष्य	आदि	वायु	तीक्ष्ण	शिव	१	पूषा
पुनर्वसु	के. को. हा. ही.	मि.३ क.१	न.३ ज.१	मार्जार	मूषक	बु.३ चं.१	देव	आदि	वा.३ ज.१	चर	अदिति	४	मूला
पुष्य	हू. हे. हो. डा.	कर्क	जलचर	मेढ़ा	वानर	चंद्र	देव	मध्य	जल	क्षिप्र	गुरु	३	ज्ये.
आश्लेषा	डी. डू. डे. डो.	कर्क	जलचर	मार्जा.	मूषक	चंद्र	राक्षस	अन्त्य	जल	तीक्ष्ण	सर्प	५	धनि
मघा	मा. मी. मू. मे.	सिंह	चतुष्पद	मूषक	बिडाल	सूर्य	राक्षस	अन्त्य	अग्नि	उग्र	पितर	५	श्रव
पू.फा.	मो. टा.टी. टू.	सिंह	चतुष्पद	मूषक	बिडाल	सूर्य	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	भग, सूर्य	२	अश्वि
उ.फा.	टे. टो. पा. पी.	सिं.१ कं.३	चं.१ न.३	गौ	व्याघ्र	सू.१ बु.३	मनुष्य	आदि	अ.१ पृ.३	ध्रुव	अर्यमा	२	रेव
हस्त	पू. ष. ण. ठ.	कन्या	नर	महिष	अश्व	बुध	देव	आदि	पृथ्वी	क्षिप्र	सूर्य	५	उभा
चित्रा	पे. पो. रा. री.	के.२ तु.२	नर	व्याघ्र	गौ	बु.२ शु.२	राक्षस	मध्य	पृ.२ वा.२	मृदु	विश्व	१	पूभा
स्वाती	रू. रे. रो. ता.	तुला	नर	महिष	अश्व	शुक्र	देव	अन्त्य	वायु	चर	वायु	१	शत
विशाखा	ती. तू. ते. तो.	तु.३ वृ.१	न.३ की.१	व्याघ्र	गौ	शु.३ मं.१	राक्षस	अन्त्य	वा.३ ज.१	मिश्र	इंद्राग्नि	४	कृति
अनुराधा	ना. नी. नू. ने.	वृश्चिक	कीट	मृग	श्वान	मंगल	देव	मध्य	जल	मृदु	मिश्र	४	भर
ज्येष्ठा	नो. या. यी. यू.	वृश्चिक	कीट	मृग	श्वान	मंगल	राक्षस	आदि	जल	तीक्ष्ण	इन्द्र	३	पुष्य
मूला	ये. यो. भा. भी.	धनु	नर	श्वान	मृग	गुरु	राक्षस	आदि	अग्नि	तीक्ष्ण	राक्षस	११	पुन
पूर्वाषाढ़ा	भू. ध. फ. ढ.	धनु	न॥ चतु ३	वानर	मेंढ़ा	गुरु	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	जल	२	आर्द्रा
उत्तराषाढ़ा	भे. भो. जा. जी.	ध.१ मं.३	चतुष्पद	नकुल	सर्प	गु.१ शं.३	मनुष्य	अन्त्य	अ.१ पृ.३	ध्रुव	विश्वे	२	मृग
अभिजित	जु. जे. जो. ख.	मकर	—	नकुल	सर्प	शनि	—	—	पृथ्वी	क्षिप्र	विष्णु	३	रोह
श्रवण	खी. खू. खे. खो.	मकर	चतु.१ ॥जर	वानर	मेढ़ा	शनि	देव	अन्त्य	पृथ्वी	क्षिप्र	विष्णु	३	कृति
धनिष्ठा	गा. गी. गू. गे.	म.२ कुं.२	ज.२ न.२	सिंह	गज	शनि	राक्षस	मध्य	पृ.२ वा.२	चर	वसु	४	विशा
शतभिषा	गो. सा. सी. सू.	कुम्भ	नर	अश्व	महिष	शनि	राक्षस	आदि	वायु	चर	वरुण	१००	स्वा
पूर्वाभाद्रपद	से. सो. दा. दी.	कुं.३ मी.१	न.३ ज.१	सिंह	गज	श.३ गु.१	मनुष्य	आदि	वा.३ ज.१	उग्र	रूद्र	२	चित्रा
उ. भाद्रपद	दू. थं. झ. ञ.	मीन	जलचर	गौ	व्याघ्र	गुरु	मनुष्य	मध्य	जल	ध्रुव	अहिबु	२	हस्त
रेवती	दे. दो. चा. ची.	मीन	जलचर	गज	सिंह	गुरु	देव	अन्त्य	जल	मृदु	पूषा	३२	उफा

नामाक्षरों से वर्ग देखने का चक्र (अपने से चतुर्थ वर्ग को मित्र क्षेत्री समझना चाहिए)

अ ई उ ए.	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व	श ष स ह
गरुड़	बिडाल	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	हरिण	मेढ़ा

वर्ण ज्ञान चक्र

वर्ण	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
राशि	१२/४/८	१/५/९	२/६/१०	३/७/११

ग्रह मैत्री चक्र

ग्रहाः	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्राणि	चं मं गु	सू बु	सू चं गुरु	सू शु	सू चं मं.	बु श	शु बु
समाः	बुधः	मं गु शु श	शु श	मं गु श	श	मं गु	गु
शत्रव	शु श	० ०	बुध	चं	बु शु	सू चं	सू चं मं
उच्चांश	मे १०	वृष ३	म २८	क १५	कर्क ५	मी २७	तु २०
नीचांश	तु १०	बृ ३	क २८	मी १५	म ५	क २७	मे २०

मित्र नवपंचम चक्र								शत्रु नवपंचम चक्र			
१	२	३	५	७	८	९	१०	१२	११	६	४
५	६	७	९	११	१२	१	२	४	३	१०	८

मित्रषडाष्टक चक्र						शत्रुषडाष्टक चक्र					
१	३	५	७	९	११	१	३	५	७	९	११
८	१०	१२	२	४	६	६	८	१०	१२	२	४

मित्रद्विर्द्वादश चक्र						शत्रुद्विर्द्वादश चक्र					
१२	२	४	६	८	१०	१	३	५	७	९	११
१	३	५	७	९	११	२	४	६	८	१०	१२

नव पंचम—कन्या से वर अथवा वर से कन्या की राशि पांचवीं, नौवीं हो, तो दम्पत्ति को संतान हानि की संभावना होती है। परन्तु मीन-कर्क, कर्क-बृश्चिक, कुम्भ-मिथुन, कन्या-मकर विशेषतः त्याज्य माने जाते हैं। राशि मैत्री होने की स्थिति में नव-पंचम दोष अचिन्तनीय है।

षडाष्टक दोष—लड़के और लड़की की राशियां परस्पर छठे-आठवें हों तो षडाष्टक यथा-सम्भव त्याज्य है। शत्रु षडाष्टक दोष विशेषतः त्याज्य माना जाता है।

विस्तृत विवेचन के लिए देखें आगामी पृष्ठ।

भारतीय [illegible] महत्त्व
(मुख्य-मुख्य मुहूर्तों का निर्णय स्वंय करें)

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में संस्कारों का विशेष महत्त्व है। प्राचीन ऋषियों ने गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि कर्म तक **षोडश-संस्कारों** के महत्त्व को एकमत से स्वीकार किया है। मनुष्य जन्म से अबोध होता है, परन्तु संस्कारों से मनुष्य के आन्तरिक एवं बाह्य व्यक्तित्व का निखार व परिष्कार होता है। जैसे, शास्त्र में कहा गया है—

जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद् द्विज उच्यते।
वेद पाठात् भवेद् विप्रः, ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः॥

अतएव सुख, समृद्धि एवं कल्याण चाहने वाले प्रत्येक वर्ण के गृहस्थी मनुष्य को भारतीय परम्परा एवं संस्कृति का अनुगमन करते हुए गर्भाधान, पुंसवन, नामकरणादि संस्कारों को धारण करना चाहिए। शास्त्र विधि अनुसार बच्चे के संस्कार करने से बालक/कन्या मेधावी, स्वास्थ्य धनी, यशस्वी एवं दीर्घायु होता है॥

षोडश संस्कार इस प्रकार से हैं—

(१) गर्भाधान (२) पुंसवन (३) सीमन्तोन्नयन (४) जातकर्म (५) नामकरण (६) निष्क्रमण (७) अन्न प्राशन (८) चूडाकरण (मुण्डन), (९) यज्ञोपवीत (१०) से (१३) तक चतुर्वेदीय व्रत, (१४) समानवर्त्तन (१५) विवाह (१६) अन्त्येष्टि।

☛ (१) गर्भाधान संस्कार—यह प्रथम संस्कार है, जो स्त्री के ऋतु (रजस्वला) स्नान के पश्चात् किया जाता है। भार्या के स्त्री धर्म (रजोदर्शन) में होने के १६ दिन तक वह गर्भ-धारण के योग्य रहती है। **रजोदर्शन** के दिन ६, ८, १०, १२, १४, १६वें दिनों में क्रियमाण गर्भाधान पुत्रदायक तथा विषम दिनों (५, ७, ९, ११, १३, १५) में कन्या-प्रद होता है। उपरोक्त दिनों में भी शुद्ध मुहूर्त दिनों का विचार किया जाता है।

(१) गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त

शुभतिथियां—१ (कृष्ण) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शुक्ल)

शुभ वार—सोम, बुध गुरु एवं शुक्रवार

शुभ नक्षत्र—रोह, मृग, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, पुन, पुष्य, स्वा, अनु, श्रव, धनिष्ठा व शतभिषा।

शुभ लग्न—लग्न, केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह हों एवं लग्न को सूर्य, मंगल, और गुरु देखते हों, तो गर्भाधान से पुत्रोत्पत्ति की संभावना होती है। इसके अतिरिक्त **पुत्रार्थी** विषम लग्न राशि एवं विषम नवांशगत लग्न में तथा कन्याकांक्षी सम लग्न राशि में स्त्री संग करें।

गर्भ-धारण के दिन स्त्री-पुरुष दोनों का चन्द्र-बल प्राप्त होना शुभ होता है।

गर्भाधान के लिए त्याज्य काल—रजोदर्शन से प्रथम चार रात्रि को छोड़कर, रिक्ता तिथि, जन्म नक्षत्र, मघा-अश्ले आदि तीनों गण्डांत, मूला, भरणी, अश्विनी, रेवती नक्षत्र, ग्रहण का दिन, माता-पिता के श्राद्ध का दिन, वैधृति, परिघ का पूर्वार्ध, संक्रान्ति, व्यतीपात, ग्रहण, सन्ध्या, दिन का समय, जन्म राशि से अष्टम लग्न, दीवाली, दशहरा, नवरात्र आदि पर्व दिनों को स्त्री संसर्ग में त्याग करना चाहिए।

गर्भ मासों के अधिपति

गर्भाधान से लेकर नव एवं दस मास तक भिन्न-भिन्न ग्रह अधिपति होते हैं। अरिष्टभय की स्थिति में उसी मास से सम्बन्धित ग्रह की पूजा-दानादि करना चाहिए।

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चंद्र	शनि	बुध	आधानकालिक लग्नेश	चंद्र	सूर्य

☛ (२) पुंसवन संस्कार मुहूर्त—यह संस्कार गर्भधारण से तीसरे मास में किया जाता है। इस मास का स्वामी गुरु है। इस दिन श्री विष्णु पूजा करना शुभ होता है। इस संस्कार के शुभ मुहूर्त इस प्रकार से हैं।

शुभवार—रवि, चंद्र, मंग, बुध, गुरु व शुक्र। **मंगल** व बुध वारों में मं. बु. उदित होने चाहिएं।

शुभ तिथियां—१ (कृ) २, ३, ५, ७, १०, १२, १३ (शुक्ल)।

शुभ नक्षत्र—रोहणी, मृग, पुन. पुष्य, हस्त, तीनों उत्तरा, श्रवण, अनु एवं रेवती नक्षत्र। विद्ध नक्षत्र त्याज्य हैं।

☛ (३) सीमन्त संस्कार—यह तृतीय संस्कार है, जो गर्भ धारण से ६, ८ वें मास, जब मास-स्वामी बली हो। **शुभवार**—रवि, मंगल, एवं गुरु।

शुभ तिथियां—२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शुक्ला)।

नक्षत्र—मृग, पुन, पुष्य, हस्त, मूला, श्रवण:

लग्न—१, ३, ५, ७, ९ आदि विषम लग्न, केन्द्र त्रिकोण में शुभग्रह हों॥

(३) (क) श्री विष्णु पूजा मुहूर्त—यह पूजा गर्भाधान से आठवें मास गर्भरक्षा के उद्देश्य से की जाती है। इसमें शंख चक्र-गदा-पद्मधारी भगवान विष्णु की यथाशक्ति, सुवर्णमयी प्रतिमा बनवाकर षोडशोपचार से पूजा करके परिधान सहित, प्रतिमा को ब्राह्मण को दान करें।

शुभ तिथियां—२, ७, १२

शुभ वार—चंद्र, बुध, गुरू, शुक्र।

शुभ नक्षत्र—रोहिणी, पुष्य और श्रवण।

☛ (४) जातकर्म संस्कार—कुछ शास्त्रकार प्रसव के समय नालछेदन के पूर्व ही इस संस्कार को कार्यान्वित करने की आज्ञा दी है। परन्तु आजकल नरघटी अथवा १६ घटी तक कर लेना चाहिए।

कुछ लोग परम्परानुसार **११**वें अथवा **१२**वें दिन कर लेते हैं।

शुभ तिथियां—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, १२, १३ (शु.)

शुभ वार = च., बु., गु., शु.

नक्षत्र—अश्वि. रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., श्रव., धनि, शत, रेव।

☛ मेघा-जनन संस्कार—जात कर्म के साथ ही इस कृत्य का निष्पादन करना चाहिए। बालक/बालिका मेधावी, कीर्तिमान एवं सौभाग्यशाली हो, इसके लिए दाएं हाथ की अनामिका अंगुली से शहद एवं गोघृत चार बार बच्चे को चटाएँ। चारों बार क्रमशः **"ॐ भूस्त्वपि धधामि।" ॐ भुस्त्वपि दधामि।"** तथा **ॐ भूर्भुवस्वः सर्वत्वपि दधामि। मंत्रों का उच्चारण करें।** इसके साथ ही कुछ घृत-मिश्रित गुड़ भी बालक के तालु में लगा देना शुभ होता है। जिससे बच्चे को स्तनपान के पूर्व ही कुछ चूसने की आदत हो जाए। (अंगुली के अतिरिक्त सुवर्ण या चांदी के चम्मच का भी प्रयोग कर सकते हैं।

☛ स्तनपान का मुहूर्त—जन्मान्तर ५वें या ७वें किसी दिन नीचे लिखे भद्रा, व्यति, वैधृति, व्याघात आदि योगों को छोड़कर निम्न शुभ मुहूर्त माता संतान को प्रथम बार स्तनपान कराए।

शुभ तिथि—१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.), १५,

शुभ नक्षत्र—रोह., मृग. ,पुन, पुष्य, उत्तरा ३ हस्त, चित्रा, अनु, श्रव. धनि, व रेवती॥

शुभ वार—चंद्र, बुध, गुरु व शुक्र।

शुभ लग्न—२, ३, ४, ६, ७, ९, १२ राशि लग्न।

सूतिका पथ्य में भी उपरोक्त मुहूर्त ग्राह्य है।

☛ षष्ठी पूजन—जन्म से पांचवें दिन, जीवन्ती देवी का पूजन करना चाहिए। **इसी प्रकार छेठे दिन रात्रि में षष्ठी पूजन,**

कात्यायनी देवी' का आनन्द मंगल व गीत वाद्य के साथ पूजन करना चाहिए। जीवन्ती एवं षष्ठी पूजा में सूतक की दोष आपत्ति नहीं होती। देशाचारानुसार कोई २१वें या ३१वें दिन की षष्ठी पूजन करते हैं।

☛ प्रसूता स्नान मुहूर्त्त—सूतिका स्नान बच्चे के जन्मदिन से एक सप्ताह के बाद करना चाहिए।

शुभ तिथियां—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) १५।

शुभ वार—रवि, मंगल, गुरू, शुभ हैं। सोम एवं शुक्रवार मध्यम हैं।

शुभ नक्षत्र—आश्वि, रोह, मृग, तीनों उत्तरा, हस्त, स्वा., अनु, रेव।

शुभ लग्न—२, ३, ४, ६, ७, ९, १२ सौम्य ग्रह से युत या दृष्ट।

☛ नामकरण संस्कार—यद्यपि प्रत्येक मनुष्य के बाह्य एवं आन्तरिक व्यक्तित्व पर उसके परिवेश एवं परिस्थितियों का विशेष प्रभाव होता है। परन्तु ज्योतिष आचार्यों के अनुसार मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास में उसके प्रसिद्ध नाम का भी विशेष महत्त्व होता है—

''नामाखिलस्य व्यवहार हेतु:, शुभावहं कर्मसु भाग्य हेतु:।
नाम्नैव कीर्तिं लभते मनुष्यस्ततः प्रशस्तं खलु नाम कर्म॥''

गृहारम्भ—प्रवेश, युद्ध व्यापार, व्यावहारिक कार्य, दान, मन्त्र-सिद्धि, भाग्य, पुनर्विवाह, रोगोत्पत्ति तथा स्वामी-सेवक के पारस्परिक कृत्यों में नाम राशि वांछनीय है।

☛ नामकरण—सूतक-समाप्ति पर देशानुसार १०, ११, १२, १३, १६, १९, २२वें दिन संस्कार करना चाहिए। एक अन्य मतानुसार ब्राह्मण को १० या १२वें दिन, क्षत्रिय को ११ या १२ वें दिन वैश्य को १६ या २०वें दिन नामकरण संस्कार करना चाहिए। नामकरण पिता-पितामह या कुल के वृद्ध व्यक्ति के द्वारा स्वास्ती वाचन मन्त्रों सहित (विद्वान ज्योतिषी से कुण्डली परामर्श के बाद) उच्चारित करवाना चाहिए।

शुभ तिथियाँ—१ (कृष्ण), २,३,७,१०,११,१२,१३ (शुक्ल)।

शुभ वार—चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र।

शुभ नक्षत्र—अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, श्रव, धनि, शत, रेवती।

शुभ लग्न—१,४,६,७,९,१२ लग्न शुभ ग्रह युत या दृष्ट हों। भद्रा, ग्रहण, श्राद्ध दिन, दुष्ट योग, संक्रान्ति आदि रहित काल में, सुयोग्य ज्योतिषी से प्रथम नामाक्षर पूछ कर कानों को मधुर लगने वाले अक्षर, महापुरुषों के नाम सदृश अथवा शुभ सार्थक शब्दों वाला नाम रखना कल्याणकारी रहता है।

बालक के दाँत निकलने का फल

यदि पहले मास में बालक के दाँत निकल आएं तो स्वयं अपनी आयु के लिए अरिष्टकारक, दूसरे मास में भाई को, तीसरे मास में बहिन को, चौथे मास में माता को, पाँचवें मास में बड़े भाई के लिए विशेष कष्टकारी होता है, **छटे मास में दाँत निकलें** तो अत्यन्त सुख, सातवें मास में पिता से सुख, आठवें मास में देह की पुष्टता, नवें मास में लक्ष्मी की प्राप्ति, दसवें मास में सौख्य प्राप्ति, ११वें निकलें तो **अति सौख्य**, १२वें मांस में निकलें तो विपुल धन-प्राप्ति होती है। यदि गर्भ से ही दाँतों सहित उत्पन्न हुआ हो वह माता-पिता के सुख से विहीन अथवा ऊपर की पंक्ति के दाँत पहलें निकले तो भी माता-पिता तथा नानके पक्ष के लिए हानिकारक माना जाता है। यदि उपरोक्त अशुभ मासों में बालक को दन्तोत्पत्ति की संभावना हो तो मृत्युज्जय का जाप, ग्रह शान्ति एवं उचित दान आदि करने से अशुभत्व का निवारण तथा अरिष्ट की शान्ति हो जाती है।

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
फल	स्वयं को अरिष्ट	भ्रातृ कष्ट	बहिन को कष्ट	मातृ कष्ट	ज्येष्ठ भ्रातृ कष्ट	सुख	पिता से सुख	देह सुख	धन प्राप्ति	सौख्य प्राप्ति	अति सौख्य	विपुल धन

☛ झूला आरोहन मुहूर्त्त—बालक के जन्मदिन से १०, १२, १६, २२ एवं ३२वें दिन बालक को आराम देह झूले में सुलाना चाहिए। झूले में डालने से पूर्व शुभ तिथि, वार, नक्षत्र, योगादि का विचार कर लेना चाहिए। झूले में माता या दादा, दादी के द्वारा, भगवान् विष्णु का ध्यान करते हुए बच्चे का सिर पूर्व की ओर रखकर शिशु को सुलाना चाहिए।

शुभ तिथियां—१ (कृ), २,३,५,७,१०,११,१३ (शुक्ल) व पूर्णिमा।

शुभ वार—सोम, बुध, गुरु, एवं शुक्रवार।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि, रोहिणी, मृग, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा तथा अनुराधा।

☛ निष्क्रमण मुहूर्त्त—जन्म से ३,४ मासों में निम्नलिखित शुभ योगों में बालक को प्रथम बार घर से बाहर निकालना हितकर होता है। शीघ्रता में आवश्यक हो तो जन्म से १२वें दिन भी निष्क्रमण लिखा गया है।

शुभ तिथियां—१ (कृ) २,३,४,७,१०,११,१२ (शु.) एवं १५।

शुभ वार—सोम, बुध, गुरु तथा शुक्र।

शुभ नक्षत्र—अश्वि, मृग, पुन, पुष्य, हस्त, अनु, श्रव, धनि।

शुभ लग्न—२,३,४,५,६,७,९,१०,११ राशि लग्न।

माता, दादी आदि आत्मीयजन बालक को स्नानादि करवा कर वस्त्रादि से अलंकृत करें तथा पुण्याहवाचन, शंख और मंगल मंत्रों एवं गीत-वाद्य सहित ध्वनि के साथ उसे प्रथम देवालय (मन्दिर) में ले जावें। वहाँ देव पूजा व अर्चना करके आत्मीयजन शुभाशीष दें तथा मन्दिर की परिक्रमा करके स्वगृह लौट कर बच्चे को ननिहाल या मौसी के घर ले जावे। पुनः गृहागमन के समय दीर्घायु संज्ञक आशीर्वचनों से बालक का अभिनन्दन करें। पुनश्च, निष्क्रमण तृतीय मास में हो, तो बालक को सूर्य-दर्शन तथा चतुर्थ मास में हो तो चन्द्र-दर्शन करवाना चाहिए।

☛ भूम्युपवेशन-मुहूर्त्त—जन्म से पंचम मास में मंगल के बलान्वित होने पर बालक को प्रथम बार भूमि पर विराजमान (बिठाने) के लिए विचारणीय मुहूर्त्त—

शुभ तिथियां—१ (कृ) २,३,४,७,१०,११,१३ (शु.) तथा पूर्णिमा।

शुभ वार—चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्रवार।

शुभ नक्षत्र—अश्वि, रोह, मृग, पुन, तीनों उतरा, हस्त, अनु, ज्ये, अभिजित।

शुभ लग्न—२,५,८,११ राशि लग्न।

☛ जीविका परीक्षा—'भूम्युपवशन' के अवसर पर बालक के सामने हानि रहित अस्त्र-शस्त्र, पुस्तकें, लेखनी (Pen-Pencil), वस्त्र, सोना, चाँदी, ताँबा, लोहादि धातुएँ, मशीनें मोटर, पंखा-रेडियों, टी. वी. आदि खिलौने, विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेज़ी, संस्कृतादि साहित्य आदि वस्तुएँ रखें। इन वस्तुओं में से जिस वस्तु को बालक सहज रूप में सर्वप्रथम स्पर्श करें, वही उसकी भावी आजीविका होगी। ऐसा अनुमान लगाना चाहिए। कुल परम्परा अनुसार, कहीं-कहीं यह क्रिया अन्नप्राशन के साथ भी कर लेते हैं।

☛ अन्न-प्राशन का मुहूर्त्त—जन्म से सौर मास ६, ८, १० या १२वें मास में पुत्र को तथा ५,७,९ या ११वें मास पुत्री को उसकी पाचन शक्ति उपयुक्त होने पर प्रथम बार बच्चे को अन्न प्राशन कराना अन्न प्राशन में शुक्ल पक्ष विशेष प्रशस्त माना गया है। यद्यपि कृष्ण पक्ष की १,३,५,७,१० तिथियाँ भी ग्राह्य हैं। सोमवार, बुध, गुरु, एवं शुक्रवार शुभ हैं।

नक्षत्र—अश्वि, रोह, मृग, पुन, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, अभिजित श्रव, धनि, रेवती तथा जन्म-नक्षत्र 'सप्तशलाका चक्र' द्वारा क्रूर ग्रह विद्ध नक्षत्र त्याज्य होगा। जन्म राशि से ६, ८वें लग्न को छोड़कर २,३,४,५,६,७,९,१०,११ की राशि का लग्न जबकि लग्न से १,४,७वें शुभ ग्रह हों तथा लग्न शुभ ग्रहों द्वार दृष्ट हो।

विशेष—अन्न प्राशन दिन के पूर्वार्द्ध भाग में बालक की राशि का चन्द्रबल देखकर भद्रा रहित काल एवं उपरोक्त शुभ दिन को

सूर्य, ब्रह्म, विष्णु, महेश तथा दिक्पतियों की पूजा करके माता स्वलंकृत बालक को अपनी गोद में बिठाकर ईश्वर-स्मरण करते हुए उसे मधु, घृत, दही, खीर का भोजन सर्व प्रथम कराएँ।

☛कर्ण वेध का मुहूर्त्त—बालक के जन्म से १२, १६वें दिन, या ६,७,८वें मास में अथवा ३,५वें वर्ष बालक का कर्ण छेदन प्रशस्त माना जाता है।

ग्राह्य मास—चैत्र, (का. शु. ११ के बाद), पौष तथा फाल्गुन।

तिथियां—४,९,१४ (रिक्ता तिथियां छोड़कर)।

वार—चं, बु., गु., शु. वारों में अश्वि, मृग, आ. पुन, पुष्य हस्त, चित्रा, अनु, अभि, श्रव, धनि, रेव, विद्ध तथा जन्म नक्षत्र भी त्याज्य।

शुभ लग्न—२,३,४,६,७,९,१२।

विशेष—बालक को पूर्वाभिमुख बिठाकर हाथ में कुछ मिष्ठान्न दें तथा पुत्र के बाएं कान को तथा पुत्री के दाएं कान को सुवर्ण या चाँदी की शलाका से सौभाग्यवती स्त्री या कुशल स्वर्णकार से कर्ण विधवाना चाहिए।

☛कन्या की नासिका छेदन—हेतु उपरोक्त कर्ण वेध मुहूर्त्त के मासों में ही कन्या का नामक विंधवाया जाता है। शुक्ल पक्ष की तिथियाँ शुभ होती हैं—२, ३ ५, ७, १०, ११, १२, १३, १५।

जन्म दिन कृत्य

सामान्यतः लोग अंग्रेज़ी तारीख अनुसार ही जन्मदिन कृत्य कर लेते हैं। परन्तु इसमें कई बार भूल होने की सम्भावना रहती है। सिद्धान्तः एक सौर वर्ष उपरान्त जिस दिन जन्मेष्ट एवं जन्मदिन के समान ही स्पष्ट सूर्य के राशि, अंश, कलादि की जब पुनरावृत्ति आ जाए, उसी दिन को जन्मदिन का नववर्ष प्रवेश माना जाएगा। यदि इतनी सूक्ष्मता का पता न चल पाए तो देशी प्रविष्टों के अनुसार जन्म दिन के वर्ष का निर्धारण किया जाए तो शुद्धता के अधिक पास रहेंगे। यदि किसी सुयोग्य ज्योतिषी द्वारा वार्षिक जन्मदिन का निर्णय (गणितानुसार) करवा लें तो और अधिक उचित होगा।

